**Mrs. Sandhya Gupta**
Ph.D Scholar, Centre for Philosophy, School of Social Sciences, J.N.U., Delhi
*Email: drsandhyagupta2013@gmail.com*

*'Dharma'* is derived from the verb root "*dhri*" which means to uphold, to maintain, to support, to nourish or to sustain. It is the order of the whole universe and represents the righteousness of thoughts and actions. *Dharma*is one of the four *purushārthas*.As per *Āyurveda* texts *Dharma* is the determinant of *Sukha.* All living beings act in order to achieve happiness in life. And happiness cannot be achieved without following *Dharma*. Health is considered as happiness and disease as misery. In *Āyurveda,* Dharma has been described as the actions done for the well-being of oneself and others. *Āyurveda* is the knowledge of life. The main objective of *Āyurveda* is to protect the life and enhance the quality of human beings. To fulfill this objective it describes about holistic health. Health is complete physical, mental, social and spiritual well being. A person can attain holistic health and experience good quality of life subject to having a harmony between body, mind, senses and soul. For this one should adhere toa disciplined life styleas discussed in *Āyurveda* scriptures. The traditional scriptures of *Āyurveda* describe*s advrutta-sadachar, svasthvritta, daily regimen; seasonal regimen* etc. must be followed to have harmony among body, mind and soul. All this techniques of disciplined life style can be compared to *dharma* and henceforth to the moral dimensions of *Āyurveda*. *Agniveśa,* the author of *Charaka Samhita* describes Adharma to be the main cause of vitiation of *dośas*, causing

disease and shortness of life and *dharma* helps to keep the *doṣas* in equilibrium and hence helps to be healthy.

## 34
## Vedic Narratives and Environmental Consciousness
### (A comprehensive approach in Natural Resource Management)

**Dr. Sarita Sharma**
Sanskrit Department, Kamala Nehru College, Delhi University
*Email: sarsha2@gmail.com*

Vedic culture and its literature in Sanskrit language is the oldest, continuous, and traditionally alive attribute of Indian Subcontinent. This research paper delves into the fascinating narratives illustrated in Vedic literature and endeavours to unearth the intention, ideas, imagination, motif and warp and woof of the storyline. The paper strives to discern how Vedic narratives are woven around to showcase an environment friendly and conservatory mechanism for protecting the Natural resources in and around human settlements. The subject, in a glance, may not appear important for the modern times. Some of the critiques may argue that the environment in Vedic times was not under the threat as it is today. There were no issues of pollution, Ozone depletion, Global warming, and extinction of species and so on; some others may argue that the Vedic Literature is quite primitive and hence is of no relevance to the modern world and hence researches in this periphery are indicatives of scholastic waning. V.N.Jha's editorial remarks, "It will also prove how relevant this ancient literature is to our Indian society" (Proceedings of the National Seminar on Environmental Awareness Reflected in Sanskrit Literature, held 17-20 March 1990, published by the Centre of Advanced Study in Sanskrit, University of Poona, 1991.), have been criticised by Albertina Nugteren in her paper Entitled, "From Cosmos to Commodity...and Back. A critique of Hindu environmental rhetoric in educational programs" and she concluded in her 11 paged paper, "Beware of green orientalism these days." Present paper is a forceful and fruitful reply to both varieties of the above mentioned criticism. Most of the contemporary issues and crisis pertaining to nature and environment are due to the need and greed of mankind. The paper explores various narratives to unwrap the truth.

## 35
## Research Methodology in The Śāstric Tradition of Sanskrit

**Dr. Satyamurti**
Associate Professor, Special Centre for Sanskrit Studies, JNU, New Delhi
*Email: satyamurti9@gmail.com*

Indian intellectual tradition has a rich system of education and research. More specifically, the Sāstric tradition of Sanskrit abounds in academic techniques and research methodology. But, this unique aspect has been eclipsed by the modern education system.

The present paper is a modest endeavor to highlight the Indian perspective on academics and research. The paper also intends to show their application in the contemporary researches through illustrations from different academic disciplines. For each and every step of research, the Sāstric Tradition of Sanskrit has wonderful techniques and effective devices to offer. The scholars had a unique survey-method in accordance with *siṁhāvaloka-nanyāya* and *vihagāvalokana-nyāya*; which can be used as models for writing a review of the related literature and an introductory chapter. The six marks exposed in Mīmāṁsā viz. *upakramaetc.* constitute an archetype for preparing a research proposal. Similarly, each point in a chapter can be written in the frame of five *adhikaraṇa.* The five components (*pañcāvayava*) of Nyāya can be used to frame an argument-form in support of any point. For arranging various chapters, sub-chapters, points and sub-points; Vedānta provides various kinds of coherence pertaining to disciplines (*śāstra-saṅgati*), chapters (*adhyāya-saṅgati*) and terms (*pada-saṅgati*). The six-fold coherence(*ṣaḍvidhasaṅgati*) exposed in Navya-Nyāya viz. coherence of context (*prasaṅga-saṅgati*), coherence of commencement (*upodghāta-saṅgati*) etc. is wonderful for a systematic academic writing.

Our indigenous methodology reflected in the Sāstric tradition of Sanskrit is unique and emphatic. It is complementary to the modern research methodology and can be applied in the modern researches of various disciplines as well. It's relevance is evident by the fact that even the contemporary scholars of Sanskrit have used them in their Sāstric writings. We must peep into the Sāstric tradition of Sanskrit and harness it properly to boost the modern academics and research.

## 36

## Nadotpatti and Sangita-Vaibhava

**Dr. T. Seetha Rama Lakshmi**

Life Member WAVES; Vice President NVAK, Bangalore

*Email: clprabhakar@yahoo.com*

Among Vedic practices Nada and Nadopasana became a means to expose the Music (*Sangita)* and its *vaibhava* to benefit Humanity. This we see from the theories of *Nadotpatti*. Basically it is said: The primordial sound OM has emanated from Isvara. Erstwhile, the sound is technically named as Nada as the Sanskrit word could be derived by splitting the term as'na' and 'da 'meaning provider of Knowledge. The emanation of Nada is at first is the *Omkara*. Om is called *pranava* the symbolic mystic syllable signifying three *lokas* and three Vedas and more. The mantra, *bhadramkarnebhi* etc. suggests that divinities need to keep our ears sound with auditory power to be able to listen to the sounds through the power of our ears. Ear is called *sravanendriya* functioning to catch sound. If the sound, the *Dhvani*, is pleasant it is Music loved. There are many varieties of *Nada*, the pleasant sound to hear.it is the Vibrant energy. Simply it is said *Nada* is into divisions *Ahata* and *Anahata*. *Sangita* is *nada janita* and so it known as *Nadasangita*. This *sangit*a is known into *Margasangita* and *Desi Sangita*. *Sangitavaibhava* is to help for *Mukti* and freedom from birth again. *Sangita* has its role to support Life and healing aspects. More so there are ragas that help healing process. There are practices referring to Nadopasana. It is to make mind

calm and rejoice with the peace. It is for healing *purpose* also. *Nada* is identified with Brahma and hence *upasana* of *nada* is designated as *Nadopasana* that yielded several advantages.The practice of *Nadavidya* is called *aushthana a*nd it is *Nada anusandhana*. There are many metaphors to *Nada* to enhance the need and value of it. This paper abounds in describing the details of the concepts mentioned above.

# 37
# Dharma and Peace in the Gita

**Dr. Shakuntala**
Associate Prof., Department of Philosophy, Gauhati University, Guwahati
*Email: shakuntalabora@yahoo.com*

The Gita can be said to be centred round the concepts of attainment of peace. For without peace *svadharma* cannot be performed. And *svadharma* is what man should do. The conversation between Krishna and Arjuna which in fact constitutes the Gita, takes place as Arjuna expresses his confusion about what he should be doing – to fight or not to fight. The dialogue as such is directed towards ending of confusion and attainment of peace where Arjuna is expected to see the necessity of *svadharma* and thus perform it. The conversation concludes when Arjuna is in peace with Krishna asking Arjuna to finally decide himself what he should do. Because now Arjuna is expected to see what is right and thus perform *svadharma*. *Svadharma* comes forth in the Gita as the kind of actions prescribed to someone by his inherent nature without getting concerned about the pleasure-pain, gain-loss or victory-defeat that the action brings forth. In other words, *svadharma* is performance of actions suggested by one's nature without attachment towards the fruit of action. And Yoga is instrumental in arriving at peace. The Gita says that though man is naturally inclined to perform actions as suggested by his nature, he is driven to perform otherwise by his desire. That is, he does not perform *svadharma*- the action suggested by his nature with the required mental attitude- because of attachment. And so arises the necessity of Yoga. It is Yoga that brings the peace required for performance of *svadharma*.

# 38
# Scientific Critique of the Darwinian Illusory Concept of Evolution and Mechanistic View of Life and Its Origin

**Dr. Shilpi Saxena**
Center for Advanced Studies, University of Delhi, Delhi-110007
*Email: drshilpisaxena.du@gmail.com*

Since 157 years Darwin's theory of evolution became the guiding principle of science and modern civilization. Hence, there is a need of a serious and scientific revision of the Darwinian theory of objective evolution to overcome the traditional scientific temper of Mechanistic View of life. According to the Big-Bang theory, a fundamental matter of the Universe and the solar system has evolved. Some scientists advocates the theory of

Abiogenesis (chemical evolution) claims that, chemicals evolved from simpler matter and first-life evolved from the fortuitous mixed of some physical events and chemical combinations, and then complex organisms evolved from simpler life forms (biological evolution). All these events are guiding and directing the intellectuals towards the purely mechanistic development by natural undirected processes governed by the Newtonian science, which is based on some natural laws. [Shanta, 2013] Modern science considers that all the material objects are alike and the same laws of logic can be applied to mechanical, chemical and biological entities. But when we observe closely, we see that same 'law of logic' cannot be applicable to all the material objects. In mechanical objects, the unifying principle is external forces like gravitational force, and in this system, the parts of a system retain the same identity when isolated from the system. In the chemical system, parts are both independent as well as dependent and parts can be isolated or separated and can also be added together. The unifying concept of the chemical system is intrinsic to the parts arising from their intrinsic nature. In the case of a biological system, the unifying principle is sentience. "Those parts that cannot be separated from a system without destroying it as a working system can no longer be called parts but are participants or members of a dynamic Whole." [Puri, 2008] [Shanta et.al, 2016] Biological system as participants are dedicated towards the whole, and the whole too survives in each of its participants. "This can be understood as the scientific confirmation of the ancient Eastern Vedantic philosophical concept of Atma, Aristotle's concept of Soul and Hegel's explanation of Concept." Contemporary Vedantic Scholars, Aristotle, Kant and Hegel claimed that biological systems are distinct from the mechanical and chemical systems. [Shanta, 2011] Most of the renowned scientists considered that Darwinian objective evolution of the biological system is nothing but a blind illusion. On the other hand, Vedanta advocates the scientifically verifiable subjective evolution of consciousness. [Shanta et.al, 2016] Therefore, a sincere attempt is needed towards a new comprehensive understanding of the subjective evolution and the concept of the life (biological system) as a whole and not as a mechanistic system.

## 39

## The analytical study of the relation between Yajnopavīta and Vīthī-system of Aświnyādi constellations in Vedic perspective

**Dr. Shyam deo Mishra**
Asso.Prof. in Jyotisha, Rashtriya Skt Sansthan,Bhopal campus, Bhopal, M.P.
*Email: shyamdevmshr1@gmail.com*

This paper is an insightful journey of the Vīthī-system of Aświnyādi constellations and its relation with the *Yajnopavīta* in astronomical perspective based on several Vedic and mythological references. This paper has 2 parts :

- First part will Analyze the Vīthī-system of Aświnyādi constellations in astronomical realm.

- And second part will elaborate its relation with Yajnopavta and its rationality or scientific approach.

Relevance to the academic field of Sanskrit studies: It predicates the scientific nature of Vīthī-system of Aświnyādi constellations and the *Yajnopavītain* the lights of Vedic Astronomical concepts and thus relevant to reflect the scientific dimension of Sanskrit-literature.

Approach: Descriptive (various references from Vedic & Paurāṇic literature and astronomical literature will be quoted to manifest the scientific nature of Vīthī-system of Aświnyādi by elaborating specific celestial theory.)

## 40

## The Ṛgvedic Concept of Marriage: An Evolution of Social Norms

**Dr. Soma Basu**
Associate Prof., School of Vedic Studies, Rabindra Bharati University, Kolkata
*Email: somabasu01@gmail.com*

The very nature of Vedic literature precludes the possibility of the existence of such concepts as marriage in a specific manner, yet it contains evidence of evolution of social norms over a considerable period of time. Ṛgveda (10.85.42) speaks about togetherness, the sacred bonding, between two souls which is the eternal essence of marriage–

*ihaiva staṃ mā vi yaustaṃ viśvam āyurvyaśnutam* |
*krīdantau putrair naptṛbhir modamānau sve gṛhe* ||

which means, Abide here together : may you never be separated, live together all your lives, sporting with sons and grandsons, happy in your own home. Thus, the Vedic hymns and the gṛhya sūtra-s as well celebrate a regular marriage for a life-long companionship.

The specific hymns like the wedding reproduce very approximately their respective rites, and ceremonies and their due celebration, at the root of which was the belief of the Hindus, which is escaping the physical bondage and crossing the ocean of death. The Ṛgvedic line …*bhadrā badhūhr bhavati yat* (10.27.12) contains description of situation similar to that of svayaṃvara, also Sāyaṇa rightly takes it as svayaṃvara and talks about Indra who is the chosen husband in his identity with the lovers Nala, Arjuna etc., who were chosen by Damayantī, Draupadī, etc.

The only instance of another form of marriage by periodical contact is supplied in the story of Ūrvaśī and Purūravas in *the Ṛgveda* (10.59). Thus, in this paper there will be an attempt to show the evolution of social norms in respect of the ceremonies of marriage which every Vedic family performed in its own way.

# 41

# Vasudhaiva Kutumbakam : The Concept of Family in Vedic Literature and its Relevance in Modern Times

**Mr. Subramanian Chidambaran**
M.A. Sanskrit & Post graduate diploma in management & B E (Electrical)
*Email: bcsubbu@gmail.com*

The earliest reference of a family and how the members of the family should behave is probably the *Sāmmanasya sūkta* of the Atharvaveda wherein the relations between father-son, mother-son, husband-wife, siblings are described. They advise the brothers and sisters not to hate each other (*Mā bhrātā bhrātaram dvikṣmanmā svasāramuta svasā*). Also, the Vedic system of lineage was extremely well developed in the form of '*gotra'* system with respect to maintaining the family branches under one roof. Even beyond the 'family' as we know today, the Vedic thought was to look at the whole world as an extended family. The Mahānārāyaṇopaniṣad says that the whole world is one small nest '*Yatra Viśvam bhavatyeka nīḍam*'. We have the famous phrase in the Pañchatantra which says '*Udāracharitānām tu vasudhaiva kuṭumbakam*' i.e. for generous people, the whole world is one small family. The '*samjñāna sūkta'* of the Ṛgveda says that let all people have a common purpose of which they think, speak and work towards. This paper is an attempt to analyze the way our ancestors lived, their familial structure, their approaches to propagate a socially responsible lineage and develop suggestions for the modern day society. The paper would focus primarily on the content analysis of Vedic literature, the Smṛtis, Sūtras and epics.

# 42

# Environment Protection in Vedas

**Ms. Swati Pal**
Sanskrit Teacher, Bhartiya Vidya Bhavan, KG Marg, New Delhi
*Email: 08swatipal01@gmail.com*

An Environment is a natural unit consisting of all plants, animals and micro-organisms in an area functioning together with all of the non-living factors of the environment. Vedas are the most ancient literary composition of the world. There are many Rigvedic, Yajurvedic and Atharvavedic chapters where deities like Indra, Varuna, Aaditya, Prithivi etc. worshipped for maintaining balanced environment in our planet. Indra is considered as Rain god . The word Indra is derived from root 'dra' means the one who breaks the grain for germination. Another derivation is who gives the grains or who holds the grain from root 'dha'. In Rigveda it shows that the main work of Indra is to kill Vritra which is considered as cloud who blocks the rain to fall on the land and Indra kills Vritra to make the land balanced. Because of the rain the crop grows, the trees nurtured and the water of rivers increases.-Rig. 1.32

Atharvavedic Rishis were very particular to protect the mother-land. In Krishi sukta (3.17) Rishis defined that the farmers should use Clarified Butter, Milk and Honey as the fertilizer so that it will neither pollute the land nor the river or the lake where the waste water comes and mixes.

In Atharvaveda the 12th kanda's first sukta is known as Prithivi sukta,where Rishi addresses Prithivi as *Mata a*nd himself as *putra*. In this Prithivi is considered as vishvagarbhaah who carries and nurtures all the living and non-living things on it.– II In Rigveda,Varuna is considered as the 'god of water'. Yajurveda mentions that the water with which Varuna is connected are the waters of the atmosphere.

These waters are described as Apah, Maha-salilam, the great waters which denote primeval matter from which the manifest word emerges. The Vedic Rishis were aware of the environment and they always thought about nurturing the environment to protect the motherland.

# 43

# A Comprehensive Study on Medicinal Value of Atharvavedic Plants

**Mr. Tahasin Mondal**
Research Scholar, Department. of Sanskrit, Aligarh Muslim University, Aligarh
*Email: tahasin89@gmail.com*

Veda is the ancient source of almost all kinds of knowledge. From animal to plants, everything is mentioned in the Vedas. The overall growth of medicinal field in ancient period depends on Vedas. That time people were fully dependent on plants for their livelihood as forests were in abundance in Nature.

*āsurī cakre prathamedaṁ kilāsbheṣajamidaṁ kilasnaśanaṁ* |
*anīnaśatkilāsaṁ sarūpāmakattvacaṁ* || Atharvaveda-1.24.2

The herb named āsuri is supposed to be the best cure for leprosy. Not only does this help in keeping leprosy away, but also helps to achieve a uniform coloration of the skin.

*śyāmā sarūpaṁkaraṇī pṛthivyā adhyudbhṛtā* |
*idamūṣu pra sādhaya punā rūpāṇi kalpaya* || Atharvaveda-1.24.4

The herb named śyāmā helps in improving the health of our skin complexion. This herb can be used by uprooting it from the ground. Name of some medicinal plants in Atharvaveda–bhagavatī and tārakā, daśavṛkṣa**,** pṛśniparṇī**,** rohiṇī, nitatnī, guggalu. Several hymns in the Atharvaveda are a praise of medicinal herbs and plants, suggesting that concepts about the medical and health value of plants and herbs was an emerging field of knowledge in ancient India.

# 44

# 'Seeing is Living'

## An Application of the Dualist Metaphysics of Sāṅkhya

**Mr. Tilak Parekh**
BA Theology and Religion, University of Oxford & PG Diploma Sanskrit, Gujarati, Hindu Studies, BAPS Swaminarayan Sanskrit Mahavidyalay.
*Email: parekh.tn@gmail.com*

Our individual daily lives involve a great multiplicity of aspects. Ranging from war to peace, our families to our individual bodies, birth and death, education and business, marriage and relationships, there is a great plurality to our practical lives. I contend, that across this great variety of facets that form our practical daily lives, the root of our experience pivots around two fundamental features: 1) our understanding of our own identity and, 2) the way we perceive the world and environment we live in. Our entire lives hinge on these two core features. In this paper, I argue that the Sāṅkhya school of thought provides a philosophy which underpins these two fundamental aspects. Sāṅkhya, by many scholars, is seen to be a mere theoretical school of thought and lacking any practical warrant. However, in this paper, I propose that despite it not providing any direct moral injunctions, the Sāṅkhya philosophy has a strong practical element which can play a role in one's day-to-day life. The Sāṅkhya notion of 'Puruṣa' is inextricably linked to the question of personal identity, a notion that permeates all aspects of our lives. The Sāṅkhya concept of 'Prakṛti' is an analysis of the world we interact with, and indeed our perception of it. Thus, these two notions of 'Prakṛti' and 'Puruṣa', despite being a means of understanding, when applied, can have serious practical impacts. Fundamentally, Sāṅkhya is a 'darśana', it can be interpreted as a way of 'seeing', but the way we 'perceive' influences how we think and how we act. Therefore, in this paper, I aim to explore how Sāṅkhya's dualist philosophy can be applied in the real world, how seeing is living. My analysis will largely be based on the Sāṅkhyakārikā, a 72-verse text written by Īśvarakṛṣṇa, and will also be drawing on secondary scholarship. Ultimately, it provides a way into a complex conversation on how ancient Vedic knowledge can be practically applied today, and how the Vedic dualist metaphysics of Sāṅkhyacan give birth to both wide-ranging and deep practical impacts on one's life in the 21st century.

# 45

# The Significance of Vedic Education

**Dr. Vimalesh Kumar Thakur**
Delhi
*Email: thakurvimlesh@yahoo.co.in*

Vedic culture imparts the knowledge of universal brother hood. Its knowledge was not confined to "any clan" or to "any community", but to the whole of humanity. Education was obligatory for all. Veda illustrates that everyone should receive education-*"svādhyāyo*

*adhyetavyah*".So all children should study the entire Vedas. '*Shravan'* or listening, '*manan'* or meditation and '*nididhyasan*' or realization and experience, discourse, lecture discussion and debates were prevalent method of education at that time. The education was divided into two parts- obligatory as well as optional. Once the obligatory education is finished, there was the ceremonial bath. Then optional education could be started for further critical study. The education was aimed at with the vision of making an honoured citizen. As it is said, "The result of education is good character and good behaviour. A conquest does not make a hero nor studies a wise man .He who has conquered his senses is the real hero and He who practices virtue is really wise. Wisdom consisted in the practice of moral values. Education was given free. Kings and rich men contributed freely for the maintenance of *āśramas.* There was no difference between rich and poor. After finishing their education, the teacher instructed the disciples to 'speak the truth' and 'to lead a virtuous life' and further advised them to perform societal obligations. The student should marry and explore further to another peaceful life. The student was expected, if desired but never compelled to offer a field, cow, wealth or anything etc. to his teacher according to his financial position in the society. Teaching was most honoured profession. The teacher, the man of wisdom, controlled the life of nation. Both wealth and political power bowed before Wisdom.

# 46

# Ethical norms of behaviour–at the heart of Vedic Tradition

**Mr. Y.K. Wadhwa**
Adviser, JBM Group & PRO, WAVES (India)
*Email: ykwadhwa01@gmail .com*

A deeper understanding of the subtleties of Hinduism will reveal that ancient texts like Vedas, Upanishads, Epics, Manusmriti (un-interpolated), Bhagvad Gita, Yog-Darshan, Griha-sutras, etc., are replete with Core Hindu ethical principles and moral restrictions. In the vast treasure of Vedic works, such moral values and injunctions can be seen here and there conveying their messages either directly or through their hidden symbolic meanings. Apart from the common ethical code of conduct, moral duties of all the four *varnas* and all the four *ashramas,* relationship between man and woman, of parents and children, guru and *shishya,* have been elaborately defined with some variation in different texts as per the needs of the era. A ruler is supposed to be dharmic, of righteous conduct adhering to truthful means, not falling for sex, anger and passion. Such references pertaining to ethical norms of behavior from the time of birth till his death can be seen in the Vedas, various other works and particularly in Manusmriti (without interpolations). It is thus seen that the ten virtuous acts of Dharma are necessarily to be followed by every individual for health, happiness and for making a noble society. So much so Maharishi Manu describes following of the ethical principles and moral values as *param dharma* i.e., a primary duty and the *shloka* goes as *Aachara Parmo Dharma* (Manusmriti 4/108).

The ten characteristics of Dharma as described by Maharishi Manu are almost similar to *Yama and Niyama* which a yoga practitioner has got to follow for purification of his *anthakaran* and upliftment of Atman.

## **SECTION II** (Kruti Dev Font)

# 01
# ऋग्वेद कालीन आभूषण : एक अध्ययन

**सुश्री अमृता कौशिक**
शोधार्थिनी, गृहविज्ञान संकाय, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान
*Email: amritakaushik1989@gmail.com*

वैदिक संस्कृति से ताप्पर्य हमारे वेदों से है। वेद चार ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद है। इन चार वेदों में ऋग्वेद को सबसे प्राचीन ग्रन्थ माना गया है। ऋग्वेद के अध्ययन से ज्ञात होता है कि उस समय आभूषणों का साज सज्जा में विशेष महत्व था। ऋग्वेद में आभूषणों के लिये अनेक शब्दों का प्रयोग मिलता है, जो उसकी सुन्दरता को परिलक्षित करते है। हिरण्यशम्यम्, सुरत्नाः, कृशनावलः इत्यादि शब्द ऋग्वेद में आभूषण धारण करने का उल्लेख है और आभूषण से सजे हुए या सुशोभित को अलंकृत कहा गया है। ऋग्वेद में अनेक प्रकार से निर्मित आभूषणों का उल्लेख प्राप्त होता है–हिरण्य के आभूषण, रत्नों के आभूषण, मणियों के आभूषण, मोतियों के आभूषण इत्यादि। ऋग्वेद में अंगों के अनुसार आभूषण धारण करने का विधान था, यथा–सिर के आभूषण, कर्णाभूषण, ग्रीवा एवं वक्षः स्थल के आभूषण, बाहू तथा मणिबन्धों के आभूषण, कटि के आभूषण, पैरों के आभूषण इत्यादि। प्रस्तुत शोध–पत्र का मुख्य उद्देश्य यह कि हमारी परम्परा में प्राचीन आभूषण का महत्व तथा उनके विविध नामों को अवगत करना है।

# 02
# वेदों में गृह विषयक अवधारणा

**डॉ. अनिता खुराना**
व्याख्याता, संस्कृत, स.पृ.चौ. राजकीय महाविद्यालय, अजमेर (राजस्थान)
*Email: khurana.anita5@gmail.com*

आज का आधुनिक मानव जहां एक ओर भौतिक वैज्ञानिक सुख–साधनों की ओर उन्नति करता हुआ उसके चरमोत्कर्ष को छूता जा रहा है, वहीं दूसरी ओर हमारा समाज नित्य प्रति बढ़ते पारिवारिक विघटन, विद्वेष और आपसी विषमताओं की विकराल ज्वालाओं में धधक रहा है। नित्य प्रति पाश्चात्य सभ्यता के अन्धानुकरण में हम संस्कारों, संस्कृति के मूल वेदादिक धर्मग्रन्थों से विमुख होते जा रहे हैं। तो क्या वेद इस विषय पर मौन रहेंगे? नहीं कदापि नहीं। वेद न केवल पारिवारिक सौमनस्य की चर्चा करते हैं अपितु राष्ट्र तक के सौमनस्य की बात करते हैं।

वेदों में गृह के अर्थ में गृह, आयतन, वास्तु, पस्त्या, हर्म्य, दुरोण आदि शब्द प्रयुक्त हुए हैं। ये गृह की विभिन्न विशेषताओं को बताते हैं। अथर्ववेद के दो सूक्तों (3.12, 9.3) में गृह–निर्माण की प्रक्रिया का विस्तार से वर्णन है। इसमें 2 कमरे से 10 कमरे वाले मकान के निर्माण का वर्णन है। इसमें "उपमित" शब्द से निर्देश है कि मकान नक्शे के अनुसार हो। "प्रतिमित" शब्द से निर्देश है कि मकान का नाप–तोल सर्वथा ठीक हो और "परिमित" शब्द द्वार आदि के यथा–स्थान विन्यास का सूचक है (अथर्व. 9.3.1)। मंत्र में निर्देश है कि ये कमरे अवश्य बनवाये जाए (वही, 9.3.7)–(1) हविर्धान (राशन का कमरा), (2) अग्निशाला (यज्ञशाला और रसोई), (3) पत्नी सदन (पत्नी कक्ष), (4) सदस् (ड्राइंग रूम),

(5) देवसदन (अतिथि कक्ष)। अथर्ववेद और यजुर्वेद में वातानुकूलित भवन के निर्माण का भी उल्लेख है (वही, 6.106.1–3)। घर तभी घर है जब उसमें परिवार रहता हो। परिवार तभी परिवार है जब उसमें प्रत्येक सदस्य के मन में आत्मीयता हो। सुखी परिवार का एक चित्र अथर्ववेद (3.30.2) में–*'अनुव्रतः पितुः पुत्रो मात्रा भवतु.....वाचं वदतु शन्तिवाम्।'*

परिवार में रहने वाले व्यक्ति जब पारिवारिक सौमनस्य से ओत–प्रोत होते हैं तब परिवार में अद्‌भुत शान्ति, प्रसन्नता तथा उत्साह प्रतिदिन बढ़ता है–वहां पूर्ण सौभाग्य का निवास होता है। आज आवश्यक है कि हम वेदमंत्रों को व्यावहारिक जीवन में चरितार्थ करते हुए जीवन की संपूर्ण कर्कशता मिटाकर अपने घर, समाज और राष्ट्र में सहृदयता एवं सौमनस्य का साम्राज्य स्थापित करें।

## 03
# यजुर्वेदीय ब्राह्मणकालीन पत्नी की सांस्कृतिक भूमिका

**डॉ. अपर्णा धीर**
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, इन्स्टिटयूट ऑफ ऐड्वान्स्ट साइन्सीस, डार्टमोथ एवं सचिव (प्रशासन), वेव्ज़
*Email: dhir.aparna@gmail.com*

वैदिक समाज व्यवस्था में समन्वय एवं कर्त्तव्यनिष्ठा पर बल दिया गया है। परिवार का सुगठित और शान्तिमय होना ही समाज तथा राष्ट्र की उन्नति का साधक है। प्रायः वैदिक काल से ही परिवार का मूल स्तम्भ पति–पत्नी का युग्म माना जाता रहा है। पत्नी का सम्बन्ध पति के परिवार से विवाह पश्चात् ही बनता है। परिवार में पत्नी की भूमिका विशेष महत्त्व रखती है। शतपथ एवं तैत्तिरीय ब्राह्मणों में पत्नी को ही स्त्री का वास्तविक स्वरूप मानते हुए 'पत्नी' शब्द का प्रयोग किया गया है– *'योषा वै पत्नी।'* श.ब्रा. 3.8.2.5; *'स्त्री पत्नी।'* तै. ब्रा. 3.3.3.4। इन यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में पत्नी को 'गृहपत्नी', 'विश्वपत्नी', 'वामांगिनी', 'सुपत्नी' आदि विशेषणों से सम्बोधित किया गया है। इसके अतिरिक्त पत्नी के धार्मिक, साम्पत्तिक, गृहसम्बन्धी, तथा सामाजिक अधिकारों एवं कर्त्तव्यों का भी वर्णन यजुर्वेदीय संस्कृति में मिलता है। तत्कालीन समाज में भारतीय एकाधिक पत्नियाँ रखते थे। यथा–कृष्णयजुर्वेदीय मैत्रायणी–संहिता (1.5. 8) में कथित *'मनोर्वै दश जाया आसन्'* के अनुसार मनु की दस पत्नियाँ कही गई है। यजुर्वेदीय ब्राह्मणों में भी 'पत्नी' शब्द बहुवचन में प्रयोग कर पत्नियों को श्री का रूप बताया गया है। उस काल की कुछ आदर्श पत्नियाँ यथा–ऋषि याज्ञवल्क्य की पत्नी मैत्रेयी का विशेष योगदान द्रष्टव्यः है। विशाल ज्ञान वैभव का परिचय देने वाली मैत्रेयी ने बौद्धिक स्तर पर अपने पति याज्ञवल्क्य के समक्ष गम्भीर तात्त्विक तर्क–वितर्क द्वारा गुढ़ अमतृत्त्व को जाना। वर्तमान युग में पत्नी को 'अर्धाङ्‌गिनी' पुकारे जाने का श्रेय भी शतपथ और तैत्तिरीय ब्राह्मणों में वर्णित पत्नी के बिना पति की अपूर्णता वाले कथन को ही दिया जा सकता है। इस प्रकार कह सकते कि भारतीय संस्कृति में पत्नी को गृहस्वामिनी अथवा गृहलक्ष्मी मानने की परम्परा का संदेश निसन्देह ही यजुर्वेदीय ब्राह्मणों द्वारा दिया गया है।

## 04
# आधुनिक शिक्षा पद्धत्ति के उत्कर्ष में वैदिक शिक्षा की उपादेयता : एक चिन्तन

**Ms. Ashu Radha**
Research Scholar, Sanskrit, Aligarh Muslim University, Aligarh.
*Email: ashuradha.2013@rediffmail.com*

*''वेद्यन्ते ज्ञाप्यन्ते धर्मादिपुरूषार्थचतुष्टयोपाया येन स वेद''*

वेदों में मानव के सर्वतोमुखी विकास तथा कल्याण की धाराएँ शाश्वतकाल से प्रवाहित होती रही है। मानव संस्कृति के मूलाधार वेद को वस्तुतः अपौरुषेय माना जाता है। वेद केवल भारतीय संस्कृति के ही नहीं अपितु सम्पूर्ण विश्व की संस्कृति के मूल आधार है। वस्तुतः लौकिक उपायों द्वारा भी जो ज्ञान प्राप्त नहीं किया जा सकता उसकी प्राप्ति का एकमात्र साधन वेद है। यही वेद का वेदत्व है *'प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तुपायो न बुध्यते। एवं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता।।'*

सम्प्रति आधुनिक शिक्षाप्रणाली के अन्तर्गत अनेक नवीन विषय समाविष्ट हैं। यदि वेदों का महत् अनुसन्धान किया जाये, तो वे समस्त आधुनिक विषय यथा–वृक्ष–विज्ञान, पक्षी–विज्ञान जन्तु–विज्ञान वैदिक गणित आदि अपने मूल रूप में वेदों में ही प्राप्त हो जाते हैं। आज वर्तमान शैक्षिक पद्धत्ति जो भारत का भविष्य निर्मित करने की प्रथम सीढ़ी है, वह पूर्ण रूप से उत्कृष्ट हो इसके लिए वैदिक शिक्षा को समाहित करने की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। वर्तमान शैक्षिक परिवेश में नैतिक मूल्यों का हनन तीव्रता से देखने को मिल रहा है। आज समाज में भावी पीढ़ी को रोजगारपरक शिक्षा के साथ–साथ चारित्रिक एवं मानवीय गुणों के उत्थान हेतु शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। वैदिक, शिक्षा के उन व्यवहारिक बिन्दुओं को सुझाव रूप में प्रस्तुत कर शोधार्थिनी द्वारा सार्थक प्रयत्न किया जायेगा। अतः आज आवश्यकता इस बात की है कि वैदिक वाड़मय का नवीन दृष्टिकोण से सुक्ष्मान्वेषण करते हुए उसे मानव–जीवन के आधुनिकतम विकास हेतु प्रासंगिक रूप में प्रतिष्ठित किया जाये।

# 05

# वैदिक ज्ञान का व्यावहारिक पक्ष : वेदों के संदर्भ में संक्षिप्त परिचय

**डॉ. बी०एस० धुर्वे**
से०नि० प्राध्यापक, शा०पं०श०ना०शु० स्नातकोत्तर (स्वशासी), महाविद्यालय, शहडोल (म०प्र०)
**डॉ. किरन अग्रवाल**
आदर्श कालोनी, पोस्ट आफिस रोड़, अनूपपुर (म०प्र०)

वैदिक ज्ञान का स्त्रोत पवित्र ग्रन्थ वेद, वेंदाश, उपनिषद, पुराण आदि प्राचीन ग्रन्थ हैं। *'यस्य निश्वसिंत वेदाः'* के अनुसार वेद ईश्वर के श्वास मंत्र हैं। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में धर्म ही जीवन यात्रा का मुख्य उपयोगी साधन है। मनुष्य की आध्यात्मिक प्रगति के लिये जिन तीन बातों–ज्ञान, उपासना और कर्म की आवश्यकता है, उनका पूर्ण समन्वय वेदों में पाया जाता है। विद्धानों ने ऋग्वेद को ज्ञान, यजुर्वेद को कर्म, सामवेद को उपासना और अथर्ववेद को आध्यात्म का विवेचन करने वाला माना है, पर चारों वेदों का ज्ञान एक ही है। वेदों में ऋषि, छन्द और देवता का उल्लेख आता है। ऋषि के ज्ञान से मन्त्र की 'आध्यात्मिक शक्ति', छन्द के ज्ञान से 'आधिभौतिक शक्ति' तथा देवता के ज्ञान से 'उसकी आधिदैविक शक्ति का ज्ञान होता है।

वेदों की ऋचाओं में निहित ज्ञान अनन्त है। उसकी शिक्षाओं में मानव–मात्र ही नहीं, वरन् समस्त सृष्टि के जीवधारियों के कल्याण एवं सुख की भावना निहित है। उनकी शिक्षाओं में छिपे मूल तत्व अपरिवर्तनीय है। वे हर काल, समय परिस्थिति में लागू होते हैं। आज की परिस्थिति में भी व्यावहारिक और विज्ञान समत है।

अतः कह सकते हैं कि वेद व्यवहार के उपदेष्टा हैं, आध्यात्म के शिक्षक हैं तथा समस्त प्राणियों के लिये मधुर सन्देश है।

# 06
# वेदों में प्रतिपादित परिवार–व्यवस्था

**डॉ. धर्मा**
पूर्व उपाचार्या, लक्ष्मीबाई महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: drdharama@gmail.com*

गहन पीड़ा का विषय है कि व्यक्ति के निर्माण में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण समाजीकरण की प्रथम पाठशालाभूत परिवार के संरक्षण के प्रति मानव–कल्याणाकांक्षी जन उदासीन हैं। परिवार विघटित हो रहे हैं। स्वस्थ एवं सुखद संयुक्त–परिवार स्वप्न बनते जा रहे हैं। सुख–दुःख के अद्वैत माने जाने वाले दाम्पत्य में भी द्वैत आ गया है। उत्तरोत्तर वर्धमान विवाह–विच्छेद तथा पति–पत्नी के पारस्परिक अभियोग इसके प्रमाण हैं। स्वार्थसम्पादननिरत संतति भी स्वाधीन एवं स्वच्छन्द हो रही है। पारिवारिक–पर्यावरण से सुरक्षा, संवाद, संवेदना तथा सहिष्णुतादि लुप्तप्राय हो रहे हैं। अवसाद–पीड़ितों तथा आत्महत्या करने वालों की संख्या में नित्यप्रति वृद्धि हो रही है। आधिकारचेतना से अभिभूत परिवार के सदस्य कर्त्तव्यपराङ्मुख हो रहे हैं। अध्यात्मपरायण वैदिक परिवार–व्यवस्था से विमुखता के कारण जीवन–मूल्य भौतिकता के भार से आक्रान्त हो रहे हैं। वैभवातिरेक से मधुर मानवीय सम्बन्ध ध्वस्त हो रहे हैं। भोगपरायणता के कारण मानव धनार्जन यन्त्र बनकर रह गया है। यत्र तत्र सर्वत्र अत्याचार, भ्रष्टाचार, बलात्कारादि हिंसक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। पारिवारिक–परिवेश में शिथिलता के कारण समृद्ध गृहों में माता–पिता के लिए स्थानाभाव हो गया है। वे वृद्ध–गृहों में रहने अथवा घर के किसी उपेक्षित कोने में जीवन की अन्तिम श्वासें गिनने को विवश हैं। इस भयावह स्थिति से त्राण पाने के लिए वैदिक–वाङ्मय में प्रतिपादित आदर्श परिवार–व्यवस्था को अपनाना होगा।व्यक्ति, समाज, राष्ट्र एवं विश्व के निर्माण की प्रथम आधारभूत इकाई परिवार है। यह ऐसा शिक्षण–स्थल है जहाँ से मानव को समग्र जीवन के लिए संस्कार–रूप पाथेय प्राप्त होता है। वैदिक–वाङ्मय में सभी परिवार के सदस्यों में पूर्ण सौमनस्य की कामना की गई है। वहाँ सभी पारिवारिक सम्बन्धों की गरिमा एवं मर्यादा का निर्देश है। पत्नी पति के प्रति शांत, मधुर एवं सुखद वाणी का प्रयोग करे। भाई–बहिन परस्पर भद्रवाणी बोलें। विवाहोपरान्त पति–पत्नी अपने घर में ही रहें, अलग न हों। वहीं पुत्रों तथा नाती–पोतों से खेलते हुए सानन्द पूर्ण–आयु प्राप्त करें। वेद में यत्र–तत्र परमात्मा से माता–पिता के, कल्याण के लिए की गई प्रार्थनाओं में संयुक्त–परिवार की धारणा अन्तर्निहित है। यह एक ऐसी सामाजिक मान्यता है जिसके अनुसार माता–पिता उनकी सन्तान तथा उनकी भी सन्तान पारस्परिक–कल्याण की कामना करते हुए आजीवन साथ रहते हैं। वेद में ऐसे पारस्परिक प्रेम का उपदेश है जैसा गाय का अपने नवजात वत्स के प्रति होता है। वहाँ पूर्ण सहानुभूति एवम् एकात्मकता के दर्शन होते हैं। प्रस्तुत किए जाने वाले पत्र में इसी प्रकार के परिवार–व्यवस्था से सम्बद्ध सूत्रों का विवेचन किया जाएगा जिनमें वर्तमान विश्व की समस्याओं का समाधान विद्यमान है।

# 07
# अथर्ववेद में स्त्री : एक अध्ययन

**डॉ. डॉली जैन**
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत, दर्शन एवं वैदिक अध्ययन विभाग, वनस्थली विद्यापीठ (राज.)
*Email: dollykjain@yahoo.in, jaindolly144@gmail.com*

भारतीय साहित्य ही नहीं अपितु विश्व साहित्य के सर्वाधिक प्राचीन ग्रन्थ के रूप में वेदों का स्थान नितान्त गौरवपूर्ण है। भारतीय संस्कृति, धर्म व सभ्यता के भव्य प्रासाद की आधारशिला यही हैं।

वेदचतुष्ट्यी में अथर्ववेद का भी प्रमुख स्थान है। 'अथर्व' शब्द की सुन्दर व्याख्या तथा निर्वचन, निरुक्त तथा गोपथ ब्राह्मण में प्राप्त होता है। निरुक्तकार के अनुसार 'थर्व' धातु गत्यर्थक है और 'अथर्व' का अर्थ है 'गतिहीन अथवा स्थिरता युक्त।' *'अथर्वाणोऽथर्वणवन्तः। थर्वतिश्चरतिकर्मा, तत्प्रतिषेधः।'* अतः इस व्युत्पत्ति की दृष्टि से अथर्ववेद में उस योग का कथन है जिससे चित्त में स्थिरता एवं दृढ़ता लाई जा सके। इस जीवन को सुखमय तथा दुःख विरहित बनाने के लिए जिन साधनों की आवश्यकता होती है उनकी सिद्धि के लिए नाना अनुष्ठानों का विधान इस वेद में किया गया है। इसके साथ ही इसमें प्रचुर मात्रा में स्त्री विषयक चिन्तन भी उपलब्ध है। उस समय स्त्रियों का अत्यधिक सम्मानपूर्ण स्थान था। उसे घर की रानी के रूप में प्रतिष्ठित किया गया है तथा गृहस्थाश्रम को 'ऐश्वर्य की नौका' की उपमा देकर महत्त्व दिया गया है।

स्त्री को गृह की सम्राज्ञी कहकर उसे परिवार की कर्णधार कहा गया है। इसी स्त्री विषयक चिन्तन को प्रस्तुत करना इस शोध पत्र का उद्देश्य है।

# 08
# पर्यावरण में सूर्य का महत्त्व

**Dr. Erfan Ahmad**
Dr. S RadhaKrishnan Post Doctoral Fellow, Aligarh Muslim University, Aligarh
*Email: erfanahamad1981@gmail.com*

पर्यावरण से मनुष्य का गहरा सम्बन्ध है, विना इसके प्राणियों का जीवन सम्भव नहीं है। मनुष्य के जीवन से जुड़ा होने के कारण उनको इसके प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। इसके निर्माण में वायुमण्डल, स्थलमण्डल और जलमण्डल के सभी भौतिक एवं रसायनिक तत्त्वों को सम्मिलित किया गया है। इस प्रकार पर्यावरण भौतिक तथा जैविक दोनों तत्त्वों से मिलकर बना है। यहाँ तक मनुष्य का शरीर भी पंचभौतिक तत्त्वों से बना हुआ है। इस विषय पर एक उक्ति अत्यन्त प्रसिद्ध है–

*'क्षित जल पावक गगन समीरा। पंच तत्त्वों से बना शरीरा।*

उपरोक्त कथनानुसार हम कह सकते हैं कि मनुष्य का शरीर ही पर्यावरण है। इन पॉच तत्त्वों में जो अग्नि शब्द आया हुआ है, यह सूर्य शब्द का स्वरूप है। वातावरण को शुद्ध करना ही सूर्य का मुख्य कार्य है। ऐसा यजुर्वेद में कहा गया है कि सूर्य अपनी सूक्ष्म और पवित्र किरणों से सम्पूर्ण वायुमण्डल को परिशोधन करता हैं–

*'सविता पुनातु अछिद्रेण सूर्यस्य रश्मिभिः'।*

ऋग्वेद में कहा गया है कि उदित होता हुआ सूर्य दृष्ट और अदृष्ट सभी प्रकार के प्रदूषण को नष्ट करते हैं–

*'उत पुरस्तात् सूर्य एति विश्व दृष्टो अदृष्टहा। दृष्टान् च हनन् अदृष्टान् च सर्वान् प्रमृणन् क्रिमीन'*।

महाकवि कालिदास ने मेघों के निर्माण में सूर्य की महत्ता स्वीकार करते हुए कहते हैं–

*'धूमज्योतिः सलिल मरुता।*

यहॉ पर 'ज्योति' शब्द सूर्य का वाचक है क्योंकि सूर्य तेज का अधिष्ठाता देव है। साररूप से यह कह सकते है पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सूर्य का अत्यधिक महत्त्व है या सूर्य ही पर्यावरण का प्राण है।

## 09

# वैदिक ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष : वैदिक आचार्यों के विशेष सन्दर्भ में

**डॉ. हर्षा कुमारी**
अध्यापिका, माता सुन्दरी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: harsharranjan@gmail.com*

वैदिक ऋषियों ने शिक्षण के एक महत्वपूर्ण स्तम्भ गुरुओं, आचार्यों की योग्यता उसके कर्तव्य की वैदिक ग्रन्थों में स्थान–स्थान पर विशद व्याख्या की है। अथर्ववेद (11/7/14) के ब्रह्मचर्य–सूक्त में आचार्य को मृत्यु, वरुण सोम, ओषधी और पयः कहा गया है। वस्तुतः गुरु के ये विशेषण मात्र विशेषण न होकर तत्कालीन समाज के गुरुओं के आवश्यक गुण थे। शिक्षक को मृत्यु होना चाहिए, उसके अन्दर मार सकने का सामर्थ्य होना चाहिए। विद्यार्थी यदि कोई कुसंस्कार लेकर आया है तो उन्हें मारे बिना शिक्षक शिष्य का निर्माण नहीं कर सकता। शिक्षक का दूसरा गुण वरुणत्व है। शिक्षकों की दृष्टि वरुण की तरह पैनी होनी चाहिए। शिक्षकों को सोम की तरह अर्थात चाँद की तरह सौम्य, आकर्षक एवं प्रिय होना चाहिए। ऋषि शौनक ने आचार्य के लिए एक अन्य अर्हता का वर्णन करते हुए कहा है कि अध्यापन के समय जो जितेन्द्रिय रहे, वही वेदों का अध्यापन करे (ऋ0–प्रतिशाख्य–15।1)। इससे यह पता चलता कि अध्ययन–अध्यापन की प्रक्रिया में आचरण की बहुत महत्ता है।

शिक्षक की शिक्षण शैली कैसी हो इस पर प्रकाश डालते हुए अथर्ववेद ( अथर्व0–1/1/2) में कहा गया है–हे गुरुवर आप हमें ऐसे खेल खेल में पढ़ाइए कि जो कुछ मैं सुनूँ वह मुझमें ही रहे। मुण्डकोपनिषद् (1/2/13) में विद्या–ग्रहण की योग्यता को बताते हुए कहा गया है कि शरण में आये हुए वेदाध्ययन के इच्छुक ऐसे बालकों को जो पूर्णतः शान्त और निश्चल हो, सांसारिक भोगों से सर्वथा वैराग्य हो जाने के कारण जिनके चित्त में किसी प्रकार की चिन्ता, व्याकुलता या विकार नहीं रह गये हों, जिसने अपने मन, बुद्धि और समस्त इन्द्रियों को भली–भाँति वशीभूत कर लिया हो उनको विद्यादान देने में आपत्ति नहीं करनी चाहिए। यह व्यवस्था उस समय के समाज और आज के समाज दोनों ही में उन गुरुओं को करारा जवाब है जो जाति, गोत्र आर्थिक स्थिति पूछकर शिक्षा देने से इन्कार कर देते हैं। तैत्तिरीय उपनिषद् (1/11) में ही गुरु शिष्य को उपदेश देते हुए कहते हैं '*यान्यस्माकं सुचरितानि तानि त्वयोपास्यानि। नो इतराणि*'–अर्थात् हमारे आचरण में जो अच्छा है उसी का तुम अनुसरण करना अन्य का नहीं। वैदिक गुरु के ये उद्घोश आजकल के गुरु के लिए एक आदर्श स्थापित करता है कि उन्हें भी वैदिक गुरुओं की तरह अपनी गलतियों को स्वीकार करने वाला बनना चाहिए।

## 10

# वेदकालीन सामाजिक विचारों का वर्तमान को प्रदेय

**डॉ. इन्दु शर्मा**
प्रवक्ता, कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आगरा; *indusharma0709@gmail.com*
**कु. नीरज नीलम**
रिसर्च स्कालर, डी०ई०आई०, आगरा

परिवार संस्था विस्तार पाकर समाज का रूप धारण करता है। दृश्यमान सम्पूर्ण विश्व विभिन्न समाजों में विभक्त है। जगत् के सभी प्राणी प्रायः समुदाय में रहकर ही जीवन व्यत्तीत करते हैं। इस प्रकार विभिन्न परिवार मिलकर एक समाज की स्थापना करते हैं, अतैव यह आवश्यक हो जाता है कि व्यक्ति के विचार शुद्ध और उसका व्यवहार मर्यादित हो इसलिए वैदिक काल से ही परिवार में व्यक्ति

को सर्वप्रथम नैतिक आचारों से संस्कारित किया जाता था। वैदिक मनीषियों का मत था कि व्यक्ति जो परिवार में नैतिक आचरण की शिक्षा प्राप्त करता है, परिवार से बाहर जाकर वह दूसरे मनुष्यों के साथ उसका व्यवहारिक परीक्षण करता है व्यक्ति का आचरण अन्ततः सामाजिक और मानवीय आचारों को ही सैद्धांतिक रूप में स्थापना करता है। एक आचार निष्ठ सदाचारी व्यक्ति सामाजिक, आवश्यक आचरिक नियमों का पालन स्वेच्छा से सम्यक् करता है जबकि दुराचारी या अनाचारी व्यक्ति उन नियमों का उलघंन करके समाज में अराजकता फैलाता है। वैदिक काल को प्रार्थना–युग कहा जाता है। वेदों की ऋचाओं में यही प्रार्थना थी कि व्यक्ति 'स्वंय' प्रसन्न तभी हो जब सम्पूर्ण विश्व प्रसन्न हो और एक साथ मिलकर आगे बढ़े। इस प्रकार वैदिक काल 'स्वंय' की संकीर्ण भावना से ऊपर उठकर समाज की सम्यक (साथ चलना) व्युत्पत्ति को सार्थक करता था। वैदिक काल में मनुष्यों का प्रयत्न सदैव सबको साथ लेकर उन्नति करने का रहा। उन्होने सम्पूर्ण विश्व को एक माना है और संदेश दिया–साथ चलो साथ बोलो, सबका मन एक सा हो–(ऋ. 10/11/2) तत्कालीन समाज में मात्र व्यक्तिगत सुख हो अभिष्ट नहीं था अपितु वह तो प्रत्येक प्राणी के अभ्युदय की प्रार्थना करता था। हमारे ब्राह्मणों को प्रकाशित करो, क्षत्रियों को, वैश्यों को और शूद्रों को प्रकाशित करो और उस प्रकाश से मुझे प्रकाशित करो (वा.सं. 18/48)। इस प्रकार भेदभाव को त्याग कर खान–पान व पूजा में सम्मिलित होकर कार्य करने की प्रेरणा हमें वैदिक संहिताओं से ही प्राप्त होती है। अतः वर्तमान में आवश्यकता है कि वेद की इन उत्कृष्ट रचनाओं का अनुसरण इस प्रकार किया जाये कि उक्त व्यक्ति का आचरण समाज में अन्य व्यक्तियों द्वारा आचरित हो जाए।

## 11

## वैदिक गणित की व्यावहारिक उपयोगिता

**Dr. Kanta Bhatia**
Asso Prof, Bharati College, University of Delhi, Delhi
*Email: kantarbhatia@yahoo.com*

गणित की परम्परा भारत में वैदिक काल से प्रचलित थी। ब्राह्मण ग्रन्थों एवं शुल्बसूत्रों में गणित सम्बन्धी पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती है। इसकी चर्चा यज्ञ के सन्दर्भ में हुई हैं यज्ञ में ईटों की संख्या, वेदी निर्माण में लम्बाई चौड़ाई ऊँचाई आदि का सही विनियोग आवश्यक है। इसी सन्दर्भ में अंकगणित, ज्यामिति बीजगणित सम्बन्धी सामग्री का संकेत प्राप्त होता है। वेदों की छन्द रचना के मूल में गणित ही है। वेद के 6 अंगो में एक अङ्ग 'कल्प' है इसके अन्तर्गत चार प्रकार का सूत्र साहित्य है शुल्बसूत्र का सम्बन्ध गणित से है। पुरी के निवासी पूर्व शंकराचार्य भारती कृष्ण तीर्थ जी ने वेदो का अध्ययन करके वैदिक गणित नाम से 16 सूत्र प्रस्तुत किये जिनके द्वारा बड़े–बड़े यो घटा, गुणा, भाग, वर्ग वर्ग मूल तथा ज्यामिति और बीजगणित से सम्बन्धित बड़े–बड़े प्रश्नों को मौखिक रूप से अथवा एक ही पंक्ति में हल किया जा सकता है।

## 12

## वेद में भाईचारे की भावना का सन्देश

**डॉ. कर्तार चन्द शर्मा**
वरिष्ठ सहायक–आचार्य, संस्कृत, कश्मीर विश्वविद्यालय, श्रीनगर (जे एण्ड के)
*E mail: kartarsharma@gmail.com*

आधुनिक समाज में स्वार्थवाद ने अपनी पकड़ इतनी पक्की कर ली है कि आज सामान्य जन से लेकर बाबुओं, नेताओं और कहीं–कहीं अपने आप को तथाकथित सन्त कहने वालों में भी हमें भ्रष्टाचार

एवं द्वेषभावना देखने को मिलती है। भले ही आज मनुष्य ने आज कितनी भी प्रगति क्यों न कर ली हो, परन्तु आज भी उसकी समस्याएँ समाप्त नहीं हुई हैं। अपितु सामाजिक समस्याओं ने और अधिक विकराल रूप धारण कर लिया है। जैसे आज एक ओर तो आवागमन के साधनों से नजदीकियाँ बढ़ती जा रही हैं तो दूसरी ओर पारिवारिक ढाँचे समाप्त होते जा रहे हैं। भाई–भाई का शत्रु बना हुआ है, दहेज के नाम पर हर वर्ष असंख्य बहुओं को जलाया जा रहा है, लड़कियों को जन्म से पहले ही गर्भ में ही मार दिया जाता है, वृद्धों को घर से निकाला जा रहा है, धर्म के नाम पर लोगों को ठगा जा रहा है, जातपात के नाम पर नर संहार हो रहा है। आज भी समाज का एक वर्ग तो बहुत धनवान् है तो दूसरा वर्ग बेरोजगारी से लड़ रहा है। इसके अतिरिक्त एक ऐसा वर्ग भी है जिसको रहने के लिये छत नहीं है, खाने को रोटी नहीं है, पीने को निर्मल जल नहीं है और पहनने को वस्त्र नहीं हैं। इस सामाजिक असन्तुलन के कारण ही आज आतंकवाद की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है।

वेद में परोपकार एवं भाईचारे की भावना का वर्णन अनेक स्थानों पर प्राप्त होता है। भाईचारे का एवं दान देने की बात करते हुए दान से दूसरे के भले और भाईचारे के बढ़ावे का वर्णन किया गया है। केवल स्वयं भोग करने वाला केवल पाप रूप होता है अर्थात् जो परोपकार नहीं करता उसका जीवन व्यर्थ है। सूर्य, चन्द्रमा, पृथ्वी, वायु, नदी सभी परोपकार के लिए जगत् प्रसिद्ध हैं। अतः इसी प्रकार यदि मनुष्य भी परोपकारी होगा तभी वह शान्ति प्राप्त कर सकता है तथा आदर्श मानव बन सकता है। भद्रभाव का जागरण तथा स्वस्तिकामना को वेद में अनेक मन्त्रों में चित्रित किया गया है और यह भद्रभाव की प्रवृत्ति जीवन में आत्मविश्वास, सत्यनिष्ठा, कर्त्तव्यपरायणता, निर्भीकता तथा संयमित जीवन के लिए बल प्रदान करती है। मैत्री भाव के सम्बन्ध में वेद में वर्णन है– *'मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे। मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे।।'* वैदिक ऋषि पुनः–पुनः विश्वशान्ति एवं भाईचारे की कामना करते हैं क्योंकि वे जानते थें कि हमारी शान्ति अन्योन्याश्रित है अर्थात् जब तक हम दूसरे की शान्ति नहीं चाहेंगे तब तक हम भी शान्त नहीं रह सकते।

# 13
# वैदिक कालीन पारिवारिक व्यवस्था

**सुश्री खुशबू भारती**
शोधछात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: khushbooamualigarh@gmail.com*

वैदिक काल का पारिवारिक जीवन पारस्परिक आत्मीयता और कर्त्तव्यनिष्ठा पर आधारित था। उसमें वैदिक हित चिन्ता और सबके लिए कर्म करते रहने की उदार भावना विद्यमान थी, पिता, पुत्र पौत्र, पितामह पत्नी और जन्मदातृ माता तथा अन्य पारिवारिक सम्बन्धियों के प्रति सादर एवं सस्नेह प्रेमभाव का बाहुल्य था। परिवार और पारिवारिक सम्बन्धों की व्यापक अवधारणा ऋग्वैदिक युग में ही विकसित हो चुकी थी। ऋग्वेद में संयुक्त परिवार का दृष्टांत मिलता है। जिसमें वरूण के घर में 1000 दरवाजे बताये गए हैं–*'वृहन्तम मानम् वरूण स्वधावः सहस्त्राद्वारम जगमा गृहं त*। एकल परिवार की झलक भी ऋग्वेद में देखी जाती है। शची पॉलीमी अपनी महिमा का वखान करते हुए अपने परिवार में जिन सदस्यों की गणना करती है, उनमें पति–पत्नी और पुत्र–पुत्री ही आते है। ऋग्वेद में एक अन्य स्थान पर घरेलू कार्यों को औरतों के जिम्में बताया गया है–*'वस्त्रा पुत्राय मातरो वयन्ति*।

वैदिक कालीन पारिवारिक जीवन बड़ा ही सुखद था। दाम्पत्य जीवन की सबसे बड़ी कामना सन्तानोत्पत्ति थी। दुहिता शब्द की व्युत्पत्ति से स्पष्ट है कि पशुपालक आर्य परिवारों में गो–दोहन का कार्य प्रायः कन्याऐ ही करती थी। उनकी शिक्षा की व्यवस्था भी पुत्रों की ही भांति होती थी। तथा

विवाह प्रायः पूर्ण वयस्क होने पर ही किए जाते थे। पति के चुनाव के लिए उन्हें पर्याप्त स्वतन्त्रता प्राप्त थी। अन्य कुटुम्बी या बान्धव 'सजाति' या 'ज्ञाति' कहे जाते थे। विवाह, यज्ञादि उत्सवों में सभी आत्मीय बन्धु सम्मिलित होते थे एवं मिलकर कार्य करने के साथ ही अपनी शुभकामनाऐं व आर्शीवाद भी देते थे। बृहदारण्यक उपनिषद् में (2.4) याज्ञवल्क्य द्वारा अपनी दोनों पत्नियों के मध्य सम्पत्ति के बंटवारे का वर्णन प्राप्त होता है। स्त्रियां चल सम्पत्ति के रूप में हस्तान्तरित भी की जाती थी। इस प्रकार वैदिक कालीन संस्कृति के आधार पर उसके परिवार सुखी, सम्पन्न और सर्वांगीण थे। परिवार का प्रत्येक व्यक्ति पारस्परिक कर्तव्यों के प्रति सजग और निष्ठावान् था। मधुर सम्बन्धों के बीच जीवनयापन करता हुआ प्रत्येक पारिवारिक उत्तरोत्तर उन्नति की ओर अग्रसर था।

# 14
# कर्म और जीवन

**डॉ. ललिता कुमारी जुनेजा**
एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृत–विभाग, राजकीय महाविद्यालय, फरीदाबाद (हरियाणा)
*Email: lkj0704@yahoo.in*

*'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।,'चरैवेति चरैवेति', 'कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेत् शतं समाः'* आदि वैदिक–साहित्य के वाक्यों से वैदिक–ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष में 'कर्म' की महत्ता स्वतः सिद्ध है। आज के युग में मनुष्य आलस्य, तन्द्रा से ग्रस्त होकर, अनेक आधि–व्याधियों के पाश में आ गया है। दूसरी ओर यदि हम अपने ऋषियों का, पूर्वजों का जीवन देखें, तो वे लोग कितना कर्मठ जीवन बिताते थे। इसी कारण वे सम्पूर्ण जीवन–यात्रा निर्बाध रूप से जीते हुए अन्त में सद्गति को प्राप्त करते थे। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने कहा है कि मुझे किसी वस्तु की आवश्यकता नहीं है, फिर भी मैं कार्य करता हूँ, क्योंकि यदि मैं कार्य न करूँ तो सभी लोग मेरा अनुसरण करेंगे, अतः सभी मानवों को कर्म करते हुए श्रेष्ठ जीवन–यापन करना चाहिए, जिससे आगे आने वाली पीढ़ियाँ भी सक्रिय, सानन्द जीवन बिता सकें। वेदों में, चाहे ज्ञान का उल्लेख हो या यज्ञ का, कर्म सभी में अपेक्षित है। पूजा, उपासना, परोपकार, भगवान् से मिलना आदि यज्ञ के अर्थ हैं। वेद की आज्ञा है कि यज्ञ के द्वारा अपने को, समाज में, देश में, विश्व की समस्त मानव जाति में और सारे प्राणियों में मिला दो, अपने में सबको समझो और अपने को सबमें समझो। इसी से दिव्य ज्ञान, असीम आनन्द और चिरशान्ति मिल जाएगी।

मानवजाति का चरम–लक्ष्य ज्ञान–लाभ है। ज्ञानयोग, ध्यानयोग, उपासनायोग, भक्तियोग और कर्मयोग ये सब कोई अलग–अलग योग नहीं हैं, जीवनयोग के पहलू ही हैं। जीवनयोग में प्रधानता है–कर्मयोग की। जीवन कर्मपरायण है। आत्मा का स्वरूप ही कर्मरूप है। मोक्ष भी एक साधना ही है। काम, क्रोध, लोभ, अहंकार आदि षड्रिपु से मुक्ति पाने के बाद, जीवन की कृतार्थता के लिए विश्वात्मैक्य का अनुभव करते रहने के लिए निष्काम कर्म–सेवा चलाना ही जीवनयोग है।प्रत्येक मनुष्य के भीतर पूर्ण शक्ति और पूर्ण ज्ञान विद्यमान है। मनुष्य की इच्छा–शक्ति, चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है, अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छा शक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। कर्मयोगी के लिए सतत कर्मशीलता आवश्यक है। कर्म करते हुए, उस कार्य अथवा विचार का मन के ऊपर गहरा प्रभाव नहीं पड़ना चाहिए। निष्काम कर्म ही वास्तव में कर्म है। मनुष्य को मुक्तभाव से, प्रेमसहित कर्म करना चाहिए। यदि दासवत् कार्य करने से स्वार्थपरता और आसक्ति उत्पन्न होती है, तो अपने मन का स्वामी बनकर कार्य करने से अनासक्ति से उत्पन्न आनन्द का लाभ होता है। कर्म का रहस्य है कि साधन और सिद्धि को एकरूप समझना। सभी युगों में, समस्त सम्प्रदायों और देशों के

मनुष्यों द्वारा मान्य यदि कर्त्तव्य का कोई एक सार्वभौमिक भाव रहा है, तो वह है–'*परोपकारः पुण्याय, पापाय परपीडनम्* अर्थात् परोपकार ही पुण्य है और दूसरों को दुःख पहुँचाना ही पाप है।

## 15
## मानसिक प्रक्रियाओं के स्वरूप का विवेचन : ऐतरेयोपनिषद् के सन्दर्भ में

**सुश्री मणिमाला कुमारी**
शोधछात्रा, श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविद्यापीठ, नई दिल्ली
*Email: mmani2223@gmail.com*

प्राणियों के आचरण को देखते हुए यह स्पष्ट है कि प्राणियों का आचरण यांत्रिक नहीं है। अपितु मनुष्य के समस्त कार्य उसके अन्दर उठते हुए अनेक संवेगों से हुआ करते हैं। इन सभी मानसिक अनुभूतियों का केन्द्र मन है। व्यक्ति के व्यवहार के मूल में इन्हीं मानसिक क्रियाओं का अध्ययन मनोवैज्ञानिक भी करते हैं। वस्तुतः मन व्यक्ति का वह अंग है, जो अनुभव और व्यवहार को सूचित करता है। वेदों में मन को आत्मा के नाम से सम्बोधित करते हैं। ऋग्वेद में 'मनस्' शब्द का अनेक स्थानों पर प्रयोग हुआ है। इन्द्र को 'मनस्वान्' भी कहा गया है। श्री अरविन्द घोष ने भी इन्द्र को दिव्य मन का प्रतीक माना है। समूचे 'संज्ञानम्' सूक्त में समाज के सभी व्यक्तियों की क्रियाओं, गति चिन्तन मनन और बुद्धि के पूर्ण सहयोग व सामंजस्य की प्रेरणा दी गई है।

उपनिषदों का संबंध वेदों से हैं। प्राचीन, प्रामाणिक तथा प्रमुख उपनिषदों की संख्या 14 है, जिसमें 10 महत्वपूर्ण है। प्रस्तुत शोधपत्र में वेदों में वर्णित मन एवं उसकी प्रक्रिया तथा ऐतरेयोपनिषद् के तृतीय अध्याय में वर्णित प्रथम महावाक्य प्रज्ञानं ब्रह्म एवं उससे संबंधित सोलह प्रकार की मानसिक प्रक्रियाओं का विवेचन किया गया है। इसमें उपास्य देव कौन है, वह कैसा है, उसकी पहचान क्या है? जिसकी उपासना से उस परमात्मा को प्राप्त किया जा सकता है। अर्थात् हम जिसकी उपासना करते हैं, वह आत्मा कौन है? जिससे प्राणी देखता है, जिससे सुनता है, जिससे गन्धें को सूंघता है, जिससे वाणी का विश्लेषण करता है और जिससे स्वादु–अस्वादु का ज्ञान प्राप्त करता है वह मन या आत्मा कौन सा है। इस प्रश्न के उत्तर में शुकरहस्योपनिषद् में कहा गया है कि–प्राणी जिसके द्वारा देखता, सुनता, सूंघता, बोलता और स्वाद अस्वाद का अनुभव करता है वह प्रज्ञान है, वह सभी प्राणियों के हृदय में उपस्थित चैतन्य है। ऐतरेयोपनिषद् में इस प्रज्ञान के सोलह नाम बताए गए हैं–संज्ञान, अज्ञान, विज्ञान, प्रज्ञान, मेध, दृष्टि, धृति, मति, मनीषा, जूति, स्मृति, संकल्प, क्रतु, असु, काम और वश ये मनोज वस्तुओं के स्पर्शादि की कामना अर्थात् चैतन्य रूप जो आत्मा है वह ब्रह्म ही है। अतः प्रज्ञान रूप आत्मा ही अपर ब्रह्म है।

## 16
## वैदिक व्यवहार मीमांसा

**सुश्री मंजीत कुमारी**
शोधच्छात्रा, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: manjeetsangwan275@gmail.com*

किसी भी राष्ट्र, जाति और समाज और व्यक्ति का सर्वांगीण विकास तभी सम्भव है जब सभी व्यक्ति अपनी प्रतिभा, योग्यता, गुण, कर्म के अनुसार एक–दूसरे के सहयोगी बनकर एक–दूसरे की

भावनाओं का सम्मान करते हुए अपने कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों को पूरी निष्ठा के साथ निभाते हों। सृष्टि में अग्नि, वायु, जल, पृथिवी, सूर्य, चाँद, ग्रह, नक्षत्र आदि तत्व भी अपनी–अपनी मर्यादाओं का पालन करते हुए सृष्टि के महान व्यवहार को निभा रहे हैं। वेद का कथन है–'*येन देवा न वियन्ति नो च विद्विषते मिथः। तत्कृण्मो ब्रह्म वो गृहे संज्ञानं पुरुषेभ्यः*' (अथर्व 3/30/4) अर्थात् हे स्त्री–पुरुषों! अच्छी प्रकार समझो, सोचो और देखो कि इस सृष्टि में सभी देवता कभी एक–दूसरे के विरोधी नहीं बनते और न ही एक–दूसरे से द्वेष करते हैं। इसी प्रकार हे मनुष्यो! तुम भी परस्पर प्रीति से रहो।

मानव समाज को सुसंगठित और व्यवस्थित करने के लिए हमारी वैदिक संस्कृति में वर्णाश्रम व्यवस्था की गई। प्रत्येक व्यक्ति अपनी–अपनी योग्यतानुसार सामाजिक व्यवहारार्थ उन्नति में अपना योगदान निश्चित रूप से दे सके, उसके लिए वर्णाश्रम व्यवस्था का विधान किया गया–'*ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीद् बाहू राजन्यः कृतः। उरूतदस्य यद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत।*' वेद में कहा है कि सभी जन परस्पर मिलकर रहो। विचारों में सामञ्जस्य बनाकर चलो। '*संगच्छध्वं*'......(ऋ० 10/191/2)। '*समानी वः आकूति*........।' (ऋ० 10/191/5) हमारे संकल्प, हृदय, प्रयत्न सब एक हों। एक विचार होकर एक साथ चलें। '*समानो मन्त्रः समितिः समानी*' (ऋ० 10/191/3) सब का लक्ष्य एक हो समाज की उन्नति यही लक्ष्य एक हो सकता है। तुम्हारी सभाएँ एक जैसी हों जिसमें तुम सब मिलकर एक विचार और एक निश्चय वाले बन सको। आपस में बैठकर वैचारिक विषमता को दूर करो। इसी उद्देश्य से यह गोष्ठी भी रखी गई है।

## 17
# ब्राह्मण–साहित्य में नारियों के यज्ञ सम्बन्धी अधिकार

**सुश्री मुनेश**
पीएच०डी० शोधार्थी, संस्कृत, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
*Email:dr.m.yadav44@gmail.com*

वैदिक काल में नारी की आर्थिक स्थिति अत्यन्त संतोषजनक थी, किन्तु उत्तरवैदिक काल (ब्राह्मण काल) में धार्मिक स्थिति में अत्याधिक परिवर्तन हुआ। वैदिक काल में नारी का स्थान नर के समान ही श्रेष्ठ था। उसे नर के समान ही धार्मिक अधिकार प्राप्त थे। नारी के अभाव में नर को यज्ञाधिकारी नहीं माना जाता था। ऋग्वेद (10/86/10) एवं अथर्ववेद (20/126/10) के मन्त्रों में वर्णित है कि प्राचीन काल में स्त्री सामूहिक यज्ञों और युद्धों में जाती थी। सत्य का विधान करने वाली, वीर पुत्रों से युक्त इन्द्राणी की पूजा होती थी। धार्मिक कार्यों तथा दान–पुण्य में रुचि रखने वाली स्त्री को पुरुष से अच्छा बताया गया है (ऋ० 5/61/7)। शतपथ ब्राह्मण (14/3/1/35, 1/1/4/13) में एक–दो स्थलों का अध्ययन करने पर नारी के धार्मिक–अधिकारों के हनन की सूचना प्राप्त होती है। स्त्रियों के प्रत्येक धार्मिक कार्य बिना यज्ञ के सम्पन्न होते थे, केवल विवाह संस्कार को ही उपनयन संस्कार मानकर उसके गृहकार्य को यज्ञ मान लिया गया। इतना सब होते हुए भी धार्मिक क्षेत्र में नारी श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करती है। गृहस्थ की अर्धांगिनी के रुप में दैनिक–धार्मिक कार्यों में भी नारी को प्रमुख माना गया था। यह सिद्ध है कि 200 ई०पू० तक नारियों को वेदाध्ययन और यज्ञ करने का अधिकार प्राप्त था। ऋग्वेद में अनेक मन्त्रों की रचना कवियित्रियों ने की है। विश्ववारा, सिकता, घोषा, लोपामुद्रा आदि पंडिता नारियाँ इनमें सर्वप्रसिद्ध हैं।

# 18
# जैन दर्शन एवं वैदिक समाधिमरण : एक अनुशीलन

**डॉ. नमिता कपूर**
पी.डी.एफ. (यू०जी०सी० एस० राधाकृष्णन), दर्शन एवं धर्म, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
*Email: kapoornamita13@gmail.com*

जन्म लेने वाले की मृत्यु अवश्यंभावी है। मृत्यु के पाश से बच पाना किसी भी प्राणी के लिए सम्भव नहीं है, इस सनातन सत्य को जानते हुए भी प्राणी अपनी मृत्यु को टालने का यथासम्भव प्रयास करता है एवं दुःखी होता है। इस प्रयत्न में वह अपने जीवन में प्राप्त होने वाले आनन्द से भी वंचित रह जाता है। मानव को इस भय से दूर रखने के उद्देश्य से ही मर्मज्ञ विद्वानों ने उद्घोष किया है–'*जातस्य हि ध्रुवो मृत्युः* अर्थात् जिसने जन्म लिया है उसकी मृत्यु निश्चित है। भारतीय चिन्तकों ने जीवन की भाँति मरण को भी अपने जीवन में पर्याप्त स्थान दिया है। सूत्रकृतांग (1/2/1/94) में भगवान महावीर ने यह स्पष्ट किया है कि–जिस प्रकार ताल (ताड़) का फल बन्धन से छूटकर नीचे गिर पड़ता है, उसी प्रकार आयु क्षीण होने पर प्रत्येक प्राणी जीवन से च्यूत होता है '*ताले जह बंधनच्युते, एवं आउखयस्मिद्दृतों* ।

मृत्यु की अपरिहार्यता का ज्ञान होने पर जिस प्रकार लौकिक वस्तुओं के प्रति आसक्ति का भाव समाप्त होता है, ठीक उसी प्रकार मृत्यु की अपरिहार्यता का ज्ञान हो जाने पर सुख–दुःख का भाव समाप्त हो जाता है। जैन चिन्तन परम्परा में मानव जीवन का अन्तिम लक्ष्य आत्म स्वरूप की प्राप्ति है। आत्म स्वरूप का दर्शन साधना द्वारा ही सम्भव है एवं साधना में देहादि का सक्रिय योगदान होता है। अतः विद्वानों ने शाारीरिक स्वास्थ एवं देहरक्षण को महत्त्व प्रदान किया है किन्तु किसी भी कारणवश यदि नित्य क्रिया में व्यवधान आने लगे अथवा कार्य सम्पन्न करने में किसी की सहायता की अपेक्षा होने लगे, इन विषम परिस्थितियों में मानव को समाधिमरण अंगीकार कर लेना चाहिए।

समाधिमरण की प्रक्रिया न केवल शरीर व्युत्सर्ग की प्रक्रिया है अपितु कषाय व्युत्सर्ग की भी प्रक्रिया है। इसमें आत्मशोधन अथवा चित्त शोधन प्रमुख है। यह साधना चेतना की अर्न्तमुखी प्रक्रिया है, जो व्यक्ति में समत्व भाव जगाती है, जिससे व्यक्ति जीवन एवं मृत्यु दोनों में समभाव से रह सके। जिससे देहत्याग की बेला में चित्त की समाधि बनी रहे। सामान्यतः यह स्वीकार किया गया है कि मृत्यु की बेला में व्यक्ति की जिस प्रकार की मनोदशाहोती है, भावी जीवन की गति भी उसी तरह की होती है, इसीलिए जैनाचार्यों ने समाधिमरण को आवश्यक स्वीकार करते हैं।

वैदिक परम्परा में इच्छितमरण का विवेचन महाप्रस्थान के रूप में किया गया है। महाप्रस्थान का तात्पर्य है–दुबारा लौटकर घर या संसार में न आना वैदिक परम्परा में इच्छितमरण वही व्यक्ति कर सकता है जिसने गृहस्थाश्रम में समस्त कर्मों को पूर्ण लिया हो, दुर्बल शरीर वाले, असाध्य रोग से पीड़ित व्यक्ति या मरणासन्न व्यक्ति की मृत्यु वरण करते थे अथवा नैतिक मूल्य एवं जीवन की सुरक्षा में से कोई विकल्प रख रहा हो। जिस प्रकार मनुष्य को मूल्य संरक्षण के लिए जीने का अधिकार है, उसी प्रकार मूल्य संरक्षण के लिए उसे मृत्यु का अधिकार भी प्राप्त होना चाहिए। लेकिन मृत्यु का अधिकार सिर्फ उन्हीं लोगों को दिया जाना चाहिए जो जीवनमृत्यु के मूल्य को समझते हों एवं उन्हें जीवन के आदर्शों के साथ–साथ सामाजिक कत्तव्यों का भी बोध हो।

# 19
# वेदों में अन्न और भोजन का व्यावहारिक पक्ष

**डॉ. नन्दिता सिंघवी**
अध्यक्ष, संस्कृत, स्नातकोत्तर राजकीय डूँगर महाविद्यालय, बीकानेर (राज०)
*Email: nanditasinghvisns@gmail.com*

वेदों में अन्न और भोजन के आध्यात्मिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक और व्यावहारिक पक्षों पर चिंतन किया गया है, जिसमें से व्यावहारिक पक्ष पर विशेष प्रकाश डाला गया है। तैत्तिरीयोपनिषद् (2/2, 3/1) के अनुसार पृथ्वी के सभी प्राणी अन्न से उत्पन्न होते हैं, अन्न से ही जीवित रहते हैं और अन्न में ही लय होते हैं, अन्न सब पंचमहाभूतों में श्रेष्ठ है और सर्वौषधि कहा गया है। उषस्ति के शब्द '*न वा अजीविष्यमिमानखादन्निति*' स्पष्ट बताते हैं कि अन्न के बिना जीवन असम्भव है। आरुणि और श्वेतकेतु के संवाद से ज्ञात होता है कि अन्न से ही मन में जानने और समझने की सामर्थ्य आती है (छान्दोग्योपनिषद्, 6/7/2–4)। अथर्ववेद (6/46/27) के अनुसार अन्न खाने से मानव का शरीर पुष्ट होता है, तत्पश्चात् महान् सिद्धि प्राप्त कर आनन्दित होता है। आर्य अनेक प्रकार के भक्ष्य अन्नों से परिचित थे–*यदन्नमद्मि बहुधा विरूपम्* (वही 6/71/1)। कात्यायन स्मृति (26/13) ने व्रीहि, शालि, मूंग, गेहूँ, सरसों, तिल और जौ इन सात औषधियों के प्रयोगकर्ता को समस्त विपत्तियों से दूर रहने वाला कहा है। अथर्ववेद (8/7/20) में पीपल, दर्भ, लताओं के राजा सोम, अन्न, जल, चावल और जौ को अमर औषधियाँ कहा गया है।

वेदों में विविध भोज्य पदार्थों का उल्लेख मिलता है। यथा–सत्तु, स्थालीपाक, अपूप, चरु आदि। भोजन के विषय में कई प्रकार के निषेध भी प्राप्त होते हैं। यथा–बाजार से खरीदकर अथवा बना हुआ प्राप्त भोजन न खाऐं। कच्चा मांस, मधु तथा नमक को छोड़कर बाजार से लाये गये अन्य रसयुक्त भोज्य पदार्थ भी न खाऐं किन्तु बाजार से खरीदे गये पदार्थ तेल तथा घृत का जल छिड़क कर शुद्ध करके प्रयोग में लिये जा सकते हैं। रात भर रखा हुआ भोजन न खाएं (आपस्तम्ब धर्मसूत्र 1/5/17/14–17)। मनुष्य कब भोजन न करे? इस विषय में अथर्ववेद (9/6/24) का मत है कि विद्वान् किसी का द्वेष करता हुआ भोजन न करे; द्वेष करने वाले का भोजन न खावे; संशयित आचरण वाले मनुष्य का भोजन न खावे और न संदेह करने वाले का अन्न खावे। इस प्रकार वेदों में अन्न और भोजन के विषय में प्रतिपादित चिंतन प्रासंगिक है।

# 20
# वैदिकवाङ्मये मनुष्याणां जीवने प्रबन्ध व्यवस्थां विवेचनम् : सामाजिकी शिक्षाया विशेष सन्दर्भे

**श्री निरंजन ठाकुर**
शोधार्थी, संस्कृत, इन्दिरा कला संगीत विश्वद्यिालय, खैरागढ़, राजनांदगाँव (छ०ग०)
*Email: niranjanthakur52@yahoo.in*

अस्माकं संस्कृतिः श्रुतिमयी वर्तते। वेदः सर्वेषां धर्माणां सर्वाषां कलानां च उत्सा अस्ति उक्तं *'वेदोखिलो धर्ममूलम्'* वेदाध्ययनं श्रुति परम्परया भवति एतदर्थं श्रुतिरियं वेद सम्पत्। श्रुत्याः अनन्तरं सामाजिक दृष्टया ये ग्रन्थाः रचयन्ति ते स्मृति ग्रन्थाः वर्तन्ते। इमाः स्मृतयः श्रुति प्रमाणस्य स्मरणात् निश्पन्नाः। सर्वाः स्मृतयः श्रुतेः अनुशरणं कुर्वन्ति। रघुकारेण सत्यमेव उक्तं यत् '*श्रुतेरिवार्थं स्मृतिरनुगच्छत्*,

स्मृतिग्रन्थाः अस्माकं सामाजिक्याः परम्परयाः प्रतिनिधिभूता ग्रन्थाः सम्प्रति या सामसजिकी व्यवस्था वर्तते सा स्मृति ग्रन्थात् उद्भूता। एषु स्मृति ग्रन्थेषु मनुस्मृति सर्वप्रसिद्ध ग्रन्थः वर्तते। सामाजिकी शिक्षाः मनुष्यस्य जीवने अत्यन्त महत्त्वपूर्णा अस्ति। सामाजिकी शिक्षां विना केन प्रकारेण समाजस्य उत्तरदायितवस्य निर्वहणं सम्यक रूपेण कर्तुं शक्नुवन्ति। मनुष्य जन्मतः सामाजिक प्राणी एव अस्ति। अतः मनुष्यस्य जीवने सामाजिकी शिक्षाः आवश्यकी वर्तते। सामाजिकी प्रवन्ध शास्त्रे भगवान मनुः अत्यन्त सार्थकं उपदेशं दत्तवान्। मानवजीवनस्य व्यवस्थायै आश्रम परम्परा निर्माणं अभवत्। येनमाध्यमेन मानवजीवनं चतुर्षु भागेशु विभक्तः कृतः अस्ति। अथ च तत्–तत् भागेषु मनुष्य जीवनस्य अनुकूल मार्गाणां निरूपणं कृतं। वर्ण व्सवस्थायाः अन्तर्गते मनुष्यस्य सामाजिकम् उत्तरदायित्त्वेषु प्रकाशः प्रसारितः अस्ति। वर्णव्यवस्थायाम् मनुष्यस्य तत् कर्मं अस्ति येषां सम्बन्धः साक्षात् समाजेन सः भवति। येन माध्यमेन मनुष्यस्य सामाजिकं उत्थानं भवति। आश्रमव्यवस्था स्व जीवनाय जीवनपद्धति निधारणार्थं अत्यनत लाभदायिका अस्ति, इयं मानव जीवनस्य प्रवन्ध व्यवस्था अस्ति। यस्य सम्बन्धः मनुष्यस्य आयुषा सः भवति।भगवता मनुः मनुस्मृत्यां सुव्यवस्थित् सामाजिकी शिक्षायाः एवं मनुष्यस्य जीवनस्य आधारभूत नियमस्य उपदेशं दत्तवान्। सम्प्रति स्मृत्यादिनां ग्रन्थानां अति आवश्यकता अस्ति, मनुस्मृतौ यह आश्रम व्यवस्था सा वर्तमान समयेऽपि उपयुक्ता। अस्मिन् भौतिक चाकचिक्यस्य युगे जीवन प्रबन्धः अनिवार्यः अयं जीवन प्रबन्धः मनुस्मृतौ वर्णितायाः आश्रमव्यवस्थायाः भवितुम शक्यते।

# 21
# वैदिक शिक्षा का स्वरूप

**सुश्री पूजा**
शोधछात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: khushbooamualigarh@gmail.com*

वैदिक साहित्य में 'शिक्षा' शब्द वेदाङ्गवाचक के साथ ही विद्या अथवा ज्ञान की प्राप्ति का साधन भी है। शिक्षा साधन है तथा विद्या साध्य। शिक्षा से जिस विद्या की प्राप्ति की जाती है, वह सार्थक तभी होती है जब अज्ञान के बंधन से मुक्त कराने वाली हो–'*सा विद्या या विमुक्तये*।' ऋग्वेद में शिक्षा का अर्थ 'देना' है। ऋग्वेद में कहा गया है कि '*हे पुरुहूत इन्द्र! जो तुम्हारा बल है, उसे सखा मनुष्यों को दो*'। अतः शिक्षा में लेना नहीं, देना प्रधान होता है। वेदाङ्ग की दृष्टि में अक्षरों एवं शब्दों का विशेष ज्ञान प्राप्त करना ही शिक्षा है, किन्तु व्यापक दृष्टि से शिक्षा के चतुर्दश विषय एवं विद्यायें ही शिक्षा के प्रतिपांद्य कहे जा सकते हैं। 'शिक्षा' शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग ऋग्वेद के दूसरे मण्डल के 16 वे सूक्त में प्राप्त होता है–'....*शिक्षा स्तोतृभ्यों माति धग् भगो नो बृहद् वदेम विदथे सुवीराः*' (ऋ. 2/16/9)। वैदिक गुरूकुल शिक्षा प्रणाली में पुस्तकीय ज्ञान से अधिक व्यावहारिक ज्ञान पर बल दिया जाता था। आश्रम का संरक्षण सद्गुरू करता था। जिसे 'श्रोत्रिय तथा ब्रह्मनिष्ठ' कहा गया है। 'श्रोत्रिय' उसे कहते है, जो अध्ययन तथा श्रवण, किये गये वेद तथा उसके अर्थ से सम्पन्न है। 'ब्रह्मनिष्ठ' उसे कहते है–जिसकी सम्पूर्ण कर्मों को त्यागकर केवल अद्वितीय ब्रह्म में ही निष्ठा है। यास्काचार्य ने आचार्य उसे कहा है जो आचरण सिखाता है। इससे स्पष्ट है कि आचार्य के समक्ष विद्यार्थी को सर्वप्रथम सदाचारी बनाना अभीष्ट होता था। गुरूकुलों में चरित्र–निर्माण पर बल दिया जाता था। तितिक्षा संयम, दया, औदार्य एवं श्रम साध्य जैसे गुणों का बीजारोपण किया जाता था। विद्यार्थी गुरू को माता–पिता सदृश पूजनीय मानते थे। तथा उनसे द्रोह कभी नहीं करते थे (निरूक्त 2/1)

प्रकृति के क्रोड में निर्मित गुरूकुलों के विद्यार्थियों के मुख से अनायास ही यह वाक्य प्रस्फुटित हो जाते थे–'*माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः*'। गुरूकुल में प्रवेश करने वाले विद्यार्थी को 'ब्रह्मचारी' कहा

जाता था अर्थात् ब्रह्म के स्वरूप में विचरण करने अथवा उसका मनन करने वाला। अथर्ववेद में कहा गया है कि देवों ने ब्रह्मचर्य एवं तपस्या के द्वारा मृत्यु को पराजित किया था। अतः विद्यार्थी के लिए ब्रह्मचर्य एवं तप को अमरत्व प्राप्ति के लिए आवश्यक माना गया था। अथर्ववेद के अनुसार शिष्य को ब्रह्मचर्य का उपदेश देने वाले आचार्य को भी ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। ब्रह्मचर्य के साथ ही तप पर भी बल दिया जाता था, क्योंकि कहा भी गया है कि *'त्वं तपः परितप्याजयः स्वः।'* वैदिक शिक्षा–प्रणाली में श्रवण, मनन तथा निदिध्यासन पर बल दिया गया था। उस समय गुरू जो कुछ उच्चारण करता था। शिष्य उसी का अनुकरण करते थे अर्थात् शिक्षा मौखिक होती थी। यद्यपि लेखन कला विद्यमान थी, परन्तु मुद्रण यन्त्रों में इसका प्रचलन कम था। वैदिक शिक्षा का स्वरूप एक आदर्श स्वरूप था जो कि आज भी प्रासंगिक एवं अनुपालनीय है।

## 22
## वेदों में आदर्श दाम्पत्य जीवन

**डॉ. पूनम घई**
एसोशिएट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, संस्कृत, आर०एस०एम० (पी०जी०) कॉलेज,धामपुर, बिजनौर(उ०प्र०)
*Email: poonamghai3@gmail.com*

सृष्टि के प्रारम्भ से ही स्त्री और पुरुष के सम्बन्ध को मूल सम्बन्ध माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि एकमात्र प्रजापति ने स्वयं को नर और नारी रूप में विभाजित किया। दो भिन्न स्थानों, भिन्न परिवारों, भिन्न वातावरण में पैदा हुए और पले–बढ़े नर–नारी भिन्न प्रकृति और भिन्न आकृति के होते हुए भी समग्र एकता के सूत्र में बंधकर विवाह का प्रयोजन पूरा करते हैं। दाम्पत्य जीवन केवल दो शरीरों का मिलन ही नहीं वरन् दो आत्माओं का गठबन्धन भी है। यह एक आध्यात्मिक साधना है। सन्तानोत्पत्ति का मूलाधार तथा परिवार संरचना का केन्द्र यही दाम्पत्य भाव है। दाम्पत्य जीवन का आरम्भ विवाह संस्कार से होता है। इसकी अहम आवश्यकता विवाह कर सन्तानोत्पत्ति करके तीन प्रकार के ऋण (पितृऋण, देवऋण तथा ऋषिऋण) में से पितृऋण से मुक्ति पाना था। पति और पत्नी दोनों को एक ही रथ के दो पहिये माना गया है। एक के बिना दूसरे का जीवन अधूरा है। सफल गृहस्थ जीवन के लिए पति और पत्नी दोनों ही उत्तरदायी होते हैं।

## 23
## समाजनिर्मात्री एवं मूल्य संस्थापिका के रूप में नारी : वैदिक काल के परिप्रेक्ष्य में

**सुश्री प्रभा कुमारी**
शोध छात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: prabhaarya846@gmail.com*

इस शोध–पत्र का उद्देश्य समाज एवं सन्तान निर्माण के लिए नारी के महत्व को प्रदर्शित करना है। नारी सृष्टि के आरम्भ से ही अपने अन्दर समुद्र की गम्भीरता, जल की शीतलता तथा पर्वत सहनशीलता को समेटे हुए वह अपने त्याग, तपस्या, वीरता आदि गुणों से समाज एवं सन्तानों के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाती हैं। जिस प्रकार इनके व्यवहार एवं विचार होगें उसी प्रकार की सन्तानों एवं समाज का निर्माण होगा। इन विचारों को वेद, उपनिषद् स्मृति आदि में इस प्रकार उद्घृत किया

गया है। ऋग्वेद के दशम मण्डल में माता ईश्वर से प्रार्थना करती है कि मेरा बालक बलवान, ओजस्वी, सहस्वी एवं शक्तिशाली हो। *'त्वमिन्द्र बलादधि सहसो जात ओजसः। त्वं वृषन्वृषेदसि'* (ऋ० 10.153.2)। अथर्ववेद के पंचम काण्ड में भी माता के महत्व का प्रतिपादन इस प्रकार किया गया है–*'गर्भते मित्रावरूणौ गर्भं देवो बृहस्पतिः। गर्भं त इन्द्रश्चाग्निश्च गर्भं धातादधातु तै* (अथर्व० 5.24.4) अर्थात् गर्भधारण करने वाली माता में स्नेह, निद्वेषता, दिव्यता, ज्ञान, बल प्रकाश व धारणात्मक वृत्ति होनी चाहिए। जन्म के पश्चात् बालक भी इन्हीं वृत्तियों को लेकर उत्पन्न होता है।

मातायें समाज का दर्पण होती है। वह जिस प्रकार का समाज चाहती है। उसी प्रकार के समाज का निर्माण कर सकती है। इसी भाव से तैत्तरीयउपनिषद् में माता को देवता कह कर सम्बोधित किया है–*'मातृदेवो भव'*। मनुस्मृति (3/57) में भी मनु महाराज ने इस भाव की पुष्टि इस प्रकार की है कि जहाँ स्त्रियाँ हमेशा शोकातुर रहती है वह कुल शीघ्र ही नष्ट हो जाते हैं और जहाँ स्त्रियाँ सदा प्रसन्न रहती है वह कुल सदा उन्नति को प्राप्त होते हैं–*'शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशु तत्कुलम्। न शोचन्ति जामयो तु यत्रैता वर्द्धते तद्धि सर्वदा'*। इसी कारण माताओं को माता निर्मात्री भवति कहकर सम्बोधित किया जाता है वह उन्हें जन्म देकर पालक पोषण करती है परन्तु आवश्यकता पड़ने पर नारी भी पुरूष का पौरूष धारण कर सकती है जैसे झॉसी की रानी लक्ष्मीबाई ने किया था। आज प्रत्येक मनुष्य का कर्त्तव्य है कि वह नारी को एक भोग की वस्तु न मानकर उसे परिवार, समाज तथा देश के कल्याण के लिए सम्मान प्रदान करें और उसके मातृत्व को अंगीकार करें। यही शोध–पत्र के मुख्य बिन्दु हैं। इन बिन्दुओं का वर्णन विस्तार से शोध–पत्र में किया जायेगा। शोध–पत्र में माताओं द्वारा समाज निर्माण एवं मूल्य स्थापना के विषय को उद्घृत किया गया है। इसमें विवरणात्मक पद्धति का प्रयोग किया है।

# 24
# वैदिक ज्ञान की वर्तमान समय में व्यावहारिकता

**श्री प्रवीण शर्मा**
शोधछात्र, संस्कृत पालि एवं प्राकृत विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक (हरियाणा)
*Email: attriparveen4@gmail.com, dg.rtk2001@gmail.com*

भारत आदि काल से ही सभ्यताओं का पालना रहा है। जिसमें ज्ञात रूप से वैदिक सभ्यता फली फूली। किसी भी सभ्यता को सभ्यता तभी कहा जा सकता है। जब उसमें ग्रन्थ रचे गए हों। ऋग्वेद इस बात का जीवन्त प्रमाण है। यही ग्रन्थ आने वाले सभी प्रकार के ज्ञान का आधार बना जो कि बाद में सम्पूर्ण विश्व में फैला। वीकिपीडिया के अनुसार भारतीय गणित जिसका आधार वेद हैं, अरबों के माध्यम से यूरोप में गया। जिससे वहां ज्ञान का प्रकाश आया और वे नवजागरण के काल को पार कर विश्व के सिरमौर बन सके। चाहे किसी भी प्रकार का क्षेत्र हो जैसे विज्ञान, अभियान्त्रिकी, तकनीकी इत्यादि, इनमें गणितीय संकलन की आवश्यकता पड़ती है। जिसका विकास सर्वप्रथम वैदिक साहित्य में हुआ। संगणक विज्ञान भी गणितीय विकास के बिना अधुरा है। पाणिनीय अष्टाध्यायी संगणक विज्ञान का आद्य–प्रतिदर्श है। प्रत्याहार सूत्रों में संगणक की चयन–प्रतिलिपी प्रणाली के दर्शन किये जा सकते हैं। वैदिक साहित्य में अनेक भौतिक व आध्यात्मिक विद्याओं का प्रणयन किया गया है। जिनमें से कुछ का विवेचन दर्शनीय है यथा–सृष्टिविज्ञान, खगोलविज्ञान, भूगर्भ–विज्ञान, जलविज्ञान, वैमानिकी, आयुर्विज्ञान, राजनीति, अर्थव्यवस्था, लोककल्याण, योग इत्यादि। ऋग्वेद में सृष्टिविज्ञान पर गहन चिन्तर किया गया है। ऋग्वेद में सृष्ट्युत्पति विषयक वर्णन अनेक स्थानों पर मिलते हैं (पुरुष सूक्त 10–90, नासदीय सूक्त 10–129)। यहां पर ध्यातव्य है कि उन सभी वर्णनों के सृष्ट्युत्पत्ति प्रक्रिया का क्रम ही

है, केवल कथन प्रक्रिया में अन्तर है। मुख्य रूप से ऋग्वेद के दशम मण्डल में इस प्रकार की चर्चा हुई है। पं. मधुसूदन ओझा ने इस सूक्त के आधार पर सृष्ट्युत्पत्ति के विषय में दशवाद माने हैं (ऋग्वेद 1/164/4)। जिनका विशद विवेचन इस शोध में किया गया है। खगोलविज्ञान विषयक तत्त्व भी वैदिक साहित्य में प्रचुर मात्रा में मिलते हैं। ऋग्वेद में वायव्य कणों के ठोस कणों में बदलने की प्रक्रिया को देखने वाले के विषय में जिज्ञासा प्रकट की गयी है। इसका तात्पर्य है कि ऋग्वेद में यह बात सुविदित थी कि वायव्य कणों से ही ठोस कणों का निर्माण होता है। इस शोधपत्र में इसी प्रकार वैदिक साहित्य में उपलब्ध आधुनिक विद्याओं का विवेचन करने का प्रयास कर तथा वैदिक व लौकिक संस्कृत ज्ञान की व्यावहारिकता का विश्लेषण किया गया है।

## 25
## ऋग्वेद में कर्म और जीवन की श्रेष्ठता : एक व्यवहारिक पक्ष

**सुश्री रचना शर्मा**
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)
*Email: sharmashiva459@gmail.com*

वेद भारतीय इतिहास के प्राचीनतम अभिलेख हैं, वेदों को भारत का प्राचीनतम साहित्यिक कीर्तिस्तम्भ माना गया है और इन्हें हम भारतीय चिंतन का मूल स्त्रोतभ ी कह सकते हैं। ऋग्वेद में कर्म और जीवन की श्रेष्ठता का विधिवत उल्लेख मिलता है, जिससे वेदों की व्यावहारिकता का ज्ञान होता हैं। जीवन की श्रेष्ठता श्रेष्ठ कर्म में निहित है, श्रेष्ठ कर्म न करने वाला मनुष्य चाहे कितना भी श्रेष्ठ मनुष्य हो ऋग्वैदिक सिद्धांतों के अनुसार वह अर्थहीन और प्रकृति के लिए अनुपयोगी है। वेद जीवन के प्रति इसी भावना को प्रबलता प्रदान करते हैं। वेद जीवन के विभिन्न पक्षों पर अभिमत व्यक्त करते हुए यह प्रतिपादित करतें हैं कि समस्त नदियाँ विभिन्न मार्गों से अपना पथ तय करते हुए अतः सागर में समाहित हो जाती हैं उसी प्रकार वेदों के समस्त विषय मानव को कर्म और जीवन की श्रेष्ठता की ओर ले जाने में सहायक सिद्ध होते हैं।

## 26
## ब्राह्मण साहित्य में नारी : आधुनिक दृष्टिकोण

**श्री रवि कुमार मीना**
शोधच्छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: karauliravi219@gmail.com*

किसी राष्ट्र की सभ्यता एवं संस्कृति के निर्माण तथा विकास में नारी का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है। संस्कृत साहित्य का सबसे प्राचीनतम ग्रन्थ वेद हैं। जिन ग्रन्थों में वैदिक रहस्यों का विस्तार से वर्णन किया गया है, उन्हें ब्राह्मण कहते हैं। ब्राह्मण ग्रन्थों में सबसे अधिक शुक्ल यजुर्वेदीय शतपथ ब्राह्मण का महत्त्व है। इसके अतिरिक्त अन्य ब्राह्मण ग्रन्थों में पत्नी तथा स्त्री–विषयक अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं, जिनसे नारियों की गरिमा परिलक्षित होती है तथा उनके शिक्षित होने का भी प्रमाण हमें मिलता है। ब्राह्मणकालीन समाज पितृसत्तात्मक समाज था। नारी जीवन की अनेक अवस्थाओं में से पुत्री प्रथम अवस्था है। उत्तर वैदिक सामाजिक जीवन में पुत्र की अपेक्षा पुत्री की अवस्था हीन थी। तैत्तिरीय

ब्राह्मण में कहा गया है कि पिता के धन पर कन्या का किसी प्रकार भी अधिकार नहीं प्राप्त होता है। उसे दुःख एवं सन्ताप का मूल कारण माना जाने लगा ।

सायण ने लिखा है कि वह जन्म के समय अपने सम्बन्धियों को कष्ट देती है, विवाह के समय अर्थ हानि का कारण बनती है और विवाह के समय सम्बन्धियों को कष्ट देती है एवं यौवन में अनेक दोषों के कारण कुल को कलंकित करती है। इसी प्रकार अनेक धर्मशास्त्रकारों ने भी कन्या के प्रति सहानुभूति दर्शित की है तथा इसकी महत्ता और प्रतिष्ठा स्वीकार की है। महाभारत में कहा गया है कि कन्या में सर्वदा लक्ष्मी निवास करती है। नारद मुनि पुत्र की उपयोगिता को निम्न रूप से बताते हैं–*'A wife is a comrade, a daughter is a misery and a son light in the highest heaven'* कन्या के प्रति समाज में जो भी उदासीनता थी, वह तत्कालीन समाज की संकीर्ण मनोवृत्ति का परिचायक थी। बाण ने लिखा है कि पुत्री उत्पन्न होकर पिता को चिन्ता में डाल देती है। इस शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य ब्राह्मण ग्रन्थ कालीन नारी के साथ–साथ वर्तमान समय की नारी की स्थिति को भी बतलाना है ।

# 27
# वैदिक ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष : मन के सन्दर्भ में

**डॉ. सन्ध्या राठौर**
हंसराज महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: sandhya2068@yahoo.co.in*

विश्व का प्राचीनतम वाङ्मय वेद है। वेद का सामान्य अर्थ है 'ज्ञान'। सायण के अनुसार वेद वह शब्दराशि है जो अभीष्ट प्राप्ति और अनिष्ट को दूर रखने का अलौकिक दिव्य उपाय बताता है। उनके अनुसार, वेद का वेदत्व इस बात में है कि जो तत्त्व प्रत्यक्ष अथवा अनुमान प्रमाण द्वारा नहीं जाना जा सकता, उसे वेद से जानते हैं–

*प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुध्यते ।*
*एतं विदन्ति वेदेन तस्माद्वेदस्य वेदता ।।*

ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद तथा अथर्ववेद–इस प्रकार चार वेद हैं। इनमें से ऋग्वेद का सम्बन्ध ज्ञान से माना जाता है और यजुर्वेद का सम्बन्ध कर्म से। यज्ञ में देवता का आह्वान करने के लिए जिन मन्त्रों का उच्चारण किया जाता है, वे मन्त्र ऋग्वेद में संगृहीत हैं और यज्ञ का विधिवत् सम्पादन करने के लिए जो मन्त्र आवश्यक हैं, उनका संकलन यजुर्वेद में है। यजुर्वेद की दो प्रमुख शाखाएँ हैं–शुक्ल यजुर्वेद और कृष्ण यजुर्वेद। इनमें से शुक्ल यजुर्वेद के शिवसंकल्पसूक्त में मनोविज्ञान का सार प्रस्तुत किया गया है।

इन मन्त्रों में वैदिक ऋषि अपने मन के विषय में प्रार्थना करते हैं कि उसका मन सदैव कल्याणकारी शुभ विचारों वाला हो। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी ऋषि अभिलाषा करते हैं कि सभी प्राणियों में परस्पर समभाव तथा सौहार्द की भावना हो। परिवार में सभी प्रेमपूर्वक मिलकर रहे तथा प्रत्येक काल में एक दूसरे के प्रति सहानुभूति और मित्रता के भाव से युक्त हों।

इस प्रकार समान हृदय और मन वाले जब साथ–साथ चलते हैं तो कठिन कार्य भी सरल हो जाते हैं। समाज तथा राष्ट्र समृद्धि तथा उन्नति की ओर अग्रसर होते हैं। वेदों में दिए गए आपसी सद्भाव के ये सन्देश निश्चित रूप से आधुनिक युग में भी प्रासंगिक हैं।

# 28
# अथर्ववेद के संदर्भ में नारी की स्थिति एवं उसकी प्रासंगिकता

**सुश्री शगुफ्ता**
शोधच्छात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: shaguftahussain089@gmail.com*

भारतीय नारी प्रत्येक युग में सचेत रही है और अपने क्षमता सम्पन्न अस्तित्त्व को प्रमाणित भी करती रही है। नारी की महिमा का वर्णन करने से पूर्व 'नारी' शब्द के अर्थ का अवलोकन करने का प्रयास करेंगे। 'नारी' शब्द 'न + अरि' से बना है जिसका कोई शत्रु न हो, जो सभी के प्रति शुभ मैत्रीभाव रखती है। पुरुषों को अपने अनूठे योगदान से गौरवान्वित करने के कारण योषा या योषिता कहलाई। सौंदर्य का विस्तार होने के कारण वह वामा कहलाई। हृदय को द्रवित करने के कारण सुन्दरी तथा चित्त में मुद्रिता वृत्ति का संचार करने के कारण प्रमदा कहलाई। गृह का शृंगार होने के कारण वह यामिनी तथा महीयसी पूज्या होने के कारण महिला कहलाई।

वेद तथा पुराणों में मातृत्व और स्त्रीत्व को मानव जाति की महान सम्पदा मानकर उसे पुरुष की अपेक्षा श्रेष्ठतर रचना कहा है। माँ, देवी, प्राण आदि सम्बोधन शब्द दिए हैं। मनु ने स्वयं नारी की महानता की व्याख्या करते हुए कहा है कि– *'यत्र नार्यस्तु पूज्यते तत्र रमन्ते देवता'*। वैदिक संस्कृति में पुरुष और नारी को समान स्थान व सम्मान प्राप्त है। अथर्ववेद में नारी की श्रेष्ठता तथा उसके भद्र चरित्र की महानता को उजागर किया गया है। विवाह संस्कार के मंत्रों में नारी के उदात्त चरित्र तथा उसकी कल्याणकारी जीवनचर्या का चित्र मिलता है। पवित्र आचरण के कारण उसकी उपमा यज्ञ से भी की गयी है। उसे युद्ध और यज्ञ में जाने का अधिकार प्राप्त है। अथर्ववेद में कहा गया है कि स्त्री स्वयं को अबला न समझ कर सबला समझे तथा वह स्वयं को संयमी रखते हुए विविध शास्त्रार्थों में भाग लें।

# 29
# वेदों मे नारी

**डॉ. शालिनी मिश्रा**
लखनऊ ( उ.प्र.)
*Email: tripathisalini@gmail.com*

*यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवताः।*
*यत्रैतास्त न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।।*

दस हजार साल पहले वैदिक काल में नारी की स्थिति क्या थी यह सम्पूर्ण जगत के लिए विचारणीय प्रश्न हो सकता है। नारी की स्थिति से समाज एवं देश के सांस्कृतिक तथा बौद्धिक स्तर का पता चलता है। ऋग्वेद के अनुसार वैदिक काल में नारियॉ बहुत विदुषी एवं नियमपूर्वक अपने पति के साथ मिलकर कार्य करने वाली तथा पतिव्रत धर्म का पालन करने वाली होती थी। पति भी पत्नी की इच्छा एवं स्वतंत्रता का सम्मान करता था। उस समय वर तलाश करने में वधु की इच्छा सर्वोपरि होती थी। फिर भी कन्या पिता की इच्छा का मान रखती थी। यदि पिता को कन्या के योग्य वर नहीं लगता था तो वह पिता की इच्छा को स्वीकार करती थी। बहुत सी नारियॉ अविवाहित रहना चाहती थी तो अपने पिता के घर में ससम्मान रहती थी। वह घर परिवार के हर कार्य में साथ देती थी। पिता की सम्पत्ति में उनका भी भाग होता था।

वैदिक काल में कोई भी धार्मिक कार्य नारी की उपस्थिति के बिना प्रारम्भ नही होता था। उस समय में यज्ञ एवं धार्मिक प्रार्थना में यज्ञकर्ता या प्रार्थनाकर्ता की पत्नी का होना आवश्यक था। नारियों को धर्म एवं राजनीति में भी पुरूषों के समान ही समानता थी। वे वेदों के पठन—पाठन का कार्य करती थी। मैत्रेयी, गार्गी जैसी अनेक स्त्रियॉ इसका उदाहरण है। ऋग्वेद की ऋचाओं में 414 ऋषियों के नाम मिलते है जिनमें से 30 नाम महिला ऋषियों के है। यही नही महिलायें युद्ध में पारंगत होकर राजपाठ भी सम्भालती थी। शतपथ ब्राह्मण में नारी नर की आत्मा का आधा भाग माना है। बिना नारी के नर अपूर्ण है। इसी अधूरेपन को दूर करने तथा संसार को आगे बढ़ाने के लिए नारी का होना आवश्यक है। नारी को वैदिक युग में देवी का स्थान प्राप्त है।

# 30

# वैदिक वाङ्मय में वर्णित पर्यावरणीय—संरक्षण की व्यावहारिक अवधारणा

**डा. शालिनी वर्मा**
पी०डी०एफ०, संस्कृत, डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
*Email: shalinivermaagra@gmail.com*

पर्यावरण अर्थात् परितः आवरणम् अथवा हमारे चारों ओर स्थित वह घेरा या वातावरण जिसका हम प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपभोग करते हैं। इसके अन्तर्गत प्रकृति के समस्त तत्व आकाश, जल, अग्नि, ऋतुएं, पर्वत, नदियॉ, वृक्ष—वनस्पति, जीव—जन्तु, ग्रह—नक्षत्र आदि सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड ही समाहित हो जाता है। पर्यावरण का मानव से अविभाज्य सम्बन्ध आदिकाल से ही रहा है। *"सुजला सुफला मलयजशीतला शस्य श्यामला"* से सुसज्जित प्रकृति ही मानव का पर्यावरण है। वस्तुतः वैदिक ऋषियों ने ऐसी जीवन पद्धति विकसित की जो मानव को प्रकृति के साथ संपृक्त करती है। वैदिक ऋषि मन्त्रदृष्टा होने के साथ—साथ कालदृष्टा भी थे वे जानते थे कि मानव संसार का सर्वाधिक उत्कृष्ट प्राणी है वह अपने स्वार्थों की पूर्ति हेतु प्रकृति का दोहन अवश्य करेगा। वैदिक काल में सृष्टि साम्यावस्था में थी उस काल में प्रदूषित वातावरण की समस्या नहीं थी परन्तु मानव स्वभाव को जानने वाले ऋषियों ने वैदिक वाङ्मयमें जीवन की इस तरह से रचना की जिसमें प्रदूषण की समस्या उत्पन्न ही न हो और यदि कहीं यह समस्या उत्पन्न हो भी तो त्रिकालज्ञ ऋषियों ने उसके समाधान जुटाने की दूरदर्शिता वैदिक मन्त्रों में दिखाई है। प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण की यह भावना सजगता व जागरूकता वैदिक साहित्य में पदे—पदे परिलक्षित होती है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति के संरक्षणार्थ एवं मानव के कल्याणार्थ मानव को अग्निहोत्र आदि का आदेश दिया। प्रत्येक कार्य व प्रत्येक संस्कार का प्रारम्भ ही यज्ञ से होता था अर्थात् मानव जीवन ही यज्ञमय था। आज आवश्यकता है वेद के मन्त्रों के सही भावों को जीवन में उतारने की। मानव का प्रकृति के साथ सम्बन्ध शोषित करने वाला न होकर पोषित करने वाला होना चाहिए। अतः वेद ज्ञान का महासागर है, हमारे अस्तित्व का ऐसा कोई भी पक्ष नहीं है जिसका व्यावहारिक ज्ञान वेदों में न हो। यह ज्ञानी के लिये भक्ति का सरोवर, नितिज्ञों के लिये नीतिग्रन्थ तो शोधार्थियों के लिये वैज्ञानिक सूत्रकोष। यदि आज हम वेदों के व्यावहारिक पक्ष को अपने जीवन में उतार ले तो निःसन्देह सम्पूर्ण विश्व में क्रान्ति आ सकती है तथा धार्मिक एवं व्यावहारिक जीवन भी परिस्कृत हो सकता है, साथ ही आधुनिक विज्ञान में भी बदलाव आ सकता है, और व्यावहारिक हो सकता है। अतः मनुष्य के शान्ति का स्त्रोत आज भी वेद ही हैं।

## 31

# यजुर्वेद में स्वराज्य की परिकल्पना

**डॉ. शशि तिवारी**
पूर्वाचार्या, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली एवं अध्यक्ष, वेव्स
*Email: shashitiwari_2017@yahoo.com*

साम्राज्य, स्वराज्य, राज्य, महाराज्य आदि शब्द वैदिक साहित्य में प्रयुक्त हुए हैं। भारतीय मनीषा का सुपरिचित शब्द 'राष्ट्र' वेदों की ही देन है। ऐतरेय ब्राह्मण में आठ प्रकार के राज्यों का उल्लेख है–

*'स्वस्ति साम्राज्यं, भौज्यं, स्वाराज्यं, वैराज्यं, पारमेष्ठयं राज्यं, महाराज्यं, आधिपत्यमयं, समन्तपर्यायी स्यात् सर्वभौमः सार्वायुषः आन्ताद् आपरार्द्धात् पृथिव्यै समुद्रपर्यन्ताया एकाराड् इति।'*

अर्थात् (1) साम्राज्य (2) भौज्य (3) स्वाराज्य या स्वराज्य (4) वैराज्य (5) पारमेष्ठय राज्य (6) महाराज्य (7) आधिपत्यमय राज्य और (8) समन्तपर्यायी राज्य। इन सबमें वैदिक आर्यों का लोकप्रिय और प्रसिद्ध राज्य 'स्वराज्य' था। इसके लिए ऋषि और विशः लालायित रहते थे। ऋग्वेद में कहा गया है–'सुविस्तीर्ण और बहुमत से रक्षित स्वराज्य की भलाई के लिए हम यत्न करते रहेगें।' स्वराज्य ही सर्वसम्मति से संचालित होने के कारण 'गणराज्य' और बहुमत से अनुशासित होने के कारण 'जनराज्य' कहलाता था। यजुर्वेद में इसके लिए 'जनाराज्य' शब्द का प्रयोग प्राप्त होता है। शुक्लयजुर्वेद में स्वराज्य की परिकल्पना राज्यविषयक विचारों के एक व्यापक धरातल पर आश्रित दिखाई देती है।

## 32

# अथर्ववेद में नैतिक चिन्तन की अवधारणा

**कु० सुदीप**
शोधछात्रा, संस्कृत, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: kmsudeep89@gmail.com*

पृथ्वी पर मनुष्य का सामाजिक जीवन जब से कल्पित हुआ है तब से लेकर आज तक किसी न किसी रुप में जीवन यापन के लिये नैतिक बोध की जरुरत बनी हुई है। नैतिकता का सम्बन्ध उस भावना से है जिसके कारण जीवन में शुभ की प्रतिष्ठा का आयोजन होता है और जिसके अभाव में जीवन विकास की नियामक दिशाऐं खोने लगती हैं। सामान्य रुप से नैतिक मूल्यों का सम्बन्ध उस नीति से ही है जो जीवन में करणीय कर्मों की ओर व्यक्ति को प्रेरित करती है और बुरे कर्मों से बचाती है। सामाजिक नियमों के अनुकूल आचरण करते हुए व्यक्ति के व्यवहार में जब सत्य के प्रति निष्ठा, परोकार–परायणता, लोक–मंगलकारी पवित्र भावना, दूसरों की भलाई करना, चोरी न करना सदृश सतोगुणी वृत्ति का समावेश होता है तो नैतिकता का उदय माना जा सकता है। इस प्रकार यदि नैतिकता को पारिभाषित करने की कोशिश की जाय तो यह कहा जा सकता है कि व्यक्ति का सत्त्वगुण प्रधान व्यवहार ही नैतिकता है। अथर्ववेद नैतिक उपदेशों का प्रथम उन्मेष है। इसमें लौकिक जीवन के लिए अनेक नैतिक उपदेश प्राप्त होते हैं–यथा–पारिवारिक सौहार्द्र, सामाजिक सहभाव, संसाधनों का समान बँटवारा, अनेकता में एकता, पाप का बहिष्कार, पुण्य का प्रसार, धर्म का प्रसार, असत्य से घृणा, दुष्टों का नाश, द्वेष भावना का नाश, सत्य के प्रति निष्ठा, आत्मोन्नति के प्रति सजगता, यश की कामना, ज्ञान के प्रति जागरुकता, एकता आदि। प्रस्तुत शोध–पत्र में इन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की जायेगी।

# 33
# वैदिक वाङ्मय में ज्योतिष

**सुश्री सुरुचि**
पीएच०डी० शोधार्थी, संस्कृत, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक
**सुश्री सुकीर्ति**
संस्कृत, आर्य हिन्दी–संस्कृत महाविद्यालय, चरखीदादरी (भिवानी)
*Email: suruchisangwan97@gmail.com*

भारत में ज्योतिष का प्रारम्भ कब से हुआ, इस विषय में मतभेद है। पाश्चात्त्य विद्वानों की धारणा है कि भारत में ग्रीकों के सम्पर्क से ज्योतिष का ज्ञान प्राप्त हुआ। परन्तु यह धारणा बहुत भ्रामक और मिथ्या है। भारत में ज्योतिषशास्त्र इतना ही प्राचीन है जितना ऋग्वेद। ऋग्वेद में 'नक्षत्र' शब्द का कम से कम 11 बार प्रयोग हुआ है। एक स्थान पर नक्षत्र, जो सम्भवतः चन्द्रमा के लिए प्रयुक्त हुआ है, सूर्य की किरणों के द्वारा प्रकाशित किया गया बताया गया है–'*उदुस्रियाः सृजते सूर्यः सचा उद्यन्नक्षत्रमर्चिवत्* अर्थात् सूर्य सभी किरणों को एक साथ ही उत्पन्न करता है तथा उदित हुए नक्षत्र (अर्थात् चन्द्रमा) को प्रकाश से युक्त करता है। चन्द्रमा का सूर्य की किरणों के द्वारा प्रकाशित होना एक ऐसा तथ्य है जिसका ज्ञान ज्योतिष के उच्च ज्ञान के बिना नहीं हो सकता। वाजसनेयी संहिता में चन्द्रमा का विशेषण सूर्यरश्मि दिया गया है–'*सुषुम्णः सूर्यरश्मिचन्द्रमा गन्धर्वः*'।

ज्योतिष शास्त्र से सम्बन्धित अनेक ग्रन्थों का निर्माण हुआ होगा परन्तु आज उनमें से अधिकांशतः लुप्त हो गए हैं। चरणव्यूह के फलश्रुति खण्ड में वेदों, भारत तथा व्याकरण का आकार लक्षात्मक बताया है तो ज्योतिष का आकार चार लक्षात्मक बताया है–'लक्षं *तु चतुरो वेदा लक्षं भारतमेव च। लक्षं व्याकरण प्रोक्तं चतुर्लक्षं तु ज्योतिषम्*।' इससे सिद्ध होता है चरणव्यूह के काल तक ज्योतिष का विपुल साहित्य रचा जा चुका था जो इस शास्त्र की लोकप्रियता का परिचायक है। परन्तु धीरे–धीरे यह सभी साहित्य लगभग नष्ट हो गये। संभवतः विदेशी आक्रमण इसका कारण है। उपलब्ध 'वेदांग ज्योतिष' छोटा–सा ग्रन्थ होते हुए भी अनेक महत्त्वपूर्ण सूचनाएं प्रदान करता है। इसकी शैली सूत्रात्मक है। इसकी अनेक व्याख्याएं हुई हैं। प्राचीन टीकाकारों में सोमाकर प्रसिद्ध है। अनेक आधुनिक विद्वानों ने भी इस पर अपने मत प्रकट किए है जिनमें प्रमुख हैं–वेबर, विलियम जोंस, ह्विटनी, मैक्समूलर, शंकर बालकृष्ण दीक्षित पं० सुधाकर द्विवेदी आदि। ऋग्वेद और यजुर्वेद के दोनों संस्करणों में बताया गया है कि रचनाकार को कालज्ञान महात्मा लगध से हुआ है–'*कालज्ञानं प्रवक्ष्यामि लगधस्य महात्मनः*'। प्राचीन ज्योतिष परम्परा के आधार पर ही भारत में ज्योतिष का विकास हुआ परन्तु बाद में यूनानी और अरबी लोगों से सम्पर्क होने के बाद अनेक अतिरिक्त बातें ज्योतिष शास्त्र में जुड़ गई।

# 34
# वैदिक ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष : गुरु

**डॉ. सुषमा मेहता**
वरिष्ठ अध्यापिका (संस्कृत, हिन्दी), एन. के. बगरोडिया पब्लिक स्कूल, रोहिणी, दिल्ली
*Email: sushmamehta25@gmail.com*

भारत में सांसारिक अथवा परमात्मा संबंधी ज्ञान देने वाला सामान्यतः गुरु कहा जाता है, परंतु 'गुरु' शब्द का अर्थ अपने आप में समस्त ब्रह्मांड समेटे है। वह अनेक सूक्ष्मातिसूक्ष्म विचारों का आकार प्रदायक शब्द है। 'गुरु' अर्थात् 'गु'–'गुह्यं', 'रु'–'रूपं' का समवायार्थ है, *'यः गुह्यं रूपं प्रकटयति, सः*

*गुरुः भवति।'* जो छिपे हुए रूप को प्रकट करता है, उसका ज्ञान देता है, वही गुरु है। चाहे वह ज्ञान सांसारिक वस्तुओं का, सामाजिक परिस्थितियों का हो अथवा आध्यात्मिक संतुष्टि का। आधिभौतिक, आधिदैविक तथा आध्यात्मिक क्षेत्रों का ज्ञान देने वाला 'गुरु' नाम से अभिहित किया जा सकता है। आचार्य–'*आचारं शिक्षयति इति आचार्यः'* जो आचरण की शिक्षा देता है, वह 'आचार्य' कहलाता है। ज्ञान के क्षेत्र में आचार्य का अतिमहत्त्वपूर्ण स्थान है (छान्दोग्योपनिषद्–4/9/3)। निरुक्त (1/4) के अनुसार आचारशास्त्रों का ज्ञान कराने वाला आचार्य होता है। आपस्तम्ब धर्मसूत्र (1/1/1/4) के अनुसार धर्म की शिक्षा देने के कारण आचार्य कहलाता है। इसके अनुसार आचार्य का चुनाव अत्यंत सावधानी से किया जाना चाहिए (आ.ध.सू.1/1/1/11–13)। मनुस्मृति (2/146) के अनुसार शारीरिक जन्मदाता पिता से बौद्धिक व आध्यात्मिक जन्मदाता आचार्य का स्थान अधिक ऊँचा है। उपाध्याय–'*उप अध्येति इति उपाध्यायः'*, जो समीप बैठा कर शिक्षा देता है वह उपाध्याय है। मनुस्मृति (2–141) के अनुसार जो वेद अथवा वेदांग की शिक्षा विद्यार्थी को देकर शुल्क लेता है वह 'उपाध्याय' होता है। शिक्षक–'*यः शिक्षयति सः शिक्षकः'* जो केवल सिखाता है वह 'शिक्षक' है। आज समाज में केवल शिक्षक है जो केवल अलग–अलग विशयों की शिक्षा देते हैं। वैदिक गुरु की भावना आज लुप्तप्रायः है। अध्यापक–'*अध्ययनं कारयति इति अध्यापकः'* अर्थात् जो केवल पढ़ाता है, वह 'अध्यापक' है। विषय की गहन अध्यापन, अवगाहन क्षमता आज विस्मृत हो चुकी है।

वस्तुतः उपर्युक्त में समस्त व्युत्पत्तियाँ 'गुरु' के ही विभिन्न सोपान हैं। ये सभी 'गुरु' होने से पूर्व की अवस्थाएँ कही जा सकती हैं। 'गुरु' जिज्ञासु को यह ज्ञान कराता है '*प्राणे सर्वं प्रतिष्ठितम्*' (अथर्व. 11/4/15)। 'उपाध्याय', 'गुरु' की वह अवस्था है जब वह शिष्य को अपने समीप रख कर अपने आचरण, अपने आदर्श रूप से उसे सम्मोहित कर उसे जीवन के चरम लक्ष्य से परिचित करवाता है।

# 35
# हृदय संरक्षण के वैदिक उपाय

**डॉ. श्वेतकेतु शर्मा**
सदस्य, हिन्दी सलाहकार समिति, भारत सरकार (बरेली, उ०प्र०)
*Email: shwetketusharma@gmail.com*

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में 43 प्रतिशत लोग विभिन्न हृदय रोगों से ग्रसित हैं, वर्तमान चिकित्सा पद्धति इस रोग को रोकने में सक्षम नहीं हो पा रही है। परन्तु वेदों ने सृष्टि के आदिकाल में ही यह कह दिया कि प्राकृतिक नियमों को तोड़ने का नाम 'प्रज्ञापराध' है। हृदय रोग भी प्राकृतिक नियमों को तोड़ने का दंड मात्र है, जिससे हृदय की रक्त वाहनियों में रक्त संचार कम हो जाता है तथा आठ प्रकार के हृदय रोग से ग्रसित होते हैं। प्रस्तुत शोध पत्र में हृदय रोग के विभिन्न कारण, लक्षण, प्रकार के साथ वैदिक जीवन शैली क्या है तथा इस वैदिक चिन्तन के माध्यम से हृदय रोगों से कैसे बचा जा सकता है, इसका सप्रमाण विस्तृत चिन्तन प्रस्तुत किया जायेगा।

इस शोध पत्र में हृदय रोग के विभिन्न कारणों धूम्रपान, वसा का जमना, मधुमेह, मानसिक तनाव, अनुवांशिक, उच्च रक्त चाप, अनियमित दिनचर्या व असन्तुलित भोजन के कारण हृदय रोगों के लक्षणों जैसे सांस लेने मे तकलीफ होना, सीने मे दर्द, चिन्ता, अधिक पसीना आना, शारीरिक कष्ट, हृदय की धड़करन का बढ़ना, अधिक उल्टी होना, स्नायु पीड़ा, घुटन महसूस होना आदि को वैदिक जीवन शैली से कैसे रोका जा सकता है इसका वैज्ञानिक चिन्तन प्रस्तुत किया जायेगा।

भारतीय ऋषिमुनियों ने वैदिक जीवन शैली द्वारा हृदय के संरक्षण के वैदिक उपाय का विस्तृत वर्णन किया है। वैदिक जीवन शैली में प्रमुखता से संतुलित शुद्ध शाकाहार, सकारात्मक सोच, कर्म युक्त

जीवन, योग एवं प्राणायाम, तथा दुर्व्यसनों से दूर रहना प्रमुख है। प्रस्तुत शोध–पत्र में 'उपचार से रोकथाम श्रेयस्कर' के सिद्धान्त एवं प्राकृतिक वनस्पतियों को जीवन का अंग बनाते हुये वेद मंत्रों के वैज्ञानिक पक्ष को रखते हुये हृदय संरक्षण में उनकी उपादेयता का भी चित्रण किया जायेगा।

## 36
## आयुर्वेदोक्त भोजन और उसकी व्यावहारिकता

**Dr. Uma Sharma**
Associate Prof., S.D. College, Ambala Cantt, Haryana
*Email: umagod18@gmail.com*

अज्ञानता, प्रमादता एवं विवशता के वशीभूत मानव आज ऐसा भोजन कर रहा है जो उसे स्थूल, दुर्बल एवं रोगमित्र बना रहा है। यहां तक कि अल्पायु बालक भी स्थूल उदर वाले को रोगी दिखाई दे रहे हैं। ऐसी भयावह स्थिति से मुक्ति का उपाय आयुर्वेद में है। वस्तुतः चरकसंहिता, सुश्रुतसंहिता, अष्टांगहृदय, माधवनिदान, शार्ङ्.गधरसंहिता, भावप्रकाश आदि आयुर्वेदीय ग्रंथों को आधार बनाकर भोजन के सभी पक्षों की जानकारी लेकर उसे व्यवहार में लाने की बृहती आवश्यकता है, क्योंकि इन ग्रंथों में भोजन, उसकी मात्रा, समय एवं सेवनविधि पर बड़ी ही सूक्ष्मता से विचार किया गया है। भोजन ऐसा होना चाहिए, जो जठराग्नि को प्रदीप्त करने के साथ–साथ वात–पित्त–कफ दोषशामक हो। भोज्य (दाल–भातादि), भक्ष्य (लड्डु, रोटी आदि), चर्व्य (चिउड़ा एवम् भुना चनादि), लेह्य (चटनी, च्यवनप्राशादि), चोष्य (आम, ईखादि) तथा पेय (शर्बत, दूधादि)–इन छः प्रकार के आहारों से परिवर्तित–क्रम में कुक्षी (आमाशय) के तीन भागों को भरकर चौथे भाग को खाली छोड़ दें, जिससे वात–पित्त–कफ दोष अपनी क्रिया कर सकें। आहार–सेवनविधि भी जानना अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है। स्नान करके भूख लगने पर हाथ–पैर–मुँह धोकर देव, पितृगण, माता, पिता, आचार्य, आश्रितों (पशु–पक्षियों) को भोजन खिलाकर स्वच्छ स्थान पर, स्वच्छ पात्रों में वातीय, पित्तीय, कफीय, सम–प्रकृत्यनुसार षड्ऋत्वनुकूल अतियोग (अधिक खाना), अयोग (न खाना), मिथ्यायोग (अनुचित खाना) के दोषों से बचते हुए, कामक्रोधादि दोषों को नियंत्रित करते हुए, अश्लील दृश्यों से बचते हुए, निन्दा न करते हुए, निद्रा, मलमूत्रादि वेगों से बाधित न होते हुए मन एवं पाँचों ज्ञानेन्द्रियों से भोजन का आनन्द लेते हुए प्रातः और सायंकाल में बैठकर भोजन करना चाहिए। इस भोजनविधि को आज व्यवहार में लाने की महती आवश्यकता है क्योंकि, आज का मानव भोजन करते समय दूरदर्शन पर नेत्रेन्द्रिय गड़ाते हुए, मोबाइल पर हाथों की अंगुलियाँ थिरकाते हुए, आधे लेटे हुए से, समय–मात्रा–पथ्य–अपथ्य में विचारशून्य, स्वादानुभूति से कोसों दूर, गुणवत्ता को चीर–चीर कर देने वाले एवं रंगीन–चमकते लिफाफों में लिपटे आहार को ही उत्तम मानकर सेवन करके निरन्तर रोग श्रृंखला की ओर अग्रसर हो रहा है।

## 37
## उपनिषदों में व्यावहारिक चिंतन

**डॉ. वेदवती वैदिक**
एशोसिएट प्रोफेसर (सेवानिवृत्त), श्री अरविंद महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
*Email: dr.vaidik@gmail.com*

ऐसा कहते हैं कि लाखों उच्चावच योनियों में से होकर जीव को मनुष्य जन्म मिलता है। इसीलिए मनुष्य जन्म को सभी जन्मों में उत्कृष्ट माना गया है। जैविक स्तर पर तो जीवन को मनुष्यत्व

स्वयं प्राप्य है परंतु फिर भी उसे मनुष्यत्व अर्जित करना पड़ता है। इसलिए वेद में ऋषियों का आदेश है 'मुनर्भव' अर्थात मनुष्य बनो। क्यों ? क्योंकि जिन अलौकिक शक्तियों से मनुष्य सम्पन्न है वे अन्य जीवों को प्राप्त नहीं है। मनुष्य योनि भोगयोनि तो है ही कर्मयोनि भी है। यूं तो सभी जीव शुनक आदि खाते, पीते और मोद करते हैं, परंतु मनुष्य दुर्लभ मानव योनि में जन्म लेकर भी यदि इन्हीं वृत्तियों में जीवन बिता दे तो फिर इसकी क्या विशेषता रहेगी? एतदर्थ जीव को मनुष्य योनि में जन्म लेकर भी मनुष्यत्व अर्जित करना पड़ता है और इसकी संभावना भी मनुष्य में ही है। उपनिषद् विद्या यद्यपि अध्यात्म की अन्यतम निधि है परंतु जीवपशुत्व से मनुष्यत्व, ऋषित्व, देवत्व और ब्रह्मत्व की प्राप्ति कैसे कर सकता है यही इस विद्या का व्यावहारिक पक्ष है। दुर्लभ मानव देह विधाता की सर्वसुंदर कृति है। इसे 'देवपुरी' और 'ब्रहमपुरी' इन संज्ञाओं से इसे अभिहित किया गया। अशरीरी अमृत आत्मा का यह शरीर अधिष्ठान माना गया। रथिन् अर्थात आत्मा का यह मानो रथ है। परमतत्त्व परमात्मा ने इन्द्रियरूपी अश्वों को इसमें जोत दिया है। इतना ही नहीं मनरूपी लगाम को बुद्धिरूपी सारथी को सौंप दिया है। रथ की भांति मानव जीवन रथ के भी दो चक्र हैं–पहला है भौतिक उन्नति और दूसरा है आध्यात्मिक उन्नति। यदि जीव प्रेयस में डूबा रहे और ऐन्द्रिक भोग–विलास को अपना लक्ष्य मानकर देह को ही आत्मा समझने लगे तो वह असुरराज विरोचन की तरह आसुरी संस्कृति का पथिक बन जायेगा। इसके विपरीत यदि मानव नचिकेता की तरह प्रेयस में रहते ही श्रेयोमार्ग का पथिक बन जायेगा तो देवराज इन्द्र की भांति निश्रेयस को प्राप्त कर लेगा। कहने और सुनने में तो यह बहुत श्रेयस्कर प्रतीत होता है। परंतु यह मार्ग है क्षुरे की धार पर चलने के समान अत्यंत दुष्कर। क्योंकि स्वयम्भू ने स्वयं हमारी सभी इन्द्रियों को बाह्यमुखी बनाया है। सांसारिक भोग–विलास और वैभव की चाकचिक्य मृगमराचिका की भांति मृगरूपी जीवों को लुभाती हैं, आकर्षित करती है। ये उनकी तृष्णा को निरंतर बढ़ाते हैं और अंततोगत्वा विनाशकारी बन जाते हैं। एतदर्थ ही औपनिषदिक ऋषियों ने मानव के जीवन को सत्यं, षिवं, सुंदरं बनाने हेतु आदेश दिया कि 'इन भोगों को त्यागपूर्वक भोगो। इन्हें भोगो परंतु इन भोगों को अंतिम सत्य मानकर उनमें डूबे मत रहो। क्योंकि भोग नहीं भोगे जाते हम ही भोगे जाते हैं। जीव को बुद्धिरूपी सारथी से मनरुपी लगाम को खींचकर इन्द्रियरूपी अश्वों को नियंत्रित करना चाहिए। उसे इन्द्रियों को 'स्वामी बनना चाहिए दास नहीं'।

आहार शुद्धि से सत्तव (मन) शुद्धि होती है। अन्न से ही वीर्य की उत्पत्ति होती है। अतः उत्तम संतान प्राप्त करने हेतु आहार शुद्धि और सत्तव शुद्धि आवश्यक है। जीव को कर्म करते हुए सौ वर्ष जीने की कामना करनी चाहिए। कर्म और भोग में बहुत अंतर है। असुर संस्कृति और देवसंस्कृति में भी यही भिन्नता है। असुर अर्थात प्राणों में रमण करने वाले, शरीर को आत्मा समझने वाले असुरराज, शरीर का विशेष रुप से रोचन करने वाले (विरोचन) की जीवन दृष्टि यही थी। वे केवलादी थे। परंतु देवसंस्कृति में जीव का समस्त चराचर जगत की चिंता रहती है। देवों के कर्म को यज्ञ की संज्ञा दी गई क्योंकि वे असुरों की भांति आत्मकेन्द्रित हो स्वार्थपूर्ण जीवन व्यतीत नहीं करते। देवों की भांति कर्म करने से मनुष्य में 'इदन्नमम' की भावना का विस्तार होता है। तभी उसके 'स्व' अर्थात अपनेपन का दायरा संकुचित न होकर विस्तृत हो जाएगा। फलस्वरुप वह पशुत्व को छोड़कर मनुष्यत्व के मार्ग का राही बन जायेगा। तब उसके हृदय में प्राणिमात्र के प्रति 'करुणा' और 'दया' का भाव होगा। जब मन स्फटिक मणि की तरह शुद्ध और पवित्र हो जाएगा तो क्षुद्र विचारों का प्रवाह थम सा जायेगा। जब वद 'द' इस एकाक्षर के तीन सारगर्भित अर्थों को (1) दाम्यत अर्थात इन्द्रियों का दमन करो (2) दयध्वं अर्थात दया करो क्योंकि समस्त प्राणिवर्ग में एक ही आत्मा है। एतदर्थ सबके प्रति करुणा का भाव रखो। (3) दत्त अर्थात दान करो। दान श्रद्धा से करो, अश्रद्धा से करो, श्रिया से करो, लज्जा से करो, भय से करो, प्रेमभाव से करो। इन्हें आत्मसात कर लेगी तब जीव को आत्मभाव का विस्तार होगा।

# 38
# आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में वर्णित विवाह संस्कार

**डॉ. विजयशंकर द्विवेदी**
अस्सिटेण्ट प्रोफेसर, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: vs.vinamra@gmail.com*

संस्कार व्यक्ति के दैहिक, मानसिक, बौद्धिक परिष्कार के लिए आवश्यक माना गया है जिससे वह समाज का पूर्ण विकसित सदस्य बनकर अपना तथा समाज का चतुर्दिक विकास कर सके। संस्कारों में विवाह संस्कार का महत्त्व सबसे अधिक है। आरम्भ में विवाह केवल एक सामाजिक आवश्यकता के रूप में प्रचलित हुआ, किन्तु शीघ्र ही इसके साथ धार्मिक कर्मकाण्ड जुड़ गये। आपस्तम्ब गृह्यसूत्र का प्रारम्भ विवाह संस्कार से होता है। विवाह संस्कार का उत्सव मगंलमय होता है तथा इसमें सभी प्रकार के मौलिक कर्मों जैसे–स्नान, शुद्ध वस्त्र, गन्धों का लेप, माला, नापित कर्म, शंख, दुन्दुभि, वीणा, तूण आदि वाद्य यन्त्र, कुल–स्त्रियों के गीत, रंग–बिरंगे वस्त्र, छत्र, ध्वजा आदि का विधान किया गया है। विवाह संस्कार में लोक प्रथाओं का भी वर्णन किया गया है तथा कुल स्त्रियों के वचनों को प्रमाण माना है अर्थात् मन्त्र रहित क्रियाएँ स्त्रियों से पूँछकर करनी चाहिए। इन मन्त्र रहित क्रियाओं को आवृत कहा गया है परन्तु उनके लिए मन्त्रों के प्रयोग का विधान नहीं किया गया है। आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में कन्या के दुर्गुणों का विस्तार से वर्णन है परन्तु दुर्गुणों से युक्त कन्या पर यदि वर के मन और नेत्र आकृष्ट हों तो वह कन्या में इन दुर्गुणों और अशुभ लक्षणों के होते हुए भी वरण कर सकता है। आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में कहा गया है–वधू के दाहिने हाथ को, जिसकी हथेली ऊपर की ओर हो, वर को अपने दाहिने हाथ से हथेली नीचे की ओर ग्रहण करना चाहिए। वर वधू को अग्नि के पूर्व या उत्तर की ओर सात पद चलाता है वधू के साथ वर को अग्नि की प्रदक्षिणा करनी चाहिए।

विवाह संस्कार में शिलारोहण (अश्मारोहण) विधि का विधान किया गया है। इसमे ंवधू अपने पैर के अँगूठे से पत्थर के टुकड़े को दबाती है। जो वैवाहिक जीवन में आने वाले दुःखों, कष्टों को दूर करना एवं वैवाहिक जीवन में स्थिरता, सम्बन्धों की दृढ़ता और संकल्प के साथ कार्य करना ही इस विधि का प्रतीकार्थ है। अश्मारोहण के पश्चात् लाजाहोम का विधान है। वधू को वर वहाँ से रथ या पालकी आदि से ले जाता है। वैवाहिक अग्नि को निरन्तर प्रज्ज्वलित रखना चाहिए। नक्षत्रों के निकलने पर वर ध्रुव और अरुन्धती नक्षत्रों को दिखाता है। पत्नी के साथ अग्नि देवता के लिए स्थालीपाक यज्ञ का विधान आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में है। स्थालीपाक के बाद वर–वधू तीन रात्रियों तक ब्रह्मचर्य रखते हैं। इस प्रकार आपस्तम्ब गृह्यसूत्र में आरम्भिक क्रियाएँ–जिनके अन्तर्गत आरम्भ में की जाने वाली आहुतियाँ आती हैं। प्रधान क्रियाएँ–जिनमें पाणिग्रहण, अग्नि प्रदक्षिणा सप्तपदी, अश्मारोहण, लाजाहोम की गणना की जाती है। विवाहोत्तर कृत्य–जिनमें ध्रुवतारा और अरुन्धती का दर्शन कराना, त्रिरात्रव्रत जैसे कर्म का वर्णन प्राप्त होता है।

**SECTION III** (Chanakya Font)

# 01
# वैदिक वाङ्मय में शिक्षा का स्वरूप एवं प्रशिक्षण विधि

**Mr. Abhay Singh**
Research Scholar, M.Phil., University of Delhi, Delhi
*Email: abhayoct22@gmail.com*

शिक्षा मनुष्य जीवन का एक ऐसा महत्त्वपूर्ण साधन है, जो उसे मनुष्येतर प्राणियों से पृथक् कर मनुष्यत्व से युक्त करता है। शिक्षा ही मानव को मानव बनाती है। स्वभावत: प्रश्न उत्पन्न होता है कि मानवसमाज ने शिक्षा को जीवन निर्माण का सर्वोत्तम साधन क्यों माना है? इस जिज्ञासा का समाधान 'शिक्षा' शब्द के मूल में जाने पर संभव हो सकेगा। पाणिनीय व्याकरणानुसार 'शिक्षा' शब्द का मूल स्वरूप इस प्रकार है–

| **शब्द** | - | **मूलधातु ( मूलशब्द )** | - | **व्युत्पत्तिपरक अर्थ** |
|---|---|---|---|---|
| शिक्षा | – | शिक्ष विद्योपादाने | – | जिससे विद्या ग्रहण की जाए |
| विद्या | – | विद् ज्ञाने | – | जिससे ज्ञान ग्रहण किया जाए |
| ज्ञान | – | ज्ञा अवबोधने | – | जिससे बोध प्राप्त किया जाए |
| बोध | – | बुध अवगमने | – | जिससे अवगमन किया जाए |
| अवगमन | – | अव+गम्लृ गतौ | – | जिससे गति प्राप्त की जाए |

शिक्षा का मूल अर्थ है 'गति'। गति के तीन अर्थ होते हैं– ज्ञान, गमन तथा प्राप्ति *(गतेस्त्रयोऽर्था: ज्ञानं गमनं प्राप्तिश्चेति)* इस तरह शिक्षा वह है जो जीवन को गति प्रदान करे जिससे ज्ञान, क्रियाशीलता तथा अभीष्ट की प्राप्ति संभव हो सके। जीवन के गत्यात्मक होने से शिक्षा जीवन का आधार है। शिक्षा का उद्देश्य क्या है? शिक्षार्थी का सर्वाङ्गीण विकास। किन्तु इस सर्वाङ्गीण विकास का स्वरूप क्या हो? शिक्षार्थी के शारीरिक, बौद्धिक, नैतिक, आध्यात्मिक किस पक्ष को विशेष महत्त्व दिया जाए? इस विषय में देश, काल तथा समाज के भेद से अलग-अलग धारणा रही है।

वैदिक काल में शिक्षा का क्या स्वरूप था? प्रशिक्षण की विधि क्या थी? इन प्रश्नों के उत्तर वैदिकवाङ्मय में इतस्तत: बिखरी हुई सामग्री तथा स्मृति साहित्य में प्राप्त शिक्षा विषयक अवधारणाओं से प्राप्त होते हैं। यथा वैदिकवाङ्मय में शिक्षक के स्थान पर आचार्य, शिष्य के स्थान पर ब्रह्मचारी तथा शिक्षा के लिए विद्या अथवा ब्रह्मचर्य का प्रयोग प्राप्त होता है '*आचार्य उपनयमानो ब्रह्मचारिणं कृणुते गर्भमन्त:*' (अथर्व.11.5.3)। स्वरादि उच्चारण प्रकार के प्रशिक्षण के लिये 'शिक्षा' शब्द का प्रयोग किया जाता था। '*वर्णस्वराद्युच्चारणप्रकारो यत्र शिक्ष्यते सा शिक्षा*' (सायण ऋ.भा.भूमिका) इन सभी विषयों का प्रमाणपुरस्सर विवेचन प्रस्तुत लेख का विषय है।

# 02
# वेदों में पशुपालन

**श्री अंकित कुमार**

शोधछात्र, विशिष्टसंस्कृताध्ययन केन्द्र, ज.ने.वि., नई दिल्ली

*Email: ankitjnu93@gmail.com*

वेदों में 'पशु' शब्द से सामान्यतया पांच पशुओं (अश्व, गाय, भेड़, बकरा व मनुष्य) का ग्रहण होता है। अथर्ववेद व शतपथ ब्राह्मण में गधे व ऊंट को सम्मिलित कर इस प्रकार के सात पशुओं का ग्रहण किया जाता है। पशुओं का उभयदन्त व अन्यतोदन्त के रूप में उल्लेख है। इसके अतिरिक्त इनका वर्गीकरण हस्तादाना: (हाथ से पकड़ने वाले) तथा मुखादाना: (मुख से पकड़ने वाले) इन दो रूपों में भी किया गया है। इनका एक विभाजन द्विपात् (मनुष्य) एवं चतुष्पात् के रूप में भी मिलता है। मनुष्य के अतिरिक्त अन्य पशुओं को ऋग्वेद के तीन वर्गों में विभाजित किया गया है- 1. वायव्य (जो वायुमण्डल में रहते हैं), 2. आरण्य (जो जंगलों में रहते हैं), 3. ग्राम्य (जो ग्रामों में रहते हैं)। आरण्य व ग्राम्य के रूप में पशुओं का विभाजन अत्यन्त प्रचलित है। इनका विभाजन यजुर्वेद में एकशफ (एक शफ वाले), क्षुद्र (छोटे) और आरण्य के रूप में भी प्राप्त है। त्सिमर ने अथर्ववेद के एक स्थल पर भयकारक (सिंहादि), पंखयुक्त (हंसादि), उभयचर (अजगरादि), मछलियां तथा कीड़े-मकोड़े इन पांच भागों में आरण्य पशुओं को विभक्त किया है। जिन पशुओं का पालन किया जाता था, उन पशुओं के पालन-विषय को बताना ही प्रस्तुत पत्र का प्रतिपाद्य है। इसके अन्तर्गत पशुरोगभैषज, पशुओं के पुष्टिकर्म एवं वृद्धिकर्म, पशुओं के प्रजनन कर्म, पशुओं की व्याघ्र एवं चौरादि से रक्षा, गौवत्स-द्वेष-निवारण इत्यादि विषय प्रतिपादित किए जाएंगे। साथ ही कुछ ऐसे विषयों को भी स्पष्ट किया जाएगा, जिन्होंने वर्तमान समाज में भ्रान्ति उत्पन्न कर दी है। यथा 'गोघ्न:' शब्द की, '*गां हन्ति अतिथये*' इस व्युत्पत्ति को ध्यान में रखकर, वैदिककाल में विशिष्टातिथि के लिए मांस परोसा जाना, कुछ ऐसा भ्रान्तिपरक अर्थ, इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है। जबकि 'गो' शब्द का प्रयोग प्राय: गाय से उत्पादित पदार्थों को व्यक्त करने के लिए भी किया गया है। इस प्रकार इस शोधपत्र में वेदों में पशुओं के पालन से सम्बन्धित विषय एवं तत्सम्बन्धी भूलों का वर्णन व यथोचित समाधान प्रस्तुत किया जाएगा।

# 03
# पुराणों की प्रयोजनीयता : पारम्परिक व जैनपुराणों के विशेष सन्दर्भ में

**डॉ. अर्चना रानी दुबे**

सीनियर फेलो, विशिष्ट संस्कृताध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: dr.archana.dubey61@gmail.com*

पुराणों का भारतीय वाङ्मय में विशिष्ट स्थान है। भारतीय वाङ्मय में परम्परागत पुराणों के समानान्तर जैन पुराणों की एक अविच्छिन्न धारा दृष्टिगोचर होती है। पुराण भारतीय इतिहास के अजस्र स्रोत हैं। इनमें

सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक पक्षों से सम्बन्धित प्रभूत सामग्री उपलब्ध होती है। वस्तुतः पुराण अपने काल के ज्ञानकोश हुआ करते हैं। पुराणों की प्रशंसा में तो यहाँ तक कहा जाता है कि पुराण को न जानने वाला विचक्षण-चतुर तथा शास्त्र कुशल नहीं माना जा सकता। वेदार्थ का उपबृंहण करने वाला पुराण ही है (आचार्य बलदेव उपाध्याय, पुराण-विमर्श, पृष्ठ 611)। '*इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्*' की प्रेरणा से वैदिक परम्परा में अष्टादश पुराणों तथा अनेक उपपुराणों की रचना हुई है। पारम्परिक पुराणों का विकास आख्यान, उपाख्यान, गाथा तथा कल्पशुद्धि इन चारों का आधार ग्रहण कर हुआ है (वही, पृष्ठ 66)।

वैदिक तथा श्रमण दोनों परम्पराओं में धार्मिक साहित्य के माध्यम से प्राचीन इतिहास और पौराणिक आख्यानों को संग्रहीत करने की प्रवृत्ति रही है। इतिहास-पुराण लेखन की साहित्यानुप्राणित इन विधाओं का इन दोनों परम्पराओं में सूत्रपात हुआ। रामायण, महाभारत और पंचलक्षणात्मक विशाल पुराण साहित्य एक वैदिक अभिगम है, तो जैनों की श्रुतज्ञान-परम्परा विशाल आगम साहित्य के माध्यम से प्रवाहित होती हुई प्राचीन इतिहास पुराण सम्बन्धी प्रवृत्तियों से भी अनुप्रेरित है। पारम्परिक पुराणों की तरह जैन पुराणों की संख्या सीमित नहीं है। जैन पुराणों में कथारस गौण और धर्मभाव प्रधान है। इस साहित्य में जहाँ एक ओर एक या एकाधिक शलाका पुरुषों का जीवनचरित वर्णित है, वहीं दूसरी ओर भारत के सांस्कृतिक इतिहास की बहुमूल्य सामग्री भी निबद्ध है। इस दृष्टि से जैन पुराण भारतीय संस्कृति के अक्षय भण्डार हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में पारम्परिक एवं जैनपुराणों से विशेष सन्दर्भों को ग्रहण करते हुए पुराणों की प्रयोजनीयता पर प्रकाश डाला जाएगा। वेदार्थ के पूरणकर्त्ता के रूप में पारम्परिक पुराणों की महत्ता सर्वमान्य है, उसी प्रकार जैनागमों के गूढ़ार्थ को सरल भाषा में जैन पुराणों के द्वारा प्रकाशित किया गया है।

## 04

# वाक् का वैदिक स्वरूप : ऋग्वेदीय वागाम्भृणी सूक्त के विशेष सन्दर्भ में

**डॉ. अरुणा शुक्ला**

एसोसियेट प्रोफेसर, बी. एल. एम. गर्ल्ज कॉलेज नवांशहर, पंजाब

*Email: arunashukla71@yahoo.in*

भाषा भावों की अभिव्यक्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है। सृष्टि के शैशवावस्था में मानव भाषा-ज्ञान से शून्य था। वह अपने मनोभावों को इशारों से व्यक्त किया करता था, किन्तु कालान्तर में उसने संकेतों और इशारों के स्थान पर विशिष्ट ध्वनि का प्रयोग करना प्रारम्भ किया। जिस दिन उसने अपने मनोभावों की अभिव्यक्ति के लिए विशिष्ट ध्वनियों का प्रयोग करना प्रारम्भ किया होगा, उस दिन उसने अनुभव किया होगा कि उसका जीवन सृष्टि के अन्य प्राणियों के जीवन से कितना विशिष्ट है। बहुत दिनों तक वह उस दिव्य-शक्ति वाणी का व्यवहार ही करता रहा, उसके विश्लेषण में प्रवृत्त नहीं हुआ। किन्तु मानव की विश्लेषण प्रधान मनोवृत्ति बहुत देर तक शान्त नहीं रह सकी। उसने भाषा का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना प्रारम्भ किया। वाणी कहाँ से, कैसे और क्यों उत्पन्न होती है? इसके ऊपर चिन्तन करना प्रारम्भ किया। वाणी

के विषय में इन्हीं मूलभूत प्रश्नों के उत्तर में भाषा-विज्ञान की उत्पत्ति हुई। वर्ण, शब्द और वाक्य भाषा में संघटक तत्व हैं। वाणी की अभिव्यक्ति छन्द के द्वारा सम्भव है- '*छन्दांसि छादनात्*' ऋक्- साम तथा यजुष्-रूप मंत्र छन्दोमय हैं क्योंकि बिना छन्द के वाणी उच्चरित नहीं हो सकती। वाणी का उच्चारण गद्य, पद्य या गीति इन्हीं तीन स्तरों में किया जा सकता है, इनसे भिन्न वाणी के उच्चरित होने का कोई साधन नहीं है। '*चतुर्विधा हि वागस्ति। परा पश्यन्ती मध्यमा वैखरी च।*' इन वाणियों के पृथक्-पृथक् स्थान बताते हुए कहा गया है- '*परा वाङ्मूलचक्रस्था पश्यन्ती......स्फोटव्यंजक उच्यते*'। मूलचक्र (मूलाधार) में स्थित वाणी को 'परा' नाभि में स्थित वाणी 'पश्यन्ती', हृदय में स्थित वाणी 'मध्यमा' एवं कण्ठदेश में स्थित वाणी 'वैखरी' जाननी चाहिए। 'वैखरी' वाणी से किया गया नाद (ध्वनि) दूसरे की कर्णेन्द्रिय का विषय होता है। 'मध्यमा' वाणी से किया गया नाद (ध्वनि) स्फोट का व्यंजक कहा जाता है। भर्तृहरि ने अपने सुप्रसिद्ध ग्रन्थ 'वाक्यपदीय' के आगम-काण्ड का आरम्भ '*अनादि-निधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं...*' से किया है- अर्थात् जिससे संसार का कार्यकलाप अर्थ रूप में विवर्तित है, वह अनादि, अनन्त, नाशरहित होकर कार्यरूप में जब देखा जाता है तो उसे 'विवर्त' कहते हैं। शब्द ही संसार का कारण है, स्वयं अविकृत होते हुए अर्थरूप में शब्द ही भासित होता है। प्रस्तुत शोध-पत्र में 'वाक्' के विभिन्न स्वरूपों का परिचय देते हुए ऋग्वेद के 'वागाम्भृणी' सूक्त पर विशेष रूप से प्रकाश डाला जाएगा। ऋग्वेद (10/125/3) के 'वाक्सूक्त' में वाणी स्वयं कहती हैं '*अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम्*'।

# 05

# वैदिक कालीन आश्रम व्यवस्था के व्यावहारिक पक्ष

**डॉ. अशोक कुमार**

शोध छात्र (पी.डी.एफ.), विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email : ashokscss@gmail.com*

वामन शिवराम आप्टे ने 'आश्रम' शब्द का अर्थ कई बताए हैं, यथा- पर्णशाला, कुटिया, कुटी, संन्यासियों का आवास या कक्ष, अवस्था आदि। डॉ. पाण्डुरंग वामन काणे के मतानुसार 'आश्रम' शब्द 'श्रम्' से बना है। '*आ श्राम्यन्ति अस्मिन् इति आश्रमः*' अर्थात् ऐसा जीवन-स्तर जिसमें व्यक्ति खूब श्रम करता है। वेदों में आश्रम व्यवस्था के विषय में कई मंत्रों में उल्लेख हैं। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद के मंत्रों में 'ब्रह्मचारी' शब्द का उल्लेख है। इसी प्रकार गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास के विषय में भी वेद के कई मंत्रों में उल्लेख किए गये हैं। ऋग्वेद (3/8/4) में उपनयन संस्कार के विषय में पता चलता है। उपनयन संस्कार के बाद बालक ब्रह्मचारी कहलाता था। ऋग्वेद में ब्रह्मचारी के कर्त्तव्यों का उल्लेख है। ऋग्वेद (7/103/5) में कहा है कि विद्याध्ययन करना छात्र का प्रमुख कर्त्तव्य माना जाता था। ऋग्वेद में 'गृहपति' शब्द का प्रयोग कई मंत्रों में किया गया है। गृहस्थ आश्रम के बाद वानप्रस्थ आश्रम प्रारम्भ होता था। ऋग्वेद के कई मंत्रों में

'मुनि' शब्द का प्रयोग हुआ है (7/56/8), वानप्रस्थ आश्रम के बाद संन्यास आश्रम प्रारम्भ होता था। ऋग्वेद के कई मंत्रों में 'यति' शब्द का प्रयोग मिलता है (ऋग्वेद, 8/3/9)।

वैदिक कालीन आश्रम व्यवस्था के कई व्यावहारिक पक्ष हैं, यथा- प्रथम व्यावहारिक पक्ष यह है कि मनुष्य के जीवन को एक सौ वर्ष निर्धारित की गई है। दूसरा व्यावहारिक पक्ष यह है कि एक सौ वर्ष को चार भागों में बाँटा गया है, यथा- ब्रह्मचर्य आश्रम 25 वर्ष तक, गृहस्थ आश्रम 25 से 50 वर्ष तक, वानप्रस्थ आश्रम 50 से 75 वर्ष तक तथा संन्यास आश्रम 75 से 100 वर्ष तक। तीसरा व्यावहारिक पक्ष यह है कि भारतीय समाज में मनुष्य के जीवन को सुसंस्कृत, सुव्यवस्थित तथा सुगठित करने के लिए आश्रम व्यवस्था बनाए गए जिससे मनुष्य ठीक तरीके से जीवन व्यतीत कर सके। इस प्रकार वैदिककालीन आश्रम व्यवस्था के माध्यम से मनुष्य को व्यवस्थित जीवन जीने के तरीके बताना, सुनिश्चित एवं सुनियोजित लक्ष्य तक पहुँचा देना, जीवन को सही क्रमबद्धता, सुविचारित व्यवस्था और सुनिश्चित धार्मिकता प्रदान करना, जीवन में परिश्रम, कर्त्तव्यपरायणता, बौद्धिकता, धार्मिकता तथा आध्यात्मिक के पथ पर दिशा निर्देश करना।

## 06
## वैदिकज्ञान के व्यावहारिक पक्ष

**डॉ. देवीसहाय पाण्डेय 'दीप'**
लवकुशनगर, रामघाट, पो.-अयोध्या, जिला-फैजाबाद, उत्तरप्रदेश
*Email: maneesh.deep72@gmail.com*

वैदिक ज्ञान की व्यवहार-सरणि व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज, राष्ट्र से होती हुई भूमण्डल को समेटकर चलने वाली है। उसकी परिधि भूमण्डल को पारकर द्युलोक तक पहुँचती है। द्यावा-पृथ्वी को समवेत रूप से आहुति-प्रदान इसका प्रमाण है। कथित तथ्यों की पुष्टि प्रस्तुत आलेख में की जायेगी। '*माताभूमि: पुत्रोऽहंपृथिव्या:*' के मतानुसार मानव पृथ्वी-पुत्र हैं और सम्पूर्ण मानव-जाति में भ्रातृत्व का नाता है। इस प्रकार वेद विश्वबन्धुत्व का भी संदेश है।

## 07
## ऋग्वेद के स्त्री सन्दर्भ एवं वर्तमान में उनकी प्रासंगिकता

**डॉ. दिव्या मिश्रा**
सहायक आचार्य (तदर्थ), कालिन्दी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: divyamishra2k8@gmail.com*

भारतीय संस्कृति में नारी का स्थान सदैव से ही पूजनीय रहा है। नारी मानव सृष्टि का अपरिहार्य अंग है, उनके बिना मानवीय अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती इसलिए समाज में उनका स्थान

केन्द्रीय होना चाहिए। किसी भी समाज की प्रगति का उचित मूल्यांकन तत्कालीन समाज में नारी की स्थिति से ही किया जा सकता है। भारतीय समाज में नारी के सन्दर्भ में हमेशा से ही वैचारिक विरोधाभास देखने को मिलता है जहाँ हमारी संस्कृति में कहा गया है कि *'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'* वहीं दूसरी ओर स्मृतिकारों ने *'न स्त्री स्वातन्त्रयमर्हति'* का भी शंखनाद किया है। सर्व नियन्ता प्रभु ने सृजन की शक्ति प्रकृतिस्वरूपा नारी को ही दी है फिर भी समाज में उसकी स्थिति पर आज भी प्रश्न चिह्न लगा हुआ है। इक्कीसवीं सदी को महिला सशक्तिकरण का युग कहा जा रहा है तथा नारी सम्मान की रक्षा के लिए सर्वाधिक प्रयास किये जा रहे हैं। जिस राष्ट्र में स्त्रियां जितनी अधिक शिक्षित और बुद्धिजीवी होंगी वह राष्ट्र उतना ही प्रगतिशील होगा। अतः राष्ट्र एवं समाज के सम्पूर्ण विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना अत्यावश्यक है।

वैदिक काल में दृष्टिपात करनें पर हम पाते हैं कि प्राचीन भारतीय समाज में नारी को पुत्री, पत्नी और माता तीनों ही रूपों में गौरव प्राप्त था। कन्या के जन्म पर शोक नहीं मनाया जाता था। उसे शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार था। पारिवारिक संबन्धों के निर्विघ्न निर्वाह का भाव भी ऋग्वेद में प्राप्त है। वधू को श्वसुर, सास, ननद तथा देवरों पर साम्राज्य करनें का आशीर्वाद भी प्रदान किया जाता था। मैत्रायणी संहिता में तो नारियों को नर से भी बढ़कर माना गया है– '*स्त्रियःपुंसोऽतिरेच्यते*' यह नारी सशक्तिकरण की चरम सीमा है। वैदिक सभ्यता में नारी का समर्थ एवं सशक्त दृश्य उपस्थित होता है जो समाज के शैक्षणिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक विकास में समुचित योगदान देता है। इस प्रकार वैदिक संस्कृति में अनेक ऐसे तत्त्व विद्यमान हैं जिनका अनुसरण करके नारी को सशक्त बनाया जा सकता है। इस शोध पत्र का उद्देश्य ऋग्वैदिक कालीन महिला सशक्तिकरण से वर्तमान महिला सशक्तिकरण के तुलनात्मक अध्ययन को प्रस्तुत कर उनकी दशा को जान कर उनके वास्तविक सशक्तिकरण हेतु नयी सम्भावनाओं का अन्वेषण करना है।

# 08
# आपः सर्वस्य भेषजीः

**श्री ज्वलन्तकुमारः**
शोधच्छात्रः, संस्कृत, दिल्लीविश्वविद्यालयः
*Email: jwalant1012@gmail.com*

जीवनस्य यानि पंचतत्वानि (पञ्चमहाभूतानि) तेषु समस्तान्यपि निजस्थाने प्रधानानि। परं तेष्वपि पञ्चतत्त्वेषु येषामुल्लेख अस्माकं शास्त्रकारै स्वीके शास्त्रे कृतः जलमेव पोषकतत्वं विद्यते, अन्यानि च चत्वारि शोषकतत्त्वानि सन्ति। जलस्य सान्निध्येन एव केवलमेतानि शोषकतत्वानि न दृश्यन्ते। जलेन विना कश्चिदपि जीवधारी जीवनं न रक्षितुं शक्नोति। वेदव्यासः एतान् भावान् प्रकटयन् कथयति यत् मनुष्य भोजनं विना निजस्य प्राणस्य रक्षां कर्तुं शक्नोति परं जलं विना स सप्ताहं यावत् अपि न मोहत्वात् शक्नोति– '*अन्नेनापि विना जन्तुः प्राणान् धारयते चिरम्, तोयाभावे पिपासार्त्तः क्षणात् प्राणैर्विमुच्यते।।*' सर्वेष्वपि धार्मिककार्येषु आन्तरिकी बाह्या च

शुद्धता पूर्वं कर्त्तव्येति धर्मग्रन्थानां निर्देशः। अपि च उभयथा शुद्धता जलेनैव भवितुं शक्नोति । बाह्यशुचिविषये मनुः निर्दिशति यत् जलेनैवास्माकं शरीरस्य अङ्गानि शुद्धानि क्रियन्ते- अद्भिर्गात्राणि शुद्ध्यन्ति...।

शतपथकारो ब्रवीति यत् इह लोके जलानि एव शुद्धानि अतः जलै एव आन्तरिकी स्वच्छता कर्तुं शक्यते तेन पूतिरन्तरतो मेध्या वाऽऽपो। अथर्ववेदोऽपि अस्मिन् विषये वदति यत् शुद्धजलानि अस्माकं शरीरशुद्धये भवतु इति शुद्धा न आपस्तन्वे क्षरन्तु। ऋग्वेदेऽपि परमात्मा मनुष्यानुपदिशति यज्जलमेव सर्वेषां रोगाणाम् औषधं वर्त्तते आपः सर्वस्य भेषजीः। मनुः ब्रवीति यत् जले अपवित्रं वस्तु न उत्सृजेत्- नाप्सु मूत्रं पुरीषं वा ष्ठीवनं वा समुत्सृजेत्...। यजुर्वेदोऽपि इमान् एव भावान् प्रकटयन् कथयति - माऽऽपो हिंसीः मा ओषधीः हिंसीः। जलस्यैतत् महत्त्वं जानन्नपि बहवः मनुष्या अद्यत्वे जलविनाशाय संलग्नाः दृश्यन्ते। यद् दृष्ट्वेत्थमनुमीयते यदागामी पञ्चाशत् वर्षेषु सम्प्रति प्राप्यमाणस्य जलस्य 50% जलमेव अस्माभिः प्राप्स्यते। तस्यापि च विद्यमानस्य जलस्य 50% अंशं दूषितायामवस्थायां भविष्यति। 1992 ईसवीये ख्रिष्टाब्दे ब्राजीलस्य 'रियो डि जेनीरियो' इति स्थाने यत् सम्मेलनं सम्पन्नं तस्मिन् कनाडादेशस्य प्रतिनिधिः आशंकमानः उक्तवान् यदागामी विश्वयुद्धः जलसमस्यामाश्रृत्य भवितुं शक्नोति। एतत् सर्वं विलोक्यास्माभिः सर्वैरपि जलरक्षायै प्रयतितव्यम्। शोधपत्रेऽस्मिन् वर्तमानसन्दर्भे जलस्य कृषिक्षेत्रे, जीवने औषधरूपे, विद्युत्प्राप्तीकरणे जलस्रोतानां रक्षा चेत्यादिविषयाणामुपयोगिता विवेचयिष्यते।

# 09
# राष्ट्रचरित्रनिर्माण के औपनिषदिकादर्श


**डॉ. कामना विमल शर्मा**

सहायक प्रवक्ता, दौलत राम महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: kavi30sh@gmail.com*


राष्ट्र के चरित्र का निर्माण उसकी सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सफलता पर आश्रित होता है। समाज में व्याप्त वातावरण ही उस राष्ट्र के चरित्र को प्रमाणित करता है। राष्ट्र के नागरिक अपने व्यवहार, आचरण एवं भाषा प्रयोग द्वारा अपने संस्कारों और जीवनमूल्यों को दर्शाते हैं। अत्याधुनिक संसाधनों के प्रयोग पर आधारित शिक्षा व्यवस्था भी यदि राष्ट्र चरित्रनिर्माण में योगदान न कर सके, तो वह विफल कही जा सकती है। यदि समाज में स्त्रियाँ, बच्चे, वृद्ध सुरक्षित न हो, शिक्षक अपमानित व असन्तुष्ट हों, वाद-संवाद का स्थान विवाद ले ले, तो निश्चय ही उस राष्ट्र के चरित्रनिर्माण तत्त्वों में सर्व प्रमुख-शिक्षाव्यवस्था में विसङ्गतियाँ हैं, यह स्वीकार कर लेना चाहिए। उपनिषदों में वर्णित अधिविद्या पर आधारित शिक्षा व्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य ज्ञानार्जन है। मातृदेवो भव, पितृदेवो भवः, सह नाववतु, सह नौ भुनक्तु; सर्वे भवन्तु सुखिनः जैसे उदात्त जीवनमूल्यों को मात्र स्मरण करने के स्थान पर व्यवहार में स्वीकार करने के लिए प्रेरित करने वाली यह व्यवस्था अपनी प्रश्न-प्रधान संवाद शैली '*आ शिक्षाये प्रश्निनम्*

*उपशिक्षाया अभिप्रश्निमम्,'* चिन्तन-मनन-निदिध्यासन, वादविवाद, ज्ञान-कर्मप्रधान शैलियों के कारण अत्यन्त अनुप्रयोज्य, जीवनोपयोगी एवं व्यवहारिक है।

छात्र प्रत्यक्षतः गुरु के आचरण का अनुसरण करने मात्र से तथा प्राप्त संस्कारों के कारण नारीसम्मान, वृद्धोपसेवन, पर्यावरणसंरक्षण जैसे दायित्वों का स्वतः ही निर्वहन करने के लिए तत्पर हो जाता है। साथ ही, यह व्यवस्था छात्र को विश्व एवं राष्ट्रनिर्माण में उसकी भूमिका, जीवन के उत्तरदायित्व सिखाकर उसे सक्षम एवं स्वावलम्बी बनाती है। इस शोधपत्र में यह स्थापित किया गया है कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में औपनिषदिकादर्शों को स्वीकार करने पर निश्चय ही राष्ट्रचरित्र निर्माण के ध्येय को प्राप्त किया जा सकता है।

# 10
# पञ्चाङ्ग में अयनांश विचार : वैदिक संदर्भ में

**डॉ. कान्ता**

संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: kantadhankhardu@gmail.com*

कालचक्र के व्यक्त रूप की विभिन्न इकाईयों यथा- तिथि, नक्षत्र इत्यादि का व्यवस्थित अध्ययन पञ्चाङ्ग के अन्तर्गत किया जाता है। पञ्चाङ्ग काल निर्णय की प्राचीन पद्धति पर आधारित एक ऐसा गणित है, जो आकाशीय ग्रहों की गति-स्थिति सुनिश्चित करता है। सम्पूर्ण देश में पञ्चाङ्ग निर्माण हेतु अलग-अलग पद्धतियों यथा- सायनपद्धति, निरयणपद्धति एवं दृक्सिद्धनिरयणपद्धति को आधार बनाया गया है। वर्तमान में पञ्चाङ्ग विषयक यह सबसे बड़ी समस्या बन गई है कि प्रत्येक पद्धति पर आधारित पञ्चाङ्गों की विभिन्न गणनाओं यथा- स्पष्टग्रह, दिनमान, तिथि, नक्षत्र, योग, सक्रांन्तिकाल इत्यादि में परस्पर अन्तर स्पष्टतः दृष्टिगोचर होता है। निरयण पञ्चाङ्गों में अन्तर का मुख्य कारण अयनांश है।

अयनांश ऐसा विषय है, जिससे सम्बन्धित अनेक भ्रम आज भी पञ्चाङ्गकारों में प्रचलित हैं। विभिन्न सिद्धान्तग्रन्थों एवं करणग्रन्थों द्वारा स्वीकृत शून्यायनांशवर्ष एवं सम्पातगति आदि के भेद से साधित अयनांश अलग-अलग प्राप्त होते हैं। वैदिककालीन साहित्य में उपलब्ध विभिन्न ग्रह-नक्षत्रों के स्पष्ट विवरण, पृथ्वी एवं सूर्य इत्यादि को चल बताना, गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त, विषुवत् दिन, विभिन्न नक्षत्रों में वसन्त-सम्पात होने के उल्लेख इत्यादि अनेक तथ्य इसके प्रमाण हैं।

वैदिककालीन अयनांश विषयक विवरण से यही निष्कर्ष निकलता है कि उस समय निरयण नक्षत्रपद्धति तथा सायन सौरपद्धति का समन्वयात्मक रूप प्रचलन में था।

# 11
# वैदिकवैज्ञानिकसन्दर्भयोः पर्यावरणसंरक्षणम्

**श्री ललितकुमारः**
शोधच्छात्रः, विशिष्टसंस्कृताध्ययनकेन्द्रम्, जवाहरलालनेहरुविश्वविद्यालयः
*Email: lalit.kaushik545@gmail.com*

यत्र मानवाः वनस्पत्यश्चोद्भवन्ति, तिष्ठन्ति तत्पर्यावरणमुच्यते। वैदिकवाङ्मये पर्यावरणशब्दस्य विस्तृतार्थं ग्राहकशब्दः परिधिः यस्य भावार्थः सायणाचार्यः स्ववेदभाष्ये प्रोवाच– परितो धारकः इति। महर्षिदयानन्दमहोदयोऽपि विषयमिदं स्पष्टयन् सर्वलोकावरणं परिधिः इति प्रोक्तवान्। एतैरुद्धरणैः ज्ञायते यत् आधुनिकपर्यावरणशब्दः वैदिक परिधिः इतिशब्दस्य भावं गृह्णाति। वैज्ञानिकतथ्यानुसारं स्वस्थपर्यावरणाय 75% भागे वनानि आवश्यकानि। किन्तु भारतस्य 23% भागे एव वनानि अवशिष्टानि। अतः यदि स्वस्थपर्यावरणं वाञ्छामस्तर्हि वृक्षारोपणेन अनुसर्तव्या भगवतिश्रुतिः तत्र कथयति– वनस्पतीं वन आस्थापयध्वपयध्वम्। मापो मोषधीर्हिंसी। न केवलं वृक्षरोपणेनैवापितु वृक्षरक्षणमपि अस्माभिः करणीयम्।

1998 ई. विश्वनिरीक्षस्य परिणामे वायुप्रदूषणत्वात् सर्वाधिकाः जनाः भारते अम्रियन्त। प्रतिवर्षं 7 लक्षटनपरिमितं कार्बनडाईआक्साइड वातावरणे उत्सर्जिता भवति यस्य 36% भागं भूमण्डलीयतापवृद्धिजनकेन पातालदेशेनोत्सर्ज्यते। पर्यावरणसंरक्षिकापत्रिकायाः परिणामानुसारं यदि वृक्षवनस्पतीनां रक्षणरोपणं च न विधीयते तर्हि 2050 ई. पर्यन्तं जीव जन्तवः वृक्षवनस्पतयश्च कालकवलिता भविष्यन्ति। ओजोनक्षरणं सर्वप्रथममास्ट्रेलिया देशस्योपरि अभवत्। अतः तत्र सर्वाधिका मनुष्या चर्मरोगैः ग्रस्ताः वर्तन्ते।

अतः केनचिद् पर्यावरणविदुषा पर्यावरणसंरक्षणाय 25 उपायाः निर्दिष्टाः। तेषु मुख्यत्वेन जलमितव्ययः, विद्युतमितव्ययः, वाहनानां न्यूनत्वम्, रासायनिककरगलानां निरोधः, जैविकसाधनानां विकासः वृक्षारोपणानि वर्तन्ते। विगत 38 वर्षेभ्यः पर्यावरणदिवसमाननेन भारतस्य संविधाने पर्यावरणसंरक्षणं मूल संविधानमनुच्छेद 51 अधिनियमेन च न खलु कश्चन सन्तोषगतः परिणामः। भारतस्य ऋषिपरम्परायां शुद्धपर्यावरणस्वरूपं स्वस्थं स्पष्टं चाप्नोति। प्रकृतिसमाजपरिवेशविषयकं यच्चिन्तनं भारते विहितं, न तद्दुर्घटनाजन्यं, अपितु आसीद् स्वस्थपर्यावरणकामनया प्रसूतम्। वैदिकसाहित्ये स्वस्थपर्यावरणस्वरूपं प्राप्नोति। वैदिकी प्रार्थना प्रकृतिसन्तुलनतत्वान्बहुधा स्तौति। येष्वर्कस्य स्वानुकूलप्रतापस्याभ्यर्थना तथाहि पयोधरानुकूलवृष्ट्याप्तकामना शंनो वातः पवतां शन्नस्तपतु सूर्यः इति कृता। तथाहि गामेतां मातृवात्सल्यप्रदा अथ चान्तरिक्षं पितृत्वगरिमाप्रदायिका स्वभ्यर्चनाः इत्युपदेशः प्रतिपदं नैतिकशिक्षां प्रददाति। यजुर्वेदस्तु ब्रह्मचारिणः चरित्रशोधनमुद्घोषयति। चरित्रांस्ते शुन्धामि। श्रुत्यनुकूलदृष्टौ पर्यावरणं भौतिकजन्यं न, अपितु मानवीयवृत्तिनां प्रभावः एव। अतः तैर्मानवज्ञानेन्द्रियकर्मेन्द्रियाणां शुद्धये आख्यातं यत्– ओं वाक् मे आप्यायताम्, प्राणश्च मे आप्यायताम्। वैदिकीशिक्षा वेदाश्चोच्चमानवीयादर्शान्नाध्रियते। मानवीयसंवेदनासंरक्षणं तेषां मुख्यं लक्ष्यम्। द्यौः मा विलेखीः, औषध्यास्ते मूलं मा हिंसीषम्। एवंविधः उद्घोषः तेषां बाह्यपर्यावरणचेतनां प्रदर्शयति। अतः प्रकृतशोधपत्रे वेदेषु

निहितपर्यावरणसमस्यानां यान्यपि समाधानानि उल्लिखितानि वर्त्तन्ते तेषां वर्त्तमानसन्दर्भे वैज्ञानिकसन्दर्भे च विवेचनं करिष्यते।

# 12
# वैदिक शिक्षा प्रणाली का स्वरूप और प्रासंगिकता

**डॉ. मन्जु शर्मा**

एसोसिएट प्रो., भारती कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: drmanjusharma194@gmail.com*

व्यक्त्वि का सर्वागीण विकास करना ही वैदिक शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है। वैदिक शिक्षा प्रणाली चरित्र निर्माण, व्यतित्व विकास और सामाजिक अभ्युत्थान में पूर्णतः सफल थी। प्राचीन शिक्षा प्रणाली से भारत ने न केवल सैकडों वर्षो तक मौखिक परम्परा द्वारा वैदिक वाङ्मय को सुरक्षित रखा, अपितु प्रत्येक युग में दर्शन न्याय, गणित, ज्योतिष, चिकित्सा, रसायन आदि शास्त्रों में ऐसे अनेक मौलिक विचारक, विद्वान् उत्पन्न किये जिनसे भारत का मस्तक आज भी उन्नत है। वेदों ने शिक्षा के लिये दर्शन एवं श्रवण को अधिक महत्व दिया है। उनके अनुसार दर्शन, श्रवण, प्रश्न, मनन आदि की शिक्षा से पूर्णता और परिपक्ता प्राप्त होती है।

वर्तमान शिक्षा प्रणाली लौकिक है, जबकि वैदिक शिक्षा प्रणाली लौकिक एवं पारलौकिक दोनों शिक्षाओं के महत्व को स्वीकार करती थी। यहाँ ब्रह्मचर्य आश्रम का संयमित, अनुशासित एवं कठोर जीवन छात्र के दुर्गुणों का संहार कर सद्‌गुणों का संचार करता था। साथ ही उसे प्रेम, त्याग, सहयोग आदि चारित्रिक मूल्यों से युक्त बनाती थी। आज नैतिक मूल्यों का अस्तित्व लगभग शून्य होता जा रहा है, और शिक्षण संस्थायें मात्र रोजगार परक शिक्षा प्रदान करने तक ही सीमित होती जा रहीं हैं। परिणामस्वरूप सामाजिक रूप से उच्च एवं प्रतिष्ठित पद पर पहुँचने पर भी व्यक्ति शील एवं आचरण की दृष्टि से अपरिपक्व बना रहता है। ऐसी स्थिति में हमारी प्राचीन अथवा वैदिक शिक्षा की ओर उन्मुख होना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है, जिससे व्यक्तित्व का सर्वागीण विकास हो सके।

व्यक्तित्व विकास वर्तमान समय में बहुचर्चित एवं प्रासंगिक विषय है। आज इक्कीसवीं सदी में वैश्वीकरण के साथ विश्व समाज जितनी तीव्रता के साथ भौतिक समृद्धि की प्रतिस्पर्धा में शामिल हुआ है। विनाश और विध्वंस, कुंठित, विकृत, विखंडित व्यक्तियों ने जहाँ विश्व व्यापी आतंकवाद को जन्म दिया है, वहीं मानवीय सौहार्द, सह–अस्तित्व और सम्मान को क्षति पहुँचायी है। विनाश और विध्वंस के कगार पर पहुँची सम्पूर्ण मानव जाति के लिये उन मूल्यों को सजोने की आवश्यकता है, जिनका प्रबल प्रवक्ता हमारी वैदिक शिक्षा प्रणाली रही है। वस्तुतः विकास की सर्वागपूर्ण वैदिक दृष्टि ही एक श्रेष्ठ मानव और उन्नत देश का निर्माण कर सकती है। अस्तु, आज वैदिक शिक्षा–प्रणाली का पुनः अवलोकन एवं अनुपालन करना प्रासंगिक है।

# 13
# मृतक का अन्तिम संस्कार तथा उससे सम्बद्ध अन्य पक्ष

**Dr. Meena Kumari**
Assistant Professor, Sanskrit, Miranda House College, University of Delhi, Delhi
*Email: meenakumari1964@gmail.com*

प्रकृति का प्रवाह अनन्त काल से ही उत्पत्ति और विनाश – इन दो तटों से युक्त होकर प्रवाहित होता चला आ रहा है। यह एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसे वैदिक ऋषियों ने प्रबुद्ध मनीषा एवं उन्मुक्त हृदय से स्वीकार किया है। *'यस्यच्छायामृतं यस्यमृत्यु ...'* हिरण्यगर्भसूक्त का यह मन्त्रांश वैदिक ऋषियों के इसी चिन्तन का परिचायक है। जन्म उल्लास दायक है तो मृत्यु दुःख का कारक। लोक में प्रायः यह देखा गया है कि किसी की मृत्यु हो जाने पर स्वजन तथा अन्य आत्मीय जन शोक ग्रस्त हो जाते हैं। उनका चित्त विरक्त हो जाता है। पति के दिवंगत हो जाने पर स्त्रियों का जीवन मानो शुष्क वृक्ष की भांति श्री हीन हो जाता है। उनके व्यवहारिक और सांसारिक जीवन का तो जैसे अन्त हो जाता है। आज भी विधवा स्त्रियों के पुनर्विवाह को समाज ने पूर्णतया स्वीकार नहीं किया है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में, किसी आत्मीय जन की मृत्यु के अनन्तर परिवार के अन्य सदस्यों को उस वियोग को किस प्रकार सहन करना चाहिये, उनका जीवन के प्रति दृष्टिकोण कैसा होना चाहिये इसका प्रतिपादन किया गया है। विधवा स्त्री के प्रति ऋषियों के उद्गार यह द्योतित करते हैं कि आज के आधुनिक युग की तुलना में वे कहीं अधिक प्रगतिशील थे। देहावसान के अनन्तर मृत शरीर का संस्कार किस प्रकार करना चाहिये, क्या इसके लिये आज की भांति कोई विशेष स्थल निर्धारित होते थे– इन सभी प्रश्नों के उत्तर भी प्राप्त होते हैं। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद, दोनो में, इस विषय पर पर्याप्त सामग्री उपलब्ध होती है। आज के समय में विभिन्न संप्रदायों में मृत शरीर के संस्कार से सम्बन्धित जो उपाय अपनाये जाते हैं, उनसे इनकी सादृश्यता आश्चर्य उत्पन्न करती है।

मृतक का पुनर्जन्म होता है और वह अपने कर्मफल के अनुरूप शरीर धारण करता है, वैदिक ऋषियों का यह दृढ़ विश्वास पूर्ण स्पष्टता के साथ अभिव्यक्त होता है।

# 14
# विवाह संस्था – तुलनात्मक अध्ययन वेद एवं अवेस्ता के संदर्भ में

**सुश्री मीनाक्षी**
शोधच्छात्रा, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: meenakshirathi9@gmail.com*

मानव जीवन के इतिहास में ईश्वर प्रदत्त या निसर्गसिद्ध संस्कारों का विशेष स्थान रहता है अर्थात् इन्हीं के द्वारा जीवन का विकास प्रारम्भ होता है एवं ये ही संस्कार समस्त सामाजिक विकास का आधार है। वेदकालीन समाज ने इन्हीं संस्कारों को अपने सांस्कृतिक विकास का आधार स्तम्भ माना है। इस मानवी

सृष्टि में स्त्री–पुरुष का पारस्परिक मिलन स्वाभाविक, प्राकृतिक अपितु अनादि है, यही मिलन जब मान्य रूप में सुस्थिर किया जाता है, तब उसे 'विवाह' की संज्ञा दी जाती है। जिसका उद्‌देश्य है– व्यक्तित्व की पूर्णता, ऋणत्रय का परिशोधन एवं त्रिवर्ग की प्राप्ति। विभिन्न धर्मों में यद्यपि विवाह के भिन्न–भिन्न उद्‌देश्य बताये गये हैं, किन्तु सर्वत्र उसको एक ऐसा सामाजिक अनुशासन माना गया है, जिसके द्वारा सभ्य नागरिकता का विकास होता है, जिसका सुस्पष्ट उदाहरण ईरानी साहित्य अवेस्ता में प्राप्त होता है, जिसमें वैदिक समाज के समान विवाह एक धार्मिक अनुष्ठान या अमिट संस्कार है एवं विवाह को सामाजिक मर्यादा, संयम और नैतिकता का आधार माना गया है। वैदिक युग में प्रचलित विवाह–विधि को मुख्यत: तीन वर्गों में देखा जा सकता है। कुछ आरम्भिक कृत्य है– वर प्रेक्षण, वाग्दान, मण्डपकरण आदि, दूसरे प्रकार के कृत्य जिन्हें हम संस्कार का सार तत्व कह सकते हैं, यथा पाणिग्रहण, होम, अग्नि प्रदक्षिणा एवं सप्तपदी तथा तीसरे कुछ कृत्य हैं जो उक्त मुख्य कृत्यों के प्रतिफल मात्र हैं, यथा– ध्रुवतारा, अरुन्धती आदि का दर्शन। इन वैवाहिक कृत्यों में प्राय: वैवाहिक स्नान, ध्रुवतारा, वधू गृहगमन, स्थालीपाक, वाग्दान, वरप्रेक्षण से सम्बन्धित कृत्यों की समानता अवेस्ता में प्राप्त होती है। वस्तुत: ऋग्वैदिककाल में विवाह विधियाँ सरलरूप में प्राप्त होती है किन्तु सूत्रकाल में विवाह विधियाँ निश्चित रूप से स्थापित हो चुकी है एवं नये वैवाहिक कृत्य भी प्राप्त होते हैं, जिनकी समानता अवेस्ता में परिलक्षित होती है। प्रस्तुत शोध आलेख के माध्यम से उपरोक्त विधियों का वर्णन करते हुए, अवेस्ता एवं वैदिक समाज में विवाह संस्था के दैवी स्वरूप, विवाह की आवश्यकता, उद्‌देश्य एवं वैवाहिक कर्तव्य इत्यादि विषयों का सविस्तार विवेचन किया जायेगा।

# 15

## शिवसङ्कल्पसूक्ते मनस्तत्त्वस्य तात्त्विकं विवेचनम् : आधुनिकं मनोविज्ञानञ्च

**श्री नीतीशकुमारः**

शोधच्छात्रः, संस्कृत, दिल्लीविश्वविद्यालयः

*Email: navanitish@gmail.com*

वेदा विश्वस्यादिज्ञाननिधयो नात्र प्राच्यां प्रतीच्यामपि वा विप्रतिपत्तिलेशः क्वचित्। अतो हेतोरेव वैदिकसंहिता एव मनस्तत्त्वस्वरूपवर्णनस्योत्सभूतानीति व्यपदेशे न कदाचिदतिशयोक्तिः। संहिताभागमारभ्य साम्प्रतं यावन्मनस्तत्त्वस्य तत्क्रियाकलापानाञ्चाविरतं विवेचना प्राप्यते संस्कृतवाङ्मये। अयञ्च मनश्शब्दो मननात् मन उच्यते, मन्यते बुध्यते इति मन्धातोः असुन् प्रत्यये सति निष्पद्यते। अत्र मन ज्ञाने, मनु अवबोधने, मन स्तम्भे इति त्रयो धातवः। किन्तु अत्र ज्ञानार्थकात्, अवबोधनार्थकाद्वा मन्धातोरयं शब्दः निष्पद्यते। निरुक्तकारेणात्र मनुरवबोधने इति धातोः व्युत्पत्तिमकारि। वैदिकवाङ्मये मनसा पर्यायत्वेन मनस्, चेतस्, चित्तम्, हृदयम्, सङ्कल्पः, आकूतिः, मेधा, धृतिः, मतिः, मनीषा, कामः, श्रद्धा, संज्ञानमित्येते शब्दाः प्रयुक्ताः। वस्तुतः नैकाऽपि कार्यसिद्धिर्मनसोऽन्यथासिद्धत्वे मानवस्येत्यविभ्रान्तम्। सृष्ट्युत्पत्तिमारभ्य मानवस्य मोक्षसिद्धिं यावत् तदेवैकं तत्त्वं कारणतां भजते। सृष्टेर्मूलं मनसः प्रथमो रेत (कामः) एवावर्त्तत। अयञ्चादिकामः कस्य मनसो धर्मः, कोऽसौ धर्मी? यतोहि कामस्तु मनसो विस्तार एव। तदेतस्यादिकामोद्भवस्य कुतः समुद्भवः इति निर्दिशति भगवती श्रुतिः 'आनीदवातं स्वधया तदेकं तस्माद्धान्यन्यः परः किञ्चनास'। अर्थात्तस्यैव परात्परस्य स्वमायया स्वशक्त्या प्राणनक्रिया समुद्भूता। सेयं जगत्सृष्टिः कामनामयस्य मनस एव विस्तारः, मन एव सृष्टेर्मूलमस्याः। मानवस्य प्रत्येकमपि कर्म मनस एव प्रतिफलं 'यन्मनसा ध्यायति तद्वाचा वदति, यद्वाचा वदति तत्कर्मणा करोति, यत्कर्मणा करोति तदभिसम्पद्यते। मनुष्यस्य क्रियासु साफल्यं वैफल्यं वापि मनसि एव आश्रितं वर्त्तते। अत एव

शिवसंकल्पसूक्ते बहुशः उपदिशति भगवती श्रुतिः तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु। यजुर्वेदस्य चतुर्त्रिंशाध्यायस्य प्रथमे मन्त्रषट्के मनसः सर्वनामत्वेन यत्-तदोः प्रयोगः विशेषेण विचारणीयः वर्त्तते। एताभ्यां पदाभ्यां मनसः कर्त्तृत्वम्, करणत्वम्, आधारत्वं प्रख्यापितं मन्त्रकृद्भिः ऋषिभिः। तत्रैतस्मिन्मन्त्रषट्के प्रथमायां षोढा यच्छब्दप्रयोगेण उदैतिप्रभृतीनां क्रियाणां मनसि एव कर्त्तृत्वम्। येनेति मनसः करणत्वेन त्रिकृत्वः प्रयोगः। तेनात्र भूतभविष्यद्वर्त्तमानानां परिग्रहणे मनसः साधनत्वमवसीयते। यस्मिन्निति त्रिकृत्वोऽधिकरणत्वेन यच्छब्दप्रयोगेण मनसः द्रव्यत्वमनुष्ठितम्। विविधानां कर्मणामाश्रयमेतन्मनः। यस्मादिति अभावार्थे ऋतशब्दयोगे पञ्चम्याः प्रयोगः मनसः संकल्पविकल्पौ परिहृत्य न हि किञ्चिदपि कर्म शक्यमनुष्ठातुम्। वस्तुतोऽस्याः पञ्चम्या एव आधुनिकस्य मनोविज्ञानस्य सूत्राणि समुद्धृतानि। आधुनिकमनोविज्ञाने मनसः प्राकृतिकशक्तीनां सामान्यप्रवृत्तीनाञ्चाध्ययनं क्रियते। सामान्यतः मनोविज्ञाने निर्णयः, कल्पना, विचारः, तर्कः, स्मृतिः, भाषा, चेतना, रुचिः, अवधानम्, क्लान्तिः इत्यादीनामध्ययनं क्रियते। आधुनिकमनोविज्ञानस्य भाषायामेते तन्त्रिकातन्त्रम्, ग्राहकः, प्रभावकः, प्रत्यक्षम्, अवधानम्, अधिगमः, स्मृतिः, चिन्तनम्, भावसंवेगः, अभिप्रेरणम्, व्यक्तित्वमिति शब्दैः व्यपदिश्यन्ते। वस्तुतः मनस्तत्त्वस्य विषयोऽतिविशालः यतो ह्यत्र समेषामपि प्राणिनां व्यवहारस्याऽध्ययनं क्रियते, प्राणिनाञ्च व्यवहारविस्तारोऽपरिमितः। अतो हेतोरेव प्रकरणममुमवबोद्धुमत्राभ्यान्तरप्रकारेण बाह्यप्रकारेण च शिवसंकल्पसूक्तस्य परिशीलनं करिष्यते। तत्राभ्यान्तरप्रकारेण षट्मन्त्रात्मकमाधृत्य बाह्यप्रकारेण चाधुनिकमनोविज्ञानस्य सिद्धान्तान्नाधृत्य परिशीलनं विधास्यते, तदैव सर्वाङ्गीणमध्ययनं भवति किल।

# 16
# वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण संरक्षण


**सुश्री नीतू कुमारी**

शोध छात्रा, वास्तुशास्त्र, श्रीलालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली

*Email: kumarineetu81@gmail.com*


भारतीय ज्ञानगंगा रूपी वेदों में पर्यावरण संरक्षण के लिए वैज्ञानिक विवरण प्राप्त होते हैं। पर्यावरण के विभिन्न आयाम होते हैं जिन्हें प्रमुख से दो भागों में विभाजित किया जा सकता है- (1) भौतिक पर्यावरण (2) सांस्कृतिक पर्यावरण। भौतिक पर्यावरण में पञ्चमहाभूत, वृक्ष-वनस्पतियाँ तथा जीव-जन्तु समाहित होते हैं। सांस्कृतिक पर्यावरण में सामाजिक, धार्मिक, मानसिक, राजनीतिक, याज्ञिक पर्यावरण आदि की गणना की जाती हैं। पर्यावरण के तत्त्वों में पञ्चमहाभूतों का स्थान अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इन तत्त्वों का महत्त्व और संरक्षण वैदिक साहित्य में सम्यक् प्रकार से पद-पद पर दृष्टिगोचर होता है। वैदिक साहित्य में वृक्ष आरोपण को प्रोत्साहन दिया गया है। यजुर्वेद (16/17) में वृक्षों को देवत्व का स्थान प्राप्त है। वैज्ञानिक भी पर्यावरण की शुद्धि के लिए यज्ञ का महत्त्व स्वीकार करते हैं। सामाजिक पर्यावरण को मानवीय गुणों से ओत-प्रोत बनाना चाहिए। ऋग्वेद में कहा है कि तुम सब मिलकर एक साथ कार्यों को सम्पादित करो। वैदिक वाङ्मय में धर्म का महत्त्च है। धर्म से उत्कृष्ट तत्त्व इस संसार में कुछ भी नहीं है - *यद्धर्मस्तस्माद्धर्मात्परं नास्ति* (बृहदारण्यकोपनिषद् 1/4/14)। मनुष्य का मन ही समस्त इन्द्रियों का नियामक होता है। मन का पवित्र होना समस्त कल्याण का कारण है। यजुर्वेद (34/1) में मन को ज्योति कहकर उसे शुभ संकल्प वाला बनाने की बात कही गई है। अथर्ववेद (6/53/3) में भी मन को कल्याण के पद पर चलने के लिए प्रेरणा दी गई है।

अतः वैदिक वाङ्मय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जो संवेदना दिखाई देती है वह अतुलनीय है। पर्यावरण के विविध आयामों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान हमारे वेद रूपी खजानों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। वेदोक्त उपायों को यदि समस्या के निवारण के लिए सम्यक् रीति से पालन किया जाए तो आधुनिक काल की विविध समस्याओं का समाधान स्वयं ही हो जाएगा।

## 17

## सामवेदीय छान्दोग्योपनिषद् में उद्गीथ दृष्टि से ओङ्कार उपासना की महत्ता

**सुश्री नेहा**

शोधच्छात्रा, श्रीलालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, दिल्ली

*Email: neha.jaluthria88@gmail.com*

उपासना शब्द उप+आस्+युच्+टाप्, स्त्रीलिङ्ग से बना है। आराधनम् '*चित्तस्य समानप्रत्ययप्रवाहकरणमिति यावत्।*' यथा- *उपासनं नाम समान प्रत्ययप्रवाहकरणम्*। उपासना चित्त की शुद्धि करती है। छान्दोग्योपनिषद् सामवेदीय तवलकार ब्राह्मण के अन्तर्गत है। केनोपनिषद् भी तवलकार शाखा की है इसलिए इन दोनों का एक ही शान्तिपाठ है। इसकी वर्णनशैली अत्यन्त क्रमबद्ध और युक्तियुक्त है। इसमें तत्त्वज्ञान और तदुपयोगी कर्म तथा उपासनाओं का बड़ा विशद और विस्तृत वर्णन है। ओङ्कार उपासना अन्य उपनिषदों में इस प्रकार है- '*एतदालम्बनं श्रेष्ठमेतदालम्बनं परम्। एतदालम्बनं ज्ञात्वा ब्रह्मलोके महीयते।।*' अर्थात् यह (ओम्) श्रेष्ठ आलम्ब है यही सबका परम आलम्ब है। इस आलम्बन को भली-भांति जानकर (साधक) ब्रह्मलोक में महिमान्वित होता है (कठोपनिषद्-(१/२/१६))।

उद्गीथदृष्टि से ओङ्कार उपासना का फल - अतः सभी मनुष्यों को उपासना करनी चाहिए। इन उपासनाओं का अपना ही विशेष महत्त्व है। जो इस प्रकार जानने वाला पुरुष इस उद्गीथ अक्षर की उपासना करता है, वह निश्चय ही सम्पूर्ण कामनाओं को समृद्ध करने वाला होता है।

## 18

## धर्मशास्त्रग्रन्थेषु प्रतिपादितयोः नामकरणान्नप्राशनसंस्कारयोः व्यवहारिकता

**डॉ. पंकजा घई कौशिकः**

संस्कृत, लेडीश्रीराममहाविद्यालयः, दिल्ली

*Email: pankaja22200@gmail.com*

संस्कारः जीवनयात्रायां विधीयमानमनुष्ठानमित्यवगम्यते। अशेषजगतः संस्कृतौ संस्काराः विद्यन्ते । इमे संस्काराः मानवजीवनस्य विविधवयस्कालेषु भूयमानान् महदवसरान् प्रदर्शयन्ति। सामाजिकप्रतिष्ठाम् अप्यवाप्तुं संस्काराः अनुष्ठीयन्ते। मानवस्य समग्रविकासस्य कल्याणस्य च सम्पादनं समाजेन विश्वेन वा सह कथं भवेदिति

संस्काराणाम् अनुष्ठानस्य प्रमुखः उद्देश्यः वर्तते। जीवने शुद्धता आयाति। जीवनविकासस्य प्रत्येकं चरणं शारीरिकक्रियारूपं नास्ति अपि तु तस्य सम्बद्धः बुद्धया भावनया आध्यात्मिकोन्नत्या च सह भवति। जार्जकार्दोनामहोदयेन संस्काराणाम् उत्तमविश्लेषणं विहितं ...'वस्तूनां यथायोग्यं संस्कारो भवत। तद्यथान्नस्य पोकादि गुणविशेष आधीयते पाकात्पूर्व चौदनस्यावहननादि संस्कारो भवति। तद्यद्द्रव्यस्य शुद्धौ स्मृतिकारैः संस्कारो विहितः यथा कांस्यपात्रस्य भस्मना शोधनम्। यथैवान्नादीन्युचेतनानि द्रव्यानि संस्क्रियते तथैव पुरुषोऽपि संस्क्रियते। तद्यथा केशश्मश्रुवपनदन्तधावननखकर्तनस्नानैर्यजमानो यज्ञियो भवति।' ननाशास्त्रेषु उद्धृतान् बहुविधान् मतमतान्तरान् आहत्य 'गर्भाधानसंस्कारतः अन्त्येष्टिसंस्कारतपर्यन्तं षोडशसंस्काराः उल्लिखिताः। तेषु एकादशसंस्काराः बाल्यावस्थया सम्बद्धाः। तेषु एकादशेषु अपि नामकरणसंस्कारः अन्नप्राशनसंस्कारश्च अन्यतमौ।

सामाजिकस्तरे व्यवहाराय मानवस्य नाम्नः अतीवमहत्त्वं खलु। स्वकीयेन नाम्ना एव मानवः कीर्तिम् अवाप्नोति। धर्मशास्त्रकाराः नामकरणसंस्कारम् आधृत्य बहुविधान् सिद्धान्तान् प्रतिपादितवन्तः। तद्यथा नाम्नः आधाराः के के स्युः। बालकस्य बालिकायाः वा कति नामानि स्युः। केन नाम प्रदातव्यम्। नाम्नः कति अक्षराः भवेयुः। बालकानां बालिकानाञ्च नाम भिन्न-भिन्नैः अक्षरैः स्यात्। सामाजिकदृष्ट्या वर्णानामाधारेण नामानि भवितव्यानि इति कैश्चित् धर्मशास्त्रकारैः व्यवस्थितम्। सर्वैः शास्त्रकारैः चतुर्विधाः आधाराः कथिताः तेषु नक्षत्राधारितं नाम मासदेवताधारितं नाम कुलदेवताधारितं नाम लौकिकं नाम चेति सन्ति।

बाल्यकालस्य अन्यतमेन अन्नप्राशनासंसकारेण शिशोः दैहिकविकासाय अनुकरणीयाः विधानाः प्रस्तुताः। शिशवे प्रथमवारम् अन्नं खादयितुं कालः सुनिश्चितः धर्मशास्त्रकारैः। विषयेऽस्मिन् विविधानां स्मृतिकाराणां मतवैभिन्न्यं दृश्यते। कैश्चन जन्मतः षण्मासानन्तरम् अन्नप्राशनसंस्कारस्य कालः निर्धारितः। परं तु केचन शास्त्रकाराः द्वादशमासे अन्नप्राशनस्य विधानं कुर्वन्ति। प्रसंगेऽस्मिन् अन्नस्य विविधप्रकाराः उल्लिखिताः। आमिषनिरामिषयोः उभयविधयोः भोजनस्य निर्देशाः लभन्ते। परं तु समीचीनकाले शिशोः पोषणाय वर्धनाय च उत्तमभोजनं तस्यै तस्मै वा प्रदातव्यम् इत्यस्मिन् विषये सर्वे शास्त्रकाराः एकमताः शोधपत्रेऽस्मिन् धर्मशास्त्रग्रन्थेषु उल्लिखितयोः नामकरणान्नप्राशनसंस्कारयोः विविधाः प्रक्रियाः तासां महत्त्वं व्यवहारिकता च प्रस्तूयते। शोधस्यास्य कृते मूलधर्मशास्त्रग्रन्थाः अन्ये च सहायकग्रन्थाः पठिताः प्रयुक्ताश्च।

## 19

# वैदिकज्ञानस्य व्यावहारिकपक्षः : पारिवारिकपरिप्रेक्ष्ये

**डॉ. पूनम लखनपाल**

एसोसिएट प्रोफेसर अध्यक्षा च, संस्कृत, रघुनाथमहिलामहाविद्यालये, मेरठम्

*Email: jain444rajeev@gmail.com*

सुविदितमेवैतद् यत् भारतीयधर्मस्य भारतीयसंस्कृतेश्च मूलं, धर्मार्थकाममोक्षेति चतुर्विधापुरुषार्थानां साधनं, सर्वेषामार्याणां हिन्दूनां वा परमं प्रमाणं वेदा एवेति। यदि ऐहिकपारलौकिकं प्रत्यक्षमप्रत्यक्षं वा ज्ञानं ब्राह्मणग्रन्थेषु उपनिषत्सु वा सम्प्राप्यते तत्सर्वं वेदादेव। वेदार्थानुशीलनाद् ज्ञायते यत् वेदा हि विविधज्ञानविज्ञानराशयः,

संस्कृतेराधाररूपा:, कर्त्तव्यावबोधाका:, शुभाशुभनिदर्शका:, आचारसंचालका:, सुखशान्तिसाधका:, ज्ञानालोकप्रसारका:, नैराश्यविनाशकाश्च सन्ति। वेदा: अपौरूषेया:। वेदा खलु ज्ञानराशय:, तेषां ज्ञानस्य अतीव महत्ता विद्यते किन्तु एतेषां सर्वेषां ज्ञानानां व्यावहारिकपक्षोऽपि अतीव महत्त्वपूर्णोऽस्ति सामाजिकव्यावहारिकदृष्ट्या वेदा: तथैवोपयोगिन: सन्ति यथैव धार्मिकदार्शनिकवैज्ञानिकाध्यात्मिकदृष्ट्या। विविधविद्यानां, सकलशास्त्राणां, सर्वधार्माणां, विश्वसंस्कृतीनां विभिन्नदर्शनानां, कमनीयकलानां च स्रोतांसि वेदेषु प्राप्यन्ते। अतएव विश्वस्य सर्वासां समस्यानां समाधानं वेदेषु गवेष्यते।

आधुनिकयुगे सामाजिकदृष्ट्या अनेका: समस्या: दृश्यन्ते यथा सम्बन्धेषु माधुर्याभाव:, परिवारेषु संगठनाभाव:, सम्बन्धिषु स्नेहाभावश्च। तासु समस्यासु पारिवारिकविघटनमिति महती समस्या वर्तते। पारिवारिकदृष्ट्या आधुनिकपरिप्रेक्ष्ये वेदानां प्रासंगिकता विद्यते। वैदिकर्षि: पारस्परिकस्नेहसौहार्दमयपरिवारस्य कल्पनां करोति। स: देवेभ्य: पारिवारिकसौमनस्याय प्रार्थयति – '*अनुव्रत: पितु: पुत्रे मात्र भवतु संमना:। जाया पत्ये मधुमतीं....सव्रता: भूत्वा वाचं वदत भद्रया*' (अथर्व 3.30.2–3)। भौतिकतावादी आधुनिकमानव: दिग्भ्रमित: पथभ्रष्टोऽभवत्। अतएव परिवारेषु पारस्परिकईर्ष्याद्वेष– कालुष्यविघटनादीनामाधिक्यं प्राप्यते। यदि परिवारेषु सौहार्दस्याभावो भविष्यति तर्हि समाजे राष्ट्रे वा सौहार्द कौटुम्बकत्वं कथं भवितुं शक्यते। वैदिकर्षय: प्रार्थयन्ति– '*संगच्छधवं संवदधवं सं वो मनांसि जानताम्.....समानेन वो हविषा जुहोमि*' (ऋग्वेदे 10.191.2.3)। ईदृशी प्रार्थना आधुनिकयुगेऽपि मानवजीवनं प्रेरयति। एभि: प्रार्थनाभि: उपासनाभि: मानवजीवनं सहजं सुखपूर्णप्रगतिपथानुगामी भवितुं शक्यते। नि:सन्देह: सामाजिक पारिवारिक परिप्रेक्ष्ये वेदा अद्यापि प्रासंगिका: सन्ति। तेषां महती उपादेयता विद्यते। अयमेव वैदिकज्ञानस्य व्यावहारिकपक्ष:। वेदा: न केवलं पूजनीया: ते वरणीया: करणीया: आचरणीयाश्च।

# 20
# वैदिक संहिताओं में पर्यावरणीय अवधारणा

**Ms. Prachi**
M.Phil., Jawaharlal Nehru University, New Delhi
*Email: prachiaryasipra@gmail.com*

मानव और पर्यावरण का परस्पर गहरा सम्बन्ध है। अग्नि, जल, पृथ्वी, वायु और आकाश किसी न किसी रूप में ये जीवन का निर्माण करते हैं, उसे पोषण देते हैं। हमारे आसपास प्रकृति में जो वस्तुएं, परिस्थितियां एवं शक्तियां विद्यमान हैं, वे सभी हमारे क्रियाकलापों को प्रभावित करती हैं और उसके लिए एक दायरा सुनिश्चित करती है, यही पर्यावरण है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति के उपकारक तत्त्वों को 'देव' कहकर उनके महत्त्व को प्रतिपादित किया है, साथ ही मनुष्य के जीवन में उनके पर्यावरणीय महत्त्व को भी भलीभांति स्वीकार किया है। ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में दिव्य, पार्थिव और जलीय देवों से कल्याण की कामना स्पष्ट रूप से उल्लिखित है। यजुर्वेद में '*मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे*' का संकल्प व्यक्त है अर्थात् सभी प्राणियों के प्रति सहृदयता का परिचय देना जीवन का सही लक्षण है। आज जिसे

पारिस्थितिकी तन्त्र कहते हैं उसमें भी कार्य तथा रचना की दृष्टि से विभिन्न जीवों तथा वातावरण की मिली जुली इकाई का ही स्वरूप विश्लेषण किया जाता है। चूंकि पादप और जन्तु दोनों ही पर्यावरण के प्रमुख घटक हैं इसलिये दोनों का ही सन्तुलित अनुपात परमाश्यक है। निस्सन्देह प्रकृति विज्ञान में असंतुलन उपस्थित करना विनाश को आमन्त्रण देना ही है। वेद में भावी पीढ़ी का खजाना प्राकृतिक वनस्पति और जल को कहा गया है- '*पूरूणि रत्ना दधतौ नयस्मे अनु पूर्वाणि चख्यथुर्युगानि*'। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी की माता के रूप में स्तुति की गई है। वस्तुतः वेदनिरूपित पर्यावरणीय अवधारणा स्वस्थ जीवन का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रस्तुत शोधपत्र में वैदिक भावना से पर्यावरणीय सम्पदा के उपयोग एवं उपभोग से नदी, पर्वत, वन, उपवन, ग्राम, नगर हर जगह स्वस्थ परिवेश तथा जीवन के विकास को दर्शाने का प्रयास किया जायेगा।

# 21
# ऋग्वेद में वर्णित वाक् का तत्त्वमीमांसीय, ज्ञानमीमांसीय एवं व्यावहारिक चिन्तन

**सुश्री प्रज्ञा**
शोधच्छात्रा, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: pragya.maitrih@gmail.com*

प्रस्तुत पत्र में ऋग्वेद के वाक् सूक्त एवं अस्यवामीय सूक्त में वर्णित 'वाक्' के आधार पर चिन्तन प्रस्तुत किया जायेगा। इस चिन्तन के तीन पक्ष हैं- तत्त्वमीमांसीय, ज्ञानमीमांसीय एवं व्यावहारिक। ज्ञानमीमांसीय पक्ष के अनुसार वाक् अभिव्यक्ति ही नहीं अपितु चिन्तन का भी साधन है। वाक् के अभाव में कोई भी बुद्धि व्यापार अथवा चिन्तन सम्भव नहीं है। तत्त्वमीमांसीय पक्ष में वाक् जगत् का उत्पादक सर्वसामर्थ्यशाली तत्त्व है। *अहं राष्ट्री संगमनी वसूनां चिकितुषी प्रथमा यज्ञियानाम् (ऋ. १०.१२५.३)*। वाक् के दो स्तर हैं- मन्त्र स्तर पर वाक् साधना का विषय है तथा प्रपञ्च अथवा व्यवहार स्तर पर वाक् स्वयं से अतिरिक्त का बोध कराती है जैसे रज्जु में सर्प का आरोप। यह सत्ता पर नाम का आरोप करती है यथा बाह्य जगत् में जो अर्थ है उस पर वृक्ष नाम आरोपित करना। व्यावहारिक पक्ष में वाक् सत्ता के महासमुद्र में विविधरूपों के तक्षण का कार्य करती है। *गौरीर्मिमाय सलिलानि तक्षति। (ऋ.१.१.६४.४१)* व्यवहार में जल तत्त्व की अनेकता नहीं है तथापि सलिलानि में बहुवचन वाक् की सृष्टिपरकता दिखाता है। इसी प्रकार वाक् सत्ता का सृजन, प्रतिनिधित्व, भेद का सृजन, आवरण, काल्पनिक सत्ता का सृजन भी करती है। इससे स्पष्ट है कि वाक् सत्ता के सापेक्ष नहीं अपितु सत्ता से स्वतन्त्र सृष्टि करती है। भारतीय एवं पाश्चात्य संस्कृतियों के मौलिक अन्तर का कारण वाक् के पृथक्-पृथक् स्वरूप की स्वीकार्यता की सिद्धि है। भारतीय संस्कृति का मूल श्रुति (वेद) है। यह वाक् की प्रधानता द्योतित करता है। पाश्चात्य संस्कृति में लिखित ग्रन्थों की प्रधानता है। अतः वहाँ लिखित रूप अधिक प्रामाणिक है। इसीलिये भारतीय दृष्टि वाक्, ज्ञान एवं सृष्टिपरक है इसके विपरीत पाश्चात्य दृष्टि लेखन, सम्प्रेषण तथा प्रस्तुतिपरक है। वाक् का यह विराट् स्वरूप भारतीय चिन्तन एवं व्यवहार में प्रारम्भ से है। पश्चिम में 20वीं शताब्दी में वाक् की स्थूलरूप 'भाषा' केन्द्रस्थानीय विधा बनी एवं सारी विधाओं का भाषा की दृष्टि से अध्ययन किया जाने लगा। वाक् की प्रधानता जानने के बाद ही पश्चिमी ज्ञानतन्त्र के व्यवहार में यह Linguistic Turn आया है।

# 22
# ऐतरेयब्राह्मण में वर्णित 'राज्य व्यवस्था'

**सुश्री प्रज्ञा शुक्ला**
शोधच्छात्रा, श्रीलालबहादुशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली
*Email: pragyadixit1989@gmail.com*

ब्राह्मणग्रन्थों में वैदिक राज्य की सुव्यवस्थित एवं क्रमबद्ध परिकल्पना प्राप्त होती है। वैदिक पदानुक्रमकोश के ब्राह्मण भाग में उपलब्ध 'राजन्', 'राज्ञी', 'राजकर्तृ', 'राजकुल', 'राजकृत', 'राजन्य', 'राजपुत्र', 'राजाधिराज' आदि शब्दावली इस विचार को और अधिक बल प्रदान करती है। '*ते देवा अब्रुवन्नराजतया वै नो जयन्ति। राजनं करवामहा इति, तथैति सोमं राजनं कुर्वस्ते सोमेन राज्ञा सर्वादिशोऽजयन्*'- ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार राज्य की उत्पत्ति का मूल कारण सामाजिक सुरक्षा है। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार देवासुर युद्ध में असुरों ने देवों को परास्त कर दिया। इस पर देवों ने कहा राजा न होने के कारण असुर हमें जीतते हैं, अतः हमें राजा का चयन करना चाहिए। उन्होंने सोम को अपना राजा बनाकर सब दिशाओं में विजय प्राप्त की। इस प्रकार वैदिक काल में राजपद के मनोनय व निर्वाचन की व्यवस्था का विकास ज्ञात होता है किन्तु राजा के स्वेच्छाचारी होने पर उसे सत्ता से च्युत करने का भी प्रावधान था। ऐतरेय ब्राह्मण में अत्यराति नें जब अपनें पुरोहित सत्यहव्य से छल किया तो उसे पदच्युत कर दिया गया। राज्य की मूलभूत इकाई परिवार थी। पितृसत्तात्मक परिवारों की प्रधानता होने से पिता को गृहपति कहा जाता था। गृहस्थ का मूल आधार पत्नी थी अतः ऐ०ब्रा में '*जाया गार्हपत्यः*' कहा गया। ब्राह्मण काल में स्थायी राज्यों का विकास हो चुका था और जन जनपदों का रूप ले चुके थे। ऐतरेय ब्राह्मण में दक्षिण में सत्वत, हिमालय के परे 'उत्तर कुरू', 'उत्तर मद्र', 'कुरू पांचाल', 'वश' एवं 'उशीनर' जनपदों का वर्णन प्राप्त होता है। ब्राह्मण काल में विभिन्न शासन पद्धतियों के विषय में भी वर्णन प्राप्त होता है- '*अग्निष्ट्वा...तानहमनुराज्याय, साम्राज्याय, भौज्याय, स्वाराज्याय, वैराज्याय, पारमेष्ठ्याय, राज्याय, महाराज्यायाऽऽधिपत्याय, स्वावश्ययायाऽऽअतिष्ठायाऽऽरोहामि।*' ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार राज्याभिषेक के अनन्तर राजा आसन्दी पर आरूढ होते हुए कहता है कि 'मैं तुझ पर संचालन के लिए साम्राज्य, भौज्य, स्वाराज, पारमेष्ठ्य, राज्य, महाराज्य, आधिपत्य, स्वावश्य और आतिष्ठ नामक शासन पद्धतियों को प्राप्त करने के लिए आरूढ होता हूं।'

प्राची दिशा के राज्यों में राजाओं का 'साम्राज्य' के लिए अभिषेक होता था और वे 'सम्राट' कहलाते थे। दक्षिण दिशा के सत्वत 'भौज्य शासन पद्धति' के लिए शासन कराते थे और वे 'भोज' कहलाते थे। प्रतीचि दिशा के 'स्वराज्य' शासन पद्धति के लिए अभिषेक करा कर 'स्वराष्ट्र' कहलाते थे। ऐतरेय ब्राह्मण के अनुसार आधिपत्य, स्वावश्य और आतिष्ठ देवों की शासन पद्धतियां थी। इस समय तक एक ऐसी राज्य संस्था का विकास हो चुका था जिसका शासक सार्वभौम एकराष्ट्र कहलाता था तथा उसका राज्य समुद्रपर्यन्त तक फैला होता था। '*अयं समन्तपर्यायी स्यात्सार्वभौम...पृथिव्यै समुद्र पर्यन्ताया एकराडिति।*' इस प्रकार वह पुरोहित के साथ राजद्रोह न करने की भी शपथ लेता है।

इस प्रकार ब्राह्मण काल में राजाओं का अपनें शासित प्रदेशों पर सुदृढ शासन स्थापित हो चुका था। ब्राह्मण काल में राज्यों की स्थापना, उसके संचालन व शासन व्यवस्था के प्रामाणिक तथ्य प्राप्त होते हैं।

# 23
# पारिस्थितिकीय चेतना : वैदिक दृष्टि

**डॉ. प्रतिभा शुक्ला**

एसोसिएट प्रोफेसर, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार

*Email: pratibhashukla.up@gmail.com*

वैदिक वाङ्मय में पारिस्थितिकीय चेतना का महत्व वर्णित है। ऋषियों ने इसके संरक्षण पर बल दिया है जिससे पृथिवी, जल, तेज, आकाश, वायु, वन, पर्वत, नदियाँ, समुद्र, वनस्पतियाँ, औषधियाँ, सूर्य, चन्द्र, मानव एवं अन्य जीव-जन्तु सन्तुलित रहकर सह-अस्तित्व बनाये रखें। वेदों के अनुसार आकाश पिता है और पृथिवी हमारी माता है- '*द्यौर्मे पिता जनिता नाभिरत्र बन्धुर्मे माता पृथिवी महीयम्*' (ऋ. 1/164/33)। वैदिक ऋषियों ने स्वयं को पृथिवीपुत्र के रूप में देखकर प्रकृति से अभिन्नता का अनुभव किया है- '*माता भमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:*' (अथर्व. 12/1/12)। जल जीवन है। सरोवर नदी समुद्र वर्षा आदि जल के स्रोत हैं। जल में औषधियों के तत्व विद्यमान होते हैं। अत: जल सारे रोगों का इलाज है। छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार मेघ जल की भस्म है। सम्पूर्ण जीव जगत् हेतु नदियों का महत्वपूर्ण योगदान है। सरस्वती, सिन्धु सरयु आदि नदियाँ, पर्वतों के मध्य से हमारी रक्षा करती हुई प्रवाहित हो रही हैं (ऋ. 10/164/9)। पारिस्थितियों में समुद्र अपना विशेष स्थान रखता है। ऋग्वेद में कथन है कि कूप, नदी तथा वर्षा के रुप में प्राप्त जल उमड़कर सागर में जा रहे हैं (7/49/2)। शतपथ ब्राह्मण में अग्नि को देवताओं का मुख कहा है (3/9/1/6)। निरुक्त में '*अग्नि: सर्वा: देवता:*' कहकर उसे सभी देवों का निवास स्थान बताया गया है (7/4/17)। वैदिक ऋषियों की दृष्टि में सूर्य जड़ एवं चेतन जगत् की आत्मा है। वह प्राणियों को प्रकाश, उष्णता एवं चेतना प्रदान करता है। सूर्य का निवास स्थान द्युलोक है-'*सूर्यो द्युस्थान:*'। अथर्ववेद में सूर्य को प्राणिमात्र का नेत्र एवं नेत्रों का अधिपति माना है- '*सूर्यो भूतस्येकं चक्षु:*' (10/37/7)। ऋग्वेद के अनुसार चन्द्रमा की उत्पत्ति विराट् पुरुष से हुई है- '*सूर्योचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्* (10/190/3)'।

वायु अमृतरुप, भेषजरूप एवं जीवनरक्षक है । निरुक्त के अनुसार वायु का स्थान अन्तरिक्ष है। प्राण और वायु दोनों एक ही तत्व हैं। अथर्ववेद का कथन है कि वायु ही प्राण है- '*वातो ह प्राण उच्यते*' (11/4/15)। तैत्तिरीय संहिता (2/1/1/1) में प्राण को वायु कहा गया है। पारिस्थितिकी में वनसम्पदा का महत्वपूर्ण स्थान है। ऋग्वेद में वन-वीथी के विषय में कहा गया है कि वन्य पशुओं की माता है (10/146/6)। अथर्ववेद में अरण्य हमारे लिए सुखदायी हों- '*अरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तु*' (6/40/11) कहा है। ऋग्वेद में वृक्ष से प्रार्थना है- '*वनस्पते शतवल्शो विरोह*' (3/8/11)। आज विश्व अनेक प्रकार के प्रदूषणों से ग्रस्त है। हमें शिक्षा लेनी चाहिए इस वेदमन्त्र से जिसमें कहा गया है कि वृक्षों को मत उखाड़ो,

वे प्रदूषण को रोकते हैं (ऋ. 6/48/17)। पर्वतसम्पदा पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण भाग है। विशाल पर्वतों के पीछे से जल उमड़कर आता है– '*वि त्वदापो न पर्वतस्य पृष्ठात*' (ऋ. 6/24/6)। प्रस्तुत पत्र में वैदिक दृष्टि से पारिस्थितिकी पर विचार किया है।

# 24
# वैदिक आशावाद


**श्री राहुलार्य**

शोधच्छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: rahul94aryahcdu@gmail.com*


वैदिक ज्ञान अथवा वैदिक धर्म के विस्तृत एवं विविध तथा विशिष्ट स्वरूप के अनुकूल ही वैदिक ज्ञान अथवा वैदिक धर्म के असंख्य वैशिष्ट्य हैं, उन्हीं असंख्य वैशिष्ट्यों में अन्यतम एवं अद्वितीय वैशिष्ट्य है– *आशावाद। आसमन्ताद् अश्नुते व्याप्नोतीति* = आशा (दीर्घाकांक्षा, आङ्+अश्+पचाद्यच्+टाप्) अर्थात् आशा वह तत्त्व है जो नैराश्यभाव को तिरस्कृत करता हुआ वेदप्रतिपादित अथवा वेदज्ञानोद्भावित अन्तिमलक्ष्यत्वेन तत्त्वबोध की प्राप्ति के लिए जीवन के प्रत्येक स्तर पर मानव मात्र को कालत्रय में प्रेरकता प्रदान करता है। आशा मनुष्य का शुभसंकल्प है, प्राणियों में वह अमृततत्त्व के समान व्याप्त है। जैसे सम्पूर्ण वनस्पति जगत् सूर्य से पोषण पाता है, वैसे ही मानव जगत् में आशायें ही शक्ति का संचार कर मानव को संपुष्ट करती हैं। हमारा वैदिक साहित्य एवंविध आशावाद के ओजपूर्ण एवं जीवनपथ पर अग्रेसर करने वाले भावों से परिपूर्ण है– '*ओजोऽस्योजो मयि धेहि*' (यजु. 19/9), '*अदीनाः स्याम शरदः शतम्*' (यजु. 36/24), '*मदेम शतहिमाः सुवीराः*' (अथर्व. 20/63/3), '*विश्वदानीं सुमनसः स्याम*' (ऋक्. 6/52/5), '*अस्माकं सन्त्वाशिषः*' (यजु. 2/10) इत्यादि।

वैदिक आशावाद के उदात्त रूप का अनुसरण करते हुए उपनिषद्, रामायण महाभारतादि शतशः ग्रन्थों ने भी मानव जीवन के अन्धकारोन्मुख नैराश्य के समाधान के लिए अथवा उसके वारण के लिए आशावाद का संचार किया है। इस प्रकार इस शोधपत्र में आशावाद के सार्वकालिक महत्त्व एवं वैशिष्ट्य को ध्यान में रखते हुए यह समुपदिष्ट किया जायेगा कि वैदिक आशावाद किस विधा से नैराश्य रूपी राक्षस एवं पाप को आशारूपी देवत्व एवं पुण्य में परिणत करता है तथा मानवीय प्रगति की मूल आशावादिता का आश्रय प्राप्त करके ही मानव मात्र अपने सर्वविध उद्देश्य की पूर्ति में सक्षम एवं तत्पर हो पाता है। आशा ही वह तत्त्व है जो मानव को परिस्थितियों की दासता से मुक्त कर स्वयं भाग्य के निर्माण में प्रेरित करता है।

अतः मानवीय शक्तियों को विस्मृत करा देने वाले एवं मानवीय प्रगति में बाधक निराशात्मक भाव का परित्याग कर मानव मात्र को ध्येयोन्मुख होते हुए *चरैवेति–चरैवेति* इस सिद्धान्त को आत्मसात् कर उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिक्षण आशावान् रहना चाहिये, यही वेदमन्त्र है।

# 25

# प्राच्य संस्कृत साहित्य में युद्ध (व्यूह) कौशल

**डॉ. रजनीश शुक्ल**

प्राध्यापक, मुक्तस्वाध्यायपीठ, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली

*Email: rshuklaps@gmail.com*

वैदिक काल में जहाँ शान्ति के सन्देश हैं वहाँ युद्ध के प्रकरण भी बहुलता से उपलब्ध हैं। श्रुतिग्रन्थों एवं ब्राह्मण ग्रन्थों में युद्धवर्णन के अनेक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं जिनसे युद्ध के कारणों का पता चलता हैं। उन ग्रंथों में प्रमुख रुप से रामायण, महाभारत, भागवत पुराण, ऋग्वेद, मनुस्मृति, कौटिल्य अर्थशास्त्र और शुक्रनीति प्रमुख रूप से हैं। इनमें युद्ध के प्रमुख कारक तत्व हैं- आर्थिक, व्यापारिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक आदि। युद्ध क्षेत्र में सेना के खड़े होने की व्यवस्था सुनियोजित प्रकार से की जाती थी, उसी को व्यूह कहा जाता है। व्यूह-रचना पर ही जय एवं पराजय के अधिकतर परिणाम निर्भर रहते थे। सभ्यता के उदय के साथ ही मानव को अपनी अधिकाधिक सुरक्षा की आवश्यकता अनुभव हुई तो उसके लिए उसने एक ऐसे मनुष्य का चुनाव करना प्रारम्भ कर दिया जो प्रत्येक के लिए शान्ति व सुयोग्य हो।

युद्ध क्षेत्र में लड़ने के लिए सेना की जो सजावट और व्यवस्था की जाती थी, उसे व्यूह कहते थे। व्यूह-रचना युद्ध का बहुत बड़ा कौशल माना जाता है। कभी-कभी व्यूह-रचना के कारण छोटी सी सेना बड़ी सेना को पराजित कर देती है। सेना को युद्ध के लिए प्रतिरक्षात्मक स्थिति में खड़ा करने तथा उचित ढंग से आगे बढ़ाने के लिए व्यूहों का निर्माण किया जाता था। व्यूह-रचना पर ही जय एवं पराजय के अधिकतर परिणाम निर्भर रहते हैं। रामायण, महाभारत, शुक्रनीति, अर्थशास्त्र तथा मनुस्मृति आदि में व्यूह-रचना की सैद्धान्तिक व्याख्या है। आचार्य कौटिल्य के मतानुसार व्यूह-रचना दो अवसरों पर करनी चाहिए। एक तो उस समय, जब सेना युद्ध क्षेत्र में युद्ध के लिए प्रवृत हो, दूसरा उस समय जब सेना को शत्रु की दृष्टि से छिपाकर रख दिया जाए और छोटी सी सेना को रणभूमि में लड़ने के लिए उतार दिया जाए। व्यूह-रचना युद्धोपयोगी कला है। इसकी उपयोगिता सभी युगों के युद्धों के लिये अनिवार्य है। प्रत्येक व्यूह के दो पक्ष, दो कक्ष और एक उरस्य, इस तरह पाँच अंग होते हैं। सभी बिन्दुओं पर विस्तार के साथ पूर्ण आलेख में चर्चा करेंगे।

# 26

# ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में शिक्षा के सन्दर्भ

**डॉ॰ रामचन्द्र**

संस्कृत, युनिवर्सिटी कॉलेज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र

*Email-ram80du@yahoo.co.in*

ऋग्वेद वैश्विक ज्ञानपरम्परा का सबसे प्राचीन और सर्वोत्तम निदर्शन है। दश मण्डलों में परिसमाप्त इस ज्ञान के महाकोष में ज्ञान का अनन्त भंडार विद्यमान है। प्रकृत शोधालेख में ऋग्वेद

के प्रथम मण्डल में समागत शिक्षा विषय सन्दर्भों का समीक्षात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया जायेगा। एक मन्त्र में अध्यापक और राजा को श्रोत्रिय, पुरोहित और विद्यार्थियों तथा मन्त्रियों को संगत कर्म और शिक्षा से जोड़ने का आग्रह करते हुए उनसे सूर्य की भांति विद्या और न्याय का प्रकाश, प्रचार और आविष्कार करने का आग्रह किया गया है– '*मथीद् यदीं विभृतो मातरिश्वा....सन्ना दूत्यं भृगुवाणो विवाय*' (ऋग्॰, 1/71/4)।

विविध प्रकार के ज्ञान कौशल के साथ-साथ व्यक्ति को धार्मिक एवं सदाचारी होना चाहिए। इस कार्य को उत्तम शिक्षक एवं विद्वानों के अतिरिक्त कोई भी नहीं कर सकता है इसलिए निरन्तर उत्तम विद्या का प्रचार करें, जिससे सभी नागरिक विद्वान् एवं धार्मिक बने– '*ते हि वस्वो वसवानास्ते अप्रमूरा महोभिः। व्रता रक्षन्ते विश्वाहा*' (ऋ॰, 1/90/2)।

शिक्षा की समुचित उन्नति के लिए गुरु और शिष्य के परस्पर सहयोग की अपरिहार्यता की यज्ञ से तुलना की गई है। जैसे यज्ञ में सब प्रीति पूर्वक अनुष्ठान को पूर्ण करते हैं वैसे ही गुरु और शिष्यों को मिलकर नित्य प्रति उत्साह से विद्या वृद्धि का यत्न करना चाहिए– '*यच्चिद्धि ते विशो यथा प्र देवे वरुण व्रतम्। मिनीमसि द्यवि द्यवि*' (ऋ॰, 1/25/1)।

विद्यादान को सर्वोत्तम बताते हुए पठन-पाठन को सबसे बड़ा धर्म बताया गया है। मनुष्यों को नित्य पठन-पाठन की प्रेरणा दी गई है– '*श्रुतं गायत्रं तकवानस्याहं चिद्धि रिरेभाश्विना वाम्। आक्षी शुभस्पती दन्*' (ऋ॰, 1/120/6)। यहाँ संक्षेप में निदर्शन प्रस्तुत किया गया है। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल में इस प्रकार के अनेक बहुमूल्य शिक्षा विषयक सन्दर्भ प्राप्त होते हैं। इस आलेख में उनके समीक्षण पूर्वक प्रतिपादन का प्रयास किया जायेगा।

# 27
# श्रीमद्भगवद्गीता में आत्मप्रबन्धन के तत्त्व

**प्रो. रामसेवक दुबे**
संस्कृत, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
*Email: dr.rsdubeyau@gmail.com*

सन्तुलन का नाम ही प्रकृति है। यह प्रकृति ईश्वर की अध्यक्षता में संपूर्ण सृष्टि का निर्माण करती है और इसी प्रकृति के द्वारा यह सम्पूर्ण संसार परिवर्तनशील बना रहता है। तद्यथा– '*मयाध्यक्षेण प्रकृतिः सूचते सचराचरम्। हेतुनानेन कौन्तेय जगद्विपरिवर्तते* (9/10)। यह प्रकृति ही है जो संसारचक्र को सदैव गतिशील बनाये रखती है। इस संसार में सुख-दुःख, हर्ष-विषाद तो ठण्डी और गर्मी की तरह आते-जाते ही रहते हैं किन्तु अज्ञानपाश में बँधे हुए संसारी हम मनुष्य कभी सुख के क्षणों में फूले नहीं समाते और इतने फूलें नहीं समाते कि दूसरों का तिरस्कार भी गाहे-बगाहे यदि हमसे हो जाता है तो हम उसे टाल जाते हैं किन्तु वही हम संसारी लोग जब दुःख की बेला में खुद को आंसूओं के उमड़ते भीषण सागर में सराबोर पाते हैं तो

नैराश्यभाव से आत्महत्या जैसे कृत्य करने से भी हममें से कुछ लोग नहीं चूकते और यदि सूक्ष्मैक्षिक रूप से देखा जाय तो हम सभी के जीवन में आने वाले ये सभी हिचकोले, ये समस्त उठा-पटक, ये सारे उतार-चढ़ाव और तनाव कहीं न कहीं हमारे द्वारा उत्पन्न असन्तुलन से उद्भूत हैं और असन्तुलित होना प्रकृति के विपरीत जाना है और प्रकृति के विपरीत जाना ही दुःख को न्यौता देना है। यह रही निचले स्तर की बात किन्तु यह दुःख ऐसा नहीं है कि बड़े-बड़े ज्ञानियों और मनीषियों के पास नहीं जाता। यह दुःख उनके पास भी जाता है किन्तु उन्होंने स्वयं को इतना सन्तुलित कर लिया है कि वे इन दुःख के थपेड़ों से विचलित नहीं होते।

जिसकी हसी से यह सृष्टि चलती है और जिसकी भृकुटी से इस सृष्टि का विनाश हो जाता है, जिससे यह प्रकृति स्वयं नियंत्रित होती हो, जो इस चराचर जगत् की सृष्टि, स्थिति और प्रलय का स्वयं एकमात्र कारण हो ऐसे श्रीकृष्ण जब स्वयं अर्जुन के रथ पर महाभारत के रण में सारथी के रूप में विद्यमान थे फिर भी अर्जुन विषाद से विगलति होता जा रहा था तो फिर हम सामान्य मनुष्यों का तो कहना ही क्या? ऐसे में हमें इस बात पर विचार करना चाहिए कि हमारे जीवन में जो भी दुःख है क्या वह अर्जुन के दुःख से बड़ा है? और यदि नहीं तो जब श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षा से अर्जुन का दुःख विनष्ट हो सकता है तो फिर आखिर हमारा दुःख क्यों नहीं विनष्ट हो सकता और यदि विनष्ट न भी हो तो कम-से-कम वह हमें असन्तुलित अथवा विचलित तो न ही करे। तो आखिर वे कौन-कौन से उपाय हैं जो व्यक्ति को दुःख के थपेड़ों को झेलने में ढाल या कवच सिद्ध होते हैं?

इन समस्त उपायों को ही इस शोधपत्र में आत्मप्रबन्धन के तत्त्व इस नाम से अभिहित किया है जिसका वर्णन विस्तृत रूप से किया जायेगा।

# 28
# 'पर्यावरण संरक्षण' : वैदिक एवं आधुनिक पर्यालोचन

**डॉ. रीना कुमारी**

भगिनी निवेदिता महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: reenakumariskt3@gmail.com*

वैदिक साहित्य में ज्ञान-विज्ञान के अनेकशः बिन्दुओं पर विचार विमर्श करने की आवश्यकता है, जिनमें 'पर्यावरण संरक्षण' भी एक मुख्य बिन्दु है। वैदिक काल में पर्यावरण से सम्बन्धित विविध मन्त्र प्राप्त होते हैं, जिनमें बताया गया है कि मानव को किस प्रकार प्राकृतिक नियमों का पालन करना चाहिए। ऋग्वेद (7.76.5) में कहा गया है कि एक स्थान पर एकत्र होकर वे एक ही निर्णय लेते हैं। वे एक-दूसरे के विरुद्ध प्रयत्न नहीं करते हैं। वे अपने कर्तव्यों की उपेक्षा न करते हुए, ऐश्वर्य के साथ रहते हुए, देवों के नियमों को अर्थात् प्राकृतिक नियमों को नहीं तोड़ते हैं- '*समान ऊर्वे अधिसंगतासः सं जानते न यतन्ते मिथस्ते। ते देवानां न मिनन्ति व्रतानि-अमर्धन्तो वसुभिर्यादमानाः*'।

प्रस्तुत मन्त्र से यह शिक्षा मिलती है कि समाज की उन्नति एवं विकास के लिए समाज की समस्याओं पर मिलकर विचार करें तथा सामूहिक निर्णय लें। जो सबके लिए मान्य हो। साथ ही प्राकृतिक नियमों का उल्लंघन न करें। समाज की अव्यवस्था और अवनति का कारण प्राकृतिक नियमों को तोड़ना है। अतः कहा गया है कि यदि समृद्धि और आनन्द चाहिए, तो प्राकृतिक नियमों के अनुसार चलें क्योंकि यदि समाज के सामूहिक निर्णयों का कठोरता से पालन किया जाएगा, तो समाज अवश्यमेव प्रगतिशील एवं समृद्ध होगा।

# 29
# वैदिक चिन्तन में संगीत

**डॉ. रीना सहाय**
अध्यक्ष, संगीत, श्री अरविन्द महिला कॉलेज, पटना
*Email- sahay_reena@yahoo.com*

वैदिक ऋचाओं को मर्मज्ञ प्रबुद्ध ऋषियों द्वारा पूर्णतया नियमबद्ध कर उन्हें विशिष्ट रूप प्रदान किया गया। नियमबद्ध ये ऋचाएँ साम संहिता में संकलित होकर साम के रूप में जानी गयीं। सामगायक को मात्रा, छन्द, स्वर, वर्ण, उच्चारण, लय इत्यादि का समुचित सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाता था, यहीं से संगीत की नियमित व्यवस्था आरम्भ हो जाती है और वर्त्तमान तक संगीत के रूप में प्रचलित है। प्राचीन काल से ही भारतीय साहित्य का संगीत के साथ घनिष्ट संबंध रहा है। इस संदर्भ में साहित्य से तात्पर्य केवल उन रचनाओं से नहीं है, जो विद्वानों द्वारा लिपिबद्ध की गई है, बल्कि ऐसी सभी रचनाएँ परिगणित हैं, जो गुरू शिष्य परम्परा के रूप में गुरू के मुख से सुनी गयीं और शिष्यों द्वारा कंठस्थ होकर प्रचारित हुई। आज भी संगीत एक गुरुमुखी विद्या के रूप में प्रतिष्ठित है। उदात्त, अनुदात्त एवं स्वरित स्वरों में ऋचाओं का गायन होता था। वैदिक चिन्तन में ही स्वरलिपि पद्धति का उद्‌भावन हुआ, जो विश्व का प्राचीनतम स्वरलिपि पद्धति है। संगीत का धरोहर इसी रूप सुरक्षित है।

साम का आश्रय स्वर है। एक ऋचा कई प्रकार से गायी गई। सांगीतिक रचनाओं में धातु (काव्य) एवं मातु (स्वर) का यथोचित समन्वय होता है। साम सप्तक तथा मूर्च्छना की अवधारणा से नए रागों की संरचना की गयी। संगीत किसी भी काल या रूप में हो, सौन्दर्य उसका विशिष्ट अंग हैं। ऋग्वेद की ऋचाओं में आवश्यकतानुसार परिवर्त्तन करके सामवेद में गाया जाता था। विकार, विश्लेषण, बीताय, विकर्षण, अभ्यास एवं विराम – ये प्रयोग संगीतात्मकता को बढ़ाते हैं। संगीत में प्रायोगिक गायन तथा वादन में इस नियम पर आधारित काकु भेद की प्रधानता होती है। लय का बीजारोपण भी वैदिक काल में हो चुका था जो आज ताल के रूप में संगीत का अभिन्न अंग है। सामूहिक गायन की परम्परा वैदिक काल से ही परिलक्षित होती है।

प्राचीन काल से लेकर वर्त्तमान तक कीर्त्तन, कव्वाली, लोकगीत, लोकनृत्य के रूप में यह प्रथा निरन्तर चलती आ रही है। वेदों में संगृहित ज्ञान के आधार पर परवर्त्ती संगीत प्रस्फुटित हुआ।

## 30

## नारदप्रोक्ता गानगुणदोषाः

**डॉ. ऋषिराजपाठकः**

तदर्थसहायकाचार्यः, संस्कृत, श्यामाप्रसादमुखर्जीमहाविद्यालयस्य

*Email: rishiraj.pathak.sanskrit@gmail.com*

साम्नो नारदीयशिक्षायां गानस्य दश गुणाः चतुर्दश च दोषाः वर्णिताः। गानस्य दश गुणाः सन्ति - रक्तम्, पूर्णम्, अलंकृतम्, प्रसन्नम्, व्यक्तम्, विक्रुष्टम्, श्लक्ष्णम्, समम्, सुकुमारम्, मधुरं च। एषां तत्र लक्षणानि प्राप्यन्ते परं नोदाहरणान्युपलभ्यन्ते। मन्ये तेषां क्रियात्मकत्वादुदाहरणाभावः। एवं गानस्य चतुर्दश दोषाः सन्ति - शङ्कितम्, भीतम्, उद्घुष्टम्, अव्यक्तम्, अनुनासिकम्, काकस्वरम्, शीर्षगतम्, स्थानविवर्जितम्, विस्वरम्, विरसम्, विश्लिष्टम्, विषमाहतम्, व्याकुलम्, तालहीनं च। एषामपि तत्र लक्षणानि उदाहरणानि च न प्राप्यन्ते। किञ्चैषां नामान्येव लक्षणानि अन्वर्थत्वात्। उदाहरणानि तु तेषां क्रियात्मकत्वादेव नोपलभ्यन्ते। भरतस्य मुनेर्नाट्यशास्त्रेऽप्यमीषां यथाकथञ्चिदुल्लेखः, यस्य विस्तारः संगीतरत्नाकरप्रभृतिषु संगीतग्रन्थेषु दृश्यते। एतेषां लक्षणानामुदाहरणप्रयोगैर्व्याख्याने नाट्यशास्त्रादिषु कृतचर्चासमर्चाभिश्च तदनुशीलने एतच्छोधलेखस्य प्रवृत्तिरिति शोधसारः।

## 31

## वैदिकी अर्थव्यवस्था : आधुनिक परिप्रेक्ष्य में

**श्री सचिन**

शोधच्छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: grsachinb@gmail.com*

भारतीय अशेषशेमुषीसम्पन्न मनीषियों ने मानव जीवन को इहलोक एवं परलोक में सुखमय बनाने के लिए पुरुषार्थ-चतुष्टय की कल्पना की। आचार-विचार को व्यवस्थित करने वाले न केवल धर्मशास्त्रों ने अपितु काव्यशास्त्रों ने भी अपने अध्ययन का प्रयोजन चतुर्वर्ग की प्राप्ति को ही माना है- '*चतुर्वर्गफलप्राप्तिसुखादल्पधियामपि। काव्यादेव यतस्तेन तत्स्वरूपं निरूप्यते*' (सा.द.-1/2)। भारतीय मनीषियों ने पुरुषार्थ-चतुष्टय में यद्यपि धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष को समान गौरव प्रदान किया है तथापि विश्व इतिहास इस बात का साक्षी है कि व्यावहारिक धरातल पर अर्थ की मान्यता ही सर्वोपरि है। क्योंकि जिसके पास धन होता है वही कुलीन कहलाता, वही पण्डित, वही गुणवान् होता अर्थात् सभी गुण धन के आश्रय

ही रहते हैं (नीतिशतकम्-4)। *चरैवेति चरैवेति* की भावना की सुखद यात्रा के लिए 'अर्थ' अपरिहार्य है। इस सत्य को कभी भी नकारा नहीं जा सकता है। धनाभाव में व्यक्ति केवल अहर्निश चिन्ताव्याधि से युक्त रहता है, न वह परमात्मा की उपासना कर सकता न ही जीवन की अन्य क्रियाएं। समस्त प्रकार की विद्याओं एवं ललित कलाओं का समुत्कर्ष उसी देश में होता है जहां के नागरिक धनवान् एवं सभी प्रकार से सामर्थ्यवान् होते हैं। इसलिए भगवती श्रुति ने भी धन के महत्त्व को स्पष्ट शब्दों में बताया- '*प्रजापते नत्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परिता बभूव। यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम्*' (यजुर्वेद)।

अत: आर्थिक रूप से असहाय राष्ट्र ऋण से आबद्ध स्थिति वाला राष्ट्र अपनी संस्कृति, सभ्यता और परम्परा की भी रक्षा नहीं कर सकता, अपने विकास के लिए बनाई गई किसी भी योजना को क्रियान्वित नहीं कर सकते। ऋण एक अभिशाप है, जिससे मुक्त होने के लिए अपने राष्ट्र को स्वाभिमानपूर्वक आत्मनिर्भर बनाने के लिए अथर्ववेद के इस मन्त्र से कामना करते हैं- '*अनृणा अस्मिननृणाः परस्मिन् तृतीये लोके अनृणाः स्याम। ये देवयानाः पितृयाणाश्च लोकाः सर्वान् पद्यो अनृणा आ क्षियेम*' (अथर्व.-6/117/3)।

इस प्रकार शोधपत्र के माध्यम से वैदिक एवं लौकिक साहित्य में अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए नीतिगतसिद्धान्तों का विवेचन आधुनिक परिप्रेक्ष्य में किया जायेगा।

## 32

# श्रीमद्भगवद्गीता में क्षेत्र एवं क्षेत्रज्ञ की व्यष्टि-समष्टिपरक व्याख्या

**श्री सर्वेश कुमार मिश्र**

असिस्टेंट प्रोफेसर, संस्कृत-विभाग, इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email : sarveshkr_73@rediffmail.com*

श्रीमद्भगवद्गीता के समस्त अध्यायों में हमें दो प्रकार की ही सत्ता दिखलायी पड़ती है। प्रथम साधारण मनुष्य की सत्ता तथा दूसरी परमतत्त्व श्रीकृष्ण की सत्ता। अर्जुन की सत्ता जो कि सामान्य जनमानस की व्यक्तिगत सत्ता का प्रतिनिधित्व कर रही है, वह व्यष्टिरूप में व्याख्यायित समझनी चाहिए जबकि जिस से यह सृष्टि चलती है और जिसकी भृकुटी से इस सृष्टि का विनाश हो जाता है ऐसे जनताजनार्दन श्रीकृष्ण जो कि पुरुषोत्तम और परमतत्त्व हैं उनकी सत्ता, सत्ता के लिए समष्टिस्वरूप की अवबोधिका है। समष्टिस्वरूप परमतत्त्व की दो प्रकृतियाँ हैं - अपरा प्रकृति तथा पराप्रकृति। अपरा प्रकृति का दूसरा नाम क्षेत्र अथवा क्षरपुरुष है जबकि पराप्रकृति का दूसरा नाम क्षेत्रज्ञ है अथवा अक्षर पुरुष है। गीता में श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि यह शरीर ही क्षेत्र है तथा जो इस क्षेत्र को जानता है उसे क्षेत्रज्ञ कहते हैं। तद्यथा -

**इदं शरीरं कौन्तेय क्षेत्रमित्यभिधीयते।**
**एतद्यो वेत्ति तं प्राहुः क्षेत्रज्ञ इति तद्विदः॥ (श्रीमद्भगवद्गीता 13/1)**

प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से क्षेत्र एवं क्षेत्रज्ञ की व्यष्टिसमष्टिपरकव्याख्या करने का प्रयास किया गया है क्योंकि समग्र रूप में क्षेत्र और क्षेत्रज्ञ के अलावां कुछ भी नहीं है और क्षेत्रज्ञ क्षेत्र को हमेशा प्रकाशित करता रहता है। तद्यथा **क्षेत्रं क्षेत्री तथा कृत्स्नं प्रकाशयति भारत।। ( गीता 13/33 )**

# 33

# वैदिक विवाह : श्रुति, सूत्र एवं आधुनिकता के परिप्रेक्ष्य में

**श्री शशिकान्त**

शोधच्छात्र, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: shashikant6494@gmail.com*

भारतीय संस्कृति के मूल आधार स्तम्भों में संस्कार अन्यतम है। संस्कार का अर्थ है योग्यता ज्ञापित करना। यतोहि शास्त्रों में योग्यता दो प्रकार की गणित है- पापमोचन से उत्पन्न तथा नवीन गुणों के आधान से उत्पन्न योग्यता। अनेक आचार्यों के मत में 16 संस्कारों में सर्वप्रथम विवाह संस्कार को परिगणित किया है। विवाह सम्बन्धी परिणय आदि शब्द विवाह संस्कार के तत्त्वों की ओर संकेत करते हैं। चाहे कोई भी संस्कृति हो विवाह संस्कार किसी न किसी रूप में आज भी सुरक्षित है। मनु आदि आचार्यों के अनुसार सभी का मूल वेदों में प्राप्त होता है। इस प्रकार विवाह का मूल भी तैत्तिरीय संहिता एवं ऐतरेय ब्राह्मण में प्राप्त होता है। ताण्ड्य ब्राह्मण (7/10/1) के आख्यान में विवाह के स्वरूप को समझाया है। सूत्र काल तक यह संस्कार नया आयाम लेकर उपस्थित होता है। गृह्यसूत्रों में विवाह संस्कार में विधि-विधान आदि याज्ञिक कर्मकाण्डीय प्रक्रिया द्वारा इसकी परिसीमा निश्चित की है। तब से अद्यावधि पर्यन्त यह प्रथा अनवरत चलती आयी। वैवाहिक प्रथाओं में नया मोड़ तब आता है जब केशवचन्द्र सेन के उद्योग से 1872 में विशेष विवाह कानून बनाया गया। इसके उपरान्त 1923, 1937 के संशोधनों के फलस्वरूप 1955 में हिन्दू विवाह अधिनियम कानून बनाया गया, जिसके पालन भारतीयों द्वारा किया जाता है। इस शोधपत्र में वैदिक युग से आधुनिक युग तक होते आये विवाह की प्रक्रियाओं में परिवर्तन उसके प्रकार, अधिकारी तथा आज के परिप्रेक्ष्य में उसकी उपादेयता आदि विभिन्न विषयों पर चिन्तन किया जायेगा।

# 34

# ऋग्वेद में व्यावहारिक ज्ञान : एक दृष्टि

**डॉ. सुकेशी रानी गुप्ता**

सेवानिवृत्त रीडर, संस्कृत, रघुनाथ गर्ल्स पो.ग्रे. कॉलेज, मेरठ

*Email: jain444rajeev@gmail.com*

वेद हमारी सर्वप्राचीन साहित्यिक अमूल्य निधि है। ईश्वर ने विशिष्ट जिज्ञासु, तपस्वी जनों की आत्मा में अन्तर्ज्ञान को प्रकाशित किया और उन्होंने अपने मानस चक्षुओं से उसका साक्षात्कार कर उसे ग्रहण किया

इसीलिए वे मन्त्रद्रष्टा ऋषि कहलाए। सृष्टि के प्रारम्भ से ही मानव, पशु–पक्षी आदि सबकी शारीरिक संरचना जैसी थी आज भी वैसी ही है। अतः उन सब की चेष्टाएँ एवं व्यवहार जैसे– भूख, प्यास, निद्रा, जागृति, क्रीड़ा, मनन, चिन्तन, जिज्ञासा आदि भी पूर्ववत् हैं अर्थात् सार्वकालिक हैं। वैदिक व्यावहारिक ज्ञान दो रूपों में मिलता है– ऐहिक अभ्युदय और पारलौकिक निश्रेयस्। यहां यज्ञ दोनों प्रकार के व्यवहारों को क्रियान्वित करने का परम साधन माना गया है। ऐहिक अभ्युदय संबंधी व्यवहार को समझाने के लिए वेदों में समाज, धर्म, राजनीति, आयुर्वेद, धनुर्वेद, उद्योग, शिल्पकला, विज्ञान, कृषि, राष्ट्र–निर्माण, मानव–कल्याण, आतंकवाद आदि सभी पक्षों को विषय बनाया गया है। ऋग्वेद में इन व्यावहारिक विषयों को हृदयंगम कराने के लिए आख्यानात्मक, संवादात्मक, उपदेशात्मक, वर्णनात्मक सभी प्रकार की शैलियों का आश्रय लिया गया है। कथाओं और संवादों में पात्र रूप में चित्रित देवता, ऋषि, मनुष्य, पशु–पक्षी आदि को अलौकिक प्राणी के रूप में नहीं देखा गया है अपितु उनको मानवीय गुणों से युक्त रखा गया है। अर्थ एवं काम उनके जीवन के अंग हैं। इन्द्रिय चंचलता घातक होती है। प्रजापति का अपनी पुत्री के प्रति आकर्षण एवं वीर्य–स्खलन उसका उदाहरण है। यम–यमी संवाद में भी यम अपनी भगिनी यमी को उचित मर्यादित व्यवहार का आचरण करने का उपदेश देता है। समाज में हर काल में विविध प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न होती हैं। उनके समाधान के लिए ऋग्वेद में कुछ सामान्य उपदेश दिए गए हैं – इन्द्रिय संयम, कर्त्तव्य–पालन, विवेकोचित मर्यादित आचरण की शिक्षा दी गई है। अन्तर्जातीय विवाह, बहुपत्नीप्रथा, दहेजप्रथा, पत्नी का परित्याग, बलात्कार, आतंकवाद आदि सभी कालों की समस्याएँ रही हैं। स्वराज्य के महत्त्व, राष्ट्रनिर्माण, मानवकल्याण, साम्यवाद की स्थापना के लिए समाधान दिए गए हैं। आयुर्वेद, दर्शन, अध्यात्म, विज्ञान, कृषि आदि पक्षों का भी व्यावहारिक ज्ञान कराया गया है। इस प्रकार ऋग्वेद में उपलब्ध ज्ञान व्यावहारिक है, शाश्वत है और हर काल में प्रासंगिक है।

# 35
# वेदार्थ–प्रक्रिया में आचार्य यास्क के व्यावहारिक पक्ष

**डॉ. सुमन शर्मा**
पी.डी.एफ., संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: Suman.du04@gmail.com*

सर्वज्ञानमय एवं सम्पूर्ण विधाओं के आदिमूल वैदिक मन्त्रों के अर्थों की सीमा नहीं है। मन्त्रों की अनेकार्थता यदृच्छया न होकर सर्वथा व्यवस्थित रहती है। वेदार्थ के अवगम, कर्मकाण्ड के सम्पादनादि के लिए वेदाङ्ग साहित्य प्रकाशक है। वैदिक पदों की मीमांसा हेतु व्याकरण महत्त्वपूर्ण है परन्तु निरुक्त का तो मुख्योद्देश्य ही वेदार्थनुसन्धान है। शब्दार्थ ज्ञान होने पर ही व्याकरण यह विचार करने में समर्थ हो पाता है कि 'अमुक' शब्द इस अर्थ में कैसे बना? यास्क के निरुक्त का मूल धर्म पदों के विविध एवं प्रासङ्गिक व्यावहारिक अर्थों को उद्घाटित करने के लिए उनका निर्वचन करना है। ऋग्वेद के लगभग छः सौ मन्त्रों की व्याख्या लगभग सात विभिन्न वेदार्थ प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रसंगवश पृथक्–पृथक् स्थलों पर की है। इन वेदार्थ प्रक्रियाओं में इन्होंने वैदिक मन्त्रों के साथ उनकी शाखाओं, ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषद् ग्रन्थों एवं

प्रातिशाख्यों से भी मौलिक उद्धरण लिये है। आचार्य यास्क ने वेदार्थ की समस्त काल्पनिक प्रक्रियाओं का उल्लंघन करके अति पुरातन काल की वेदार्थ प्रक्रिया का आश्रयण कर वेद और वेदार्थ प्रक्रिया का विशुद्ध व्यावहारिक स्वरूप संसार के समस्त उपस्थित किया है।

# 36
# वैदिक समाज

**Dr. Sushma Kumari**
Delhi
*Email: sushmatiwari209@gmail.com*

भारतीय समाज की बनावट में वैदिक साहित्य, राजनीतिक स्थिति, सामाजिक स्थिति, आर्थिक तथा धार्मिक स्थिति की महती भूमिका है। (1) वैदिक साहित्य – ये साहित्य समाज के मार्गदर्शक की भाँति हैं तथा विविध दिशा–निर्देश देते हैं। इनमें स्थित विचारों तथा भावनाओं का प्रतिबिम्ब समाज में यथोचित रूप में स्थित है। जीवन को उत्कृष्ट प्रकार से जीने के लिये इस साहित्य में अनेकशः बहुमूल्य तत्व अवस्थित हैं। (2) राजनीतिक स्थिति – वैदिक काल में सभा, समिति तथा विदय नाम की संस्थाएँ अवस्थित थीं, जो उनके वैचारिक विकास का द्योतक हैं। सभा समाज के श्रेष्ठ लोगों की संस्था थी। समिति सामान्य जनता की प्रतिनिधि सभा थी एवं विदथ सर्वाधिक प्राचीन संस्था मानी गई है। इनकी कार्य–शैली गणतंत्रात्मक था। यद्यपि शासन का प्रमुख राजा था, जो कबीलाई राजतंत्र का प्रमुख था। सत्ता पितृसत्तात्मक थी। राजा की सहायता के लिये 12 रत्निन थे, जिनमें पुरोहित, सेनानी आदि प्रमुख थे। (3) सामाजिक स्थिति – वैदिक समाज संयुक्त परिवार वाला पितृसत्तात्मक था। परिवार समाज का केन्द्र था। कई परिवारों को मिलाकर कुल, कई कुलों को मिलाकर ग्राम, कई ग्रामों को मिलाकर विश, कई विश को मिलाकर जन तथा कई जन को मिलाकर जनपद बनते थे। सामाजिक व्यवस्था में वर्णाश्रम व्यवस्था थी, जो कर्म पर आधाारित थी। मनोरंजन के लिये कई प्रकार के खेल प्रचलित थे। (4) आर्थिक स्थिति – पशुपालन एवं कृषि पर आधाारित व्यवस्था में व्यापार भी प्रचलन में था। कृषि से संबंधित विविध विवरण वेदों में मिलते हैं। इसमें कृषि के विभिन्न तरीके तथा विभिन्न फसलों का विवरण है। धातु, अयस तथा सोना, चांदी आदि से सामान्य वर्ग परिचित था। जीवन के कार्यकलापों में आवश्यक रूप से इस्तेमाल की जाने वाली उद्योग–धन्धों का प्रचलन था। (5) धाार्मिक स्थिति – आर्य प्रकृतिपूजक थे धर्म का विशेष महत्व था। मुख्य आराधय देवगण चार वर्गों में वर्गीकृत किए गए थे। मुख्यतः तीन देवता थे। सृष्टि के निर्माता, पालनकर्त्ता एवं संहारकर्त्ता के रूप में ब्रहमा, विष्णु तथा महेश का प्रादुर्भाव हुआ। अग्नि, इन्द्र, मित्रवरूण, वायु, पृथ्वी आदि मुख्य देवता थे। भारतीय समाज पर इन वैदिक तथ्यों एवं तत्वों का यथोचित प्रभाव पड़ा।

## 37
# वैदिक कालीन समाज में नारी : वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

**डॉ. वन्दना एस. भान**
अस‍िस्टेंट प्रोफेसर, लेडी श्रीराम महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: vandana_19@live.com*

साहित्य को समाज का दर्पण कहा जाता है। किसी भी कालविशेष में लिखा गया साहित्य तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिवेश को जानने का अत्यन्त सुदृढ़ माध्यम होता है। इसी प्रकार भारतीय आचार–विचार, रहन–सहन तथा धर्म–कर्म आदि को सम्यक् रूप से जानने के लिए वेदों का ज्ञान नितान्त आवश्यक है। हमारे पूर्वज मनीषियों द्वारा अनुभूत, जीवन के विविध पक्षों से सम्बद्ध अथाह ज्ञानराशि के रूप में स्थित वेद, भारतीय संस्कृति की अमूल्य निधि हैं। वेदों के परिशीलन से अन्य विषयों के साथ–साथ वैदिककालीन समाज में नारी की स्थिति के बारे में भी पर्याप्त जानकारी प्राप्त होती है। सर्वज्ञात है कि भारतीय समाज सदा से ही पितृसत्तात्मक अथवा पुरुषप्रधान रहा है। वैदिकयुगीन समाज भी इससे भिन्न नहीं था। अनेक कारणों से पुत्र–जन्म की कामना की जाती थी किन्तु उस समय नारी की स्थिति कमजोर कदापि नहीं थी। अपितु नारी को परिवार तथा समाज में सम्माननीय स्थान प्राप्त था। वैदिक युग में स्त्री भी पुरुष के समकक्ष ही सामाजिक तथा आर्थिक कार्यों में अपना योगदान देती थी। नारी को शिक्षा, उपनयन आदि का पूर्ण अधिकार प्राप्त था। लोपामुद्रा, विश्ववारा, घोषा आदि ऋषिकाओं का उल्लेख इसका प्रमाण है। कन्या का विवाह युवती होने पर ही किया जाता था तथा उन्हें स्वयं वरण की अनुमति भी थी।

वैदिक कालीन नारी की सुदृढ़ स्थिति के प्रकाश में वर्तमानकालीन नारी की स्थिति का निरुपण अत्यन्त रोचक विषय है। आज जीवन के प्राय: सभी क्षेत्रों में नारी पुरुष के कदम से कदम मिलाकर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। शिक्षा हो अथवा कार्यक्षेत्र, राजनीति हो या फिर क्रीड़ाजगत्, आर्थिक क्षेत्र हो अथवा प्रशासनिक – प्रत्येक क्षेत्र में नारी की प्रतिभागिता श्लाघनीय है। परिवार के प्रति अनेकविध उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने के साथ–साथ समाज तथा राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना भी आज की नारी बखूबी जानती है। राष्ट्र की सीमा के पार अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी कतिपय महिलाओं ने अपनी योग्यता को सफलतापूर्वक सिद्ध किया है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से ऐसी कुछ महिलाओं का योगदान उल्लेखनीय है।

## 38
# वैदिक जीवन दृष्टि का व्यवहारिक पक्ष

**श्री विश्वजीत विद्यालङ्कार**
शोधार्थी, संस्कृत, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: v.jeetverma@gmail.com*

जीवन क्या है? जीवन कैसे जीना चाहिए? जीवन का उद्देश्य क्या है? मानख जीखन से सम्बन्धित इन तीन प्रश्नों के उत्तर देने के क्रम में प्रकृति की भेदभाव रहित एकरस सृष्टि खण्ड–खण्ड में विभक्त होती चली गयी। किसी की जीखन दृष्टि ने पृथ्वी को भूभागों में विभाजित किया तो किसी ने देश,धर्म, जाति,

रंग–रूप, वेश–भूषा, भाषा के आधार पर विभिन्न जीवन–दृष्टियों को सृजित कर मानखीय जीखन–पथ की ऋजुता को संक्रान्त कर दिया। इस संसार में सत्ता अथखा धर्म के संघर्ष वा वर्चस्व का आधार ही यही है कि हमारी जीखन दृष्टि अन्यों से श्रेष्ठ है। इस सन्दर्भ में किसी कवि की पंक्तियां सटीक लगती है– '*सिर्फ मैं ही सही हूँ सिर्फ मैं ही सही हूँ, से जिद ने जाने कितने रिश्ते मिटा दिए*'। इस जीवन दृष्टि का संघर्ष वैचारिक क्रान्ति तक ही सीमित नहीं रहा है अपितु इसके लिए सदियों से सशस्त्र रक्तरंजित प्रलयकारी युधोन्माद दृष्टिगोचर होता रहा है। सम्पूर्ण मध्यकाल से लेकर वर्तमान में फिलिस्तीन–इजराईल, सीरिया, इराक, नाईजिरिया, अफगानिस्तान, पाकिस्तान और हिन्दुस्तान में प्रतिदिन घटित अमानवीय उद्देश्यहीन हिंसा हो अथवा अमेरिका और युरोपीय देशों में वैचारिक वाग्युध उन्माद का कारण भी इस जीवन दृष्टि ही है। कुछ उन्मादी स्वभाव के जनसमूहों को उनकी अपनी जीखन–दृष्टि सर्वश्रेष्ठ लगती है और वे उसे बलपूर्वक अन्यों में भी आरोपित करने के लिए नित्यप्रति जघन्य अपराध करते जा रहे है और दुसरी ओर है हमारी 'भारतीय जीवन दृष्टि' में तो स्व का कुछ महत्त्व ही नहीं है। हमारी इस समृद्ध परम्परा का आधारभूत पावन ग्रन्थ वेदों ने सर्वदा ही सबको साथ लेकर चलना सिखाया है– '*सं गच्छध्वं सं वदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे सं जनानाम् उपासते*'। इतना ही नहीं हमारी जीवन दृष्टि का वास्तविक स्वरूप तो हमें समस्त पृथ्वी के जीवों को ही एक परिवार के रूप में जीने की दृष्टि दी है। ऋग्वेद में सामंनस्य सूक्त ऐसे ही विचारों को प्रस्तुत करता हुआ प्रतीत होता है मानो मनिषियों को अपनी मेधा से भावी संसार की कार्यदृष्टियों का पूर्वानुमान हो गया था। प्रस्तुत शोधपत्र में सामंनस्य सूक्त के आधार पर वर्तमान सामाजिक वैमनस्य के निस्तारण सम्बन्धी योजना पर पक्ष रखा जाएगा।

# **SECTION IV** (Unicode Font)

## 01

## वैदिक युग और आधुनिक मनोविज्ञान

**डॉ. अंजू सेठ**

एसोसिएट प्रोफ़ेसर, सत्यवती महाविद्यालय (प्रातः), दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: dr.anjuseth@gmail.com*

वेद ज्ञान के रत्नाकर हैं जिसमें विद्याओं का समावेश सूक्ष्मरूपेण उपलब्ध होता है। अतः मनु ने `सर्वज्ञानमयो हि सः' की उद्घोषणा के द्वारा वेद की सर्वज्ञानमयता और सर्वव्यापकता की और संकेत किया है। ज्ञानके विविधपक्षों परिपूर्ण वैदिकयुग व्यवहारक्षेत्र में भी अतुलनीय तथ्यों एवं तत्त्वों से ओतप्रोत है। मानवजीवन के सभी पक्षों पर विहंगम दृष्टि से अवलोकन करते हुए दिन प्रतिदिन के व्यवहार पक्ष पर भी इस युग में विशेष दृष्टिपात किया गया। मनोविज्ञान मानव व्यवहार का अभिन्न अंग है क्योंकि मनुष्य के सभी क्रियाकलाप उसकी चिन्तनप्रक्रिया निर्भयता, उसकी सकारात्मकता, विवेकशील, सोत्साही प्रवृत्ति, आशावादिता, कर्त्तव्य-परायणता, भयरहित स्वकार्यकुशलता आदि प्रवृत्तियों पर बल दिया गया है। प्रस्तुत लेख में वैदिकयुग में उपलब्ध सभी मनोविज्ञान संबन्धी तथ्यों को मूल उद्धरण सहित प्रस्तुत कर आधुनिक मनोविज्ञान की पद्धति से तुलनात्मक एवं विश्लेषणात्मक रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है तथा वेद की व्यवहार्य उपयोगिता को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। आज का मानव विविध व्याधियों से ग्रस्त है, उसके निवारणार्थ वैदिक उपाय भी प्रस्तुत किये गये हैं। निष्कर्षरूप में आधुनिक मनोविज्ञान एवं वैदिक मनोविज्ञान की तुलनात्मक समीक्षा भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।

## 02

## वैदिक कालीन शिक्षा के आदर्श तत्त्वों का विमर्शात्मक अध्ययन

**श्री आशुतोष कुमार**

M.Phil. Research Scholar, Department of Sanskrit, University of Delhi

*Email: ashutoshdu647@gmail.com*

‘शिक्ष् विद्यापादाने’ धातु से टाप् प्रत्यय लगकर निष्पन्न होता है। शिक्ष्यते उपादीयते विद्या यया सा शिक्षा’ अर्थात् जिसके द्वारा विद्या का अर्जन किया जाये वह शिक्षा है तथा विद्या वह है जो मुक्त कर दे- ‘सा विद्या या विमुक्तये’। भारतीय संस्कृति में जीवन का अन्तिम उद्देश्य नि:श्रेयस् की प्राप्ति है वह वास्तविक ज्ञान के द्वारा ही संभव है। ऋग्वेद में सर्वप्रथम शिक्षा का प्रयोग प्राप्त होता है। वेदांग की दृष्टि में शब्दों का विशेष ज्ञान प्राप्त करना ही शिक्षा है। मुण्डकोपनिषद् के अनुसार शिक्षित वह है जिसमें मानवता, विनम्रता तथा अप्रगल्भता हो। छान्दोग्योपनिषद् में आर्य-श्वेतकेतु संवाद में स्पष्ट किया गया है कि शिक्षा का उद्देश्य सार्थक ज्ञान प्राप्त करना है। वैदिक ऋषियों ने शिक्षा को शरीर, बुद्धि, मन एवं आत्मा सभी के विकास का साधन माना है। वैदिक आदर्श शिक्षा भौतिक उपल्ब्धियों तक ही सीमित न रहकर आत्मचिन्तन का उच्च लक्ष्य निर्धारित करती है। संसार में सर्वत्र व्याप्त

आत्मतत्त्व का जो दर्शन करा सके वहीं शिक्षा है। छान्दोग्यपनिषद् में नारद सनत्कुमार संवाद में नारद जी कहते हैं कि उन्होंने वेद, इतिहास, पुराण, विज्ञान, गणित, अर्थशास्त्र, भूतविद्या, नक्षत्रविद्या, ललितकला, ब्रह्मविद्या सभी का अध्ययन किया है किन्तु अभी भी आत्मवित् नहीं बन सके हैं, अर्थात् उनके पास पुस्तकीय ज्ञान तो है किन्तु आत्मज्ञान नहीं है – 'सोऽहं भगवो मन्त्रविदेवास्मि नात्मविच्छ्रुतं ह्येव'। तब सनत्कुमार ने कहा कि विद्या का आरम्भ तो पुस्तकीय ज्ञान से होता है किन्तु आत्मज्ञान के लिये सम्पूर्ण अन्तर्निहित शक्तियों को जागृत करना होगा। इस प्रकार वैदिक वाङ्मय में वर्णित शिक्षा का अर्थ केवल ज्ञान का संग्रह मात्र नहीं उसका लोकोपकारक कार्यान्वियन भी होना चाहिए। सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का लक्ष्य है और केवल पुस्तकीय ज्ञान से सम्भव नहीं है उसके लिये आत्मज्ञान का होना आवश्यक है। मुण्डकोपनिषद् में परा एवं अपरा विद्या का वर्णन है। ऐहिक-आमुष्मिक अभ्युदय दिलाने वाली विद्या अपरा कही गई है एवं इस बन्धन से मुक्त कराकर परमतत्त्व का ज्ञान कराने वाली परा विद्या है। अत: आदर्श शिक्षा प्रणाली में परा एवं अपरा दोनों का समन्वय नितान्त अनिवार्य है। सद् विद्या का लक्ष्य केवल भौतिक समृद्धि ही नहीं अपितु मनुष्य की शारीरिक, बौद्धिक, मानसिक एवं आत्मिक शक्तियों का सर्वतोमुखी विकास जिससे वह अपने जीवन का सर्वोच्च लक्ष्य सिद्ध कर सके- विद्याऽमृतमश्नुते। प्रस्तुत प्रपत्र के माध्यम से इसी वैदिक कालीन शिक्षा में अन्तर्निहित तथ्यों को उद्घाटित करने का प्रयास किया गया है एवं यहीं इस प्रपत्र का अभिधेय भी है।

## 03

# पारिस्थितिकी : संरक्षण और बचाव (वेद के संबंध में)

**सुश्री आस्था**

शोधच्छात्रा, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: rai.lovely841@gmail.com*

पारिस्थितिकी से तात्पर्य है सम्पूर्ण वातावरण का अध्ययन जीव के सम्बन्ध में करना। पर्यावरण जीव के रहन-सहन को कैसे प्रभावित करते हैं तथा जीव अपने गतिविधियों से वातावरण को कैसे प्रभावित करते हैं, इन दोनों का एक दूसरे के लिए अध्ययन पारिस्थितिकी है। इस विषय पर व्यवस्थित अध्ययन करने के लिए विज्ञान की एक नई शाखा ecology का जन्म हुआ । Ecology शब्द ग्रीक शब्द oikos (household) से बना है, जिसका अर्थ है Earth Household अर्थात् पृथ्वी व पृथ्वी पर उपस्थित सभी जीव-जन्तुओं व पौधों आदि का एक परिवार के रूप में अध्ययन। Ecology शब्द की परिभाषा प्रथम बार १८६६ में एक जर्मन बॉयोलाजिस्ट Ernest Haeckel ने दिया– "The science of relations between the organism and the surrounding other world'' *(The Web of Life, Page -33).*

यदि वेद में इस विषय के ऊपर विचार करें तो पायेंगे कि कई सूक्त इस विषय से साक्षात् संबंध रखते हैं, यथा - पृथ्वी सूक्त, पुरुष सूक्त, हिरण्यगर्भ सूक्त इत्यादि। पृथ्वी सूक्त में **"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"** (अथर्ववेद, १२.१) के माध्यम से मनुष्य का पृथ्वी के साथ संबंध को बताया गया है। जिस प्रकार जन्म देने से माता का पुत्र के साथ संबंध होता है, वे एक दूसरे से जुड़े होते हैं, ठीक उसी प्रकार से पृथ्वी पर उत्पन्न अन्न से जीव का भरण पोषण होता है। इस संबंध से हम पृथ्वी से जुड़े हुए हैं। इस संबंध से जीव के मन में एक संरक्षण के भाव का बोध भी उत्पन्न

होता है। इस तरह जीवन के लिए आवश्यक व महत्वपूर्ण चीजें जिनमें अन्न के अलावा वायु, जल इत्यादि भी हैं, इनसे भी मनुष्य का संबंध होता है। प्राकृतिक इन चीजों से जीव का निर्माण भी हुआ है। जल से संबंधित हिरण्यगर्भ सूक्त में कहा गया है, **"यस्य समुद्रं रसया सहाहुः"** (१०.१२१.४) जिसकी महिमा से समुद्र और नदियाँ इस पृथ्वी पर विराजमान है। जीव का जल के साथ संबंध भी विदित है। इस प्रकार जीव और जल का संबंध स्पष्ट होता है। इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि प्रकृति की सभी चीजें एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं, एक दूसरे से संबंधित हैं। इस लेखपत्र में प्रकृति व जीव के संबंध को वैदिक सूक्तों के माध्यम से बताने का प्रयास किया जाएगा।

# 04

# वैदिकदृष्ट्या दिग्देशकाल विवेचन

**श्री अतुल कुमार मिश्र**

एम० फ़िल०, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: atulsvdv@gmail.com*

भारतीय वैदिक परम्परा में दिग् काल आदि का विशिष्ट व्याख्यान दृष्टिगोचर है, वस्तुत: वैदिक उपदेशों का महत्त्व काल के अनुरुप ही स्वीकार्य है। दिक् और देश में देश व्यापक तथा दिक् व्याप्य एवं सापेक्ष प्रतीत होता है। अत: दार्शनिकदृष्ट्या दिक् और् देश में परमार्थत: कोई भेद नहीं है। अत: कणाद आदि दार्शनिकों नें पृथक् द्रव्यत्व के रुप में देश का निर्वचन नहीं किया। इस प्रकार नित्या और बीभ्वी दिशा ही देश पद वाच्य हैं। उपाधि भेद से देश दिक्त्वेन परिछिन्न रहता है। अत: मुक्तावलीकार ने कहा –

दूरान्तिकादिधीहेतुरेका नित्या दिगुच्यते ।
उपाधिभेदादेकापि प्राच्यादिव्यपदेशभाक् ॥ (मुक्ता० ४६)

दैशिक परत्व और अपरत्व की ज्ञापिका दिक् है जिसकी संख्या एक ही है, जैसा कि "दैशिकपरत्वापरत्वयोरसमवायिकासंयोगाश्रतया लाघवादेका दिक्"। नित्यत्व रूप में यही दिक् कल्प-धर्मशास्त्र आदि दृष्ट्या देशत्वेन कल्प (ग्रन्थों) में संकेतित हैं। अत एव पाणिनीय के अनुसार दिक् और देश में प्रकृति एक है, केवल प्रत्यय मात्र का भेद है। देश ही दिक् का जनक होता है तथा देश का जनक काल है, यही वैदिक उद्घोष है। इस प्रकार से दिशा का देशजन्यत्व तथा देश का भी कालजन्यत्व का प्रतिपादन किया जाता है, जैसे श्रुति –"कालाद् ब्रह्म तपो दिश:" (अथर्व० १९/५४/१)। इस प्रकार से हमें यह ज्ञात होता है कि संयोजकों के द्वारा दिग्-देश-कालविषय निरूपण के द्वारा पूर्व पूर्व का जन्यत्व तथा व्यापकत्व सिद्ध होता है।

"सर्वं पदं हस्ति पदे निमग्नं" इस सूक्ति का आश्रयण कर दिक् तथा देश के जनक काल का निरूपण श्रुति सरणि से प्रकृत में प्रस्तुत करेंगे। काल का स्वरूप वैशेषिकों ने व्यवहारपरक किया है। वैदिकदृष्ट्या "काल: स ईयते प्रथमो नु देव:" (अथर्व० १९/५३/१) इसके अनुसार काल ही निर्विशेष पर से भी परतर सर्वेश्वर सिद्ध होता है। वेदानुसार काल दो प्रकार का है- १. नित्य अजन्य अपरिछिन्नात्मक काल। २. मायोपहित चैतन्य से उत्पन्न सूर्यादिग्रहगति क्रिया के अधीन परिछिन्नात्मक काल। इसको ही उद्देश्य कर के नैयायिकों ने "जन्यानां जनक: काल: जगतामाश्रयो मत:" का उद्घोष किया। यास्काचार्य के अनुसार काल शब्द का निर्वचन है- "काल:

कालयतेर्गतिकर्मण:" (निरुक्त २/७/२५)। प्रस्तुते शोधपत्र में वैदिकदृष्ट्या दिग्देशकाल का विवेचन सविस्तर किया जायेगा।

# 05

# अथर्ववेद में वर्णित गृहस्थधर्म की आधुनिक युग में प्रासंगिकता

**श्री बलराम राय**

शोधच्छात्र,विशिष्ट संस्कृताध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: balaramroy1991@gmail.com*

वैदिककाल में मानवजीवन को नैतिक और कर्त्तव्यनिष्ठ बनाने के लिए मानव-जीवन को चार आश्रमों में विभाजित किया था। जिनमें गृहस्थाश्रम को विशेष महत्त्व दिया गया, क्योंकि यह ही सभी आश्रमों को गति प्रदान करता है। अन्य सभी आश्रम गृहस्थाश्रम पर ही आश्रित हैं। अथर्ववेद में गृहस्थी के धर्मों या कर्त्तव्यों का वर्णन विस्तारपूर्वक किया गया है। एक आदर्श परिवार की स्थापना करना, परिवार में परस्पर प्रेम एवं सौहार्द को बनाये रखना, अपने नैतिक एवं धार्मिक कर्त्तव्यों का पालन करना, परिवार की उन्नति के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र की उन्नति में अपना योगदान प्रदान करना आदि विविध धर्मों एवं कर्त्तव्यों का उल्लेख अथर्ववेद के विभिन्न मन्त्रों में मिलता है। गृहस्थ-व्यवस्था जितनी सुदृढ़ होगी मानवजाति के उन्नति का मार्ग उतना ही प्रशस्त होगा। गृहस्थाश्रम का आधार पति-पत्नी हैं। दोनों के आपसी सहयोग एवं प्रेम से गृहस्थ-व्यवस्था अच्छी तरह से चलती है। अथर्ववेद में कहा गया है-"*जाया पत्ये मधुमतीवाचं वदतु शान्तिवाम्"।* एक अन्य स्थान पर दाम्पत्य-जीवन का विस्तृत वर्णन मिलता है। जहाँ कहा गया है- 'पुरुष सामवेद है तथा स्त्री ऋग्वेद, पुररुष द्युलोक है एवं स्त्री पृथिवी'। इस प्रकार दोनों को एक दूसरे का पूरक एवं पोषक बताया गया है। वर्तमान समय में गृहस्थधर्म में विखराव तेजी से हो रहा है। भारतीय समाज में पश्चिमी सभ्यता अनुकरण तेजी से हो रहा है। जिसके फलस्वरूप समाज में अनेक प्रकार की समस्याएँ जन्म ले रही हैं और गृहस्थ-व्यवस्था टूटती-विखरती जा रही। इस कारण आज हमें प्राचीन गृहस्थधर्म की व्यवस्था आधिक प्रासंगिक दिखाई दे रहा है। प्रस्तुत शोध-पत्र में उपर्युक्त विविध विषयों को ध्यान में रखते हुए अथर्ववेद में वर्णित गृहस्थधर्म की वर्तमानकालीन प्रासंगिकता का वर्णन किया जायेगा।

# 06

# द्वैतवेदान्तदर्शने ईश्वरस्य स्वरूपम्

**Prof. C. Upender Rao**

Professor of Sanskrit and Pali**,** SCSS, Jawaharlal Nehru University, New Delhi

*Email: skt.scholar@gmail.com*

समग्रे भारतीयवाङ्मये ईश्वरस्य सर्वाधिकं महत्त्वं प्रदत्तम् । प्राचीने यजुर्वेदेऽप्युक्तं यत् 'ॐ खं ब्रह्म' इति। अर्थात् आकाशवत् व्यापक: ओमेव ब्रह्म, ततस्तत्रैव प्रतिपादितं यत् – 'ओ३म् क्रतो स्मर.....' इत्यादि, अर्थात् 'ओ३म् ' रूपे स्थितस्य यज्ञमयस्य भगवत: स्मरणं कुरु इत्यर्थः। उपनिषत्स्वपि ईश्वरस्य स्वरूपं वर्णितम् । तथा च कठोपनिषदि उक्तं यत् – सर्वेषु वेदेषु यस्य परमात्मन: स्वरूपं वर्णितं, समग्रमपि तप: यस्य प्राप्ते: साधनभूतं, तस्य

नाम 'ओ३म्' इति।"सर्वे वेदा यत् पदमामनन्ति.... ब्रवीम्योमित्येतत्, तदेवाक्षरं ब्रह्म इत्यादि.."। प्रश्नोपनिषदि उक्तं यत् –"एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च ब्रह्म यदोंकार:'। माण्डूक्योपनिषदि उक्तं यत् – 'ओ३म् इति एतद् अक्षरमिदं सर्वं..........सर्वमोंकामेव।'

तैत्तिरीयोपनिषदि उक्तं यत् – 'ओमिति ब्रह्म । ओमितीदं सर्वम्'। तत्रैव उक्तं यत् – 'ओमिति सामानि गायन्ति। मुण्डकोपनिषदि विषयोऽयम् आलंकारिकरूपेण प्रतिपादितः – 'प्रणवो धनु: शरो ह्यात्मा ब्रह्म तल्लक्ष्यमुच्यते । भगवद्गीतायां अयमेव विषय: प्रतिपादित: यत् –"ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्, य: प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्॥" (भ. गी. ८/१३) । ओंकारेव परं ब्रह्म। अत एव सर्वेऽपि वैदिका: मन्त्रा: ओंकारेण प्रारभ्यन्ते । वैदिकवाङ्मये ब्रह्मण: सगुणं निर्गुणं चेति रूपद्वयं प्राप्यते । निर्विशेषब्रह्म एव निर्गुणब्रह्म इत्युच्यते। तस्मिन् गुणसन्निवेश: न शक्यते । तद्ब्रह्म निर्विशेषं यतो हि केनापि विशेषेण संयुक्तं न भवति । केनापि चिह्नेन तत् चह्नितं न भवति । अपि च तद् केनापि प्रकारेण निर्दिष्टं न भवति । लोके सर्वेषामपि वस्तूनां गुणाः भवन्ति, परन्तु निर्गुणत्वाद्ब्रह्म निर्गुणमित्युच्यते ।

अत एव केनोपनिषदि उक्तं यत् – 'यस्यामतं तस्य मतं मतं यस्य न वेद स:' इति। अर्थात् अहं ब्रह्म न जानामि इति य: चिन्तयति स: ब्रह्म कदापि न जानाति । तथैव ब्रह्म ज्ञातुमेव न शक्यते इति य: चिन्तयति स: ब्रह्म जानाति । 'वृहदारण्यकोपनिषदि' गार्गीं प्रति ब्रह्म स्वरूपवर्णनं कुर्वन् याज्ञवल्क्यः वदति यत् – 'तदक्षरं ब्रह्म न स्थूलं न अणु, न ह्रस्वं न दीर्घं न स्निग्धं न छायात्मकं न अन्धकारात्मकं न वायुः, न आकाशः, रसगन्धविहीनश्च इति। द्वैतदर्शने ब्रह्म सर्वतन्त्रस्वतन्त्ररूपेण वर्णितम्। ईश्वरः एक एव स्वतन्त्रः, जीवादयः अन्ये सर्वेऽपि परतन्त्राः, अर्थात् स्वतन्त्राश्रिताः। अनेन प्रकारेण मध्वाचार्याणां सिद्धान्तोऽयं यत् – जीवः प्रकृतिः च स्वतन्त्रस्य परब्रह्मणः अधीनभूते भवतः । अथवा तदाश्रिते भवतः। एवं स्वतन्त्रभूते परब्रह्मणि समाश्रितस्सन्नपि जीवः मोहाज्ञानादिवशात् दुःखितो भवतीत्यादयो विषयाः पत्रेऽस्मिन् प्रतिपादयिष्यन्ते।

# 07

# वेदों में वर्णित आश्रम व गुरु परम्परा

**श्री दीपक कुमार मिश्र**

परास्नातक छात्र, संस्कृत अध्ययन और अनुसंस्थान केंद्र, एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा

*Email: deepak.protocol@gmail.com*

आश्रम जीवन की वह स्थिति है जिसमें कर्तव्यपालन के लिए पूर्ण परिश्रम किया जाए। आश्रम का अर्थ अवस्थाविशेष विश्राम का स्थान ऋषिमुनियों के रहने का पवित्र स्थान आदि भी किया गया है। आश्रम संस्था का प्रादुर्भाव वैदिक युग में हो चुका था किंतु उसके विकसित और दृढ़ होने में काफी समय लगा।

मनुष्य ने विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उन्नति की है। आज का साधारण मनुष्य भी उन साधनों और सुविधाओं का उपभोग करता है जिनके विषय में कुछ दशक पूर्व ऐश्वर्यशाली लोग भी कल्पना नहीं करते थे। लेकिन क्या आधुनिकता के इन संसाधनों ने मानव जीवन को सुखी समृद्ध शांतिपूर्ण और अहोभाव युक्त करने में कोई सफलता पायी है शायद नहीं। अनंत सुविधाओं के बीच भी यदि मनुष्य भय तनाव और विषाद से परिपूर्ण है तो इसका सीधा अर्थ है कि समृद्धि का यह रास्ता मानव को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने में असमर्थ रहा है।

इसके विपरीत यदि हम भारतीय संस्कृति के स्वर्ण काल की ओर देखें तो आभास होता है कि जीवन की परिपूर्णता के विषय में उस दौर का मनुष्य हमसे कहीं अधिक सौभाग्यशाली रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण उनका भारतीय संस्कृति के मूलभूत तत्वों से जुड़ाव और वैदिक परम्पराओं का अनुपालन कहा जायेगा।

यह आश्रमों की परम्परा जब तक हमारे देश में जीवित रही तब तक यश श्री और सौभाग्य में यह राष्ट्र सर्व शिरोमणि बना रहा । श्रेय और प्रेय का इतना सुन्दर सामंजस्य किसी अन्य जाति या धर्म में मिलना कठिन है। हमारी कल्पना है कि मनुष्य आनंद में जन्म लेता है आनंद से जीवित रहता और अन्त में आनंद में ही विलीन हो जाता है । मनुष्य का लक्ष्य भी यही है। इन आवश्यकता की पूर्ति आश्रम व्यवस्था में ही सन्निहित है। समाज की सुदृढ़ रचना और मनुष्य के जीवन ध्येय की पूर्ति के लिये आश्रम- व्यवस्था का पुनर्जागरण आवश्यक है।

# 08
# कल्पसूत्रों में अन्त्येष्टि संस्कार की अवधारणा

**सुश्री दीपिका**

शोधच्छात्रा, विशिष्ट संस्कृताध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*E mail: dimschaaras13jnu@gmail.com*

जातस्य हि ध्रुवो मृत्युर्ध्रुवं जन्म मृतस्य च (भगवद्गीता २।२७) अर्थात् जिस व्यक्ति का जन्म हुआ है उसकी मृत्यु एवं जिसकी मृत्यु हुई है उसका जन्म निश्चित है। किन्तु मृत्यु के पश्चात् मनुष्य को किस अवस्था की प्राप्ति होती है यह विषय पारलौकिक है तथापि व्यक्ति को मृत्यूपरान्त सद्गति प्राप्त हो तदर्थ उसके अन्त्येष्टि संस्कार का विधान किया जाता है। अन्त्येष्टि संस्कार भारतीय संस्कृति के प्रतीक सोलह संस्कारों में अन्यतम व अन्तिम है। संस्कार शब्द की व्युत्पत्ति संस्कृत की सम् पूर्वक कृञ् धातु से घञ् प्रत्यय द्वारा निष्पन्न है। संस्कार शब्द का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ परिष्कार या स्वभाव का शोधन करना है। व्यक्ति के पूर्वजन्म या वंशानुक्रम से प्राप्त दुर्गुणों को निकालकर उसमें सद्गुण स्थापन के प्रयत्न को वैदिक विचारधारा में संस्कार कहा गया है। आचार्य चरक के अनुसार पहले से विद्यमान दुर्गुणों को हटाकर उनके स्थान पर सद्गुणों का आधान करना ही संस्कार है (चरकसंहिता)। मनु, याज्ञवल्क्य तथा जातुकर्ण्य संस्कार की सूची में अन्त्येष्टि की गणना करते हैं। गृह्यसूत्र साधारणतः विवाह से आरम्भ कर समावर्तन पर्यन्त दैहिक संस्कारों का निरूपण करते हैं। अन्त्येष्टि क्रियाओं का पूर्ण निरूपण सर्वप्रथम वैदिक काल से ही प्रारम्भ होता है। अन्त्येष्टि का अर्थ है- अन्तिम इष्टि (कर्म)। शरीर की सत्ता भस्म होने तक ही है, इसीलिए वेद ने इसे 'भस्मान्तं शरीरम्' (यजु. ४०।१५) कहा है। अतः अन्त्येष्टि संस्कार का तात्पर्य उस संस्कार से है जिसके आगे उस शरीर के लिए कोई भी संस्कार शेष नहीं रह जाता है। गृह्यसूत्रादि में शवयात्रा, शवदहन-प्रक्रिया, अन्त्यकर्म की सामग्री आदि का विवेचन प्राप्त होता है। अन्त्येष्टि में अयोग्य सामग्री, बालकों की अन्त्येष्टि में प्राप्त विकल्पों एवं श्राद्धादि का स्वरूप भी व्यावहारिक रूप से विवेचनीय विषय हैं।

अतः प्रस्तुत पत्र में हिन्दु मान्यता के अनुसार किये जाने वाले अन्तिम संस्कार जिसे अन्त्यकर्म या अन्त्येष्टि संस्कार कहा जाता है, का विभिन्न गृह्यसूत्रों, धर्मसूत्रों, स्मृतियों, टीकाओं तथा अन्य ग्रन्थों में प्राप्त नियमों के आधार पर समता तथा असमता का विश्लेषणात्मक अध्ययन कर स्वामी दयानन्द के मत को भी प्रकाशित किया जायेगा। साथ ही पत्र में विभिन्न धर्मों तथा संस्कृतियों में मत शरीर को नष्ट करने के लिए अपनाई जाने वाली विधियों का भी विवेचन किया जायेगा।

## 09

# वैदिक-कालीन न्याय व्यवस्था की प्रासंगिकता एवं उपयोगिता

**सुश्री दीप्ति सिंह**

एम.फ़िल, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: rydeeptijnu@gmail.com*

न्याय व्यवस्था किसी भी राष्ट्र का वह लौह स्तम्भ है, जो निरंकुशता से मुक्त तथा लोकतंत्र की रक्षा करता है। जिस समाज में न्याय व्यवस्था जितनी सुदृढ होगी, वह समाज उतना ही समृद्ध एवं विकसित होगा। न्याय के इसी महत्व को स्पष्ट करते हुए आचार्य का कथन है- प्रदीपः सर्व विद्यानां, उपायः सर्व कर्मणाम्। आश्रयः सर्व धर्माणां शाश्वदान्विक्षिकी मता।। न्याय व्यवस्था अत्यधिक कठोर या लचीला होने से इसका दुष्परिणाम होने लगता है। वैदिक कालीन भारत में धर्म का अर्थ ही न्याय के रूप में लिया जाता था, जिसका प्रधान राजा होता था। समाज के सभी वर्ग, जाति तथा सभी रीति-रीवाज के मूल में धर्म के नीति-निर्देश समन्वित होते थे। न्याय का प्रधान मुखिया राजा भी धर्म के इस बन्धन से इस प्रकार बंधा था कि स्वयं भी किसी प्रकार का संस्कार शोधन नहीं कर सकता था। श्रुति तथा स्मृति ग्रन्थ इसके मुख्य अंग होते थे, जिसकी सहायता से राजा मार्ग दर्शन प्राप्त करता था, जिनमें मनुस्मृति, याज्ञवल्क्यस्मृति, नारदस्मृति आदि मुख्य थे। वैदिक कालीन शासन व्यवस्था सर्वथा राजत्व-प्रणाली पर आधारित थी, जिसमें न्यायव्यवस्था तथा साशन व्यवस्था अलग- अलग कार्य करते थे। राजनीति के प्रकाण्ड विद्वान् तथा नैतिकाचरण वाले पुरोहित ब्राह्मण ही राजा के मंत्री नियुक्त किये जाते थे। समय की व्यस्तता के कारण राजा अन्य न्यायधीशों की नियुक्ति करता था। किन्तु प्रधान न्यायधीश राजा ही होता था। दण्ड संबंधी मामलों तथा विशेष विवादों में राजा स्वयं ही न्याय करता था। अर्थशास्त्र में कौटिल्य ने राजा को धर्म प्रवर्तक कहा है। यद्यपि वर्तमान भारतीय न्याय व्यवस्था ब्रिटिश शासन व्यवस्था से प्रभावित है, किन्तु उसका मूलाधार वैदिक पद्धति ही है। यथा न्यायलयों का संगठन प्रत्येक स्तर पर था, आधुनिक काल में भी सर्वप्रधान एक सर्वोच्च न्यायालय है, जिसके द्वितीय स्तर पर उच्च न्यायलय होता है। उच्च न्यायालयों के अधीन कई श्रेणी के न्यायालय होते हैं। इन्हें संविधान में अधीनस्थ न्यायालय कहा गया है। इस प्रकार प्रस्तुत शोध पत्र के माध्यम से वैदिक कालीन न्याय विधान का प्रारूप, क्रियान्वयन के नियम को स्पष्ट करना तथा आधुनिक भारतीय संविधान की न्याय व्यवस्था में इसकी प्रासंगिकता एवं उपयोगिता को स्पष्ट करना है।

## 10

# वेदों में पर्यावरण संरक्षण

**श्री धर्मेश उपाध्याय**

शिक्षाचार्य, श्रीलालबहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, नई दिल्ली

*Email: dharmeshupadhyay8@gmail.com*

हमारे चारों ओर जो विस्तृत प्राकृतिक का परिवेश व्याप्त है, उसे ही हम पर्यावरण कहते हैं। परस्पर एक दुसरे पर आश्रित रहने का नाम पर्यावरण है। हमारे चारों ओर जो भी वस्तुएँ परिस्थितियाँ एवं शक्तियाँ विद्यमान

हैं, वे सब हमारे क्रियाकलापों को प्रभावित करती हैं और उसके लिए एक दायरा सुनिश्चित करती हैं। इसी दायरे को हम पर्यावरण कहते हैं। यह दायरा व्यक्ति, ग्राम, नगर, प्रदेश, महाद्वीप, विश्व अथवा संपूर्ण सौरमंडल या ब्रह्माण्ड हो सकता है। इसीलिए वेदकालीन मनीषियों ने द्युलोक से लेकर व्यक्ति तक समस्त परिवेश के लिए शांति की प्रार्थना की है। शुक्ल यजुर्वेद में ऋषि प्रार्थना करता है - 'द्यौः शांतिरंतरिक्षं...' (शुक्ल यजुर्वेद, 36/17)।

वैदिक ऋषियों ने पर्यावरणीय समस्त उपकारक तत्त्वों को देव कहकर उनके महत्त्व को बताया है, साथ ही मनुष्य के जीवन में उनके महत्त्व को भलीभांति स्वीकार किया है। पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए जिन देवताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है उनमें सूर्य, वायु, वरुण इत्यादि देवताओं से रक्षा की कामना की गई है।

ऐतेरेयोपनिषद् के अनुसार ब्रह्मण्ड का निर्माण पाँच तत्त्वों पृथ्वी, वायु, आकाश, जल एवं अग्नि को मिलाकर हुआ है । इन्हीं पाँच तत्त्वों के संतुलन का ध्यान वेदों मे रखा गया है। इन तत्त्वों में किसी भी प्रकार के असंतुलन का परिणाम ही सूनामी, ग्लोबल वार्मिंग, भूस्खल, भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदायें हैं। वेदों में प्रकृति के प्रत्येक घटक को दिव्य स्वरूप प्रदान किया गया है।

इसी प्रकार वेदों मे पर्यावरण संरक्षण के विषय में अनेकों मन्त्र हैं जिससे देवता, प्रकृति से प्रार्थना की गयी है कि हमें अपने बेटे की तरह सुरक्षा प्रदान करें "माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः"।

# 11

# वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक पक्ष


**प्रो. दिनेशचन्द्र शास्त्री**

सम्पादक, वैदिक वाग्-ज्योतिः & अध्यक्षचर, वेद विभाग, गुरुकुल कांगडी विश्वविद्यालय,हरिद्वार

*Email: dineshcshastri@gmail.com*


तैतिरीय उपनिषद् के शिक्षा अध्याय (11 वां अनुवाक) में आचार्य अपने दीक्षित स्नातक को अन्तिम अर्थात् समावर्तन के समय में जीवन के कुछ व्यवहारिक पहलुओं की सीख देते हैं। इस प्रकरण को दीक्षान्त भाषण के नाम से जाना जाता है। वेदों की शिक्षा प्राप्त कर, केवल स्नातक बनकर ही जीवन में काम नहीं चलता। अत एव आचार्य उसको जीवन के व्यवहारिक पक्षों को भी समझाता है। तैतिरीय ऋषि-प्रोक्त ये व्यवहारिक पक्ष इस प्रकार हैं-

1) सत्य को जीवन में प्राथमिकता के साथ स्थान देना।
2) कर्तव्य का पालन करना ,अपनी जिम्मेदारियों से न भागना।
3) सद् ग्रन्थों का अध्ययन जरूर करना।
4) गृहस्थाश्रम का पालन अवश्य करना। अच्छी सन्तानों को जन्म देना।
5) कभी भी सत्य बात को कहने में पीछे न रहना।
6) माता,पिता,गुरु (आचार्य) और अतिथि को देव मानकर लोक - व्यवहार करे।
7) दान देने की प्रवृति जरूर बनाना। चाहे लज्जा,भय, प्रेम,श्रद्धा और अश्रद्धा से ही देना पडे, दान देना जरूर । इससे अपरिग्रह वृत्ति मजबूत होती है।

8) यदि किसी कार्य में सन्देह उत्पन्न हो जाए, यह समझ न पडे कि 'धर्माचार' क्या है, 'लोकाचार' क्या है तो जो विचारशील, सन्तुलित, धर्मबुद्धि वाले लोग हों, उस विषय में इनका जो व्यवहार हो वैसा बरतना चाहिए ।

वेदों के उक्त कतिपय व्यवहारिक पक्षों को तैतिरीय ऋषि ने अपनी उपनिषद् में आवश्यक बताते हुए इनको वेदोपनिषद् और अनुशासन का नाम दिया है। हजारों वर्षों के बाद आज भी इनकी प्रासंगिकता है। उक्त व्यवहारिक पक्षों को ही इस निबन्ध में विस्तार से समझाया जायेगा।

# 12

# वैदिक वाङ्मय में वाक्-तत्त्व

**श्री गंगाराम पाण्डेय**
शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय दिल्ली
*Email: gangaram1812jogi@gmail.com*

भाषा चिन्तन की परम्परा अनादि काल से व्यवहृत है। ऋक् संहिता में भाषा के लिये 'वाक्' शब्द का व्यवहार होता है। जो वच् 'कहना' या बोलना से कर्मवाच्य में निष्पन्न होता है। ऋग्काल से ही वाग्व्यवहार को सृष्टि के पर्याय रूप में माना जाता था। वाक् के तीन स्तरों के रूप में द्युलोक, अन्तरिक्ष और पृथ्वी की कल्पना की गई और वाक् को ही देवताओं की प्रेरिका शक्ति के रूप में देखा गया है। इसी से वाक् की परिशुद्धि पर बल दिया गया, क्योंकि विशुद्धवाक् कल्याणकारी होती है, यथा-

सक्तुमिव तितउना पुनन्तो यत्र धीरा मनसा वाचक्रत।
आ सखाय सख्यानि जानते भद्रैषां लक्ष्मीर्निहिताधि वाचि।।

वाक् दर्शन की परिणति ऐसी वाणी में होती है जो स्वयमेव अपने रहस्य को उद्धाटित कर देती है। कोई अज्ञ इसे देखकर भी नहीं देख पाता और न सुन पाता, अर्थात् रात-दिन व्यवहार करनें भी इसका परिचय नहीं पाता, और किसी के आगे यह काम पीडिता पत्नी की भाँति सर्वथा आत्मसमर्पण कर देती है। अर्थात् कोई-कोई भाषाविज्ञ वाणी का सर्वस्व पा लेता है। ऐतरेय ब्राह्मण में "पुस्तादायना वाक्, उपरिवदादायतना वाक्, मध्यायतना वा इयं वाक्" से क्रमशः बैखरी, पश्यन्ती, मध्यमा वाणियों के त्रिविध स्थानों की चर्चा की गई है"।

इस प्रकार वैदिक वाङ्मय में वाक्-तत्त्व के महत्त्व का प्रतिपादन किया गया है। वाणी के द्वारा मनुष्य सब प्रकार के अभीष्ट पदार्थों की पुष्टि कर लेता है। वाणी जगत् के व्यवस्थित संचालन का पहला फल है। वाणी अक्षरा और हजारों फल देने वाली (सहस्त्रिणी) है। वाणी का प्रतिपाद्य विषय अक्षर तत्त्व (आत्मा) है और वाक् का उत्स भी ब्रह्म ही है। वाणी का विषय उतना ही विस्तृत् है जितना विस्तृत ब्रह्म तत्त्व है। अर्थात् वाणी ब्रह्म के समान विभु है। इस शोधपत्र का मुख्य उद्देश्य वैदिक वाङ्मय में वाक्क्-तत्त्व के महत्त्व का प्रतिपादन करना है।

## 13

# भारतीय समाज का आधार परिवार : वैदिक सन्दर्भ में

**डॉ. गीता रानी**
सहायक आचार्य, इन्द्रप्रस्थ महिला महाविद्यालय, दिल्ली-विश्वविद्यालयः
*Email: geetaranijee@gmail.com*

'परिवार' वह मूल इकाई है जो मनुष्य को इस समाज में एक प्रमुख स्थान प्रदान करती है। मनुष्य की समस्त प्रगति, प्रभावी व्यक्तित्व, खुशहाल जीवन, द्वन्द्वरहित प्रवृत्ति, प्रसन्नचित्त मन समस्त मुख्य घटक उसके मनोविज्ञान पर आधारित हैं और मनोविज्ञान के सन्तुलन का मुख्य कारण परिवार है।

पारिवारिक जन मनुष्य को आत्मिक बल प्रदान करते हैं जिसके कारण वह समस्त चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर अपने लक्ष्य को सिद्ध करता है। किन्तु वर्तमान परिप्रेक्ष्य में यदि परिवारों की स्थिति पर दृष्टिपात किया जाये तो यह संयुक्त की अपेक्षा एकल दिखाई देती है। जिसके कारण देश की भावी पीढ़ी जो इस देश की निर्माता होगी उसमें नैतिकता का अभाव, अवसाद, खिन्न-प्रवृत्ति, हिंसात्मक व्यवहार, क्रोध इत्यादि अवगुणों का किञ्चिद् दर्शन होता है। इसका मुख्य कारण परिवारों का विघटन है। जिसके दुष्परिणाम हम मीडिया के माध्यम से प्रतिदिन देखते हैं, यथा- 'संतति विदेश में है और माता-पिता वृद्धाश्रम में'। क्योंकि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज की प्रगति तभी संभव है जब स्वयं उसकी प्रगति हो। परिवार की महत्ता वर्तमान काल में ही नहीं अपितु वैदिक काल में भी स्वीकार की गई थी, तभी तो वैदिक ऋषियों ने परिवार के मुखिया को 'गृहपति' पद से विभूषित किया है। संयुक्त परिवार का सूचक ऋग्वेद का विवाह सूक्त (ऋ.१०/८५) है जहाँ नववधू को 'पारिवारिक सदस्यों की साम्राज्ञी' होने का आशीर्वाद दिया गया है। यह दोनों पद –गृपति एवं साम्राज्ञी, इस बात को सूचित करते हैं कि वैदिक काल में परिवार तथा परिवार के मुखिया को अधिष्ठाता माना गया था जो कि वर्तमान में भी उपादेय है। प्रकृत शोधपत्र में परिवार सम्बन्धी उन सभी आवश्यक तत्त्वों का विवेचन किया जाएगा जो वैदिक संस्कृति का मूल आधार था। जिसको हम पुन: अपनाकर अपने समाज को उन्नति की ओर अग्रसरित कर सकते हैं तथा स्वयं के माता-पिता को भी वह वास्तविक सुख प्रदान कर सकते हैं जिनके वह अधिकारी हैं।

## 14

# वैदिक साहित्य में वर्णित विविध मानसिक रोगों की निवृत्ति : आधुनिक विज्ञान के सन्दर्भ में

**सुश्री ईवाना वशिष्ठ**
शोधछात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय
*Email: Ivanavashishtha93@gmail.com*

अभी तक माना जाता था कि दुनिया में शरीर से सम्बन्धित बीमारियाँ ही तेजी से बढ़ रही हैं लेकिन अब तथ्य सामने आ रहा है कि मन के रोग अर्थात् मनोरोग भी विश्व भर में तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनियाभर में करीब ४५ करोड़ लोग मानसिक बीमारियों से ग्रस्त हैं। अमेरिका में २४ फीसदी लोग मेंटल

डिसऑर्डर के शिकार हैं। भारत में १४ फीसदी लोग इस बीमारी से ग्रस्त हैं। हालत यह हो गई है कि आज दुनिया में दस में से एक व्यक्ति किसी न किसी प्रकार के मनोरोग की चपेट में है। मनुष्य ने सभ्यता, समाज और विज्ञान के क्षेत्र में बुलंदियों को तो छू लिया है लेकिन इससे लोगों की रोजमर्रा जिंदगी में बदलाव भी आया है। मनुष्य की महत्वाकांक्षाओं के कारण उनमें मानसिक तनाव ज्यादा रहता है एवं महत्वाकाक्षांओं की पूर्ति न होने के कारण मानसिक अवसाद पनपता है। मनोरोगों सोशलमीडिया भी एक कारण है जो कहीं न कहीं दिमागी सेहत पर बुरा प्रभाव डाल रही है। मानसिक रोगियों के लिए वायु संतुलन की चिकित्सा पद्धति प्रयुक्त की जाती है।

आयुर्वेद के आचार्यों ने स्वास्थ्य को आवश्यक मानते हुए उसको शरीर तक ही सीमित नहीं रखा है, अपितु मन-बुद्धि के विकारों की स्थिति में भी अस्वस्थता स्वीकार की है (चरक सूत्र. १।५५)| ऋग्वेद में कहा है कि ‘जो तेरा मन इस विश्व में दूर-दूर रहकर भटकता है, उसको यहाँ वापिस लाता हूँ, ताकि स्थिति और जीवन उत्तम होवे। जो तेरा मन भूत, भविष्य और वर्तमान की दूर-दूर की बातों में भटकता है, उसको मैं यहाँ इस स्थिति और जीवन में वापस लाता हूँ (ऋग्वेद १०।५८)। तैत्तिरीय आरण्यक में कहा है- मनो वाक्कायकर्माणि मे शुध्यन्ताम्। अर्थात् मेरे मन, वाणी और शरीर से सब पवित्र ही कर्म होते रहे। इस प्रकार की इच्छा हरेक को करनी चाहिए। मन को यज्ञ के साथ-साथ यज्ञ में अर्पण करो अर्थात् मन का अहंकार नष्ट करने की यही युक्ति है। जो मन मनुष्य को बार-बार यत्र-तत्र प्रेरित करता है, जैसे कुशल सारथि घोड़ो को लगाम के द्वारा अपने वश में रखता है, उसकी तरह मनुष्यों को अपने अधीन रखता है, जो हृदय में स्थित है, जो बुढ़ापे से रहित तथा अतिशय वेगवान् है, वह मेरा मन शुभ सङ्कल्प वाला हो (यजुर्वेद ३४.६)। वेदों में इन मानसिक रोगों की स्थिति एवं उनकी चिकित्सा को बताया गया है। आज के इस युग में ईर्ष्या, द्वेष, वैमनस्य से उत्पन्न तनाव, मानसिक वेदना, अवसाद या पागलपन आदि से उत्पन्न अनेक अपराध (आत्महत्या, आतंकवाद) हो रहे हैं। वेदों में आधुनिक युग में बढ़ रहीं इन समस्याओं की निवृत्ति के उपाय, प्रज्ञापराध का परित्याग, इन्द्रिय सम्बन्धी विषयभोग में संयम, सदुपदेशों का स्मरण रखना, देश और काल को समझकर व्यवहार करना, सद्वृत्त का अनुवर्तन आदि बताया गया है ।

# 15

# आदित्य देवता का वैज्ञानिक स्वरूप

**श्री जलज कुमार**

शोधच्छात्र, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्विविद्यालय, दिल्ली

*Email: jalaj23k@gmail.com*

सम्पूर्ण विश्व में भाषाविज्ञान की दृष्टि से ऋग्वेद सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण तथा प्राचीन ग्रन्थ है। ऋग्वेद में ज्ञान-विज्ञान के विषयों को प्रदर्शित किया गया है। ऋग्वेद में आदित्य गण में 12 देवता हैं जो इस प्रकार हैं - सविता, भग, सूर्य, पूषा, विष्णु, विश्वानर, वरुण, केशी, केशिन्, वृषाकपि, यम तथा अज एकपात्। निरुक्त में आदित्य के 12 रूपों का वर्णन किया गया है। सूर्य-नमस्कार के 12 अभ्यासों में भी सूर्य से अलग-अलग स्थानों में प्रार्थना की जाती है। इसी प्रकार सम्पूर्ण वैदिक साहित्य में सूर्य से सम्बन्धित प्रार्थनाओं में सूर्य का वैज्ञानिक स्वरूप वर्णित है। वर्तमान युग में खोजकर्ता सूर्य के वैज्ञानिक स्वरूप को जानना चाहते हैं। किन्तु वैदिक साहित्य में सूर्य के वैज्ञानिक स्वरूप तथा सूर्य से मनुष्य को मिलने वाले लाभ को बहुत पहले ही अंकित कर दिया गया था। प्रस्तुत पत्र में आदित्य देवता

के वैज्ञानिक स्वरूप को प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया जायेगा जिसे वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व के वैज्ञानिक जानने के लिए प्रयत्नशील हैं।

## 16
# गर्भावस्थाकालीन आहारव्यवस्था (चरक, सुश्रुत् एवं अष्टाङ्गहृदय के सन्दर्भ में)

**सुश्री खुशबू कुमारी**
शोधच्छात्रा, वि.सं.अ.के., ज.ने.वि., नई दिल्ली
*Email: khushbookumarijnu@gmail.com*

विश्व में माँ को भगवान् का पद दिया गया है। स्त्री के गर्भ में जब शिशु होता है तब उसे विविध रोग हो जात हैं, ये रोग उसे त्रिविधदोषों से, त्याज्य आहार के सेवन से एवं त्याज्य विहार करने से होते हैं अत एव अष्टाङ्गहृदय में कहा गया है कि" *रक्तं निवसनं श्वभ्रकूपेक्षां मद्यमासिषम्। उत्तानशयनं यच्च स्त्रियो नेच्छन्ति तत्त्यजेत्। तथा रक्तस्रुतिं शुद्धिं बस्तिमामासतोऽष्टमात्। एभिर्गर्भः स्रवेदामः कुक्षौ शुष्येन्म्रियेत वा"।* अतः गर्भकाल में स्त्री को सावधानी से अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। यदि स्त्री अपने आहार-विहार का सम्यक् ध्यान नहीं रखती है तो वह स्वयं तो रोगों से ग्रसित होती ही है, जिससे शिशु भी रोगाक्रान्त हो जाता है और शिशु की कर्मेन्द्रियाँ एवं ज्ञानेन्द्रियाँ सम्यक् रूप से विकसित नहीं हो पाती हैं। बृहत्त्रयी में गर्भावस्था के समय आहार-विहार पर विस्तार से चर्चा की गई है, जिसको अपनाकर मनुष्य शिशु का सर्वांगीण विकास कर सकता है। आचार्यसुश्रुत कहते हैं" *गर्भिणी प्रथमदिवसात् प्रभृति नित्यं प्रहृष्टा शुच्यलङ्कृता शुक्लवसना च भवेत्......हृद्यं द्रवमधुरप्रायं स्निग्धं दीपनीयसंस्कृतं च भोजनं भोजयेत्, सामान्यमेतदाप्रसवात्"।* हरी शाक-सब्जियों एवं फलों को भोजन के रूप में सेवन करना आवश्यक है। आचार्यसुश्रुत गर्भिणी के भोजन के विषय में कहते हैं" *विशेषतस्तु गर्भिणी प्रथमद्वितीयतृतीयमासेषु मधुरशीतद्रवप्रायमाहारमुपसेवेत; विशेषतस्तु तृतीये षष्टिकौदनं पयसा भोजयेत्.....एवमुपक्रान्ता स्निग्धा बलवती सुखमनुपद्रवा प्रसूयते"।* अर्थात् गर्भावस्था के ८ या ९ मासों तक गर्भिणी को विशेष-विशेष भोजन ही ग्रहण करना चाहिये जिससे गर्भ में शिशु मानसिक, शारीरिक एवं आत्मिकरूप से परिपुष्ट हो। प्रस्तुत शोधपत्र में गर्भकालीन आहारव्यवस्था का चरक, सुश्रुत एवं अष्टाङ्गहृदय के अनुसार विस्तृत विवेचन किया जायेगा।

## 17
# आधुनिक सन्दर्भ में ऋग्वैदिक अर्थपरक दृष्टिकोण की महत्ता

**सुश्री मंगला ठाकुर**
शोधच्छात्रा, रष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली
*Email: thakurmangla105@gmail.com*

भारतीय संस्कृति सदैव ही पुरुषार्थ चतुष्टय (धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष) की पोषक रही है। धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष भिन्न-भिन्न नहीं अपितु परस्पर पूरक हैं। भारतीय संस्कृति में मोक्ष की प्राप्ति धर्म, अर्थ व काम के मार्ग से ही

सम्भव है। इनमें से प्रत्येक शब्द में गूढार्थ निहित है जिसका परिपालन वैदिक संस्कृति में किया जाता था। परन्तु आधुनिक समाज में पुरुषार्थ चतुष्टय में पूरकता का अभाव पाया जा रहा है, वर्तमान समय में अर्थप्राप्ति के लिए मनुष्य किसी भी सीमा तक जा सकता है। उसकी मानसिकता अर्थप्राप्ति तक ही सीमित होकर रह गई है। इसके लिए वह किसी की भी हत्या तक कर सकता है और किस हद तक गिर सकता है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। धनार्जन निमित्त लोग आतंकवाद का हाथ थाम लेते हैं। जो कि सभ्य समाज के लिए एक बडा कलंक है। अतः इस सन्दर्भ में वैदिक ऋषियों की अर्थपरक दृष्टिकोण की महत्ता बढ जाती है। वैदिक ऋषियों के दृष्टिकोण में कृषि वाणिज्य व्यापार आदि व्यवसायों द्वारा परिश्रमपूर्वक अर्थोपार्जन कर भौतिक उन्नति करने की शिक्षा मन्त्रों में दी गई है - *अक्षैर्मा दीव्यः कृषिमित् कृषस्व..........* (ऋ० १०।३४।१३)। वैदिक दृष्टि में दूसरों का पालन-पोषण और संवर्धन करने वाला तथा अपना यश बढाने वाला धन ही वास्तविक धन है। धनप्राप्ति का साधन उत्तम मार्ग और समुचित मार्ग होना चाहिए। इस मार्ग से ही सब देवता उन्नत हुए, इसी से मनुष्य उन्नत होता है। इस पर बल देते हुए अग्निसूक्त में कहा है- हे अग्ने! एश्वर्य प्राप्ति के लिए हमें उत्तम मार्ग पर ले चलो। ''*अग्ने नय सुपथा सुपथा राये अस्मान्*'' इत्यादि उद्धरणों से स्पष्ट हो जाता है कि वेद के अनुसार समाज में उत्तम मार्ग के द्वारा अर्थप्राप्ति जीवन का उद्देश्य माना गया है और साथ ही धन के उपभोग के लिए ऋण या दूसरे के परिश्रम का आवलम्बन अनुचित बताया गया है। इस तरह ऋषियों का अर्थपरक चिन्तन आधुनिक समाज में उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इसका विस्तृत विवेचन पूर्ण शोध पत्र के माध्यम से किया जायेगा।

## 18

# ऊर्जा : स्वरूप एवं संरक्षण सम्बन्धी वैदिक चेतना

**श्री मनीष कुमार झा**

शोधच्छात्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: jhamanishkumar4@gmail.com*

ऊर्जा किसी भी राष्ट्र के विकास का मापक या सूचक होता है। इसकी उपयोगिता की मात्रा राष्ट्रों के वर्गीकरण का आधार होता है। वर्तमान में हम विकसित, विकाशशील तथा अल्प विकसित राष्ट्रों का विभाजन उनके द्वारा प्रयुक्त ऊर्जा की मात्रा और उपलब्ध ऊर्जा स्रोत के आधार पर करते हैं। ऊर्जा मानव के आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक एवं प्रौद्योगिकीय जीवन हेतु एक अनिवार्य आवश्यकता है।

ऊर्जा सम्बन्धी चेतना का निदर्शन वैदिक वाङ्मय में पदे पदे दृष्टिगोचर होता है। चारों वेदों में ऊर्जा विज्ञान के अपर पर्याय के रूप में अग्नि विज्ञान का प्रयोग किया गया है। यजुर्वेद में अग्नि को ऊर्जा का प्रतिनिधि मानते हुए उसे अक्षय और अमर कहा गया है। यथा -"अग्निरमृतो अभवद् वयोभिः*" (*यजु. १२.२५) इत्यादि मन्त्रांश के द्वारा ऊर्जा के अविनाशित्व को प्रतिपादित किया गया है। ऊर्जा के पूंजीभूत स्वरूप एवं उसके विराट् रूप को "*शतिनं पुरुरूपं*" (ऋ. २.२.९.), ''*अग्ने बृहतो दाः सहस्त्रिणः*'' (ऋ. २.२.७.), "त्वमग्न इन्द्रः, ''*त्वं विष्णुः, त्वं ब्रह्मा*'' (ऋ २.१.३) इत्यादि ऊर्जा के व्यक्त और अव्यक्त तथा स्थूल एवं सूक्ष्म रूप का निदर्शन भी वेद में प्राप्त होता है। ऊर्जा के सर्वव्यापकत्व सिद्धान्त का प्रतिपादन वेद की विशिष्ट विशेषता है। अग्नि विश्व को चेतना देती है। यही विश्व को गति प्रदान करने का केन्द्र है, और द्यावा पृथिवी में व्याप्त है। जैसे कि कहा गया है- ''*विश्वस्य केतुः भवनस्य गर्भः, आ रोदसी अपृणात्* (यजु. १२.२३)। ऊष्मा जो कि अग्नि का ही रूप है, तत्सम्बन्धी ऊष्मा गति का सिध्दान्त,

जिसके माध्यम से समस्त खाद्य शृङ्खला में ऊर्जा प्रवाहित होती है, का भी निरूपण वेदों में प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त अग्नि के विविध रूपों और स्रोतों के साथ ऊर्जा संरक्षण के विषय में वैदिक ऋषियों का आद्य चिन्तन अपूर्व होने के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान के विकास सरणी का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी कथ्य के परिप्रेक्ष्य में विषय का पल्लवन सम्पूर्ण शोध-पत्र के द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

# 19

# वेदों में वन्यजीव संरक्षण नैतिक एवं पारम्परिक मूल्यों के विशेष संदर्भ में

**सुश्री मानसी शर्मा**

शोधछात्रा, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: sharmamansi613@gmail.com*

वेदों में जन्तु विज्ञान तथा वन्य जीव संरक्षण का विशद ज्ञान कराने वाले अनेकशः मन्त्र संकलित हैं। वैदिक युग में कुछ पशुओं का उल्लेख मिलता है जो भार वहन करने, व्यक्तिगत वाहन के रूप में तथा युद्धकार्यों में प्रयोग किये जाते थे। आधुनिक समय में भी परिवहन के साधन के रूप में बैल, उष्ट्र, हाथी, अश्व इत्यादि पशुओं का महत्त्व रहा है तथा पशुपालन मानव सभ्यता का व्यवसायिक केन्द्र रहा है।

मानव का अस्तित्त्व अनेकों पशुओं पर निर्भर करता है। वेदों में पशुहिंसा का निषेध प्राप्त होता है तथा पशुहिंसा को दण्डनीय अपराध घोषित किया गया है। यजुर्वेद का संपूर्ण २४वाँ अध्याय जीवविज्ञान का वर्णन करता है जिनमें अनेक प्रकार के पक्षियों तथा पशुओं के नाम और विविधताओं का उल्लेख प्राप्त होता है। पक्षियों को ऋतुओं का ज्ञान होता है। *''वसन्ताय कपिन्जलानालभते...''* (यजु. २४.२०)। सामवेद में गौ आदि के लिये शान्ति-याचना की गई है। ऋग्वेद में भी अरण्य जीवों की रक्षा हेतु आह्वान किया गया है - *''अरणे निपातु''*। वैदिक राष्ट्रीय प्रार्थना में भी वन्य जीवों की समृद्धि की कामना की गई है।

उद्योग, रोजगार, अभयारण्य, मनोरंजन, वैज्ञानिक शोध हेतु, प्रजातियों की नस्ल में सुधार हेतु, कृषि-क्षेत्र में उर्वरा शक्ति आदि बढ़ाने हेतु तथा पर्यावरण-सन्तुलन हेतु वन्यजीवों का महत्त्व होने के कारण उनका संरक्षण और सम्वर्धन अति आवश्यक है। वन्य जीवों के विषय में ज्वलन्त समस्या यह है कि भोगविलासिता में लिप्त व्यक्तिगत स्वार्थपूर्ति के लिये मनुष्य परम्पराओं तथा नैतिक मूल्यों की अवमानना करते हुए रीति-रिवाजों और परम्पराओं को उचित बताते हुए पशुओं एवं पक्षियों का अन्धाधुन्ध हनन कर रहा है। अमानवीय व्यवहार के कारण कूड़ा-करकट में ब्लेड, काँच, विषैले रासायनिक पदार्थ जैसे अनेक वस्तुओं को फेंकता है जो पशुओं के घास-चारे के माध्यम से उनके भोजन का अंग बनकर प्राणघातक सिद्ध होते हैं। पर्यावरण की शुद्धि पर भी ध्यान देना होगा क्योंकि जल प्रदूषण, वनस्पति प्रदूषण के कारण अमूक पशुओं और पक्षियों का अस्तित्त्व संकट में आ गया है तथा अनेक प्रजातियाँ विलुप्त होती जा रही हैं। अतः हमें वैदिक ऋषियों-मुनियों की गहन चिन्तन दृष्टि को समझकर आत्मसात् करना होगा तथा वन्य जीवों के प्रति संवेदनशील होकर वन्य जीवों का संरक्षण करना होगा क्योंकि वेद ऋचा भी यही कह रही है -*''पशून् पाहि''*।

# 20

# कबीर के समन्वयवाद पर वेद का प्रभाव

**डॉ. एम.डी. थॉमस**

संस्थापक निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ़ हार्मनि एण्ड पीस स्टडीज़, नयी दिल्ली

*Email: mdthomas53@gmail.com*

शास्त्रीय धरातल पर प्रतिष्ठित वेद के सम्यक् और संतुलित ज्ञान को लोक-व्यवहार के पटल पर स्थापित करने की कला में कबीर अद्वितीय रहे और इस क्षेत्र में उनका योगदान अप्रतिम रहा है। बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी कबीर के दर्शन में समन्वयवाद मुख्य है, जो कि जीवन की व्यावहारिकता का जीवंत प्रतीक है। किसी एक विचारधारा के चंगुल में फँसना और कोरे सिद्धांत के आसमान में उड़ान भरना कबीर को मंजूर नहीं था। बल्कि, कबीर की जीवन दृष्टि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व तथा सामाजिक समन्वय की भावना से ओतप्रोत समाज का गठन करने की दिशा में प्रवृत्त थी। विचार, आचार, भाव, भक्ति, ज्ञान, सगुण, निर्गुण आदि के बीच समन्वय स्थापित कर कबीर ने अपनी जीवन-साधना की समग्रता और अनूठेपन का परिचय दिया। आपस में लड़नेवाले हिंदू-मुसालमानों के बीच ही नहीं, अंतर्विरोधों में फँसे हिंदू परंपराओं में तालमेल बिठाने भी में कबीर ने अपनी बुलंद ज्ञान-चेतना से उभरी प्रभावशाली उक्तियों और उलटबाँसियों का प्रयोग किया। साफ है, कबीर के समन्वयवादी व्यक्तित्व में विद्यमान दार्शनिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना में वेद के सम्यक् और संतुलित ज्ञान का प्रभाव सहज रूप से प्रतिफलित होता है।

साथ ही, सामाजिक उथल-पुथल से शिथिल हुए अपने समाज को सुधारने और उसमें मानवता का प्राण फूँकने के लिए कबीर ने वेद के अद्वैतवाद से 'परम तत्त्व' को साधन बनाया। 'कागद की देखी' को सीधे नकार कर ' आँखिन देखी' और 'अनभै साँचे' पर ही विश्वास करते हुए कबीर ने 'परम तत्त्व' को अपने भीतर पहचान लिया। उसी सच की साधना को अपने जीवन का केंद्र बनाकर उन्होंने समाज के मानवीय और आध्यात्मिक उन्नयन को अपनी साधना का लक्ष्य बनाया। भक्ति के नाम पर धर्म के क्षेत्र में फैले हुए खोखले आडम्बरों, अंध-विश्वासों, रूढ़ियों, प्रथाओं और परम्पराओं के साथ-साथ समाज के विभाजनकारी तत्त्वों पर कटु प्रहार करना उनके लक्ष्य की प्राप्ति का माध्यम था। सांप्रदायिकों, धर्मांधों और कट्टरपंथियों में कूट-कूट कर भरी हुई अधार्मिकता और भ्रष्टता को उज़ागर कर और खुद को 'ना हिंदू, ना मुसलमान' बताकर कबीर निराकार परम तत्त्व की एकात्मक निष्ठा में लीन हुए। सर्वव्यापी होने से सहजता से उपलब्ध परम सत्ता को धर्म के पाखंडी चौकीदारों से मुक्त कर कबीर ने 'बहता पानी' के समान स्वच्छ सोच और सदाचरण की साधना में लागू किया और सामाजिक जीवन में एकता और समरसता का मार्ग प्रशस्त किया। वेद में विद्यमान सम्यक् ज्ञान की साधना के ज़रिये स्वयं में 'महात्मा' के गुणों को प्रतिबिंबित कर कबीर ने मानवीय जीवन का सबसे व्यावहारिक और जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया, जो कि सदैव महनीय और वंदनीय है।

## 21
## समाज में नारी का स्थान

**सुश्री मेकल सतरावल**
स्नातक तृतीय वर्ष, कालिन्दी महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय
*Email: v.jeetverma@gmail.com*

वेदों में नारी को बहुत आदरणीय स्थान दिया गया है। वह पुरुष की सहयोगी और सहायक है। "**गृहान् गच्छ गृहपत्नी यथासः**" (ऋग्. १०.८५.२५) अर्थात् विवाह के पश्चात् उसे पतिगृह में गृहपत्नी, गृहस्वामिनी का अधिकार प्राप्त होता है। एक ओर उसे पति, सास-ससुर आदि की सेवा-शुश्रूषा तथा उनकी देखरेख का उत्तरदायित्व दिया जाता है, तो दूसरी ओर उसे गृहस्वामिनी के रूप में सास-ससुर, ननन्द आदि की सम्राज्ञी कहा गया है, यथा - **सम्राज्ञीश्वशुरे भव....**(ऋग्. १०.८५.४६)। स्त्री सहधर्मिणी होती है। उसे अर्धांगिनी कहते हैं - *''अर्धो ह वा एष आत्मनो यज्जाया''* (शत. ५.२.१.१०)। इसलिए पत्नी के विना यज्ञ अपूर्ण माना जाता है - *''अयज्ञो वाह्येष योऽपत्नीकः''* (तैत्ति. ब्रा. २.२.२.६)। ऋग्वेद में स्त्री का गौरव बताते हुए उसे"ब्रह्मा" कहा गया है - *''स्त्री हि ब्रह्मा बभूविथ''* (ऋग. ८.३३.१९)।

इसका अभिप्राय यह है की वह ज्ञान में उत्कृष्ट होती है। आज के युग में भी विद्यालयों में ४५% स्त्रियाँ आध्यापिका के रूप में समाज को शिक्षित कर रही हैं। शिक्षण-कार्य के अतिरिक्त वह सेना में भी अपना शौर्य दिखाती आ रही हैं। तैत्तिरीय-ब्राह्मण में इन्द्राणी को सेना की देवता कहा गया है - *''इन्द्राणी वै सेनायै देवता। सैवास्य सेनां संश्यति''* (तैत्ति. सं. २.२.८.९)। केवल वैदिक काल में ही नहीं आज भी नारी सेना में भर्ती हो कर अपने देश की रक्षा का कार्य कर रही है। अथर्ववेद में वर्णन है कि स्त्री पति के साथ सामूहिकयज्ञों और युद्धों में जाती थी - *''संहोत्रं स्म पुरा नारी समनं वाव गच्छति''।*

निष्कर्ष रूप से यह कहा जा सकता है की आज भी समाज में नारी का स्थान उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जितना की एक पुरुष का। नारी के विना समाज की कल्पना भी नहीं की जा सकती।

## 22
## अथर्ववेद में मानसचिकित्सा का व्यावहारिक पक्ष

**सुश्री नन्दिनी दास**
शोधच्छात्र, जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
*Email: nandinidas18021992@gmail.com*

वेदों में लोकव्यवहारादि विषय सम्बन्धित तत्त्वों का उल्लेख अथर्ववेद में वर्णित है। आयुर्वेद, विविध चिकित्साप्रणाली, औषधी आदि का वर्णन मूलरूप में अथर्ववेद में प्राप्त होता हैं। इसलिए अथर्ववेद को आयुर्वेद का उपवेद कहा जाता है। प्राणियों में मन का स्थान अति महत्त्वपूर्ण है। मन के द्वारा ही सम्पूर्ण शरीर सञ्चालित होता है। अतः मन ही सब कुछ है। वैदिककाल में मन तथा मानस सम्बन्धित विषयों का अधिक महत्त्व दिया गया था। उसी प्रकार अथर्ववेद में मानससम्बन्धित विविधरोग, लक्षण एवं चिकित्सा का विवरण विस्तृत रूप में प्राप्त होता

है, यथा - अग्निष्टे नि शमयतु यदि ते मन उद्युतम्। कृणोमि विद्वान् भेषजं यथानुन्मदितोऽससि (अ.६.१११.२)। प्रस्तुत मन्त्र में अथर्ववेद ने उन्मतता के नाशन का उपाय अग्नि दिया है। इस प्रकार मानसरोग सम्बन्धित औषधियों का वर्णन भी अथर्ववेद में उल्लिखित है। वर्तमान समाज में अत्यधिक कामना, वासना, व्यग्रता आदि के कारण मानसरोग भयानकरोग के रूप में उपस्थित है। समाज में अधिकतर मनुष्य मानसिक-रोग ग्रस्त हैं जो कि वर्तमानकाल एक समस्या के रूप में खड़ी है।

अतः इस शोधपत्र के माध्यम से मानसिक रोगों का लक्षण, चिकित्सा तथा वैदिककाल में व्यवहृत औषधियों का वर्तमानकाल में प्रासङ्गिकता का वर्णन किया जायेगा तथा वैदिक-कालीन औषधियों की उपयोगिता के विषय में विशेषरूप से चर्चा की जायेगी।

# 23

# राष्ट्रोन्नयन में आचारसंहिता एवं अध्यात्मसंहिता की उपादेयता

(शिवसङ्कल्पसूक्त के विशेष संदर्भ में)

**सुश्री निहारिका**

शोधच्छात्रा, विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: niharikamishra.jnu@gmail.com*

मानव समुदाय के विकास में संस्कृति की अहम् भूमिका होती है, क्योंकि राष्ट्र की परिकल्पना मानव के आधार पर ही की जा सकती है। इस प्रकार राष्ट्र की उन्नति में मानव का योगदान महत्त्वपूर्ण होता है। राष्ट्र के उन्नयन में अनेकशः आधायक तत्त्व हो सकते हैं। इन्हीं आधायक तत्त्वों में से सांस्कृतिक तत्त्व भी आते हैं जो राष्ट्र की उन्नति में सहायक सिद्ध होते हैं। अतः राष्ट्र की अतीत तथा वर्तमान उपलब्धियों का परिगणन जिसके माध्यम से किया जाता है, वह संस्कृति है। अतएव राष्ट्र की प्रगति का जीवन्त उदाहरण उसकी संस्कृति में ही देखा जा सकता है। किसी भी राष्ट्र के दो पक्ष सामने प्रकट हो सकते हैं, जिस पर मनुष्यों का जीवन आधारित होता है। प्रथम- लौकिक या भौतिक पक्ष तथा दूसरा- आंतरिक या पारलौकिक पक्ष। इन दोनों पक्षों के सम्यक् विवेचन के आधार पर ही राष्ट्र की उन्नति का आकलन किया जा सकता है। भौतिक पक्ष और आंतरिक पक्ष परस्पर एक दूसरे के पूरक होते हैं। भौतिक पक्ष राष्ट्र के बाह्य उन्नति को दर्शाता है तो वहीं दूसरी ओर आंतरिक पक्ष आध्यात्मिक उन्नति को। भौतिक पक्ष के अंतर्गत आचार-विचार, कर्म, नैतिकता इत्यादि को समाहित किया जा सकता है तो आंतरिक पक्ष के अंतर्गत परंपरा से जुड़ी आस्था, अध्यात्म इत्यादि को तथा इन्हें ही क्रमशः आचारसंहिता एवं अध्यात्मसंहिता का नाम दिया जा सकता है। इस प्रकार आचारसंहिता एवं अध्यात्मसंहिता के माध्यम से राष्ट्र की उन्नति को दर्शाया जा सकता है।

शिवसङ्कल्पसूक्त में मन का विशद विवेचन किया गया है। इस सूक्त के प्रत्येक मन्त्र में मन के ही कल्याणकारी होने की बात कही गई है। अतः मन किस प्रकार राष्ट्रोन्नयन में सहायक सिद्ध होता है, इसका वर्णन प्रस्तुत शोध-पत्र में किया जायेगा, क्योंकि किसी भी उन्नति या अवनति में मन की अहम् भूमिका होती है।

## 24

# वैदिक साहित्य में पर्यावरण चिन्तन

**सुश्री पवित्रा अग्रवाल**

जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: pavitracss@gmail.com*

वैदिक साहित्य मानव समाज साथ प्रकृति के समन्वय का प्रतीक है जहाँ प्राकृतिक तत्त्वों को देवता के रूप में निरूपित किया गया है। न केवल उनका सौन्दर्य एवं स्तुति यहाँ पर वर्णित है अपितु उनके प्रकृति की उपासना से मानव-समाज और सम्पूर्ण प्राणिमात्र के कल्याण की कामना यहाँ पर देखने को मिलती है। वर्तमान प्राकृतिक असन्तुलन की चिन्ताजनक परिस्थिति में वैदिक साहित्य वैश्विक समाज के लिए मार्गदर्शक हो सकता है। इसमें प्रतिपादित जीवनशैली, स्वास्थ्यप्रद और पर्यावरण को सुरक्षित रखने वाली है। वैदिक ऋषियों ने अग्नि नदी एवं वृक्षों जैसे प्राकृतिक तत्त्वों से संवाद करके मानव के साथ इनके साहचर्य का प्रतिपादन करते पर्यावरण प्रदूषण रोकने पर बल दिया है। परिणामतः भारतीय समाज की जीवनशैली भी पर्यावरणीय परितन्त्र से सामञ्जस्यपूर्ण रही है। आज हमारा समाज अपने इस साहित्य से अनभिज्ञ होकर जागरुकता की कभी से जूझ रहा है। प्रस्तुत शोधपत्र में वैदिक साहित्य में पर्यावरण चेतना और इससे जुडे पहलुओं पर प्रकाश डाला जायेगा। इस लेख के अग्रिम बिन्दु इस प्रकार हो सकते हैं – वैदिक साहित्य में पर्यावरण से जुडे तथ्यों की पहचान और विभाजन। चारों वेदों की समकालीन उपयोगिता। वैदिक ज्ञान की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालना। आधुनिक शोधकर्ताओं को वैदिक ज्ञान के प्रति आकर्षित करना। आधुनिक समस्याओं के समाधान में वैदिक उपायों को प्रयोग करने की सम्भावनाओं को तलाशना।

## 25

# वैदिक काव्यानुसार काम पुरुषार्थ का प्रतिपादन

**श्री राघवेन्द्र मिश्र**

शोधच्छात्र,जे.एन.यू, नई दिल्ली

*Emai: raghavendramishra403@gmail.com*

भारतीय ज्ञान परंपरा में ऋषियों ने मानव-जीवन को उत्कृष्ट निर्माणार्थ चार पुरुषार्थों पर दार्शनिक चिन्तन एवं मनन किया। धर्म के लिए धर्मशास्त्र, अर्थ के लिये अर्थशास्त्र, काम के लिए कामशास्त्र और मोक्ष के लिये मोक्षशास्त्र की रचना की। मानव समाज इन्हीं चार पुरुषार्थों को आधार बनाकर अपना जीवन, आनंद-पूर्वक व्यतीत करता है। ऋषियों ने आनंद प्राप्त करने के दो आधार स्वीकार किये - लौकिक और पारलौकिक। लौकिक पुरुषार्थ के अंतर्गत धर्म, अर्थ और काम ) त्रिवर्ग (आते हैं और परलौकिक के अंतर्गत मोक्ष आता है।

**काम–** मानस प्रक्रिया, रागात्मिका वृत्ति और आकर्षण शक्ति का नाम काम है। यह रागात्मिका वृत्ति प्रत्येक प्राणी के भीतर प्रकृत रूप में विद्यमान रहती है। वैदिक मान्यताओं के अनुसार कामभाव से ही सृष्टि की उत्पत्ति हुई। **'एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति'** के अनुसार प्रारम्भ में एकाकी प्रजापति ने सृष्टि रचना की। कामना से प्रेरित होकर स्वयं को दो रूपों में विभाजित किया। उसका एक भाग नर और दुसरा नारी है - *''द्विधा देहमर्धेन पुरुषोऽभवत्। अर्धेन नारी*

*तस्यां स विराजमसृजत्प्रभुः''।।* सृष्टि के उत्पत्ति के समय सर्वप्रथम 'काम' अर्थात् सृष्टि उत्पन्न करने की इच्छा उत्पन्न हुयी, जो परब्रह्म के हृदय में सर्वप्रथम सृष्टि का रेतस् अर्थात् बीजरूप कारणविशेष था। जिसे ऋषियों ने परब्रह्म के गंभीर चिंतन से प्राप्त किया था। अत :ऋग्वेद के इस कथन से स्पष्ट है कि सृष्टि के मूल कारण काम की उत्पत्ति परब्रह्म के हृदय से हुई- *कामस्तदग्रे समवर्तताधि मनसो रेतः प्रथमः यदासीत्। सतो बन्धुमसति निवविन्दन् हृदि प्रतीष्या कवयो मनीषा:।।* परमेश्वर को यह इच्छा हुई की मैं अपना विस्तार करूं और वह अनेक हो गया–*तदैक्षत बहुस्याम्।* शिव )पुरुषाग्नि (और शक्ति) योषाग्नि (के संयोग से सृष्टि की उत्पत्ति हुई-*शिवशक्ति संयोगात् जायते सृष्टिकल्पना।* पुरुष काममय है, उसका स्वरूप, उसकी शक्ति और प्रकृति सब कुछ काममय है। विज्ञान रूप अव्यक्त जगत् के सृजन और जीवों को उनके अदृष्ट के फलोपयोग के लिए, उस विरट् पुरुष हिरण्यगर्भ को सृष्टि के लिए कामना हुई।

उस आदि पुरुष से जब एकाकी न रहा गया, तब उसने अपने साथ के लिए दुसरे की इच्छा की और जगत् का निर्माण किया। इस पत्र में वैदिक काम के बहुआयामी पक्षों को उजागर करने का प्रयास किया जाएगा अपरं च आज की दृष्टि में जिस प्रकार काम शब्द संकुचित अर्थ को ही द्योतित कर रहा है, उस पर भी यह पत्र प्रकाश डालेगा।

# 26
# उपनिषदि विद्यमानज्ञानमीमांसया मानसिकरोगचिकित्सा

(आचार्यशंकरदृष्ट्या)

**श्री राकेश कुमार**
Research Scholar, SCSS, JNU, New Delhi
*Email: Rk303275@gmail.com*

अद्य सर्वस्मिन्नेव जगति सर्व एव मानवा अधिकांशत: दु:खेन व्यसनेन अव्यवस्थया वा पूर्णास्सन्ति। ऋते मनुष्यान् एतावान् कोऽपि अव्यवस्थामयो दु:खमयो वा नास्ति यावान् मनुष्योऽस्ति। किं कारणमिति जिज्ञासायाम् उच्यते मन एव तत्र कारणम्। यावती विचारशक्ति: मनुष्यस्य पार्श्वेऽस्ति तावती न कस्यापि पार्श्वे तथापि इदमेव मन: दु:खस्यापि कारणं भवति। सुष्ठूक्तं यत् *"मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयो:"* अर्थात् यत्र मनुष्यस्य मन: दु:खमुत्पादयति तत्रैव मोक्षमपि प्रददाति। अनेनैव मनसा मनुष्य: कस्मिँश्चित् दिने मोक्तोऽपि भवति। अद्यत्वेऽस्मिन् समाजे यावत् मनुष्य: धनस्य पदस्य इत्यादि बाह्यभौतिकप्रसाधनं प्रति धावति तावदेव असौ आत्मशक्त्या हीनो भवति। प्रत्येकमेव मनुष्य: वाञ्चति यत् अहम् अस्मात् दु:खात् मुञ्चेयम् परन्तु असौ आत्मानं शक्तिहीनम् अनुभवन् असाहाय्यं वाऽनुभवन् मादकद्रव्याणां सेवनं कर्तुमारभते। अत एव कबीरमहोदयेनापि मनस: विषये उक्तम् *"माया मरा न मन मरा मर मर गया शरीर। आशा तृष्णा न मरी कह गये दास कबीर"*॥ मनुष्यं दु:खात् मोचयितुमेव वेदादीनि शास्त्राणि आरब्धानि। सर्वेषामेव शास्त्राणां विविधा: पन्थानस्सन्ति परन्तु ध्येयन्तु एकमेवास्ति।

सर्वेष्वेव शास्त्रेषु उपनिषज्ज्ञानम् अन्यतममस्ति। उपनिषद: आत्मज्ञानोपकारवत्यस्सन्ति। मनुष्यस्य दु:खस्य कारणं मन एव। परन्तु मनस: मुक्तिस्तु उपनिषदनुसारम् आत्मज्ञानादेव भवति। मनसि बाह्यजगत: प्रतिबिम्बं भवति। असौ मानव: आत्मानं विस्मृत्य तं प्रतिबिम्बमेव आत्मस्वरूपम्मनुते। अत एव उपनिषज्ज्ञानमेव मनुष्यं

दु:खेभ्य: व्यसनेभ्य: अव्यवस्थया वा मोचयितुमर्हति। वेदस्य अयं सन्देश: यत् "*मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे*" अर्थात् वयं कमपि मित्रदृष्ट्या व्यवहरेम। परन्तु इयं दृष्टिस्तु तदैव आयाति यदा आत्मबोध: आत्मसाक्षात्कारो वा स्यात्। यावत् मनुष्य: आत्मानं न जानाति तावत् असौ मित्रदृष्ट्याऽपि पूर्णो न भवितुमर्हति व्यसनेभ्यो वा मुक्तो न भवितुमर्हति। अत एव उपनिषद अयमुद्घोष: यत् "*नान्य: पन्था: विद्यतेऽयनाय:*" अर्थात् आत्मज्ञानं परित्यज्य अन्यस्तु कोऽपि पन्था: विद्यत एव न येन मनुष्य: दु:खेभ्य: मुक्तस्स्यात्। आत्मज्ञानसिद्धे सत्येव सर्वाणि एव सद्गुणानि मनसि करामलकवत् राजन्ते। तानि गुणानि प्रयत्नसाध्यानि न भवन्ति अपितु प्रतिफलानि भवन्ति। अत एव मुण्डकोपनिषदि उक्तं "भिद्यते हृदयग्रन्थिश्छिद्यन्ते सर्वसंशया:। क्षीयन्ते चास्य कर्माणि तस्मिन्दृष्टे पराऽवरे॥" अर्थात् तस्मिन् आत्मनि दृष्टे सत्येव मनुष्य: कृतकृत्यो भवति। उपनिषद उपरि नैकानि भाष्यानि सन्ति परन्तु अद्वैवेदान्तमाश्रित्य भगवता आचार्यशंकरेण स्वभाष्यस्फोरणं कृतं तदाश्रित्यैव इदं पत्रं प्रस्तोष्यते।

# 27
# वैदिक संस्कृति की व्यावहारिकता : आधुनिक सन्दर्भ में

**श्रीमती रक्षिता**
शोधच्छात्र, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली
*Email: raks.kadyan@gmail.com*

वेदों की दृढ़ आधारशिला के ऊपर ही भारतीय धर्म और संस्कृति स्थापित है। अतः वैदिक धर्म तथा भारतीय संस्कृति के विशुद्ध रूप को समझने के लिए वेद का अध्ययन आवश्यक है। धारण किया जाने से ही धर्म का धर्मत्व है **"धारणात् धर्म इत्याहुः"**। अथर्ववेद में भी स्पष्ट रूप से कहा गया है *''भूमिं पृथिवीं धर्मणा धृताम्''* अर्थात् धर्म के द्वारा धारण किया हुआ राष्ट्र ही ध्रुव होता है। जो अभ्युदय और नि:श्रेयस् की प्राप्ति कराये वही धर्म ह। त्यागमय चिंतन से सम्बन्ध जोड़कर, अध्यात्म के धरातल पर समन्वयात्मक जीवन जीने के लिए उसमें दैवी गुणों का विकास ही आध्यात्मिक प्रगति है और सुख शांति का सच्चा मार्ग है। इसी मार्ग का नाम ही यज्ञीय भाव है। इन्हीं यज्ञीय भावों का विकास ही *''वसुधैव कुटुम्बकम्''* का भाव ह।

जिसे आज मानव ने धर्म के स्वरुप के रूप में स्वीकार कर लिया है, वह धर्म नहीं है। विभिन्न प्रकार की मान्यताएँ, धारणाएँ, उपासना पद्धतियाँ, रीति-रिवाज केवल जीवन पद्धतियाँ है, जो अलगाव और विशेष प्रकार की संकीर्णता को जन्म देती है। व्यक्ति के व्यक्तित्व में उदार-चेतना, सामंजस्य और स्नेह के स्थान पर सम्प्रदायवाद, जातिवाद और अंधविश्वासों को बढ़ावा देती है। *''धर्म चाप्यसुखोदर्कं लोकविसृष्टमेव च''* अर्थात् जिस धर्म का परिणाम व्यक्ति और समाज के लिए और विश्व के लिए अच्छा न हो, ऐसे धर्म का परित्याग कर देना चाहिए, यही हमारी संस्कृति का सन्देश है, जो सर्वथा प्रासंगिक है।

# 28

# वेदों में पर्यावरण संरक्षण : एक अध्ययन

**सुश्री रामदुलारी मीना**

शोधछात्रा, संस्कृत विभाग, कला संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: deepti170893@gmail.com*

पर्यावरण शब्द परि+आङ् उपसर्गपूर्वक वृञ् वरणे धातु से सिद्ध होता है। हमारे चारों और जो भी शक्तियाँ वस्तुएँ और परिस्थितियाँ विद्यमान हैं वे सब हमारे क्रियाकलापों को प्रभावित करते हैं और उसके लिये एक दायरा सुनिश्चित करते हैं। यह दायरा व्यक्ति, गाँव, नगर, प्रदेश, विश्व अथवा सम्पूर्ण सौरमण्डलीय ब्रह्माण्ड हो सकता है। इसी दायरे को प्रर्यावरण कहतें है। पर्यावरण का स्वच्छ एवं शान्त होना अत्यावश्यक है। वेदानुसार पृथ्वी, जल, अग्नि, अन्तरिक्ष तथा वायु इन पंचतत्त्वों से ही मानवशरीर निर्मित है। उन्हें इस तथ्य का भान था कि यदि इन पंचतत्त्वों में से एक भी दूषित हो गया तो उसका दुष्प्रभाव मानव जीवन पर पड़ना अवश्यम्भावी है। इसलिये उन्होंने इसके सन्तुलन को बनाये रखने के लिये प्रत्येक धार्मिक कृत्य करते समय लोगों से प्रकृति के समस्त अङ्गों को साम्यावस्था में बनाये रखने का प्रावधान किया था। वैदिककालीन मनिषियों ने द्युलोक से लेकर व्यक्ति तक समस्त परिवेश के लिये शान्ति की प्रार्थना की है। इसलिये वेद में स्थान स्थान पर पर्यावरण संरक्षण के विषय में विचार प्रस्तुत किये गये हैं। आधुनिक समाज जैसे जैसे वैज्ञानिकशक्तियों का प्रयोग करता जा रहा है, वैसे वैसे प्रदूषण की समस्या बढती जा रही है, विकसित देशों में वातावरण का प्रदूषण सबसे अधिक बढ रहा है और यह ऐसी चिन्ता एवं समस्या है जिसे किसी विशिष्ट क्षेत्र या राष्ट्र की सीमा में बांधकर नहीं देखा जा सकता है। यह विश्वव्यापी समस्या है, अतः इस समस्या के निवारण के लिये विश्वकल्याण की भावना से ओतप्रोत एकमात्र वेदोक्त मार्ग ही श्रेयस्कर है। प्रस्तुतपत्र में पर्यावरण के अर्थ एवं भेदों का विश्लेषण करते हुए वेद के अनुसार प्रकृति के नियम, पर्यावरण प्रदूषण के कारण, पर्यावरण प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं पर्यावरण संरक्षण के वेदोक्त समाधान के साथ साथ भारतीय पर्वों में प्रचलित परम्पराओं का पर्यावरणसंरक्षण की दृष्टि से अध्ययन भी प्रस्तुत किया जायेगा।

# 29

# वाणी

**श्री रमेशचन्द्रनैलवालः**

शोधच्छात्रः (एम.फिल.), जवाहरलालनेहरुविश्वविद्यालयः, नवदेहली

*Email: rameshnailwal2035@gmail.com*

समस्तजगतः लोकव्यवहारस्य साधकं वाक्तत्त्वमेव इत्यत्र नास्ति कश्चन सन्देहो विवादश्च। संस्कृतवाङ्मये निहितं तदीयं स्वरूपं कीदृशमस्ति एतद्विषये वेदेषु स्वरूपवर्णनं वर्तते –"उतत्वः पश्यन्न ददर्श वाचम्, उतत्वः शृण्वन्न शणोत्येनाम्। उतो त्वस्मै तन्वं विसस्रे, जायेव पत्ये उशती सुवासाः"॥ वाच एव विवर्तभूताः पृथ्वी-समुद्र-पर्वतादयो वाक्तत्त्वे स्थिताः सन्ति। तान् पश्यन्नपि मनुष्यो न पश्यति, किन्तु इयं पृथिवी, अयं पर्वतः, अयं समुद्रः इत्यादिकेषु भ्रमात्मकेषु ज्ञानषेु स निबद्धो भवति।

वाग्रूपस्य शब्दब्रह्मत्व-प्रतिपादनपरायणा अनेकाः श्रुतयः सन्ति, यासु वाचः ब्रह्मत्वमावस्थितम्। तद्यथा-" वाग्घि ब्रह्म" "वाग्ब्रह्म" "वाग्ब्रह्म" "सा या सा वाक्" (जैमिनीयोपनिषद्- २/१३/२), "ब्रह्मवैतैत्" "ब्रह्मवै वाचः" (तैत्तिरीय.- ३/९/५/५) परमं व्योम। यास्काचार्यप्रणीतनिरुक्तशास्त्रे वाचः सप्तपञ्चाशत् पर्यायाः सन्ति। यथा- १. श्लोक, २. धारा, ३. इला, ४. गौ, ५. गान्धवी इत्यादयः।

ऋग्वेदे पञ्चविंशतिवारं श्लोकशब्दस्य प्रयोगः वागर्थे वर्तते। स्तोत्रार्थवाचके श्लोकशब्दस्य प्रयोगः यथा-"अस्मे इन्द्रो वरुणो अर्यमा द्यम्नं यच्छन्तु महि शर्म सप्रथः। अवध्रं ज्योतरादिते ऋतावृधो देवस्य श्लोकं सवितुर्मनामहे"॥ इन्द्रवरूणमित्रार्यमादेवाः अस्मान् भूमिसुखधनञ्च दद्यात्। यज्ञवर्धनाय अदितिः अस्मान् स्वतेजसा पूरयेत। बृहत्मन्त्ररूपेण शब्दवाचकरूपेण च श्लोकशब्दस्य प्रयोगः यथा-"यजे वा ब्रह्म पर्व्य नमोभिर्वि श्लोक एतु पथ्यवे सूरेः। शृण्वन्तु विश्वे अमृतस्य पुत्रा आ ये धामानि दिव्यानि॥ अर्थात् आहुतिमिव अस्माकं स्तोत्रवचनानि अस्य देवपार्श्वे गच्छेत्। ऋग्वेदे चतुर्पञ्चाशत् वारं इलाशब्दस्य प्रयोगः वर्तते। इला अन्नदात्रीदवी वर्तते। सरस्वतीमहीभ्यां सह इलादेव्या नाम वर्तते।"इला सरस्वती मही तिस्रो देवीर्मयोभुवः। बर्हिः सीदन्त्वस्त्रिधः"। इलासरस्वतीमहीतिस्रः एव देव्यः सुखकरीक्षयरहिता च वर्तन्ते। तिस्रः एव देव्यः कुशासने विराजमाना विद्यन्ते। सम्पूर्णे ऋग्वेदे त्रिषु स्थलेषु वाणीशब्दस्य प्रयोगः जातः। एषु द्विवारं स्तुत्यर्थे अस्याः प्रयोगः वर्तते। यथास्तुतिकर्तारः अश्विनीकुमारयोः स्तुतिः कुर्वाणः कथयन्ति यत्- भवन्तौ सूर्याया (उषायाः) शोभायै पुष्टो भवताम्। भवन्तौ स्वपरेषाञ्च शोभाकल्याणाय पुस्टकारकमन्नं प्रददतः। भवत्पार्श्वे अस्माकं स्तुतयः प्राप्येत्। यथा-"युवं श्रीभिर्दर्शताभिः शुभे पुष्टिमूहशुः सूर्यायाः। प्र वां वायो वपुषेऽनुप्तन्नक्षद्वाणी वाम्"॥ हे इन्द्र तेजसयुक्ताः वीराणां स्तुतयः भवतः पार्श्वे आगच्छेत्। ताः स्तुतयः अस्माकं उपकराय भवेत्। एवं प्रकारेण वाक् शब्दस्य विविधपर्यायाः ऋग्वेदे वर्तन्ते। तत्र पृथक्-पृथगर्थे एव सर्वत्र प्रयोगः प्राप्यते। अतः यास्काचार्यकृतनिरुक्तानुसारेण तेषां पर्यायाणां प्रसङ्गानुसारेण ग्रहणमावश्यकम्। यतो हि विविधपर्यायाः एकत्रैव विविधार्थकाः वर्तन्ते।

# 30

# दयानन्दीय शुक्लयजुर्वेद-भाष्य में वर्णित विज्ञान की प्रासङ्गिकता

**डॉ. रञ्जन लता**

प्रवक्ता , राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज, अलीगढ़ , उत्तर प्रदेश

*Email: ranjanjnu13@gmail.com*

किसी भी समाज की समृद्धि उसके ज्ञान-विज्ञान पर निर्भर करती है। आज भारत विश्व पटल पर एक उभरते राष्ट्र के रूप में निरन्तर आगे बढ रहा है, परन्तु उसे ज्ञात है कि इस प्रगति में हमारे ज्ञान-विज्ञान के आदि स्रोत वेद आज भी मनुष्य मात्र को आगे बढाने की वैज्ञानिक दृष्टि से बात करते हैं। शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य में विद्युत् के प्रयोग को दर्शाते हुए दयानन्द कहते हैं कि जो मनुष्य बिजली आदि की विद्या से यान बनाने आदि कार्यों को करने का अभ्यास करते है। वे अतिबली बैलों से खेती करने वालों के समान कार्यों को सिद्ध कर सकते और विद्युत् अग्नि के तुल्य इधर-उधर जा सकते है (शुक्लयजुर्वेदीय दयानन्दभाष्य-३५/१३)। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान

में रखते हुए प्रस्तुत शोध-पत्र महर्षि दयानन्द के शुक्लयजुर्वेद-भाष्य में निहित विज्ञान की वर्तमान समय में उपयोगिता को प्रस्तुत कर रहा है । इस शोध-पत्र को पुष्ट करने में विज्ञान के तथ्यों का भी उपयोग किया जायेगा।

## 31

## प्रमुखशिक्षाग्रन्थदृशा वेदाध्ययनम्

**डॉ. रणजित बेहेरा**

एसोसिएट प्रोफेसर, संस्कृतविभागः, दिल्ली-विश्वविद्यालयः, दिल्ली

*Email: anjit1213@rediffmail.com*

विश्वसाहित्यस्येतिहासे वेदानां स्थानं सर्वप्रथममिति स्वीक्रियते। वेदानानां सम्बन्धो वेदविद्ययैव वरिर्वत इत्येदर्थमेषामध्ययनमध्यापनञ्चानियतरूपेण भवितुं नार्हतः। वेदाध्ययनस्य प्रकृष्टो विधिर्वर्तते येषामुल्लेखः प्रातिशाख्य-शिक्षाग्रथादिषु सविस्तरं संदृश्यते। वेदाध्ययनसन्दर्भे चर्चा न केवलमेषु ग्रन्थेषु वर्तते अपि तु कतिपयेषु धर्मसूत्रेष्वपि केषाञ्चन विशिष्टनियमानामुल्लेखः प्राप्यते। वेदानां मूलस्वरूपस्याक्षुर्ण्णतायै एतेषामध्ययनाध्यापनस्य मौखिकी परम्परा वैदिककालादेव समारब्धा। आचायैः वेदमन्त्राणामुच्चारणानन्तरं शिष्याः उच्चारणमकुर्वन्। मौखिक-परम्परेयमिदानीं यावत् सुरक्षिता प्रचलिता च। शोधपत्रेऽस्मिन् प्रमुखशिक्षाग्रन्थदृशा वेदाध्ययनविषये सम्यक्तया प्रतिपादयिष्यते यस्य रूपरेखा संक्षेपेण प्रदीयते - 1. वेदाध्ययनिविधयः। 2. अध्ययनाधिकारी। 3. अध्येतुः आचरणम्। 4. अध्यापनाधिकारी। 5. गुरु-शिष्य-परम्परा। 6. वेदाध्ययनफलम्। 7. साम्प्रतिके काले वेदाध्ययनस्य स्थितिः।

शोधपत्रमिदं वेदाध्ययनविषये सम्यक् विश्लेषणं विधास्यति।

## 32

## वैदिक पर्यावरण चिन्तन का स्वरूप एवम् उपयोगिता

**श्री रवि प्रकाश चौबे**

शोधच्छात्र, भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अध्ययन संस्थान, जे.एन.यू., दिल्ली

*Email: ravi4mchs@gmail.com*

पर्यावरण का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ होता है - परि+आवरणम्। परितः आव्रियते आच्छाद्यते येन यत् पर्यावरणम् अर्थात् जो चारों और से आवृत करे, आच्छादित करे वही पर्यावरण है। भारतीय चेतना के विकास के आदि- मुहूर्त में प्रकृति का जो रूप प्रतिष्ठित हो गया वही रूप वैदिक साहित्य तथा द्रष्टा ऋषियों के चिरन्तन दृष्टि में समुपस्थित है। वैदिक साहित्य पर्यावरणीय तत्त्वों के महत्त्व के उपर विशद विवेचना प्रस्तुत करता है। वेदों में ऐसे अनेक ऋचायें, उक्तियां तथा कथानक दृष्टिगोचर होते हैं, जिनमें प्रकृति के प्रति गहरा श्रद्धाभाव अभिव्यक्त है।

ऋगवेदस्थ नदी सूक्त जहां पवित्र नदियों के प्रति उच्चाग्रह, हार्दिक अनुराग तथा प्रकृष्ट प्रेम को प्रदर्शित करता है वहीं अथर्ववेदस्थ भूमि सूक्त निनाद स्वर में मानव मात्र को भूमि के पुत्र के रूप में देखता है। यजुर्वेद क्षितिजलव्योमादि के संरक्षण की चिन्ता के साथ साथ मनुष्य को प्रकृति से सामंजस्य एवं सौमनस्य हेतु दिशा निर्देश भी प्रदत्त करता है (शिवो भव प्रजाभ्यः। *शुक्लयजुर्वेदः ११.४५*)। यजुर्वेद की ऋचा 'द्यौः शान्तिरन्तरिक्षं

शान्तिः..' में पर्यावरण के सभी तत्त्वों को शान्त और संतुलित बनाने का उत्कट भाव है। आज की विडम्बना यह है कि समूचा संसार पर्यावरण प्रदूषण की भयावहता से पीड़ित है। आज ऐसा कोई देश नहीं है जो पर्यावरण संकट पर मंथन न कर रहा हो। इस पत्र में कुछ प्रकृति संरक्षण की बुनियादी समस्याओं की परिपाटी में झांकने का प्रयास होगा। जैसे कि आखिर क्यूं प्रकृति संरक्षण के तमाम संस्कार सनातन परम्पराओं में व्यात होने के उपरान्त भी आज भारत इन समस्याओ से जूझ रहा है? इस पत्र में यह बतलाने का प्रयास होगा कि वैदिक ज्ञान का आज के युवा पीढ़ी में समन्वय तथा उसके अनुरूप क्रियान्वयन से ही इस पर्यावरण प्रदूषण रूपी विभिषिका से निजात पाया जा सकता है।

# 33

# वैदिक सांमनस्य की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता

**सुश्री रेखा कुमारी**
शोधच्छात्रा,संस्कृत विभाग ,दिल्ली विश्वविद्यालय ,दिल्ली
*Email: Therekha19k@gmail.com*

वेदों को भारतीय समाज का आधार माना जाता है। मानव स्वभावतः एक सामाजिक प्राणी है। आत्मरक्षा की दृष्टि से समुदाय बनाकर रहने की प्रवृत्ति से ही समाज प्रारम्भ हुआ ,जिसमें विभिन्न सदस्य अपने अधिकारों के साथ-साथ दूसरों के अधिकारों का भी सम्मान करते थे ।वैदिक ज्ञान से तथा उसकी सुनियोजित व्यवस्था से आधुनिक समाज समृद्ध बन सकता है। भारतीय सामाजिक स्थिति का विवेचन करते समय विद्वानों ने प्रायः वर्ण , आश्रम ,परिवार ,विवाह एवं नारी की स्थिति ,शिक्षा ,भोजन एवं पेय ,मनोरंजन ,वेशभूषा एवं अलंकरण आदि विषयों को विवेचित किया है । इन विषयों में अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय ''परिवार'' है। प्रस्तुत शोधपत्र का उद्देश्य ''सांमनस्यम् सूक्त'' के आधार पर वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक पक्ष को प्रस्तुत करना है जिसका मुख्य प्रतिपादित विषय ''परिवार'' है। प्रस्तुत सूक्त अथर्ववेद (काण्ड 3, सूक्त 30) से उद्धृत है। प्रस्तुत सूक्त की विषय-वस्तु के आधार पर वैदिक परिवार की सुव्यवस्था का अवलोकन किया जा सकता है । इसमें सभी जनों में समभाव तथा परस्पर सौहार्द की भावना व्यक्त की गयी है। यह अभिलाषा प्रकट की गयी है कि परिवार के सभी सम्बन्धी प्रेम-पूर्वक मिलजुल कर रहें क्योंकि समाज का मूल परिवार ही है । परिवार के सभी सदस्यों के बीच सहानुभूति हो जिससे कि राष्ट्र उन्नति करें और समृद्धि को प्राप्त हो । स्नेह और सौहार्द का यह संदेश आज के स्वार्थपरक युग में अत्यन्त आवश्यक है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से आधुनिक समाज के परिवार को समानभाव से बने रहने तथा प्रेमपूर्ण व्यवहार करने हेतु कुछ तथ्य इस प्रकार से प्रस्तुत किये जायेंगे जिससे कि वैदिक ज्ञान के व्यवहारिक पक्षों की उपयोगिता को समझा जा सकता है।

# 34

# ऋग्वेदोक्त संयुक्तपरिवार की अवधारणा एवम् प्रासङ्गिकता

**Ms. Rigzin Yangdol**
M.Phil, SCSS, Jawaharlal Nehru University, New Delhi
*Email: shashnirigzin@gmail.com*

मानव समाज में परिवार एक सार्वभौमिक इकाई है। सामाजिक संस्थाओं में परिवार ही मूलतः सामाजिक संस्था है, जिस पर सामाजिक व्यवस्था आश्रित होती है। जीवन की प्रारम्भिक तथा आधारभूत शारीरिक,

मनोवैज्ञानिक तथा सामाजिक आवश्यकता की पूर्ति परिवार से ही होती है। आधुनिक विचारधारा के अनुसार परिवार व्यक्ति के उस समूह को कहा जाता है जो रक्त, विवाह या दत्तक प्रथा के बन्धनों से बंधे होते हैं। समाजशास्त्री लूसी मेयर ने परिवार को परिभाषित करते हुए बताया कि परिवार गृहस्थ समूह हैं जिसमें माता पिता और सन्तान साथ साथ रहते हैं। वर्तमान के इस परिवेश में माता पिता तो साथ में रहते हैं किन्तु सन्तान अपनी व्यस्ततापूर्ण जीवन में अपने माता-पिता को पीछे छोड रहे हैं। पूर्ववैदिक तथा उत्तर-वैदिककाल में संयुक्त परिवार प्रणाली के फलस्वरूप परिवार में सामञ्जस्य, प्रेम व सौहार्द हो तथा जो कि वर्तमान एकल परिवार व्यवस्था में दृग्गोचर नहीं होता। अर्थववेद के सांमनस्य सूक्त में उल्लिखत मन्त्रों से एक आर्दश परिवार के सदस्यों का परस्पर सौहार्द तथा सांमनस्य प्रस्तुत होता है। ऋग्वेद के विवाह सूक्त के मन्त्र में उद्धृत" पुत्रैः" "नप्तृभिः" पदों के उल्लेख से तथा अन्य मन्त्र में उद्धृत "श्वसुर" एवं "श्वश्रू" पदों के उल्लेख से यह ज्ञात होता है कि परिवार में तीन पीढी तक लोग साथ रहते थे। वैदिककाल में वंशपरम्परा को तथा संयुक्त परिवार को बनाए रखने में पुत्र का होना आनन्ददायक समझा जाता था। वैदिक समाज का परिवार यद्यपि पितृसत्तात्मक था, तथापि स्त्रियों की स्थिति सम्मानपूर्ण थी। वर्तमान में नई अर्थव्यवस्था, नये औद्योगिक तथा आर्थिक संगठनों का आरम्भ होने के कारण संयुक्त परिवार संस्था का विघटन प्रारम्भ हो चुका है।#

प्रस्तुत शोधपत्र में वर्तमान समाज के एकल परिवार में दृष्टिगोचर असंगतियों एवं कष्टों का समाधान ऋग्वैदिककालीन संस्कृति में प्रयुक्त संयुक्त परिवार प्रथा के माध्यम से दर्शाने का प्रयास किया जायेगा।

## 35

# वैदिक साहित्य में योग की अवधारणा एवं उसकी प्रासंगिकता

**डॉ. संगीता शर्मा**

सहायक आचार्य, भाषा शिक्षा विभाग, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली

*Email: sangeetasharma2121@gmail.com*

जीवनोपयोगी सभी विषयों का वर्णन वैदिक साहित्य में प्राप्त होता है। वैदिक साहित्य की सुदीर्घ परम्परा में योग-तत्त्व का विकास भी हम स्पष्ट रूप से देखते हैं, यद्यपि पतंजलि कृत 'योगसूत्र' योग का सुप्रसिद्ध ग्रन्थ है, तथापि इसका मूल वेदों में ही प्राप्त होता है। ऋग्वेद का यह मन्त्र योग द्वारा स्वयं को सिद्ध करने की बात कहता है-

यस्मादृते न सिध्यति यज्ञो विपश्चितश्च।
स धीनां योगमिन्वति॥ (ऋग्वेद, १.१८.७)

अर्थात् योग के बिना विद्वान् का भी कोई यज्ञ कर्म सिद्ध नहीं होता। वह योग चित्त-वृत्तियों का निरोध ही है। यजुर्वेद का यह मन्त्र भी अपनी बुद्धि को ईश्वर की कृपा से युक्त कर उसका धारण करने के बारे में कहता है-

वेदाहमेतं पुरुषं महान्तमादित्यवर्णं तमसः परस्तात्।
तमेव विदित्वातिमृत्युमेति नान्यः पन्था विद्यतेऽयनाय॥ (यजुर्वेद, ३१.१८)

इसी तरह यह सिद्ध है कि योग का आदिमूल वेद में ही प्राप्त होता है। योग के लिए वैदिक साहित्य में विभिन्न प्रकार के अर्थ प्राप्त होते हैं, परन्तु सभी अर्थ एक ही मूल तत्त्व की ओर अग्रसर होते हैं। योग शब्द 'युज समाधौ' धातु से घञ् प्रत्यय करने पर सिद्ध होता है। योगदर्शन में अन्य धातु से निष्पन्न योग शब्द नहीं लिया जाता

क्योंकि व्यास भाष्य में लिखा है *''योग: समाधि''* (योग.1/1)। योग समाधि को कहते हैं और यह सब अवस्था में रहने वाला चित्त का धर्म है। वैदिक संहिताओं में भी योग शब्द का प्रयोग उपर्युक्त अर्थ में ही प्राप्त होता है।

प्रस्तुत शोधपत्र में पतंजलि द्वारा उक्त *''योगविश्वत्तवृत्तिनिरोध:''* (पा. यो. 1/2) इस मूल परिभाषा के साथ वैदिक साहित्य में वर्णित योग की आज के समाज में क्या प्रासंगिकता है तथा समसामयिक समय में सामान्य जीवन में होने वाले अवसाद, भटकाव के निवारण तथा जीवनतत्त्व के साक्षात्कार में इसकी क्या उपयोगिता है उक्त विषय का वर्णन किया जायेगा।

**36**

# उपनिषदीय भोजन सम्बन्धी पोषक-तत्त्वों का विवेचन : आधुनिक समाज के सन्दर्भ में

**सुश्री सपना यादव**
शोधछात्रा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़
*Email: Sapna.jnuskt2k11@gmail.com*

स्वस्थ एवं सुखी जीवन जीने के लिए अच्छे विचार होना ही आवश्यक नहीं है अपितु खानपान अर्थात् अन्न का भी विशेष महत्त्व है क्योंकि मानव एवं अन्य जन्तुओं का भोजन अन्न पर ही निर्भर है। इसीलिए हमें अन्न का महत्त्व समझना चाहिए। तैत्तिरीयोपनिषद् में अन्न का महत्त्व व उत्पत्ति बताई गई है कि अन्न की निन्दा न करें। यह ब्रह्म का व्रत है, प्राण ही अन्न है। प्राण में शरीर स्थित है। इस प्रकार से सब एक दूसरे के आश्रित होने से एक-दूसरे के अन्न हैं क्योंकि संसार में जितने भी प्रकार के अन्न हैं, वह सब जल से ही उत्पन्न होते हैं। जल में ज्योति विद्यमान है। अब प्रश्न उठता है कि जल का स्वभाव तो ठण्डा होता है फिर उष्ण ज्योति कैसे विद्यमान है। इसका यही उत्तर है - समुद्र में वडवानल विद्यमान है, वैज्ञानिक भी जल से ही बिजली तत्त्व को निकालते हैं। इससे भी सिद्ध होता है जल में तेज है। इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप से भी देखा जाता है कि सूर्य अपनी रश्मियों के माध्यम से जल ग्रहण करके पृथ्वी को वृष्टि रूप में देता है। पृथ्वी से फिर अन्न उत्पन्न होता है। छान्दोग्योपनिषद् में आया है कि जहाँ कही भी वर्षा होती है वहीं बहुत-सा अन्न उत्पन्न होता है। सब अन्नाद्य जल से ही उत्पन्न होता है। यथा- **तस्माद्यत्र क्क च वर्षति तदेव भूयिष्ठमन्नं भवत्यदभय एव तदध्यन्नाद्यं जायते।** (छा.उ. ६।२।४) यह तो ऋग्वेद में पहले कहा जा चुका है कि जल से औषधि उत्पन्न होती है और औषधि से अन्न उत्पन्न होता है। अतः जब लोग औषधि और जल से उत्पन्न अन्न का उपभोग करेगें तो हमारा शरीर भी हृष्ट-पुष्ट रहेगा। यथा-**यदपामोषधीनं परिंशमारशामहे। वातापे हीव इद् भव॥** यदि व्यक्ति को भोजन न मिले तो उसके प्राण संकट में पड़ जाते हैं अर्थात् मरने की दशा में पहुँच जाता है। छान्दोग्योपनिषद् में ऐसी दशा चक्र के पुत्र उषस्ति की हुई। भूख से तड़पते हुये उषस्ति ने घुने हुये उड़द खाने वाले महावत से याचना की। तब उसने कहा कि मेरे पास इन जूठे उड़द के अलावा कुछ नहीं है। जो कुछ थे वो मैंने इस भोजनपात्र में रख लिये हैं। अतः मैं आपकी किस प्रकार याचना पूर्ण करूँ। अतः अन्न को देवस्वरूप माना जाता है क्योंकि अन्न के द्वारा ही हमारा जीवन सम्पन्न होता है। देवताओं तक उनका अन्न हवि आदि द्वारा पहुँचाया जाता है।

# 37

# आयुर्वेद में अम्लपित्तरोग की चिकित्सा

**श्री सतीश कुमार**

शोधच्छात्र, वि.सं.अ.के., ज.ने.वि., नई दिल्ली

*Email: kumaracharya55@gmail.com*

मानव शरीर पञ्चमहाभूतों से निर्मित है। मानव को जन्म से ही सुख-दुःख की अनुभूति होती है। मनुष्य के दुःख का कारण त्रिविध दुःखों से ग्रसित होना है। ये दुःख हैं शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक। शारीरिक एवं मानसिक दुःख शरीर से सम्बन्धित है जिनका उपचार किया जा सकता है। वर्तमान समय में मनुष्य को अनेक रोगों से ग्रसित होने के कारण शारीरिक एवं आर्थिक क्षति सहन करनी पड़ रही है। वैदिक काल में भी मनुष्य रोगों से ग्रसित रहता था। परन्तु उस काल में मनुष्य आयुर्वेदानुसार रोगों से निदान कर लेता था। आयुर्वेदाचार्य रोगों का प्रमुख कारण त्रिविधदोषों का बढ़ना स्वीकार करते थे। जब त्रिविधदोष साम्यावस्था में होते हैं तब मानव स्वस्थ रहता है तथा जब त्रिविधदोष विषमावस्था में होते हैं तब वह रोगों से ग्रसित हो जाता है। त्रिविधदोषों के बढ़ने से अनेक रोग शरीर में हो जाते हैं। पित्तदोष के विषमावस्था में होने से सिरदर्द, रक्तपित्त, ज्वर, अल्सर होना, अम्लपित्त आदि रोग मनुष्य को हो जाते हैं। अम्लपित्त रोग पित्तदोष का प्रमुख रोग है जो उदर से सम्बन्धित रोग है। अन्न का न पचना, ग्लानि, वमन की इच्छा होना, खट्टी डकारों का आना, शरीर में भारीपन, हृदय और गले में जलन होना और अरुचि ये लक्षण अम्लपित्त के होते हैं। अम्लपित्त ऊर्ध्वग एवं अधोग दो प्रकार का होता है। अम्लपित्त रोग का उपचार करने में कुछ योगासन भी सहायक है। अम्लपित्त के रोगी को पश्चिमोत्तानासन, सर्वांगासन, सुप्तपवनमुक्तासन एवं वज्रासन करना चाहिए। उपर्युक्त समस्याओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से अम्लपित्तरोग (Acidity) के हेतु, लक्षण, निदान एवं निदानार्थ योगासनों का भी विवेचन किया जाएगा। शोधपत्र के अन्तर्गत ध्यातव्य बिन्दु - अम्लपित्तरोग के हेतु, अम्लपित्तरोग के प्रकार, अम्लपित्तरोग के संसर्ग, अम्लपित्तरोग के लिए उपयोगी योगासन एवम् अम्लपित्तरोग में विरुद्ध आहार।

# 38

# वेदोक्त वाक् के स्वरूप का व्यावहारिक एवं पारलौकिक पक्ष : पस्पशाह्निक के विशेष सन्दर्भ में

**सुश्री शिप्रा सिंह**

शोधच्छात्रा, विशिष्ट संस्कृताध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: sanskriti.shipra@gmail.com*

वाक् का स्वरूप न केवल लौकिक अपितु लोकातीत भी है। लोक में जहां वाक् भाषा रूप में व्यवहृत होती है वहीं वाक् का पारलौकिक स्वरूप भी वेदों में विस्तृत रूप में विवेचित है, जो कि कल्याणकारी है। अन्धकारमय यह संसार शब्दज्योति से ही आलोकित है अर्थात् भुवनत्रय को ज्ञान से प्रकाशित करने वाली सत्ता वाक् ही है।

ऋग्वेद के वाक् सूक्त में वाक् को ही समस्त चराचर जगत् की अधिष्ठात्री बताया गया है (१०।१२५)। वाक् सूक्त में कहा गया है कि तुम जिस जिस की कामना करोगे वह मेरे अर्थात् वाग्देवी के द्वारा पूर्ण किया जायेगा (१०/१२५)। काव्यादर्श में भी इसकी पुष्टी की गयी है-

इदमन्धन्तमः कृत्स्नं जायेत भुवनत्रयम्।
यदि शब्दाह्वयं ज्योतिरासंसारं न दीप्यते॥ (काव्यादर्श 1/4)

वाक् का अनादित्व एवं सर्वप्रभुत्व वैदिक काल से ही सर्वविदित है। यतोहि वाक् शब्द से तात्पर्य न केवल वैखरी वाक् से अपितु वाक् के अन्य त्रिविध स्वरूपों से भी है। अर्थात् परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी चतुर्विध वाक् की अवधारणा वेदों में प्राप्त होती है, जो अनन्तर पतञ्जलि मुनि द्वारा व्याकरण के ग्रन्थ महाभाष्य में भी प्राप्त होती है। जहां वाक् के परा, पश्यन्ती व मध्यमा रुपों को गुहा में प्रविष्ट एवं चतुर्थ अर्थात् वैखरी वाक् को मनुष्यों द्वारा प्रयुक्त रूप में विवेचित किया गया है (ऋ. सं. 1/164/45), जो कि लोकव्यवहार में भाषा पद से व्यवहृत है। भाषा पद भाष् धातु से निष्पन्न है, जिसका अर्थ है व्यक्त करना अर्थात् मन के भावों को अन्य को सम्प्रेषित करना ही भाषा है। भाषा का यही व्यावहारिक पक्ष पतञ्जलि मुनि द्वारा लौकिक उदाहरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। वाक् को केवल व्यवहार का साधन नहीं होना चाहिए क्योंकि उस स्थिति में असाधु प्रयोग भीं सम्भव है किन्तु वास्तव में साधु शब्द ही प्रयोक्तव्य हैं क्योंकि यथार्थ ज्ञान साधु शब्दों के द्वारा ही सम्भव है।

प्रस्तुत शोध पत्र में पतञ्जलि कृत पस्पशाह्निक में वर्णित वाक् के पारलौकिक रूप एवं व्यावहारिक पक्ष को स्पष्ट करने का प्रयास किया जायेगा।

## 39

# वैदिक पशुपालन में गौ : सुरक्षा एवं चिकित्सा व्यवस्था

**सुश्री शिवांगी शर्मा**

शोधच्छात्रा, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: shivangisoozi011@gmail.com*

वैदिक संहिताओं में गौ शब्द का प्रयोग व्यापक अर्थों में हुआ है। प्रस्तुत शोधपत्र में गौ पशु के सन्दर्भ में कुछ विवेचन किया जएगा। वेद में गौ की उत्पत्ति दैवी मानी गई है तथा इसके अंग-प्रत्यंगों में दिव्य शक्तियों का अवास माना गया है। ये सदा पवित्र तथा विश्व का पालन करने वाली मानी गई है। *सदा गावः शुचयः विश्वधायसः।* गौ को “अमृतस्य नाभि:” माना गया है अर्थात् गाय अमृत का केन्द्र बिन्दु है। इसका दूध, दधि, घृत, गोमय, गोमूत्र सभी प्रकार के रोग, शोक, आधि-व्याधि को हरण करने में सक्षम है तथा साक्षात् अमृत्व का साधक सोम कहा है- विभ्रती: सौम्यं मधु। वैदिक ऋषि गौ की सुरक्षा के लिए स्पष्ट एवं कठोर दण्ड विधान करता है कि इस गोवंश के हत्यारो का सिर काट देना चाहिए तथा गोवध के आदेश एवं अनुमति देने वाले राष्ट्राध्यक्षों के विनाश में भी वैदिक ऋषि संकोच नहीं करता क्योंकि गोवंश असंख्य व्यक्तियों को विविध प्रकार से पोषण, रक्षण, समृद्धि एवं शान्ति देने वाला है।

वैदिक वांगमय में गौ संवर्धन एवं गौ चिकित्सा का पर्याप्त वर्णन मिलता है। अथर्ववेद में कहा गया है कि - संवो गोष्ठेन सुषधा अर्थात् गौओं का निवास स्थान स्वच्छ एवं बैठने योग्य होना चाहिए। वे सभी प्रकार के भय से

मुक्त हो। गौ आदि पालनीय पशुओं के वृण, राज्यक्ष्मा, कुष्ठ, आफ़ारा, एवं समस्त प्रकार की शारीरिक पीडाओं के निवारण के लिए कौशिक सूत्र में विशिष्ट प्रयोग का वर्णन है। अथर्ववेद में श्रेष्ठ औषधियों का परिगणन करते हुए अश्वत्थ, कुश, सोम, अन्न, व्रीहि, यवादि को पशुओं के लिए अमर औषधियां कहा है। वस्तुत: इनका उपयोग प्रकार अन्वेषणीय है। अन्यत्र उदय एवं अस्त होते हुए सूर्य की किरणों को गौ पृथ्वी तथा गौ पशु के अन्त: स्थित कृमियों का नाशक कहा गया है। कृमियों के नाश के लिए अत्री, कण्व, जमदग्नि एवं अगस्त्य की विधा से रोगों का उपचार करने का भी वर्णन प्राप्त होता है। इन विधाओं का स्वरूप क्या था यह उपचार पद्धति भी विद्वानों के द्वारा अन्वेषणीय है। प्रस्तुत शोधपत्र इसी दिशा में एक लघु प्रयास होगा।

## 40

# वैदिक चिन्तन परम्परा एवं सन्त कबीर

**श्री श्याम कुमार**

शोधच्छात्र,विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: sk93jnu@gmail.com*

अनादिकाल से भारतीय संस्कृति अध्यात्मनिष्ठ एवं धर्माधिष्ठित संस्कृति रही है। सद्गुणसम्पन्न व्यक्ति एवं समाज का निर्माण कर इहलौकिक अभ्युदय तथा पारलौकिक निःश्रेयस की प्राप्ति ही इसका लक्ष्य रहा है। हमारे संतए महात्माओं एवं महापुरुषों की यह अनुभूतिजन्य मान्यता रही है कि सद्गुणों का विकास आत्मसंयम के आधार पर ही हो सकता है। आज वह समय आ गया हैए जब आन्तरिक एवं बाह्यरूप से अशांत तथा आक्रान्त समाज इस यथार्थ को समझे कि वास्तविक सुख केवल भौतिक समृद्धि में नहीं हैए आत्मा का सुख ही वास्तविक सुख है। आध्यात्मिकता भारतीय संस्कृति की आधारशिला है। वैदिककाल से ही इस देश की सस्यश्यामला भूमि स्वतः ही आध्यात्मिक ज्ञान की ओर अग्रसर करती रही है।

भारतीय चिन्तन की गतिशीलधारा-परम्पराओं का निर्माण करती और उसे तोड़ती हुई आगे बढ़ती रही है। जब-जब परम्परा रूढिग्रस्त होती हैए चिन्तन की गतिशीलता नूतन परम्परा का निर्माण कर लेती है। भारतीय चिन्तन परम्परा में संतकबीर ऐसी ही नूतनपरम्परा के प्रवर्तक एवं मध्ययुगीन प्रगतिशील चेतना के प्रतीकपुरुष हैं। संतकबीर की साधना आत्मतत्त्व की साधना है। उनकी वाणी केवल गीत नहीं हैए वह आत्मज्ञान का साधन है। वे स्वयं कहते हैं - *"तुम्ह जिन जानौं गीत है यहु निज ब्रह्मविचार। केवल कहि समुझाइया आतमसाधन सार रे"॥* उनकी वाणियों में भारतीय चिन्तन परम्परा का सार निहित है। तात्त्विक रूप से उन्हें आचार्य शंकर का अद्वैतवाद स्वीकार है। इसके साथ ही साथ उनकी वाणियों में भारतीय चिन्तन के विविध स्वरूपों का भी दर्शन होता है। प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से भारतीय वैदिक चिन्तन परम्परा एवं सन्त कबीर के तात्त्विक चिन्तन से सम्बन्धित विविध-विषयों का विवेचन प्रस्तुत किया जायेगा।

## 41

# अथर्ववेदीय”पृथ्वी सूक्त” एवं पर्यावरण संरक्षण में अन्तर्सम्बन्ध

**Ms. Sonal Bairwa**
Research Scholar, SCSS, JNU, New Delhi
*Email: sonalsirohi90@gmail.com*

वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण एक व्यापक तथा चिन्तनीय समस्या है। विश्व के समस्त देश इस विषय पर विचार -विमर्श करने के लिए विवश हैं तथा इस हेतु विभिन्न सम्मेलनों का आयोजन किया जाता है। पर्यावरण का आशय जैविक और अजैविक घटकों एवं उनके आस-पास के वातावरण के सम्मिलित रूप से है जो पृथ्वी पर जीवन के आधार को संभव बनाता है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अनुसार, पर्यावरण किसी जीव के चारों ओर घिरे भौतिक एवं जैविक दशाएँ एवं उनके साथ अन्त:क्रिया को सम्मिलित करता है। बीसवीं शताब्दी में विकास के क्रम में विश्व के विकसित एवं विकासशील देशों में औद्योगिकीकरण हुआ जिसमें प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन किया गया। जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरणीय प्रदूषण में वृद्धि हुई, जिसका प्रभाव 1952 में लन्दन में धुन्ध के रूप में दिखाई दिया। इसके बाद विश्व के अनेक देशों ने पर्यावरण प्रदूषण को लेकर चिन्ता व्यक्त की और एक साथ मिलकर पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसी के तहत 1972 में विश्व के विभिन्न देशों में पर्यावरण संरक्षण से सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के लिए सम्मेलन आयोजित किये गये। वर्तमान में इस समस्या ने गम्भीर रूप धारण कर लिया है। जैसे वैश्विक तापन, सुनामी, वर्षा की कमी, शुद्ध जल की कमी आदि समस्त समस्याओं ने सम्पूर्ण जगत् को प्रभावित किया है।

प्राचीन काल में ऋषियों द्वारा पृथ्वी के संरक्षण को महत्त्व दिया गया है। इसी सन्दर्भ में प्रस्तुत शोधपत्र में पृथ्वी सूक्त में वर्णित प्राकृतिक संसाधनों को व्याख्यायित करते हुए वर्तमान में उनके महत्त्व को वर्णित किया जाएगा। पृथ्वी सूक्त में पारिस्थितिकी तंत्र का स्पष्ट वर्णन प्राप्त होता है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए वर्तमान पर्यावरण समस्या का समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए नैतिक मूल्यों को व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। प्रत्येक मनुष्य में प्रकृति के प्रति एक व्यावहारिक दृष्टिकोण का विकास करके ही इस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

## 42

# शतपथ के आधार पर यजुर्वेद में जल विज्ञान एक उदाहरण

**Shri Subodh Kumar**
Engineer, C-61 Ramprasth,Ghaziabad, U.P.
*Email:subodh1934@gmail.com*

यह भूमि (देवताओं की यज्ञशाला है) अथात् दिव्य गुणवान् मनुष्यों की (आजुषंत) प्रेम से बैठ कर कार्य करने की कर्म भूमि ह। मनुष्य वेदों के समस्त ज्ञान के आधार पर (रायपोषेण इषा संमदेम) धन अन्न इत्यदि से आनंद को प्राप्त करते हैं। जल अन्न और ओषधि इत्यादि से सुख देनेवाले होते हैं। परंतु अधिक जल की बाढ़ बह कर भूमि पर (स्वधिते मैनं हिंसी) क्षुरे (उस्तरे) की तरह काट कर हानि न पहुंचाए । (ओषधे त्रायस्व) ओषधय: फलपाकान्ता’ के अनुसार जो पौधे फल पकने के बाद नष्ट हो जाते हैं जैसे गेहुं ,चावल, दालें इत्यादि वे वस्तुएं सब ओषधि कहलाती

हैं। अधिक वर्षा से बाढ़ जलप्लावन अन्न, दालों, धान इत्यदि की कृषि को हानि पहुंचाते हैं। भूमि पर हानि न हो इसके लिए आप्लावन Flood Control के साधन बनाओ। जल के बहने वाले सब प्रकार के बड़े छोटे नदी नालों की किनारे की भूमि को टूटने से बचा कर उस की सुरक्षा और उनके जल की स्वच्छता के लिए 'बर्हिष्ठ ' (स्वयं बढ़ने वाली) कुशाओं जैसे बर्हिष्ठ खसकी घास Vetiver इत्यादि का प्रयोग करो। वर्षा से पर्वतीय क्षेत्रों में ढलानों पर भूमि स्खलन रोकने के लिए कुशाओं का रोपण किया जाता है। नदियों के किनारों को बहते जल से कटने को रोकने के लिए बर्हिष्ठ (खस की घास Vetiver) का प्रयोग किया जाता है।

# 43

# वैदिक व्यवहार मीमांसा : स्वामी दयानन्द की दृष्टि में

**प्रो. सुधीर कुमार एवं श्री अनिल कुमार**

विशिष्ट संस्कृत अध्ययन केन्द्र, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email*: *sarya46@gmail.com; aryann744@gmail.com*

"वैदिक व्यवहार मीमांसा : महर्षि दयानन्द की दृष्टि में" नामक शोधपत्र में वेदों में प्रतिपादित आचार-व्यवहार के विविध पक्षों का स्वामी दयानन्द की दृष्टि में विश्लेषण किया जाएगा। आधुनिक समाज में वेदों के मन्तव्य के सम्बन्ध में स्त्री-पुरुष, यज्ञ, समाज आदि के विषय में अनेकों भ्रान्तियां परिव्याप्त हैं। प्रस्तुत शोधपत्र में यथामति उन भ्रान्तियों के निवारण का प्रयास किया जाएगा। वेदों में मानवीय उत्कर्ष के विविध सोपानों का विशद् विवेचन हुआ है। उक्त सन्दर्भ में ही व्यक्ति के आचार-व्यवहार का भी सन्निवेश हुआ है। वैदिक मन्तव्यों के प्रकाशन में स्वामी दयानन्द का भी योगदान रहा है। उन्होंने वेदों को आधार पर समाजव्यवस्था की सुदृढ संकल्पना हेतु तथा जीवन के उत्कर्ष के लिए जीवमात्र के कल्याण का सन्देश दिया है। वेद के सन्दर्भ में उन्होंने कहा कि वेद सब सत्य विद्याओं का पुस्तक है, वेद का पढना-पढाना और सुनना सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है। वैदिक व्यवहार प्रक्रिया में यज्ञ को दैनिक कर्त्तव्य बताया गया है परन्तु उक्त सन्दर्भ में ऋग्वेद 'यं यज्ञमध्वरम्' कह कर हिंसा-रहित यज्ञ का विधान करता है। पठन-पाठन का सुयोग्य अवसर सभी को समान रूप से दिया जाना चाहिए - यथेमां वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्य:। ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय॥ जीवन में नैतिकता आदि के समावेश हेतु वेद में ब्रह्मचर्य का विधान किया गया है। प्रायः जीवन के प्रत्येक पक्ष में ब्रह्मचर्य की उपादेयता का उद्घोष किया गया है। व्यक्तिगत एवं सामाजिक सभी प्रकार के उत्थान के लिये जो आचार-व्यवहार उत्तम हैं उनका विधान किया गया है तथा जो सतत अवनति के मार्ग पर ले जाने वाले जूआ, पिशुन आदि निन्दित कर्म हैं उनका निषेध किया गया है। मनुष्य के जीवन को उत्तम बनाने के लिए षोडश संस्कारों का विधान किया गया है, जिसमें स्त्री और पुरुष को समान रूप में देखा गया है। सामाजिक जीवन में सभी को परस्पर सौहार्द्रता पूर्वक एक साथ रहने का विधान किया गया है। उक्त शोधपत्र में विवेचनात्मक तथा विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया जायेगा। निष्कर्ष के रूप में जीवन के उत्थान में वेदों की सकारात्मक भूमिका का उद्घाटन होगा।

# 44
# वैदिककालीन समाज में शिक्षा का स्वरूप

**सुश्री सुनीता अटल**

श्री वेंकेटेश्वर कालेज,दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली

*Email: Sampark.sunita@gmail.com*

वैदिककाल से ही समाज में शिक्षा का व्यापक महत्त्व रहा है। समाज का विकास और पतन शिक्षा की व्यवस्था पर आधारित रहता है। शिक्षा शब्द की उत्पत्ति 'शिक्ष्' धातु से हुई है जिसका अर्थ है 'विद्या' को प्राप्त करना । ब्रह्मचर्य आश्रम के अन्तर्गत विद्यार्थी शिक्षा का ग्रहण करता था। शिक्षण अवधि में विद्यार्थी के आचरण और चरित्र को उन्नत करना प्रमुख उद्देश्य है। 'स्वदेशे पूज्यते राजा, विद्वान् सर्वत्र पूज्यते' की भावना तद्युगीन विद्यार्थियों में संचारित की जाती था। छान्दोग्योपनिषद् के अनुसार चारों वेद, इतिहास, पुराण (पंचम वेद), वेदों का वेद (व्याकरण), पितृविद्या (मृतकों को श्रद्धादि), राशि (गणित), देवम (उत्पात्त-ज्ञान अर्थात् अपशकुनों का ज्ञान), निधि (खानों की विधि), वाकोवाक्य (तर्कशास्त्र), एकायन (नीतिशास्त्र), देवविद्या, ब्रह्मविद्या, भूतविद्या (प्राणी-विज्ञान), क्षत्रविद्या (सैन्यविज्ञान), नक्षत्रविद्या (ज्योतिष), सर्पविद्या, देवजनविद्या, यज्ञशास्त्र इत्यादि विषयों की शिक्षा प्रदान की जाती थी । शिष्य को 'अन्तेवासी' कहा गया है। वैदिककालीन शिक्षा में अपराविद्या या अविद्या तथा पराविद्या दोनों को सीखकर मनुष्य लोक-परलोक में आनन्द प्राप्त करता था ।

विद्या चाविद्यां च यस्तेद्वेदोभयं सह ।
अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा विद्ययाऽमृतमश्नुते ॥ मुण्डकोपनिषद्, १/१/३

वैदिक शिक्षा पद्धति में स्त्री एवं शूद्र सबको पढने का अधिकार था । शिक्षा प्राप्ति के लिए आहार की शुद्धि परमावश्यक है, क्योंकि आहार की शुद्धि से ही सत्त्वशुद्धि सम्भव है ।

यथेमा वाचं कल्याणीमावदानि जनेभ्यः ।
ब्रह्मराजन्याभ्यां शूद्राय चार्याय च स्वाय चारणाय ॥ यजु. १/२

वैदिककालीन समाज में प्रश्नोत्तरशैली द्वारा शिक्षण दिया जाता था। वैदिक शिक्षा का अन्तिम लक्ष्य आत्मतत्त्व का सम्बोधन ही है, क्योंकि 'इह वेद्वेदीत् अथ सत्यमस्ति, न वेदवेदीत महती विनष्टिः ।' मैत्रेयी ने याज्ञवल्क्य से लौकिक सम्पत्ति न मांगकर आध्यात्मिक सम्पत्ति मांगी थी "यन्नु इयं सर्वा पृथिवी वित्तेन पूर्णा स्यात् स्यामहं तेनामृता। शिक्षाकाल के अन्तर्गत धरातल पर सोना, उच्चासन पर न बैठना, संगीत-नृत्य मनोरञ्जन आदि से दूर रहना, ख्याति-निद्रा-क्रोध-आत्मप्रशंसा-सौन्दर्य-प्रसाधन-सुगन्धित पदार्थ आदि से विमुख होना था।

वैदिककाल में शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य व्यक्ति का मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक विकास करना था। शिक्षा से ही मनुष्य का जीवन परिष्कृत, सुविधायुक्त, समुन्नत तथा सुखद होता था।

## 45

# वेदों में आरोग्य एवं चिकित्सा के सूत्र

**कु. सुरुचि शर्मा**

मॉडर्न पब्लिक स्कूल, भिवाड़ी (राजस्थान)

*Email: suruchi.653@gmail.com*

वैदिक काल में वेद मंत्रों की साधना से न जाने कितने ही रोगियों के रोगनाश और आत्मिक उन्नति के उदाहरण मिलते हैं। वैदिककालीन चिकित्सा के बारे में हमें सर्वाधिक जानकारी अथर्ववेद से प्राप्त होती है। भारत की स्वदेशी चिकित्सा प्रणाली को आयुर्वेद कहते हैं। आयुर्वेद शब्द का शाब्दिक अर्थ है - लंबी उम्र प्राप्त करने का विज्ञान। प्राचीनकाल में आयुर्वेद को विकसित करने में अनेक ऋषियों का योगदान है। प्राचीन भारत में अत्यधिक मात्रा में चिकित्सा साहित्य की रचना हुई थी। परंतु समय की मार से जो दो प्रमुख ग्रंथ सुरक्षित रह गए वे हैं - चरकसंहिता और सुश्रुत संहिता । इन दोनों ग्रंथों में तत्कालीन चिकित्सा ज्ञान का संकलन है। इनमें सिरदर्द, क्षय रोग, टीबी, बुखार आदि बिमारियों का उल्लेख भी मिलता है।

चरक संहिता मुख्यतः काय चिकित्सा का ग्रंथ है। सुश्रुतसंहिता शल्य चिकित्सा का ग्रंथ है। सुश्रुत संहिता में सर्जरी में उपयोग होने वाले उपकरणों की जानकारी है। वास्तव में प्लास्टिक सर्जरी के आदि आविष्कर्ता सुश्रुत हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार भारत में 1600 ई० पू० में सुश्रुत और उनके शिष्य कटी नाक, ओंठ और कान की प्लास्टिक सर्जरी करने में सक्षम थे। सुश्रुत ने आँखों के मोतियाबिंद का जाला हटाने का शल्यकर्म खोज लिया था। यह भी एक दिलचस्प तथ्य है कि 18वीं सदी में प्लास्टिक सर्जरी अंग्रेजी डॉक्टरों ने भारतीय वैद्यों से सीखी थी। अथर्ववेद में हमें जड़ी बूटियों से इलाज के साथ साथ जादू टोने झाड़ फूंक आदि के बारे में भी जानकारी मिलती है। अथर्ववेद में रोग निवारण सूक्त दिये गये हैं। सूक्तों के ऋषि शन्ताति तथा देवता चन्द्रमा और विश्वे देवा हैं। प्राचीन काल में आरोग्य वृद्धि और रोग निवारण के लिए यज्ञ होते थे और उसके निवारण के लिए औषधियों का हवन करना चाहिए। व्यक्तिगत रोगों के लिए भी ऐसे हवनों का आयोजन किया जाना था। रोगी यज्ञ धूप के वातावरण में रहता था और उसी वायु से सुवासित जल वायु एवं आहार ग्रहण करता था। ऐसे भेषज यज्ञों के अनेक वर्णन वेदों में आते हैं।

## 46

# वैदिक ज्ञान के व्यावहारिक पक्ष एवं कर्म सिद्धान्त

**डॉ. सुषमा चौधरी**

असिस्टेंट प्रोफेसर ,संस्कृत विभाग , कमला नेहरू कालेज , दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: sushma.choudhary2@gmail.com*

आत्मफलानि कर्माणि नाश्रमो धर्मकरणम् (महाभारत, शान्तिपर्व १११/१३) अर्थात् आत्मा ही शुभ कर्मों के लिये प्रेरणा देती है। चारों आश्रमों में कोई विशेष आश्रम ही धर्म का कारण नहीं हुआ करता। भारतीय संस्कृति कर्म सिद्धान्त पर अवलंबित है । वह मनुष्य को सत्कर्मो द्वारा उच्च से उच्चतर उद्देश्यों कि ओर प्रेरित करती है तथा मानव

के नैतिक स्तर को ऊचा उठाने की पक्षधर हैं - कर्म प्रधान विश्व रचि राखा। जो जस करे सो तस फल चाखा (रामचरितमानस/ अयोध्या.)।

भारतीय जीवन दर्शन में निष्काम कर्म पर अत्यधिक बल दिया गया है। निष्काम शब्द निः तथा काम के योग से बना है। अतः निष्काम कर्म से अभिप्राय है - वह कार्य जो बिना किसी कामना या आसक्ति के किया जाए। वेदों में निष्काम क्रम के संबन्ध में कहा गया है –

कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजीविषेच्छदद्तं समाः।
एवं त्वयि नान्यथेतोऽस्ति न कर्म लिप्यते नर॥ (यजुर्वेद,४०/०२)

## 47
## विश्व भातृत्व और मानवीय समानता पर वैदिक विचार

**श्री तुषार मुखर्जी**
Engineer, Navi Mumbai
*Email: tm19621970@yahoo.co.in*

आज कल हम कई सामाजिक और मानवीय समस्यायों के बारे में सुनते हैं, जिससे केवल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में अशांति फैली हुई है, जैसे मानव मानव के बीच जन्म, जाति, धर्म, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव करना, दूसरों के प्रति स्नेह और भातृत्व का अभाव होना। इसके अतिरिक्त स्त्रियों से दुर्व्यवहार व धार्मिक रोक-टोक, धर्मों को समान न मानना, अपमान करना आदि। ऐसे समय में यह प्रश्न आता है कि ऐसे अमानवीय मानसिकता के निराकरण के बारे में प्राचीन भारतीय ग्रंथों जैसी कि वेद आदि में क्या कहा गया है। बहुतों को यह भ्रम है कि वेद सिर्फ धार्मिक विधान के बारे में ही शिक्षा देते हैं। बहुत लोगों को यह मालूम ही नहीं है कि वेदों में समानता को, सत्य तथा ज्ञान कि सर्वोच्चता को स्थापित किया गया है। मानवीय समानता क निदर्शन वेद में समाहित है (अथर्ववेद, ३.३०.६)।

वेदों में न केवल मानवीय समानता पर बल दिया गया है अपितु विश्व-भ्रातृत्व की भावना को भी उच्च स्थान दिया गया है, जैसे – ओ३म् दृते दृं ह ..... (यजुर्वेद, ३६.१८)। वेदों में स्त्रियों के प्रति जो गौरवपूर्ण समानता का भाव प्रकट किया है वह भी श्लाघनीय है, जैसे कि - प्रैषा यज्ञे निविद: ... (अथर्ववेद, ५.२६.४)।

संभवतः विश्व में वेद ही सबसे प्राचीन ग्रन्थ हैं, जिनमें समानता, विश्व-भ्रातृत्व तथा स्त्रियों के सम्मान आदि की शिक्षा थी। वेदों में ऐसे अनेकों मंत्र हैं, जिनमें वर्णित मूलभूत सत्य ही शायद समानता और विश्व-भ्रातृत्व के महान् विचारों के उद्गम स्रोत रहे होंगे, जैसे कि - एषो ह देव: ..... (यजुर्वेद, ३२.४)।

वेद संभवतः विश्व के सबसे पहले ग्रन्थ हैं जिनमें प्रतिपादित किया गया है कि इस सृष्टि की हर चीज ईश्वर का ही रूप है, हर प्राणी ईश्वर का ही रूप है, हर मानव ईश्वर का ही रूप है। यही परम सत्य वेदों में दिए गए समानता और विश्व-भ्रातृत्व के महान् विचारों का उद्गम स्रोत है। उपर्युक्त उद्धरणों से यह निष्कर्ष निकलता है कि वेदों में वैश्विक भातृत्व, समानता और स्त्रियों की समानता आदि की शिक्षा दी गयी है। इस प्रकार वैदिक संस्कृति उच्च मानवीय मूल्य एवं तत्त्वचिन्तन से ओतप्रोत है।

## 48

# वेदों में व्यावहारिक योग का स्वरूप

**डॉ. ऊधम सिंह**

असिस्टेंट प्रोफेसर, योग, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

*Email: udham.singh@gkv.ac.in,*

**डॉ. दिनेशचन्द्र शास्त्री**

प्रोफेसर, वेद, गुरुकुल काँगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

*Email: dineshcshastri@gmail.com*

ऋग्वेद में योग की महत्ता प्रतिपादित करते हुए कहा गया है- **"यस्मादृते न सिद्धयति यज्ञो विपश्चितश्चन। स धीनां योगमिन्वति"**(ऋग्वेद 1.18.7) अर्थात् योग के विना विद्वान किसी भी प्रकार के अच्छे से अच्छे कार्यों को सम्पन्न करने में सफल नहीं होता है। इसीलिए **युञ्जते मन युञ्जते धिय:** (ऋग्वेद 5.81.1) मंत्र का गायन करते हुए वैदिक ऋषि मन (चित्त) को योग में लगाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। क्योंकि योगस्थ हुए बिना स्वयं, प्रकृति और परमात्मा को नहीं जाना जा सकता है। भारतीय चिंतन मनीषा सर्वांगीण विकास को आधार मानती है। योग मनुष्य के सर्वांगीण विकास का एक सहज सरल मार्ग है।

वेद शाश्वत ज्ञान के प्रतीक है। वेद मानवीय पुरुषार्थ से युक्त सामान्य रचना नहीं है। यह तो समाधिस्थ हुए ऋषियों का ऋचाओं से हुए साक्षात्कार का प्रतिफल है। वैदिक ऋचाओं का रहस्योद्घाटन योग की उच्च भूमि में ही होता है। अतः वेद और योग एक दूसरे से अन्योऽन्याश्रित है। वेदों में मनुष्य जीवन की उन्नति का व्यवहारिक ज्ञान सन्निहित है। वेद मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिए पथ प्रशस्त करते हैं शरीर, मन, व्यवहार, आत्मा को पुष्ट करने के लिए अनेकों विधानों की रचना वेदों के मंत्रों में प्राप्त होती है। वेदों में यथा स्थान योग केव्यवहारिक ज्ञान- विज्ञान का विशद् वर्णन प्राप्त होता है।प्रस्तुत शोध-पत्र में वेदों में योग विद्या के व्यवहारिक स्वरूप का विवेचन किया है।

## 49

# वेद में शिक्षा का स्वरूप

(अथर्ववेदीय ब्रह्मचर्य सूक्त के आधार पर)

**डॉ. उर्वी अग्रवाल**

एसोसिएट प्रोफेसर, श्री वेङ्कटेश्वर महाविद्यालय, दिल्ली विश्वविद्यालय

*Email: urvi.agarwal25@gmail.com*

वेदों में सृष्टि, परब्रह्म, हिरण्यगर्भ, मन, समान मनोभावना, धर्म आदि विभिन्न विषयों के अतिरिक्त व्यक्तिगत जीवन में पूर्णता लाने के समन्वय पर बल दिया गया है। इस समन्वय के लिए मनुष्य का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है अन्यथा शिक्षा के अभाव में जीवन अपूर्ण रह जाता है। शिक्षा के अभाव में मनुष्य पशु रह जाता है जैसा कि प्रायः अनपढ गंवार लोगों में देखा जाता है। शिक्षा का महत्त्व अथर्ववेद के एक संपूर्ण सूक्त ब्रह्मचर्य सूक्त (11.5 अथर्व.) द्वारा प्रतिपादित किया गया है। तदनुसार समाज में ब्रह्मचारी का अत्यंत सम्मानजनक स्थान है अर्थात् पढे लिखे (सभ्य) व्यक्ति को सर्वत्र सम्मान दिया जाता है। ब्रह्मचारी में देवता समान रूप से शुभेच्छु होते हैं।

वह अपनी विद्या और तदनुरूप उत्तम कर्मों के द्वारा पृथ्वी और आकाश को पूर्ण करता है अर्थात् वह सारी प्रकृति की वस्तुओं का ज्ञान प्राप्त कर उनका सदुपयोग करता है अपने ज्ञान के द्वारा दूसरों के जीवन को प्रकाशित करता है जो एक श्रेष्ठ नागरिक का प्रथम कर्त्तव्य है। वही आचार्य को भी पूर्ण करता है अर्थात् उसका यश फैलता है – 'स आचार्यं तपसा पिपर्ति '।

ब्रह्मचारी ब्रह्म अर्थात् ज्ञान को उत्पन्न करता हुआ तथा व्यापक जल, लोक, सर्वोच्च विराट् प्रजापति को उत्पन्न करता हुआ, अमृतत्व के उत्पत्तिस्थान गर्भरूप होकर तथा सर्वाधिष्ठाता होकर असुरों, दुष्टों को नष्ट करता है - 'ब्रह्मचारी .......गर्भो भूत्वामृतस्य योनाविन्द्रो ह भूत्वासुरांस्ततर्ह। वस्तुतः ब्रह्मचर्य के माध्यम से ब्रह्मचर्याश्रम या शिक्षा का महत्त्व बताया गया है। जीवन के पूर्ण संयत और सभ्य बनाने के लिए शिक्षा के महत्त्व पर बल देना अत्यन्त आवश्यक है। ब्रह्मचर्य सूक्त के ये विचार आज के युग में भी उतने ही महत्त्वपूर्ण हैं जितने की वैदिक युग में।

## 50

# वैदिक वाङ्गमय में परिवार का स्वरूप : वर्तमान में प्रासंगिकता

**श्री विकास शर्मा**

शोधछात्र, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

*Email: joshi.vikas7@gmail.com*

व्यक्ति की सामाजिकता का प्रथम सोपान परिवार है। व्यक्ति से परिवार और परिवार से समाज बनता है, अतः सुखी समाज के निर्माण के लिए पहले व्यक्ति और फिर परिवार के निर्माण की आवश्यकता ह। इसी दृष्टि से वेद में व्यक्ति से साथ साथ परिवार की मर्यादाओं और कर्त्तव्यों का निर्देश किया गया है। परस्पर प्रेम परिवार के सुख का आधार है और ऐसे प्रेममय वातावरण में परिवार सुख-शान्ति एवं समृद्धि से भरा रहेगा।

परिवार में 'सामनस्य ' होना अत्यन्त आवश्यक है, जब तक सबके हृदय एक नहीं होंगे तो विचार भी एक नहीं होंगे अगर विचार एक नहीं होंगे तो विरोध होना स्वाभाविक है। परस्पर विरोध होने पर सब एक दूसरे का अनिष्ट सोचेंगे और क्षुद्र, स्वार्थप्रेरित व्यवहार करेंगे। इसलिए वेद में कहा गया है कि सब 'संसेवन' के आश्रय से 'एक श्रुष्टि' बने अर्थात् अनुशासित हों, किन्तु सामान्य मानव स्वभाव को देखते हुए यह विधान कुछ कठिन प्रतीत होता है। क्योंकि आज व्यक्तिवादी, स्वार्थप्रधान पाश्चात्य संस्कृति के प्रचार से 'परिवार' संस्था का वह उदात्त रूप देखने को नहीं मिलता जिसमे सब परिवारजन एक-दूसरे के प्रति सम्मान एवं साहचर्य का भाव रखते थे तथा अधिकारों की अपेक्षा अपने कर्त्तव्यों पर अधिक ध्यान देते थे। यही कारण है कि आज श्रेष्ठ मानवों का सर्वत्र अभाव दिखाई देता है क्योंकि परिवार ही मानव निर्माण की कार्यशाला है। माता, पिता, विद्यार्थी, अध्यापक, उपदेशक, चिकित्सक, व्यापारी, नेता, अभिनेता - इन सबका व्यक्तित्व मूलतः परिवार में ही बनता है, अतः परिवार के सुधार की ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करते हुए अथर्ववेद में कहा है कि -

ज्यायस्वन्तश्चित्तिनो मा वियौष्ट संराधयन्तः सधुराश्चरन्तः।
अन्यो अन्यस्मै वल्गु वदन्त एत सध्रीचीनान्वः संमनसस्कृणोमि॥ *(अथर्ववेद - 3.31.15)*

# 51

# अर्वाचीनकाले वैदिकश्राद्धकर्मणः वैज्ञानिकता आवश्यकता च

**श्री योगेन्द्रभारद्वाजः**

शोधच्छात्रः, विशिष्टसंस्कृताध्ययनकेन्द्रम्, जवाहरलालनेहरूविश्वविद्यालयः, नवदेहली

*Email: yogend1993@gmail.com*

सम्प्रति जनाः भारतीयसंस्कृतिसंस्काराणामुपेक्षां कुर्वन्ति। सर्वत्र ते विज्ञानवादिनोऽनुसरन्ति, तत्तु समीचीनम्, किन्तु अपरसंस्काराणां प्राप्तये स्वसंस्काराणां बलिदानमनुचितम्। शोधपत्रेऽस्मिन् भारतीयसंस्कृतेः मुख्याङ्गरूपे श्राद्धस्य वर्तमानकालिक्यावश्यकतायाः वैज्ञानिकतायाश्च स्वरूपनिर्धारणाय प्रयासो भविष्यति। केचन जनाः पुनर्जन्मनि न विश्वसन्ति, किन्तु भारतीयाः विश्वसन्ति। अत एव जन्मपूर्वादारभ्य मृत्युपर्यन्तं षोडशसंस्काराः समनुष्ठीयन्ते, तेषामपि वैज्ञानिकता विद्यते। श्राद्धस्य व्युत्पत्तिर्वतते - "श्रद्धार्थमिदं श्राद्धम्" , "श्रद्धया कृतं सम्पादितमिदम्" , "श्रद्धया दीयते यस्मात् तच्छ्राद्धम्" , "पित्रुद्देश्यकश्रद्धयानादिदानम् श्राद्धम्" , "श्रद्धया दीयते यस्माच्छ्राद्धं तेन निगद्यते" अथवा"श्रद्धया पितॄनुद्दिश्य विधिना क्रियते यत्कर्म तत् श्राद्धमिति"। श्रद्धां विना नैव श्राद्धो भवितुमर्हति, अतएव श्रद्धा आवश्यकी।

भारतीयसंस्कृतौ"वसुधैव कुटुम्बकम्" इति भावना वरिवर्तते, तच्छदृशमिव श्राद्धकर्मण्यपि वैश्विकभावनाभिव्याप्ता। पद्मपुराणे (१.२०.१६९-१७०) निर्दिष्टम् यथा-

नरकेषु च समस्तेषु यातनासु च ये स्थिताः।
तेषामाप्यायनयैतद्दीयते सलिलं मया॥
येऽबान्धवा बान्धवाश्च येऽन्यजन्मनि बान्धवाः।
ते तृप्तमखिलाः यान्तु यश्चाश्मत्तोऽभिवाञ्छति॥

पराशरस्मृतौ वर्णितं यत् - *"देशे काले च पात्रे च विधिना हविषा च यत्। तिलैर्दर्भैश्च मन्त्रैश्च श्राद्धं स्याच्छ्रद्धया युतम्।"* अर्थात् कस्मिन्नपि देशे काले वा श्रद्धया तिलयवादिमन्त्रैस्सह कर्म क्रियते, दानं दीयते, तदेव श्राद्धम्। श्राद्धस्य तिथिः सौरवर्षस्य भाद्रपदकृष्णपक्षस्य प्रतिपदः आरभ्य अमावश्यापर्यन्तं वर्तते अर्थात् पक्षोऽयं" पितृपक्ष" इति नाम्ना प्रसिद्धः।

श्राद्धकर्मणः कः प्रविधिः स्यात्? के च कर्तारः भवेयुः? का दिशा भवेत्? कस्मिन् श्राद्धे का अंगुली प्रयोक्तव्या? सर्वेषां प्रश्नानां समाधानं धर्मसूत्रे वर्णितमेव। शोधपत्रेऽस्मिन् अर्वाचीनकाले वैदिकश्राद्धकर्मणः वैज्ञानिकता आवश्यकता च सविस्तरं प्रतिपादयिष्येते।

# WAVES–INDIA Governing Council

Website: www.waves-india.com
Blog: www.vedicwaves.wordpress.com


**PRESIDENT: Dr. Shashi Tiwari**
(Former Prof. Sanskrit, Univ. of Delhi,)
54 Saakshara Apts,A-3 PaschimVihar, N.D.-63
01125265237, 09810690322
shashitiwari_2017@yahoo.com

**VICE-PRESIDENTS:**
**Prof. Bhaskarnath Bhattacharyya**
(Director, SVS, RBU, Kolkata)
**Mr. Prashant Bhardwaj**
(Dy. Chairman, HSHD Board, Haryana Govt.)

**SECRETARY (ACADEMIC):**
**Dr. Ranjit Behera**, ranjit1213@rediffmail.com

**SECRETARY (ADMINISTRATIVE):**
**Dr. Aparna Dhir,** dhir.aparna@gmail.com

**TREASURER: Dr. Sushma Choudhary**
(Assist. Prof. Sanskrit, KNC, Delhi Univ.)

**PUBLIC RELATIONS: Mr. Y.K. Wadhwa**
(Former Business Executive, New Delhi)

**Members of Governing Council:**

- **Dr. Chand Bhardwaj** (Metallurgical Industrialist, Delhi)
- **Shri S.B. Gogate** (Trustee, Prakriti Foundation & Founder of Antahpragya, NOIDA)
- **Dr. Asha Lata Pandey** (Former HoD, Sanskrit, Delhi Public School, Delhi)
- **Prof. Bhu Dev Sharma** (Former Professor, Clarks Atlanta University, Atlanta, USA)
- **Dr. Ganesh Dutt Sharma** (Former Principal, LR College, Sahibabad)
- **Dr. Vedawati Vaidik** (Former Associate Prof., Sanskrit, SAC, Delhi University)
- **Shri H. L. Kohli** (Former Director, Delhi Administration, CAD, Delhi)
- **Shri Vidya Sagar Verma** (Former Ambassador of India, New Delhi)
- **Prof. Lallan Prasad** (Former Professor, Business Economics, Delhi University)
- **Dr. Kanta Bhatia** (Vice President, Delhi Sanskrit Academy, Delhi)
- **Prof. Dinesh Chandra Shastri** (HoD, Dept. of Veda, G.K. University, Haridwar)
- **Dr. Saroj Gulati** (Former Principal, Aditi Mahavidyalaya, Delhi University)


❖—❖ —❖

# Bharatiya Vidya Bhavan & Its Centre of Indology

Bharatiya Vidya Bhavan, founded in 1938 with the blessings of Mahatma Gandhi, is a premier cultural institution with an international outlook. Its founder Kulapati K.M. Munshi, a far-sighted visionary, lawyer, statesman, constitution expert and a creative writer, looked upon the Bhavan as an "Adventure in Faith" and faith in the India's past, present and future. It is also a faith in Indian freedom with its rich cultural heritage.

**Centre for Indology** founded by Delhi Kendra of Bharatiya Vidya Bhavan is dedicated to preserve and promote Sanskrit and Indian culture through research and study programs on national and international levels to inspire and engage students, scholars and laymen in India and abroad for systematic researches, critical editions and publications. It also organizes international seminars and conferences, lectures and workshops etc. on traditional Indian knowledge systems including art and architecture, science and technology, yoga and medicine, music, dance and drama, aesthetics and literature, philosophy and spirituality etc. Research and publication of the texts in Indian languages like Pali, Prakrit, Ardhamagathi etc. are also included in the future plans of the Centre.

❖—❖ —❖